सूर्योदय 5:18 सूर्यास्त 7:27

आज का तापमान

| | | |
|---|---|---|
| शिमला | 15.0 न्यू | 25.5 अधि |
| धर्मशाला | 16.9 न्यू | 26.0 अधि |

बाजार

| | |
|---|---|
| सेंसेक्स | 76,808 |
| निफ्टी | 23,898 |

सोना 1,50,000 चांदी 2,51,000

www.anantgyaan.in

# अनंत ज्ञान



MODGIL 24 घंटे सेवा DIAGNOSTIC LAB
Sample Collection Service From Home
KANGRA (TANDA) CHAMBA PAPROLA
MODGIL DIAGNOSTIC LAB
CHAMBA, (Near Pt. JLN Govt. Medical College)
Contact No.: 01899-350129 62305-18484, 70189-50289
Email: modgildiagnosticlabchamba@gmail.com



आरएनआई नं. HPHIN/25/A0284 | कांगड़ा | बुधवार, 17 जून 2026 | 3 आषाढ़, विक्रमी संवत 2083 | वर्ष 3, अंक 169, कुल पृष्ठ 12 | मूल्य : 5 रुपए | डाक पंजीकरण संख्या : HP/DO/DEHRA/01/2026-2028 follow us on: 8894521702


## न्यूज शॉर्ट्स

### चीन में 6.3 तीव्रता का भूकंप, एक की मौत

एजेंसी, बीजिंग। चीन के किंगहाई प्रांत में मंगलवार को 6.3 तीव्रता का भूकंप आया, जिससे इलाके में दहशत फैल गई। भूकंप के बाद लगभग 40 मिनट के भीतर आठ झटके महसूस किए गए। भूकंप का केंद्र हैक्सी प्रांत में था। तेज झटकों के चलते लोग अपने घरों और दफ्तरों से बाहर निकल आए। प्रशासन ने तुरंत राहत और बचाव दल को सक्रिय कर दिया। प्राथमिक जानकारी के अनुसार इस आपदा में एक व्यक्ति की मौत हो गई, जबकि चार लोग घायल हुए हैं। स्थानीय प्रशासन नुकसान का आकलन कर रहा है और प्रभावित क्षेत्रों में राहत कार्य जारी हैं। (अनंत ज्ञान)

### ट्विशा शर्मा मौत मामला: सास व पति की 30 तक बढ़ी हिरासत

एजेंसी, भोपाल। मॉडल और एक्ट्रेस ट्विशा शर्मा की मौत मामले में आरोपित पति समर्थ सिंह और सास सेवानिवृत्त जज गिरिबाला सिंह की न्यायिक हिरासत 30 जून तक बढ़ा दी गई है। दोनों की हिरासत अवधि समाप्त होने के बाद सीबीआई ने उन्हें भोपाल की विशेष अदालत में वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए पेश किया। जांच एजेंसी ने उनकी न्यायिक हिरासत बढ़ाने की मांग की, जिसे अदालत ने स्वीकार कर लिया। अधिवक्ता शुभांग दीक्षित के अनुसार, इससे पहले दोनों को 16 जून तक न्यायिक हिरासत में भेजा गया था। मामले की जांच सीबीआई द्वारा जारी है। अदालत के आदेश के बाद दोनों आरोपितों को 30 जून तक केंद्रीय जेल में रहना होगा। (अनंत ज्ञान)

### एयरफोर्स अफसर की पत्नी से दुष्कर्म

एजेंसी, नागपुर। नागपुर में भारतीय वायुसेना (आईएएफ) के एक अफसर की 24 साल की पत्नी से दुष्कर्म, ब्लैकमेलिंग और जबरन धर्मांतरण का मामला सामने आया है। मुख्य आरोपी अयाज ताज मदारे उसका स्कूल क्लासमेट है। पीड़िता के मुताबिक, अयाज उस पर आयते पढ़कर फूंकता रहा। इसके बाद उसका रेप करता था। धर्मांतरण से जुड़ा एक वीडियो भी सामने आया है, जिसमें अयाज उसके हाथ पकड़े हुए आयतें पढ़ता दिखाई दे रहा है। मामले में सोनेगांव पुलिस ने एफआईआर दर्ज की है और दो आरोपितों को गिरफ्तार कर लिया है। वहीं, मध्य प्रदेश के छिंदवाड़ा जिले का रहने वाला आरोपी मौलाना फरार चल रहा है। (अनंत ज्ञान)

### दीपक बोले-जयपुर में आरएसएस के लोगों ने किया हमला

एजेंसी, नागपुर। कॉकरोच जनता पार्टी (सीजेपी) के फाउंडर अभिजीत दीपके ने जयपुर में हुए हमले को लेकर राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) के लोगों पर आरोप लगाया है। उन्होंने कहा कि जो सरकार या उसकी विचारधारा के खिलाफ बोलता है, उसके साथ ऐसा ही व्यवहार किया जाता है। दीपके मंगलवार को नागपुर में थे, जहां उनकी पार्टी का संविधान चौक पर प्रदर्शन प्रस्तावित है। 15 जून को जयपुर में हुए प्रदर्शन के दौरान भीड़ में शामिल कुछ युवकों ने उन पर कथित तौर पर थप्पड़ मारे थे। इस बीच, सीजेपी के इंस्टाग्राम फॉलोअर्स में उतार-चढ़ाव भी देखा गया है। पार्टी नीट पेपर लीक और शिक्षा व्यवस्था से जुड़े मुद्दों पर देशभर में प्रदर्शन कर रही है और शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान के इस्तीफे की मांग कर रही है। (अनंत ज्ञान)

# हिमाचल की शर्तों पर बनेगा किशाऊ बांध

## सीएम सुक्खू हिमाचली हित रखने में सफल, 8 साल बाद वित्तीय गतिरोध खत्म

अनंत ज्ञान

सत्यदेव भारद्वाज, शिमला। उत्तराखंड और हिमाचल प्रदेश की सीमा पर टोंस नदी पर प्रस्तावित 15,000 करोड़ रुपए की महत्वाकांक्षी किशाऊ बांध परियोजना को लेकर आठ साल से जारी वित्तीय गतिरोध आखिर खत्म हो गया। नई दिल्ली में केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह की अध्यक्षता में हुई उच्च स्तरीय बैठक में मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू हिमाचली हित रखने में कामयाब रहे, इसे एक बड़ी रणनीतिक और कूटनीतिक जीत माना जा रहा है।



हाई प्रोफाइल बैठक से पहले केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह से नई दिल्ली में मुलाकात करते मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू।

सूत्रों के अनुसार, गृह मंत्री अमित शाह ने सीएम सुक्खू के कड़े स्टैंड और दलीलों को पूरी तरह स्वीकार कर लिया है। पिछले 8 वर्षों से फाइलों और बैठकों के भंवर में फंसे इस राष्ट्रीय महत्व के प्रोजेक्ट को लेकर मंगलवार को दिल्ली की टेबल पर जो फैसला हुआ, वह हिमाचल के अधिकारों और आर्थिक संप्रभुता के इतिहास में एक मील का पत्थर साबित होने जा रहा है।

सीएम सुक्खू ने बैठक की शुरुआत से ही हिमाचल के वित्तीय संकट व राज्य के हितों को लेकर बेहद आक्रामक और बेबाक रुख अख्तियार किया था। उन्होंने साफ कर दिया था कि हिमाचल प्रदेश इस परियोजना की भारी-भरकम निर्माण लागत का कोई भी अतिरिक्त बोझ उठाने की स्थिति में नहीं है। सीएम सुक्खू की इसी दृढ़ता के आगे आखिरकार केंद्र सरकार को झुकना पड़ा और अमित शाह ने मुख्यमंत्री की शर्तों पर अपनी सहमति की मुहर लगा दी। इसके तहत अब केंद्र सरकार इस राष्ट्रीय प्रोजेक्ट की निर्माण लागत और विस्थापन के खर्चों में हिमाचल को विशेष वित्तीय रियायत देने पर राजी हो गई है, जिससे हिमाचल के खजाने पर पड़ने वाला भार पूरी तरह समाप्त हो जाएगा।

भारत सरकार ने परियोजना के जल घटक के रूप में लाभान्वित होने वाले राज्यों दिल्ली, राजस्थान और हरियाणा व हिमाचल प्रदेश के हिस्से के विद्युत घटक के रूप में होने वाली लगभग 2,000 करोड़ रुपए की अनुमानित लागत को वहन करने पर सैद्धांतिक सहमति प्रदान की है। मुख्यमंत्री ने कहा कि इससे प्रदेश को होने वाली वित्तीय बोझ कम होगा, जबकि पूर्व की सरकार ऐसा करने में सफल नहीं हो पाई थी। उन्होंने कहा कि पूर्व सरकार ने राज्य के हिस्से के रूप में 800 करोड़ रुपए प्रदान करने पर सहमति व्यक्त की थी, लेकिन वर्तमान सरकार ने प्रदेश के सीमित संसाधनों को ध्यान में रखते हुए प्रदेश हित में इसे स्वीकार नहीं किया। उन्होंने कहा कि परियोजना के जल घटक के लिए भारत सरकार 90 प्रतिशत अनुदान उपलब्ध करवा रही है, इस स्थिति में विद्युत घटक के लिए इसी प्रकार की सहायता न मिलना अनुचित था।

### आपसी समन्वय के दम पर निकला रास्ता

नई दिल्ली के नॉर्थ ब्लॉक से बाहर आई खबरों ने साफ बयां किया कि गृह मंत्री अमित शाह और मुख्यमंत्री सुक्खू के बीच हुई यह खुशनुमा मुलाकात बेहद शांत माहौल में संपन्न हुई। बैठक के दौरान दोनों नेताओं की शारीरिक भाषा स्पष्ट कर रही थी कि यह बातचीत किसी दबाव में नहीं, बल्कि आपसी समन्वय और हिमाचल की तार्किक मजबूती के दम पर आगे बढ़ी। जहां एक तरफ अमित शाह दिल्ली, हरियाणा, राजस्थान और यूपी जैसे राज्यों की पानी-बिजली की जरूरतों के लिए इस प्रोजेक्ट को जल्द शुरू कराने के लिए गंभीर दिखे। वहीं, सुक्खू ने अपनी पहाड़ी दृढ़ता से यह साबित कर दिया कि वे राज्य के हितों की बलि देकर कोई समझौता नहीं करेंगे। शाह द्वारा सुक्खू की सभी प्रमुख मांगों को मान लिए जाने के बाद अब यह खबर हिमाचल प्रदेश कांग्रेस और सुक्खू सरकार के लिए दिल्ली के मोर्चे पर एक बहुत बड़ी और ऐतिहासिक जीत के रूप में दर्ज हो चुकी है।

# देश के 23 राज्यों, केंद्रशासित प्रदेशों में जनगणना का पहला चरण पूरा

एजेंसी, नई दिल्ली



जनगणना-2027 के तहत मकान सूचीकरण एवं आवास जनगणना (एचएलओ) का पहला चरण अब तक 23 राज्यों और केंद्रशासित प्रदेशों में पूरा हो चुका है। केंद्रीय गृह मंत्रालय ने मंगलवार को बताया कि देश के विभिन्न हिस्सों में जनगणना का कार्य चरणबद्ध तरीके से आगे बढ़ रहा है।

मंत्रालय के अनुसार अंडमान एवं निकोबार द्वीप समूह, आंध्र प्रदेश, अरुणाचल प्रदेश, बिहार, चंडीगढ़, छत्तीसगढ़, दादरा एवं नगर हवेली और दमन एवं दीव, दिल्ली, गोवा, हरियाणा, झारखंड, कर्नाटक, लक्षद्वीप, मध्य प्रदेश, महाराष्ट्र, मेघालय, मिजोरम, ओडिशा, पंजाब, राजस्थान, सिक्किम, तेलंगाना और उत्तराखंड में जनगणना-2027 का प्रथम चरण पूरा हो चुका है।

महाराष्ट्र, मेघालय, राजस्थान, झारखंड और राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र दिल्ली नगर निगम क्षेत्र में 16 मई से 14 जून तक संचालित मकान सूचीकरण एवं आवास जनगणना का कार्य सफलतापूर्वक संपन्न हो गया है, जबकि पंजाब में यह प्रक्रिया 13 जून को पूरी हुई। इस बीच गुजरात, जम्मू-कश्मीर, लद्दाख, पुडुचेरी और उत्तर प्रदेश में घर-घर जाकर मकान सूचीकरण एवं आवास जनगणना का कार्य जारी है। हिमाचल प्रदेश में मंगलवार से फील्ड ऑपरेशन शुरू हो गए हैं, जो 15 जुलाई तक चलेंगे।

केरल और नगालैंड में स्व-गणना (सेल्फ-एन्यूमरेशन) सुविधा शुरू कर दी गई है, जो 30 जून तक उपलब्ध रहेगी। इसके बाद इन दोनों राज्यों में एक जुलाई से 30 जुलाई तक घर-घर जाकर गणना का कार्य किया जाएगा।

गृह मंत्रालय ने बताया कि जनगणना-2027 पहली बार डिजिटल माध्यम से कराई जा रही है। इसके लिए विशेष मोबाइल एप्लीकेशन का उपयोग किया जा रहा है, जबकि पारंपरिक घर-घर जाकर गणना की व्यवस्था भी बरकरार रखी गई है। मकान सूचीकरण एवं आवास जनगणना के दौरान आवासीय स्थिति, परिवारों के विवरण, उपलब्ध सुविधाओं और परिसंपत्तियों से जुड़ी जानकारी 33 प्रश्नों वाली अधिसूचित प्रश्नावली के माध्यम से एकत्र की जा रही है।

मंत्रालय ने नागरिकों से जनगणना प्रक्रिया में सक्रिय भागीदारी और गणनाकर्मियों को पूरा सहयोग देने की अपील की है। साथ ही कहा है कि जनगणना अधिनियम, 1948 के तहत एकत्र की गई सभी जानकारियां पूरी तरह गोपनीय रखी जाती हैं और उनका उपयोग केवल सांख्यिकीय तथा विकासात्मक उद्देश्यों के लिए किया जाता है।

# मनी लॉन्ड्रिंग मामले में मुंबई, नई दिल्ली समेत 17 ठिकानों पर ईडी का छापा

एजेंसी, नई दिल्ली



प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने यस बैंक लोन धोखाधड़ी और मनी लॉन्ड्रिंग मामले में मंगलवार को मुंबई, खंडाला और नई दिल्ली में एक साथ 17 ठिकानों पर तलाशी अभियान चलाया। यह छापेमारी मेसर्स सुरक्षा एसेट रिकंस्ट्रक्शन कंपनी लिमिटेड (एसएआरसीएल), मेसर्स सुरक्षा रियल्टी लिमिटेड, मेसर्स ख्याति रियल्टर्स प्राइवेट लि. और उनके प्रमोटरों, निदेशकों एवं कर्मचारियों के परिसरों पर की गई है।

ईडी के मुताबिक ईडी की मुंबई जोनल विंग (जोनल ऑफिस-एक) की टीमों द्वारा की गई इस कार्रवाई के तहत यस बैंक के एक पूर्व कर्मचारी के ठिकाने पर भी तलाशी ली गई। यह पूरा मामला वित्त वर्ष 2016-17 से 2017-18 के दौरान मेसर्स मैक्स्टर मार्केटिंग प्राइवेट लि. और अन्य कंपनियों के यस बैंक के लोन के धोखाधड़ीपूर्ण हस्तांतरण (असाइनमेंट) से जुड़ा है। ईडी की इस कार्रवाई का मुख्य उद्देश्य मनी लॉन्ड्रिंग के अपराध से जुड़े सबूतों को इकट्ठा करना है। आरोप है कि एसेट रिकंस्ट्रक्शन कंपनियों (एआरसी) ने यस बैंक के साथ मिलीभगत की। इन कंपनियों ने घाटे में चल रही संपत्तियों (स्ट्रेस्ड एसेट्स) पर धोखाधड़ी से कब्जा करने के लिए पैसों का हेरफेर (सर्कुलर ट्रांजेक्शन) किया। इसके अलावा नीलामी की जाने वाली संपत्तियों के कम मूल्यांकन, एनसीएलटी प्रक्रिया में लेनदारों के मतदान अधिकारों और सीआईआरपी प्रक्रिया की पारदर्शिता को प्रभावित करने के लिए बढ़ा-चढ़ाकर फर्जी दावे किए गए। ईडी इन सभी पहलुओं की गहराई से जांच कर रही है। (अनंत ज्ञान)

# हिमाचल में 660 संदिग्धों की प्रोफाइलिंग से नशा तस्करों में मचा हड़कंप

अनंत ज्ञान



सत्यदेव भारद्वाज, शिमला। चिट्टा-मुक्त हिमाचल के संकल्प को धरातल पर उतारने के लिए राज्य पुलिस ने नशा तस्करों के खिलाफ अब तक का एक और बड़ा और सुनियोजित अभियान चलाया है। पूरे प्रदेश में एक साथ संचालित विशेष सत्यापन एवं प्रोफाइलिंग अभियान के दौरान कुल 660 ऐसे व्यक्तियों को चिन्हित कर उनका विस्तृत सत्यापन किया गया, जिनका नाम किसी न किसी रूप में एनडीपीएस मामलों से जुड़ा रहा है। इस कार्रवाई से नशा तस्करी से जुड़े नेटवर्क में खलबली मच गई है।

जानकारी के अनुसार अभियान के तहत अन्य राज्यों एवं केंद्र शासित प्रदेशों में एनडीपीएस मामलों में गिरफ्तार हिमाचल के 278 निवासियों तथा हिमाचल में पकड़े गए अन्य राज्यों के 382 व्यक्तियों की गहन प्रोफाइलिंग की गई। पुलिस टीमों ने इनके आपराधिक रिकॉर्ड, वर्तमान गतिविधियों, स्थानीय संपर्कों और संभावित नेटवर्क की जानकारी जुटाकर अंतरराज्यीय कड़ियों को खंगालने का प्रयास किया। प्रदेश के सभी जिलों में एक साथ चली इस कार्रवाई को नशा माफिया के खिलाफ बड़ी रणनीतिक पहल माना जा रहा है।

पुलिस अधिकारियों के अनुसार अभियान के दौरान जुटाए गए आंकड़ों और सूचनाओं का विश्लेषण कर अब नशा तस्करी के स्रोतों, सप्लाई चेन और इसके पीछे सक्रिय संगठित गिरोहों तक पहुंचने की दिशा में काम किया जा रहा है। जांच एजेंसियां उन लोगों की भी पहचान कर रही हैं जो प्रत्यक्ष या अप्रत्यक्ष रूप से इस अवैध कारोबार से जुड़े हुए हैं। इससे आने वाले समय में बड़े नेटवर्क का खुलासा होने की संभावना जताई जा रही है।

# हिमाचल में 19 तक आंधी-बारिश का अलर्ट, एक हफ्ते में मानसून की दस्तक

अनंत ज्ञान



शिमला। हिमाचल प्रदेश में मौसम का मिजाज लगातार बदल रहा है। मौसम विभाग ने राज्य में 19 जून तक आंधी, बारिश और बिजली गिरने की चेतावनी जारी की है, जबकि 18 जून को कई इलाकों में ओलावृष्टि को लेकर ऑरेंज अलर्ट जारी किया गया है।

विभाग के अनुसार 17 जून से मौसम में फिर बदलाव होगा और 18 जून को सबसे तेज बारिश व आंधी की संभावना है। इस दौरान 40 से 50 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से हवाएं चल सकती हैं और कुछ क्षेत्रों में ओलावृष्टि भी हो सकती है। बीते 24 घंटों में कई इलाकों में बारिश दर्ज की गई, जिससे तापमान में गिरावट आई है। हालांकि, शिमला सहित कुछ क्षेत्रों में फिलहाल मौसम साफ बना हुआ है। मौसम विभाग के वैज्ञानिकों के अनुसार हिमाचल में दक्षिण-पश्चिम मानसून अगले एक सप्ताह में दस्तक दे सकता है और सामान्य रूप से 25 जून तक पूरे राज्य में फैल जाता है। अगले कुछ दिन मौसम अस्थिर बने रहने की संभावना है।

# अमेरिकी बी-52 बॉम्बर विमान उड़ान भरने के बाद दुर्घटनाग्रस्त, आठ की मौत

एजेंसी, वॉशिंगटन



कैलिफोर्निया के एडवर्ड्स हवाई क्षेत्र से उड़ान भरने के कुछ ही देर बाद अमेरिकी वायु सेना का बी-52 बॉम्बर दुर्घटनाग्रस्त हो गया। बेस ने यह भी पुष्टि किया कि बी-52 बॉम्बर के चालक दल के आठ सदस्यों के मारे जाने की आशंका है। यह जानकारी एडवर्ड्स वायु सेना बेस ने दी।

बेस ने एक बयान में कहा, 'आठ लोगों को लेकर जा रहा वायु सेना का बी-52 स्ट्रैटोफोर्ट्रेस विमान, एक रूटीन मिशन के दौरान आज सुबह 11:20 बजे पीडीटी (भारतीय समयानुसार सोमवार रात 11:50 बजे) उड़ान भरने के कुछ ही देर बाद दुर्घटनाग्रस्त हो गया। शुरुआती संकेतों से पता चलता है कि इस हादसे में किसी के बचने की उम्मीद नहीं है। आपातकालीन प्रतिक्रिया टीम मौके पर मौजूद है और अधिकारी सभी लोगों का पता लगाने की कोशिश कर रहे हैं।' बेस ने बताया कि हवाई क्षेत्र बंद कर दिया गया और आने वाले सभी विमानों का रास्ता बदला जा रहा था। अगले आदेश तक सभी गैर-व्यावसायिक विजिटर पास निरस्त कर दिए गए हैं, ताकि संस्थान पूरी तरह से आपातकालीन प्रतिक्रिया कार्यों पर ध्यान केंद्रित कर सके।

अमेरिकी मीडिया ने दुर्घटना के वीडियो जारी किए हैं, जिनमें जमीन का एक बड़ा हिस्सा जला हुआ दिख रहा है, विमान का मलबा मुश्किल से ही नजर आ रहा है और कुछ जगहों पर धुआं उठ रहा है। बयान के मुताबिक, दुर्घटना की जांच की जा रही है। (अनंत ज्ञान)

# राजौरी में एलओसी के पास लैंडमाइन ब्लास्ट, चार जवान घायल

एजेंसी, राजौरी। जम्मू-कश्मीर के राजौरी जिले में मंगलवार को लाइन ऑफ कंट्रोल के पास हुए एक धमाके में सेना के चार जवान घायल हो गए, जिनमें एक जूनियर कमीशंड ऑफिसर भी है। अधिकारियों के मुताबिक यह धमाका नौशेरा सेक्टर के अग्रिम कलाल इलाके में सेना के जवानों की ओर से 'एरिया डोमिनेशन पेट्रोल' (इलाके में गश्त) के दौरान गलती से एक लैंडमाइन के सक्रिय हो जाने से हुआ। उन्होंने बताया कि धमाके में एक जूनियर कमीशन अफसर और तीन सैनिक घायल हो गए और उन्हें तुरंत इलाज के लिए अस्पताल ले जाया गया। उन्होंने आगे कहा कि घुसपैठ-रोधी अभियान के तहत अग्रिम इलाकों में लैंडमाइन बिछाई जाती हैं, जो कभी-कभी बारिश में बह जाती हैं, जिससे ऐसे हादसे हो जाते हैं। (अनंत ज्ञान)



# नीट री-एग्जाम तक भारत में टेलीग्राम पर लगी रोक

एजेंसी, नई दिल्ली




भारत सरकार ने नीट की दोबारा परीक्षा को लेकर भारत में टेलीग्राम मैसेजिंग एप के इस्तेमाल पर अस्थायी रोक लगाने का आदेश दिया है। नेशनल टेस्टिंग एजेंसी (एनटीए) ने मंगलवार को प्रेस रिलीज जारी कर इसकी जानकारी दी। एनटीए ने बताया कि इलेक्ट्रॉनिक्स और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय ने सूचना प्रौद्योगिकी कानून, 2000 की धारा 69ए के तहत टेलीग्राम पर रोक लगाई है। यह रोक 22 जून 2026 तक रहेगी। हालांकि आदेश कब से लागू होगा, इसकी तारीख नहीं दी गई है।

नीट री-एग्जाम 21 जून को होगा। सरकार ने एग्जाम के बाद भी टेलीग्राम को अपना मैसेज एडिट फीचर 30 जून तक बंद रखने का निर्देश दिया है। यानी भारत में टेलीग्राम पर पहले से भेजे गए मैसेज 30 जून तक एडिट नहीं हो पाएंगे।

### 21 को परीक्षा, 22 जून तक एप नहीं करेगा काम

एनटीए के मुताबिक कुछ लोग टेलीग्राम का इस्तेमाल परीक्षाओं में पेपर लीक होने के फर्जी सबूत बनाने के लिए करते रहे हैं। ऐसे मामलों को रोकने और परीक्षा की निष्पक्षता बनाए रखने के लिए यह कदम उठाया गया है। (अनंत ज्ञान)

# गुरुग्राम में अवैध रूप से रह रहे 13 बांग्लादेशी नागरिक गिरफ्तार

एजेंसी, गुरुग्राम (हरियाणा)



राष्ट्रीय सुरक्षा और कानून व्यवस्था के मद्देनजर गुरुग्राम पुलिस ने अवैध रूप से रह रहे बांग्लादेशी नागरिकों के खिलाफ बड़ी कार्रवाई की है। क्राइम ब्रांच सेक्टर-39 की टीम ने विशेष चेकिंग अभियान चलाकर 13 अवैध बांग्लादेशी नागरिकों को पकड़ा है। सभी के पास बांग्लादेश की नागरिकता के दस्तावेज मिले हैं। पुलिस प्रवक्ता संदीप कुमार ने मंगलवार को बताया कि पुलिस अब कानूनी प्रक्रिया के तहत इन्हें डिपोर्ट करेगी।

पुलिस उपायुक्त (अपराध) हितेश यादव के नेतृत्व में यह कार्रवाई महत्वपूर्ण सूचना के आधार पर की गई। टीम ने गुरुग्राम के विभिन्न निर्माणाधीन साइट्स और झुग्गियों में छापेमारी कर संदिग्धों की पहचान और नागरिकता सत्यापित की। जांच में सामने आया कि ये सभी लोग कालियागंज बॉर्डर से बांग्लादेशी एजेंट की मदद से अवैध रूप से भारत में घुसे और मजदूर बनकर रहने लगे।

पुलिस उपायुक्त हितेश यादव ने नागरिकों से अपील की है कि वे अपने किरायेदारों, घरेलू सहायकों, कर्मचारियों और होटल व व्यावसायिक प्रतिष्ठानों में कार्यरत लोगों का पुलिस सत्यापन जरूर करवाएं। (अनंत ज्ञान)

## खोज

### खुम्ब अनुसंधान वैज्ञानिकों ने तैयार किया 'वेगेन मीट मशरूम', रोग प्रतिरोधक क्षमता को बेहतर बनाने में सक्षम

# नॉनवेज छोड़ने वालों के लिए वरदान साबित होगी मशरूम की नई खोज

अनंत ज्ञान

आर मोहन चौहान, सोलन। देश के एकमात्र खुम्ब अनुसंधान निदेशालय, चम्बाघाट के वैज्ञानिकों ने मशरूम के क्षेत्र में एक नई उपलब्धि हासिल की है। वैज्ञानिकों ने हिरेशियम मशरूम की प्रारंभिक अवस्था में तापमान परिवर्तन (थर्मल शॉक) तकनीक का उपयोग कर ऐसी फ्रूट बॉडी विकसित की है, जिसका स्वाद, बनावट और स्वरूप मटन जैसा पाया गया है। यह पूरी तरह शाकाहारी उत्पाद है और नॉनवेज छोड़ने के इच्छुक लोगों के लिए एक बेहतर विकल्प माना जा रहा है।

प्रधान वैज्ञानिक डॉ. बीएल अत्री और डॉ. अनुराधा श्रीवास्तव द्वारा किए गए इस शोध में पाया गया कि सामान्यतः 20 से 25 डिग्री सेल्सियस तापमान पर विकसित होने वाले हिरेशियम मशरूम को प्रारंभिक अवस्था में 15 से 18 डिग्री तक तापमान कम कर थर्मल शॉक





दिया जाए तो इसमें फफूंद का जाल मोटी परत बनाकर विशेष प्रकार की फ्रूट बॉडी तैयार करता है। इस फ्रूट बॉडी को मटन के आकार में काटकर पारंपरिक तरीके से पकाने पर इसका टेक्सचर और स्वाद काफी हद तक मांस जैसा पाया गया। वैज्ञानिकों के अनुसार इस वेगेन मीट मशरूम में रोग प्रतिरोधक क्षमता बढ़ाने के साथ-साथ याददाश्त को बेहतर बनाने की भी क्षमता है। इसमें कार्बोहाइड्रेट की मात्रा कम तथा खनिज तत्व अधिक पाए जाते हैं, जिससे मधुमेह नियंत्रण में मदद मिल सकती है। पोटेशियम की अधिक मात्रा होने के कारण यह रक्तचाप को नियंत्रित रखने में भी सहायक माना जा रहा है। खुम्ब अनुसंधान निदेशालय को मिले सुझावों के आधार पर वैज्ञानिकों ने नॉन-ट्रेडिशनल फूड के अंतर्गत 'नोबेल वैल्यू एडेड प्रोडक्ट' परियोजना के तहत इस शोध पर कार्य किया। शुरुआती परिणाम उत्साहजनक रहे हैं और देश में इस प्रकार की यह पहली खोज मानी जा रही है।

अब इस उत्पाद का विभिन्न वैज्ञानिकों के विशेषज्ञ पैनल द्वारा परीक्षण और प्रमाणिकता का आकलन किया जाएगा। इसके बाद इसे पेटेंट कराने तथा व्यावसायिक स्तर पर बाजार में उतारने की प्रक्रिया शुरू होगी, जिसमें छह महीने से एक वर्ष तक का समय लग सकता है।

### क्या कहते हैं खुम्ब अनुसंधान निदेशालय के निदेशक वीपी शर्मा

खुम्ब अनुसंधान निदेशालय के निदेशक डॉ. वीपी शर्मा ने बताया कि निदेशालय द्वारा मशरूम से विकसित की गई यह फ्रूट बॉडी स्वास्थ्य की दृष्टि से लाभकारी है और इसे नॉनवेज के विकल्प के रूप में देखा जा रहा है। उनका कहना है कि यह शोध भविष्य में मशरूम उत्पादकों और उपभोक्ताओं दोनों के लिए लाभकारी साबित हो सकता है।

## गाडागुसैन महाविद्यालय में बीकॉम बहाल करने व भवन निर्माण पूरा करने की मांग



मांगों को लेकर ज्ञापन सौंपते एसएफआई कार्यकर्ता। अनंत ज्ञान

अनंत ज्ञान

**ब्यूरो, शिमला।** एसएफआई की गाडागुसैन इकाई ने गाडागुसैन कॉलेज में बीकॉम पाठ्यक्रम बंद किए जाने तथा कॉलेज भवन निर्माण कार्य लंबे समय से अधूरा रहने पर कड़ा विरोध दर्ज किया है। संगठन का कहना है कि दुर्गम क्षेत्र के विद्यार्थियों के लिए बीकॉम उच्च शिक्षा का एक महत्वपूर्ण विकल्प रहा है, जिसे समाप्त कर छात्रों के शैक्षणिक हितों और भविष्य को प्रभावित किया जा रहा है।

एसएफआई ने आरोप लगाया कि शिक्षा संस्थानों को सुदृढ़ बनाने के बजाय पाठ्यक्रमों को बंद करना शिक्षा विरोधी सोच को दर्शाता है, जिससे क्षेत्र के विद्यार्थियों और अभिभावकों में भारी असंतोष है। एसएफआई ने सरकार और शिक्षा विभाग से बी.कॉम. पाठ्यक्रम को तत्काल बहाल करने, कॉलेज भवन निर्माण कार्य शीघ्र पूरा करने, शिक्षकों एवं कर्मचारियों के रिक्त पद भरने तथा विद्यार्थियों को सभी आवश्यक शैक्षणिक एवं मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध कराने की मांग की है। संगठन ने चेतावनी दी है कि यदि छात्रों की इन मांगों पर जल्द सकारात्मक कार्रवाई नहीं की गई तो छात्रों को साथ लेकर व्यापक लोकतांत्रिक आंदोलन शुरू किया जाएगा, जिसकी समस्त जिम्मेदारी सरकार और प्रशासन की होगी।

# मनीषा हत्याकांड: पेशेवर शूटरों की गिरफ्तारी से खुलेंगे हत्या के राज

## हरियाणा से गिरफ्तार दोनों शूटर शिमला लाए, पुलिस रिमांड में होंगे अहम खुलासे

अनंत ज्ञान

**सत्यदेव भारद्वाज, शिमला।** प्रदेश की राजधानी शिमला के बहुचर्चित मनीषा मित्तल हत्याकांड में पुलिस को बड़ी सफलता हाथ लगी है। हरियाणा से गिरफ्तार किए गए दोनों आरोपियों को मंगलवार को शिमला लाया गया, जहां उन्हें अदालत में पेश किया जाएगा। पुलिस आरोपियों का रिमांड लेकर हत्या की पूरी साजिश, इसके पीछे शामिल लोगों और वारदात के मास्टरमाइंड तक पहुंचने की तैयारी में जुटी हुई है। इस गिरफ्तारी के बाद पूरे मामले में कई बड़े खुलासों की उम्मीद बढ़ गई है।

पुलिस जांच में सामने आया है कि गिरफ्तार आरोपी आशीष अहलावत और दीपक उर्फ बुढ़वार का आपराधिक इतिहास रहा है। दोनों के खिलाफ रंगदारी, आर्म्स एक्ट और मारपीट जैसे कई मामले दर्ज हैं। पुलिस का मानना है कि वारदात को जिस सुनियोजित तरीके से अंजाम दिया गया, उससे यह मामला केवल व्यक्तिगत रंजिश तक सीमित नहीं दिखता। जांच एजेंसियां इसे कांट्रेक्ट किलिंग और संगठित आपराधिक साजिश के नजरिए से भी देख रही हैं।

प्रारंभिक जांच में पता चला है कि आरोपी पुलिस को भ्रमित करने के लिए वर्चुअल नंबरों का इस्तेमाल कर रहे थे। हत्या में इस्तेमाल दोनों पिस्तौल भी बरामद कर ली गई हैं, जो भारत में निर्मित बताई जा रही हैं। पुलिस को शक है कि आरोपियों ने वारदात से पहले कई दिनों तक स्कूल परिसर और मनीषा मित्तल की गतिविधियों की रेकी की थी। उन्होंने भागने के लिए भी ऐसे रास्तों का चयन किया जहां सीसीटीवी कैमरों और पुलिस निगरानी की संभावना कम हो।

### 40 घंटे के भीतर दोनों शूटर किए गिरफ्तार

**मनीषा** मित्तल की हत्या के बाद पुलिस के सामने सबसे बड़ी चुनौती हमलावरों तक पहुंचने की थी। इसके लिए विशेष जांच दल सहित दस से अधिक टीमों का गठन किया गया। पुलिस ने हजारों सीसीटीवी फुटेज खंगाले, संदिग्ध वाहनों की जांच की और कई राज्यों में दबिश दी। तकनीकी साक्ष्यों, मोबाइल डेटा और खुफिया जानकारी के आधार पर पुलिस ने मात्र 40 घंटे के भीतर दोनों शूटरों को गिरफ्तार कर मामले की जांच को नई दिशा दे दी।

### 7 दिन की पुलिस रिमांड पर भेजे शूटर

**प्रदेश** की राजधानी शिमला स्थित सरस्वती पैराडाइज स्कूल की संचालिका मनीषा मित्तल हत्याकांड में गिरफ्तार दोनों शूटरों को मंगलवार को शिमला के चक्कर कोर्ट में पेश किया गया। अदालत ने दोनों आरोपियों को सात दिन की पुलिस रिमांड पर भेज दिया है। अब पुलिस पूछताछ के दौरान हत्या की साजिश, इसके पीछे के मास्टरमाइंड और अन्य संभावित आरोपियों के बारे में जानकारी जुटाएगी।

अनंत ज्ञान फॉलोअप

## खेलकूद प्रतियोगिता में डीएवी रामपुर के विद्यार्थियों ने किया उत्कृष्ट प्रदर्शन



अनंत ज्ञान

**रामपुर बुशहर।** क्लस्टर स्तरीय खेलकूद प्रतियोगिता का आयोजन डी.ए.वी कोटखाई में किया गया। डीएवी रामपुर के छात्रों ने विभिन्न स्तर की खेलकूद प्रतियोगिता में भाग लिया और उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। इस खेलकूद प्रतियोगिता में डीएवी रामपुर ने इन खेलों में पदक अपने नाम किए।

शतरंज में स्वर्ण पदक, वॉलीबॉल ( छात्र वर्ग ) में रजत पदक, वॉलीबॉल (छात्रा वर्ग) में भी रजत पदक हासिल किया। प्रधानाचार्य डॉ.वर्षा सूद ने अपने आशीर्वचन में सभी विजयीं प्रतिभागियों की सराहन की और प्रतियोगिता में भाग लेने वाले प्रतिभागियों को प्रोत्साहित किया। प्रधानाचार्या ने क्षेत्रीय प्रभारी का खेलकूद प्रतियोगिता के सफल आयोजन के लिए आभार व्यक्त किया। उन्होंने इस प्रतियोगिता के आयोजक विद्यालय का आभार व्यक्त किया। अपने उद्बोधन के अंत में प्रधानाचार्या महोदया ने सभी छात्रों को खेलकूद में भाग लेने के लिए प्रोत्साहित किया, खेलकूद के महत्व को समझाया और साथ में उज्जवल भविष्य की कामना की।

# लंबर में 2 करोड़ से बने बैली ब्रिज का लोकार्पण

## राजस्व मंत्री जगत सिंह नेगी ने किया उद्घाटन, कुन्नू-चारंग में सुनी जन समस्याएं

अनंत ज्ञान

**शिमला।** सीमावर्ती जिला किन्नौर के दुर्गम क्षेत्रों में विकास को नई गति प्रदान करते हुए राजस्व, बागवानी, जनजातीय विकास एवं जन-शिकायत निवारण मंत्री जगत सिंह नेगी ने ग्राम पंचायत ठंगी के लंबर गांव में लगभग 2 करोड़ रुपये की लागत से निर्मित बैली ब्रिज का लोकार्पण किया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि वर्तमान प्रदेश सरकार सीमावर्ती और दुर्गम क्षेत्रों के विकास के लिए पूरी प्रतिबद्धता के साथ कार्य कर रही है तथा बिना किसी भेदभाव के समाज के प्रत्येक वर्ग तक विकास की रोशनी पहुंचाई जा रही है। उन्होंने कहा कि बेहतर सड़क और पुल सुविधाएं न केवल लोगों के जीवन को सुगम बनाती हैं बल्कि सीमांत क्षेत्रों की अर्थव्यवस्था को भी मजबूती प्रदान करती हैं।

जनसभा को संबोधित करते हुए मंत्री ने कहा कि प्रदेश सरकार ने वर्ष 2023 में आपदा राहत मैन्युअल में ऐतिहासिक संशोधन कर पूर्ण रूप से क्षतिग्रस्त मकानों के लिए सहायता राशि बढ़ाकर 7 लाख की है। इससे आपदा प्रभावित परिवारों को कठिन परिस्थितियों में राहत मिली है। उन्होंने कहा कि सूचना का अधिकार अधिनियम, वन अधिकार अधिनियम और शिक्षा का अधिकार अधिनियम जैसी योजनाओं ने आम लोगों को अधिकार संपन्न बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। साथ ही नौतोड़ अधिनियम के माध्यम से भूमिहीन और वंचित वर्गों को भूमि का स्वामित्व प्रदान कर सामाजिक न्याय की दिशा में महत्वपूर्ण कार्य किया गया है।



मंत्री जगत सिंह नेगी ने कुन्नू-चारंग में लोगों की समस्याएं सुनीं। अनंत ज्ञान

मंत्री ने कहा कि किन्नौर जिला पर्यटन और सामरिक दृष्टि से अत्यंत महत्वपूर्ण क्षेत्र है। बॉर्डर टूरिज्म को बढ़ावा मिलने से जहां पर्यटकों को नए गंतव्य मिलेंगे, वहीं स्थानीय युवाओं के लिए रोजगार और स्वरोजगार के अवसर भी बढ़ेंगे। उन्होंने कहा कि सीमांत क्षेत्रों को पर्यटन मानचित्र पर लाने के लिए सरकार गंभीरता से कार्य कर रही है, जिससे स्थानीय अर्थव्यवस्था को मजबूती मिलेगी और लोगों की आय में वृद्धि होगी।

दौरे के दौरान मंत्री ने दुर्गम सीमावर्ती ग्राम पंचायत कुन्नू-चारंग में स्थानीय लोगों की समस्याएं सुनीं और अधिकारियों को उनके त्वरित समाधान के निर्देश दिए। उन्होंने लोगों को आश्वस्त किया कि मूरंग से कुन्नू-चारंग सड़क को सीमा सड़क संगठन (बीआरओ) को सौंपने की दिशा में आवश्यक कार्रवाई की जाएगी, जिससे सड़क का बेहतर रखरखाव और आवागमन की सुविधाएं सुनिश्चित हो सकें। उन्होंने पूह से चारंग जाने वाली बस सेवा को लंबर गांव से हरी झंडी दिखाकर रवाना किया और कहा कि प्रदेश सरकार सीमांत क्षेत्रों के सर्वांगीण विकास के लिए निरंतर प्रयासरत है।

## टीबी जागरुकता से ही संभव है बीमारी पर प्रभावी नियंत्रण: विनीत

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला।** दूरसंचार विभाग संचार मंत्रालय के तहत राज्य कार्यालय नियंत्रक संचार लेखा, द्वारा मंगलवार को कार्यालय परिसर में विशेष टीबी जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में डीडीयू जोनल अस्पताल शिमला के वरिष्ठ चिकित्सक डॉ. विनीत लखनपाल ने अधिकारियों एवं कर्मचारियों को टीबी के लक्षणों, संक्रमण से बचाव के उपायों तथा केंद्र सरकार की निःशुल्क जांच, उपचार और पोषण सहायता योजनाओं की जानकारी दी। उन्होंने कहा कि समय पर जांच, नियमित दवा सेवन और आधुनिक चिकित्सा पद्धतियों के माध्यम से टीबी का पूर्ण उपचार संभव है।

कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए नियंत्रक संचार लेखा (सीसीए) हिमाचल प्रदेश दीपक कुमार ने मुख्य वक्ता का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि इस तरह के जागरूकता कार्यक्रम कर्मचारियों के लिए अत्यंत लाभकारी हैं। उन्होंने सभी अधिकारियों एवं कर्मचारियों से स्वयं जागरूक रहने तथा समाज में भी टीबी उन्मूलन के लिए जनजागरूकता फैलाने का आह्वान किया। कार्यक्रम के अंत में प्रतिभागियों ने टीबी के प्रति जागरूकता बढ़ाने और स्वास्थ्य के प्रति सजग रहने का संकल्प लिया।

# मोदी सरकार की जनकल्याणकारी नीतियों से जनता काफी उत्साहित: सिकंदर कुमार

अनंत ज्ञान

**ब्यूरो, शिमला।** भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता एवं राज्यसभा सांसद डॉ. सिकंदर कुमार ने रोहड़ू और जुब्बल-कोटखाई प्रवास के दौरान विभिन्न संगठनात्मक एवं सामाजिक कार्यक्रमों में भाग लिया। इस दौरान उन्होंने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के आह्वान पर चलाए जा रहे 'एक पेड़ माँ के नाम' अभियान के अंतर्गत पौधरोपण किया। उन्होंने कहा कि पर्यावरण संरक्षण केवल पौधे लगाने तक सीमित नहीं है, बल्कि उनका संरक्षण और संवर्धन भी उतना ही आवश्यक है। डॉ. कुमार ने कहा कि हमारे पूर्वजों ने हमारे बेहतर भविष्य के लिए वृक्ष लगाए थे और अब हमारी जिम्मेदारी है कि आने वाली पीढ़ियों को स्वच्छ एवं स्वस्थ पर्यावरण देने के लिए अधिक से अधिक पौधरोपण करें।

प्रवास के दौरान सांसद ने जनसंपर्क अभियान चलाते हुए लोगों से संवाद किया तथा महासू जिला की संगठनात्मक बैठक की अध्यक्षता भी की। उन्होंने कहा कि केंद्र की मोदी सरकार के 12 वर्षों के कार्यकाल में जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ समाज के प्रत्येक वर्ग तक पहुंचा है, जिससे जनता में उत्साह का वातावरण है। प्रदेश की कांग्रेस सरकार पर निशाना साधते हुए उन्होंने कहा कि जनता वर्तमान व्यवस्था से निराश है और परिवर्तन चाहती है। उन्होंने दावा किया कि वर्ष 2027 के विधानसभा चुनावों में भारतीय जनता पार्टी दो-तिहाई बहुमत के साथ सरकार बनाएगी। बैठक में संगठन को बूथ स्तर तक मजबूत करने और केंद्र सरकार की उपलब्धियों को जन-जन तक पहुंचाने पर विशेष जोर दिया गया। इस अवसर पर भाजपा जिला महासू के पदाधिकारी, विभिन्न मोर्चों के प्रतिनिधि तथा बड़ी संख्या में कार्यकर्ता उपस्थित रहे।



- 2027 में दो-तिहाई बहुमत से भाजपा सरकार बनाने का दावा
- महासू जिला की बैठक में आगामी रणनीति पर किया मंथन

## मां श्यामला वेलफेयर सोसायटी ने कालीबाड़ी मंदिर में लगाया भंडारा



कालीबाड़ी मंदिर परिसर में लगे भंडारे का दृश्य। अनंत ज्ञान

अनंत ज्ञान

**ब्यूरो, शिमला।** मां श्यामला वेलफेयर सोसाइटी, शिमला द्वारा ऐतिहासिक कालीबाड़ी मंदिर परिसर में विशाल भंडारे का आयोजन किया गया, जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने भाग लेकर प्रसाद ग्रहण किया और पुण्य लाभ अर्जित किया।

संस्था की संयोजक कुसुम सादरेट ने बताया कि सोसाइटी द्वारा प्रत्येक संक्रांति के बाद आने वाले पहले मंगलवार को भंडारे का आयोजन किया जाता है। सेवा, सहयोग और जनकल्याण की भावना से प्रेरित इस परंपरा को निरंतर आगे बढ़ाते हुए इस वर्ष संस्था ने अपने 40वें भंडारे का सफल आयोजन किया। उन्होंने कहा कि माँ काली के आशीर्वाद से संस्था समाजसेवा, धार्मिक आयोजनों और जनहित गतिविधियों के माध्यम से लोगों को जोड़ने का कार्य कर रही है।

उन्होंने बताया कि भंडारे का मुख्य उद्देश्य समाज में सेवा भावना, आपसी सहयोग तथा धार्मिक आस्था को सुदृढ़ करना है। इस अवसर पर सोसाइटी के सदस्य कुसुम सादरेट, सुनील धर, राजू ठाकुर, अनीता चन्ना, विवेक खन्ना, असीम आहलूवालिया, बिट्टू पन्ना, योगेश पुंडीर, सुदीप महाजन, बिंदु सूद, अनीता सूद, रजना, पूर्ण, राजेश शारदा एवं रजत कोहली सहित कई उपस्थित रहे।

# ठियोग बाजार में बसों के संचालन की मांग तेज

## बस रूट बदलने व पार्किंग व्यवस्था को लेकर एसडीएम के माध्यम से सीएम को सौंपा ज्ञापन

अनंत ज्ञान

**ब्यूरो, शिमला।** भारतीय जनता पार्टी ठियोग मंडल के नेतृत्व में उपमंडलाधिकारी ठियोग के माध्यम से प्रदेश के मुख्यमंत्री को एक विस्तृत ज्ञापन प्रेषित किया गया। ज्ञापन में शिमला से आने वाली हिमाचल पथ परिवहन निगम तथा निजी बसों को पुनः ठियोग बाजार मार्ग से संचालित करने एवं रहीघाट से प्रेमघाट तक सड़क किनारे येलो लाइन लगाकर व्यवस्थित पार्किंग व्यवस्था सुनिश्चित करने की मांग उठाई गई।

भाजपा मंडल ठियोग एवं व्यापार मंडल के प्रतिनिधियों ने बताया कि ठियोग नगर परिषद क्षेत्र के हाल ही में संपन्न हुए चुनावों के दौरान लोगों की सबसे प्रमुख मांग यही रही कि शिमला से ऊपरी क्षेत्रों की ओर जाने वाली बसों को पहले की तरह ठियोग बाजार से होकर चलाया जाए। उनका कहना है कि बाईपास मार्ग से बसों के संचालन के बाद मुख्य बाजार में ग्राहकों की संख्या में भारी गिरावट आई है, जिससे व्यापारियों को आर्थिक नुकसान उठाना पड़ रहा है।



एसडीएम के माध्यम से सीएम को ज्ञापन सौंपते हुए। अनंत ज्ञान

ज्ञापन में उल्लेख किया गया है कि वर्तमान व्यवस्था के कारण बुजुर्गों, महिलाओं एवं ग्रामीण क्षेत्रों से आने वाले लोगों को भारी सामान लेकर लगभग 700 मीटर दूर प्रेमघाट बाईपास तक पैदल जाना पड़ता है, जिससे उन्हें अत्यधिक कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है।

व्यापारियों ने मांग की कि शिमला से किन्नौर, रामपुर, रोहड़ू एवं चौपाल की ओर जाने वाली बसों को ठियोग बाजार एवं पुराने बस अड्डे से होकर चलाया जाए तथा कुछ मिनट रुकने के उपरांत नए बस स्टैंड की ओर भेजा जाए। प्रतिनिधिमंडल ने प्रेमघाट क्षेत्र में लगने वाले यातायात जाम का मुद्दा भी प्रमुखता से उठाया। उन्होंने बताया कि सड़क किनारे बसों के लंबे समय तक खड़े रहने से कई बार आपातकालीन सेवाओं सहित एंबुलेंस तक जाम में फंस जाती हैं। जबकि नए बस स्टैंड में यात्रियों के लिए शौचालय, प्रतीक्षालय और अन्य सभी मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध हैं, इसलिए बसों का ठहराव वहीं सुनिश्चित किया जाना चाहिए।

इसके अतिरिक्त रहीघाट से प्रेमघाट तक सड़क के पर्याप्त चौड़े हिस्सों में येलो लाइन लगाकर छोटे वाहनों के लिए पार्किंग सुविधा विकसित करने की भी मांग की गई। प्रतिनिधियों का कहना है कि इससे नप की आय बढ़ेगी, यातायात व्यवस्था सुचारू होगी व स्थानीय व्यापार को बढ़ावा मिलेगा।

### ये रहे शामिल

**भाजपा** मंडल ठियोग, व्यापार मंडल एवं नवनिर्वाचित पार्षदों ने मुख्यमंत्री तथा परिवहन मंत्री से जनहित एवं व्यापारिक हितों को ध्यान में रखते हुए इन मांगों पर शीघ्र सकारात्मक निर्णय लेने का आग्रह किया। इस अवसर पर भाजपा मंडल ठियोग के अध्यक्ष दुनी चंद कश्यप, व्यापार मंडल अध्यक्ष अजय ठाकुर, भाजपा मंडल महामंत्री राम कृष्ण मदराड़ी, नवनिर्वाचित पार्षद भारती सूद, सीमा कश्यप, कुसुम सांख्यान, भाजपा मीडिया प्रभारी महेंद्र सूर्या, किसान मोर्चा उपाध्यक्ष काहन सिंह खेवड़ा, भाजपा आईटी संयोजक केसर वर्मा तथा भाजयुमो महामंत्री अजय शर्मा सहित अनेक कार्यकर्ता एवं व्यापारी उपस्थित रहे।

## प्रदेश में जनगणना का पहला चरण शुरू, मोबाइल ऐप से जुटेगी जानकारी

अनंत ज्ञान

**ब्यूरो, शिमला।** प्रदेश में जनगणना के पहले चरण 'मकान सूचीकरण एवं मकानों की गणना' का कार्य आज से शुरू हो गया है। इसके साथ ही राज्य भर में प्रशिक्षित प्रगणकों ने घर-घर जाकर जानकारी जुटाने का काम भी शुरू कर दिया है। यह चरण 15 जुलाई तक चलेगा, जिसके दौरान प्रदेश के सभी परिवारों और मकानों से जुड़ी आधारभूत जानकारी एकत्र की जाएगी। जनगणना निदेशालय के अनुसार इस बार पूरी प्रक्रिया डिजिटल माध्यम से की जा रही है। प्रगणक विशेष मोबाइल ऐप के जरिए लोगों से जानकारी दर्ज करेंगे। जिन लोगों ने पहले ही ऑनलाइन स्व-गणना पूरी कर ली है, वे अपनी सेल्फ एन्यूमरेशन आईडी प्रगणकों को उपलब्ध करवा सकते हैं। वहीं जिन परिवारों ने ऑनलाइन जानकारी नहीं भरी है, उनके घर जाकर सीधे आंकड़े जुटाए जा रहे हैं।

जानकारी के अनुसार पहले चरण में मकानों की स्थिति, परिवारों की संख्या, पेयजल, बिजली, शौचालय, रसोई, खाद्यान्न की उपलब्धता और घरों में उपयोग होने वाले विभिन्न उपकरणों से संबंधित जानकारी दर्ज की जाएगी। अधिकारियों का कहना है कि इन आंकड़ों के आधार पर भविष्य की विकास योजनाओं और कल्याणकारी कार्यक्रमों को बेहतर तरीके से तैयार किया जा सकेगा।

निदेशालय ने लोगों से सहयोग की अपील करते हुए कहा है कि घर आने वाले प्रगणकों की पहचान उनके आईडी कार्ड पर मौजूद क्यूआर कोड को स्कैन कर सत्यापित की जा सकती है। विभाग ने स्पष्ट किया है कि जनगणना के दौरान किसी भी व्यक्ति से बैंक खाते, एटीएम, ओटीपी या अन्य वित्तीय जानकारी नहीं मांगी जाएगी।

### सहयोग की अपील

**बता** दें कि प्रदेश के शहरों, कस्बों वाली ग्रामीण क्षेत्रों में प्रगणकों ने घर-घर दस्तक देना शुरू कर दिया है। जनगणना कार्य निदेशालय ने नागरिकों से अपील की है कि वे सही जानकारी उपलब्ध कराकर इस राष्ट्रीय महत्व के कार्य में सहयोग दें। जनगणना से जुड़ी किसी भी जानकारी या सहायता के लिए हेल्पलाइन नंबर 1855 पर संपर्क किया जा सकता है।

**रिहर्सल** भूकंप, बादल फटना और जंगल की आग पर हिमाचल में राज्यव्यापी मेगा मॉक ड्रिल आयोजित

# आपदा से निपटने की तैयारियों को मिली मजबूती

अनंत ज्ञान

**सत्यदेव भारद्वाज, शिमला।** हिमाचल प्रदेश में आपदा प्रबंधन तंत्र को और अधिक सशक्त एवं प्रभावी बनाने के उद्देश्य से 10वीं राज्यव्यापी मेगा मॉक ड्रिल का आयोजन किया गया। राज्य आपदा प्रबंधन प्राधिकरण द्वारा राष्ट्रीय आपदा प्रबंधन प्राधिकरण के सहयोग से आयोजित इस अभ्यास में भूकंप, बादल फटने और जंगलों में आग जैसी संभावित आपदाओं से निपटने की तैयारियों का व्यापक परीक्षण किया गया। प्रदेश के सभी जिलों में आयोजित इस ड्रिल का मुख्य उद्देश्य विभिन्न एजेंसियों की प्रतिक्रिया क्षमता, समन्वय और संसाधन प्रबंधन का आकलन करना रहा।

मॉक ड्रिल तीन चरणों में संपन्न हुई। 2 जून को ओरिएंटेशन एवं समन्वय कार्यशाला, 12 जून को टेबल-टॉप अभ्यास और 15 जून को फिजिकल सिमुलेशन अभ्यास आयोजित किया गया। मेजर जनरल (सेवानिवृत्त) सुधीर बहल और विशेष सचिव आपदा प्रबंधन डॉ. पुष्पेंद्र राणा के नेतृत्व में हुए इस अभ्यास में जिला प्रशासन, स्वास्थ्य विभाग, आपातकालीन प्रतिक्रिया एजेंसियों, सशस्त्र बलों और विभिन्न विभागों के अधिकारियों ने सक्रिय भागीदारी निभाई।

अभ्यास के दौरान विभिन्न विभागों के बीच बेहतर समन्वय, त्वरित सूचना आदान-प्रदान तथा संसाधनों की प्रभावी उपलब्धता जैसी उपलब्धियों की समीक्षा की गई। इसके साथ ही संचार व्यवस्था को और मजबूत करने, जिला आपदा प्रबंधन योजनाओं को नियमित रूप से अद्यतन करने तथा आपातकालीन परिस्थितियों में राहत एवं बचाव दलों की त्वरित तैनाती सुनिश्चित करने की आवश्यकता पर बल दिया गया।




मेगा मॉक ड्रिल के दौरान राहत एवं बचाव कार्यों का अभ्यास करते अधिकारी व कर्मचारी। अनंत ज्ञान

### अस्पताल सेवाओं को सुचारु बनाए रखने पर की चर्चा

**बताया** गया कि स्वास्थ्य क्षेत्र में अतिरिक्त क्षमता विकसित करने पर विशेष जोर दिया गया। अस्थायी बिस्तरों की व्यवस्था, आवश्यक चिकित्सकीय स्टाफ की उपलब्धता और लंबे समय तक चलने वाली आपात स्थितियों में अस्पताल सेवाओं को सुचारू बनाए रखने की रणनीति पर चर्चा की गई। इसके अलावा बच्चों, वरिष्ठ नागरिकों और दिव्यांगजनों जैसे संवेदनशील वर्गों की सुरक्षा और राहत व्यवस्था को और अधिक मजबूत बनाने के निर्देश दिए गए।

# रामपुर में फ्लैश फ्लड पर किया अभ्यास

## आपदा प्रबंधन तैयारियों का किया परीक्षण, कई विभागों ने दिखाया समन्वय

अनंत ज्ञान

**आत्मा सिंह, रामपुर बुशहर।** उपमंडल रामपुर में आपदा प्रबंधन एवं आपातकालीन प्रतिक्रिया तंत्र की तैयारियों का आकलन करने के उद्देश्य से क्लाउडबर्स्ट और फ्लैश फ्लड की काल्पनिक स्थिति पर आधारित एक व्यापक मॉक एक्सरसाइज आयोजित की गई। इस अभ्यास में यह परिकल्पना की गई कि सतलुज बेसिन क्षेत्र में 188 मिमी वर्षा होने से अचानक बाढ़ की स्थिति उत्पन्न हो गई, जिससे कई मकान क्षतिग्रस्त हुए और कुछ लोग प्रभावित क्षेत्रों में फंस गए।

मॉक एक्सरसाइज का आयोजन रिवर बैंक दत्तनगर, नोगली तथा डीएवी स्कूल रामपुर में किया गया, जहां विभिन्न बचाव एवं राहत एजेंसियों ने संयुक्त रूप से आपदा प्रतिक्रिया का प्रदर्शन किया। दत्तनगर में एनडीआरएफ, सीआईएसएफ, अग्निशमन विभाग और होमगार्ड्स ने संयुक्त रूप से रेस्क्यू ऑपरेशन चलाते हुए फंसे लोगों को सुरक्षित स्थानों तक पहुंचाया और प्राथमिक उपचार की व्यवस्था की। नोगली में आईटीबीपी, अग्निशमन विभाग और होमगार्ड्स द्वारा राहत एवं बचाव कार्यों का अभ्यास किया गया, जिसमें विशेष उपकरणों की सहायता से लोगों को सुरक्षित निकालने की प्रक्रिया दिखाई गई। वहीं डीएवी स्कूल रामपुर में भारतीय सेना, पुलिस, अग्निशमन और होमगार्ड्स की संयुक्त टीमों ने बाढ़ और तेज बहाव में फंसे लोगों के बचाव, खोज अभियान और निकासी कार्यों का प्रदर्शन किया।



अभ्यास का संचालन नायब तहसीलदार रामपुर सुरेश नेगी की अध्यक्षता में किया गया। परिकल्पित स्थिति में 17 लोग घायल, 4 की मृत्यु, 2 लापता और 9 मकानों को नुकसान दिखाया गया, जिसके आधार पर राहत और बचाव कार्यों का समन्वित अभ्यास किया गया।

इस मॉक ड्रिल का उद्देश्य विभिन्न विभागों के बीच समन्वय, संचार व्यवस्था और त्वरित प्रतिक्रिया क्षमता को मजबूत करना था, ताकि किसी वास्तविक आपदा की स्थिति में जन-धन की हानि को न्यूनतम किया जा सके। इस अवसर पर प्रशासन, पुलिस, सेना, एनडीआरएफ, आईटीबीपी, सीआईएसएफ, अग्निशमन विभाग, होमगार्ड, स्वास्थ्य, विद्युत एवं अन्य विभागों के अधिकारियों व कर्मचारियों ने सक्रिय भागीदारी निभाई।

# नगरोटा बगवां बीडीसी चुनाव में कांग्रेस का 'क्लीन स्वीप'

## राजकुमारी और उत्तम चंद निर्विरोध चुने गए अध्यक्ष और उपाध्यक्ष, एसडीएम ने दिलाई शपथ

अनंत ज्ञान

**कपिल वासुदेवा, नगरोटा बगवां।** नगरोटा ब्लॉक समिति के नवनिर्वाचित सदस्यों में अध्यक्ष और उपाध्यक्ष चुनने की प्रक्रिया एसडीएम नगरोटा मुनीष शर्मा की अध्यक्षता में संपन्न हुई। एसडीएम नगरोटा ने ब्लॉक समिति के अध्यक्ष और उपाध्यक्ष पद के लिए नियमानुसार कार्रवाई करते हुए नॉमिनेशन प्रक्रिया कारवाई।

नगरोटा बगवां ब्लॉक समिति के अध्यक्ष पद के लिए एक ही नाम नॉमिनेशन के लिए आया, जिससे राजकुमारी को निर्विरोध नगरोटा ब्लॉक समिति का अध्यक्ष चुन लिया गया। उपाध्यक्ष के पद के लिए भी एक ही नॉमिनेशन आया और उत्तम चंद को निर्विरोध उपाध्यक्ष बनाया गया। एसडीएम ने सभी को बधाई दी। उन्होंने अध्यक्ष और उपाध्यक्ष को शपथ भी दिलाई। अध्यक्ष और उपाध्यक्ष चुनाव संपन्न होने के उपरांत कांग्रेस समर्थित 15 में से 14 ब्लॉक समिति सदस्यों ने हिमाचल प्रदेश पर्यटन विकास निगम के अध्यक्ष व पर्यटन विकास बोर्ड के उपाध्यक्ष आरएस बाली से शिष्टाचार भेंट की। इस मौके पर हिमाचल प्रदेश पथ परिवहन निगम की उपाध्यक्ष अजय वर्मा भी मौजूद रहे। आरएस बाली ने अध्यक्ष, उपाध्यक्ष और सभी सदस्यों को एक मजबूत टीम बनाने के लिए बधाई दी। उन्होंने कहा कि इन चुनावों में हार जीत बहुत थोड़े अंतर से होती है ऐसे में चुनाव लड़ने वाले सभी प्रत्याशी बधाई के पात्र हैं। 15 में से 14 सदस्य हमारी विकास की राजनीति और हमारी विचारधारा से समर्थित हैं यह हमारे लिए अत्यंत गर्व की बात है। उन्होंने सभी सदस्यों को मिठाई खिलाई और हार पहनाकर उन्हें सम्मानित किया। ब्लॉक समिति की नई कार्यकारिणी को उनका पूरा समर्थन रहेगा और उनके साथ मिलकर वह नगरोटा के विकास को अब और अधिक मजबूती से करेंगे।



आरएस बाली ने अध्यक्ष, उपाध्यक्ष और सभी सदस्यों को बधाई दी।

# मीना कुमारी बनी लंबागांव विकास खंड समिति की अध्यक्ष



यादविंद्र गोमा ने अध्यक्ष व उपाध्यक्ष को हार पहनाकर दी जीत की बधाई।

अनंत ज्ञान

**जयसिंहपुर।** लंबागांव विकास खंड समिति (बीडीसी) के चेयरमैन एवं वाइस चेयरमैन पद के लिए मंगलवार को एसडीएम जयसिंहपुर संजीव ठाकुर की अध्यक्षता में चुनाव हुआ।

इससे पहले 10 जून को सदस्यों की कम उपस्थिति के कारण कोरम पूरा न होने से चुनाव प्रक्रिया पूरी नहीं हो पाई थी। मंगलवार को हुए चुनाव में अध्यक्ष पद के लिए कांग्रेस समर्थित मीना कुमारी और भाजपा की रूमा देवी के बीच हुआ, जिसमें रूमा देवी को 8 मत और मीना कुमारी को 11 मत प्राप्त हुए। मीना ने तीन मतों के अंतर से जीत दर्ज कर लंबागांव बीडीसी के चेयरमैन पद पर कब्जा जमाया। 19 सदस्यों ने मतदान किया था।

### सर्वसम्मति से हेमराज को चुना उपाध्यक्ष

उपाध्यक्ष पद के नतीजे आने के बाद भाजपा ने हेमराज को भाजपा समर्थित कहा, जबकि जीत के बाद एसडीएम कार्यालय से बाहर निकल कर हेमराज ने उन दावों को सिरे से खारिज करते हुए यादविंद्र गोमा पर भरोसा जताया व खुद को कांग्रेस का समर्थित सिपाही कहा। हेमराज को सर्वसम्मति से उपाध्यक्ष चुना गया। चुनाव संपन्न होते ही कैबिनेट मंत्री यादविंद्र गोमा एसडीएम कार्यालय पहुंचे और नवनिर्वाचित अध्यक्ष मीना कुमारी व उपाध्यक्ष हेमराज शर्मा को हार पहनाकर जीत की बधाई दी।

## न्यूज ब्रीफ

### किसानों को दी फसलों के रोगों की जानकारी

**अनंत ज्ञान, देहरा।** प्रदेश कृषि विभाग एवं कृषि प्रोत्साहन परियोजना-II के अंतर्गत बहाव सिंचाई योजना चनौर का निरीक्षण पीएमसी विशेषज्ञ डॉ. आरके शर्मा, डॉ. पीएल शर्मा तथा खंड परियोजना प्रबंधक डॉ. विवेक कंवर ने किया। निरीक्षण का उद्देश्य क्षेत्र में प्राकृतिक हल्दी और अदरक के उत्पादन को बढ़ावा देना तथा किसानों को नकदी फसलों एवं सब्जियों की खेती के लिए प्रोत्साहित करना था। विशेषज्ञों ने किसानों को फसलों की गुणवत्ता, रोगों की पहचान और उनके उपचार की जानकारी दी। साथ ही रासायनिक एवं प्राकृतिक खाद से होने वाले लाभ-हानि पर भी विस्तार से चर्चा की, ताकि किसानों की आय में वृद्धि हो सके।

### बरियाल के कुनाल बने सेना में लेफ्टिनेंट



**अनंत ज्ञान, शिव गुलेरिया, नगरोटा सूरियां।** कांगड़ा जिले के छोटे से बरियाल गांव के कुनाल ने भारतीय सेना में लेफ्टिनेंट बने हैं। कुनाल ने अपने परिवार और क्षेत्र का नाम रोशन किया। उनके दादा शमशेर सिंह जग्गी शिक्षा विभाग से सेवानिवृत्त प्रिंसिपल रहे हैं, जबकि पिता मनिंदर सिंह भारतीय सेना से सूबेदार पद से सेवानिवृत्त हैं। माता बंदना गृहिणी हैं। कुनाल सैनिक स्कूल सुजानपुर टीरा के मेधावी छात्र रहे हैं, जहां उन्हें गोल्डन टार्च से भी सम्मानित किया गया। उन्होंने एनडीए परीक्षा में ऑल इंडिया 218वीं रैंक हासिल की, लेकिन मेडिकल कारणों से चयन नहीं हो सका। इसके बाद उन्होंने टेक्निकल एंट्री के माध्यम से पुनः प्रयास किया और ऑल इंडिया सेकंड रैंक प्राप्त कर उत्कृष्ट प्रदर्शन किया।

### पालमपुर में मेगा मॉकड्रिल का आयोजन

**अनंत ज्ञान, पालमपुर।** पालमपुर प्रशासन द्वारा होल्टा में आपदा प्रबंधन तैयारियों को परखने के लिए मेगा मॉकड्रिल का आयोजन किया गया। एसडीएम डॉ. ओपी यादव की अध्यक्षता में हुए इस अभ्यास में जंगल में भीषण आग की स्थिति को दर्शाते हुए राहत एवं बचाव कार्य किया गया। इस दौरान 12 लोगों को सुरक्षित रेस्क्यू किया गया, जिनमें 3 आम नागरिक और 9 सेना के जवान शामिल थे। तीन घायलों को सिविल अस्पताल पालमपुर रेफर किया गया। अग्निशमन, वन, पुलिस, लोक निर्माण और स्वास्थ्य विभाग ने संयुक्त रूप से भाग लेकर बेहतर समन्वय का प्रदर्शन किया। एसडीएम ने इसे आपदा प्रबंधन क्षमता मजबूत करने की महत्त्वपूर्ण कवायद बताया।

### मनसिंबल में श्रीमद्भागवत कथा 22 से

**अनंत ज्ञान, डरोह।** साईं। सेवा समिति, मनसिंबल भवारना में 22 से 28 जून तक श्रीमद् भागवत कथा अमृत वर्षा का आयोजन किया जा रहा है। जिला अध्यक्ष (कांगड़ा पूर्वी) रोशन रैना ने बताया कि कथा वाचक अनिल डोहरू जी होंगे। 22 जून को कलश यात्रा निकलेगी तथा प्रतिदिन दोपहर 2 से 5 बजे तक कथा होगी। 28 जून को पूर्णाहूति और भंडारा आयोजित किया जाएगा। श्रद्धालुओं से अधिक संख्या में शामिल होने का आग्रह किया गया है।

### सेवा भारती कांगड़ा का दानदाता सम्मेलन आयोजित

**अनंत ज्ञान, आशीष दामीर, कांगड़ा।** सेवा भारती जिला की ओर से कांगड़ा में दानदाता सम्मेलन का आयोजन किया गया, जिसमें जिले के गणमान्य दानदाता एवं समाजसेवी उपस्थित रहे। कार्यक्रम का स्वागत एवं संचालन जिला सचिव सुमन सैनी ने किया, जबकि अध्यक्षता प्रांत अध्यक्ष विनोद अग्रवाल ने की। जिला अध्यक्ष जोगिन्दर राना ने सेवा गतिविधियों की जानकारी देते हुए बताया कि टांडा मेडिकल कॉलेज में प्रतिदिन चाय सेवा और लंगर सेवा चल रही है। साथ ही फिजियोथेरेपी केंद्र में हर माह 100 से अधिक मरीज निशुल्क उपचार ले रहे हैं। उन्होंने भविष्य में किशोरी विकास केंद्र एवं वैभवश्री केंद्र शुरू करने की जानकारी भी दी।

### पेंशनर्स संयुक्त संघर्ष समिति ने की बैठक

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला।** प्रदेश पेंशनर्स संयुक्त संघर्ष समिति की बैठक एवं आमसभा का आयोजन धर्मशाला में जिला अध्यक्ष रविंद्र सिंह राणा की अध्यक्षता में किया गया। बैठक में प्रदेश अध्यक्ष सुरेश ठाकुर मुख्य अतिथि रहे, जबकि मंच संचालन जितेंद्र सिंह राणा ने किया। इसमें कांगड़ा जिले के विभिन्न ब्लॉकों और शहरी इकाइयों के पेंशनरों ने भाग लिया। बैठक में लंबित देनदारियों, संशोधित ग्रेच्युटी, महंगाई राहत, एरियर भुगतान और अन्य पेंशन संबंधी मांगों पर विस्तार से चर्चा हुई। वक्ताओं ने उम्मीद जताई कि सरकार द्वारा किए गए आश्वासन के अनुसार 31 जुलाई 2026 तक भुगतान किया जाएगा। पेंशनरों ने चेतावनी दी कि यदि वादे पूरे नहीं हुए तो प्रदेशभर में आंदोलन तेज किया जाएगा। बैठक में कई वरिष्ठ पदाधिकारी एवं सदस्य उपस्थित रहे।

### स्वाणा गांव में कई लोगों ने थामा कांग्रेस का दामन



**अनंत ज्ञान, परागपुर।** परागपुर में प्रदेश कांग्रेस कमेटी के महासचिव ठाकुर सुरेंद्र सिंह मनकोटिया ने मंगलवार को स्वाणा गांव का दौरा किया। संगठन सृजन अभियान के तहत गांव के कई लोगों ने भाजपा छोड़कर कांग्रेस पार्टी की सदस्यता ग्रहण की। नए सदस्यों ने कांग्रेस सरकार और मनकोटिया के नेतृत्व में आस्था जताई। ब्लॉक कांग्रेस कमेटी ने सभी का स्वागत किया। इस अवसर पर ब्लॉक अध्यक्ष मुल्तान सिंह, ओबीसी अध्यक्ष सुमित बावा और यूथ कांग्रेस महासचिव अतिंदर पाल सिंह सहित कई गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

### मनोज बरोटिया उप महाप्रबंधक पद पर पदोन्नत

**अनंत ज्ञान, परागपुर।** कांगड़ा सेंट्रल को-ऑपरेटिव बैंक लिमिटेड में कार्यरत परागपुर निवासी मनोज बरोटिया की उप महाप्रबंधक पद पर पदोन्नति से परागपुर सहित पूरे क्षेत्र में हर्ष का माहौल है। उनकी इस उपलब्धि पर पंचायत प्रतिनिधियों, ग्रामीणों और गणमान्य लोगों ने उन्हें बधाई एवं शुभकामनाएं दी हैं। वर्तमान में वे धर्मशाला स्थित बैंक मुख्यालय में ऋण एवं विकास प्रभाग तथा तकनीकी प्रभाग के अनुभागाध्यक्ष के रूप में कार्यरत हैं।

# भवारना में भाजपा का परचम रीना अध्यक्ष, सुखदेव बने उपाध्यक्ष

## विपिन परमार के नेतृत्व पर फिर लगी जीत की मुहर

अनंत ज्ञान

**राकेश डोगरा, डरोह।** सुलह विधानसभा क्षेत्र की राजनीति में एक बार फिर वरिष्ठ भाजपा नेता एवं विधायक विपिन सिंह परमार के प्रभावशाली नेतृत्व की स्पष्ट झलक देखने को मिली है। बीडीसी ब्लॉक भवारना में भारतीय जनता पार्टी ने शानदार जीत दर्ज करते हुए अध्यक्ष और उपाध्यक्ष दोनों पदों पर कब्जा जमाया है।

भवारना वार्ड से रीना धीमान अध्यक्ष तथा घनेटा वार्ड से सुखदेव मसंद उपाध्यक्ष निर्वाचित हुए हैं। इस जीत को क्षेत्र में भाजपा की मजबूत पकड़ और विपिन सिंह परमार के बढ़ते राजनीतिक कद के रूप में देखा जा रहा है। राजनीतिक विश्लेषकों का मानना है कि हाल के पंचायत और स्थानीय निकाय चुनावों में भाजपा समर्थित उम्मीदवारों की लगातार सफलता ने यह संदेश दिया है कि विपिन सिंह परमार केवल एक विधायक ही नहीं, बल्कि संगठन को बूथ स्तर तक मजबूत करने वाले जननेता के रूप में स्थापित हो चुके हैं। कार्यकर्ताओं को साथ लेकर चलने की उनकी शैली और क्षेत्र के विकास के प्रति उनकी प्रतिबद्धता का परिणाम आज चुनावी जीत के रूप में सामने आ रहा है। इस अवसर पर भाजपा कार्यकर्ताओं में भारी उत्साह देखने को मिला। पार्टी कार्यकर्ताओं ने इसे संगठन की सामूहिक मेहनत तथा विपिन सिंह परमार के मार्गदर्शन की जीत बताया।

कार्यकर्ताओं का कहना है कि सुलह विधानसभा क्षेत्र में भाजपा की यह लगातार सफलताएं आने वाले समय में भी पार्टी को और अधिक मजबूत करेंगी। भाजपा परिवार ने नवनिर्वाचित अध्यक्ष रीना धीमान एवं उपाध्यक्ष सुखदेव मसंद को हार्दिक बधाई देते हुए उनके सफल कार्यकाल की शुभकामनाएं दी हैं। साथ ही सभी बीडीसी सदस्यों, समर्थकों और निष्ठावान भाजपा कार्यकर्ताओं का आभार व्यक्त किया गया है, जिनके सहयोग से यह ऐतिहासिक सफलता संभव हुई।

# चरवाहों के लिए बड़ी राहत: बिना परमिट पशुपालकों का होगा पंजीकरण

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला।** प्रदेश वूल फेडरेशन के अध्यक्ष मनोज ठाकुर ने धर्मशाला में आयोजित पत्रकार वार्ता में प्रदेश के पशुपालकों और पारंपरिक चरवाहों के हित में कई महत्वपूर्ण घोषणाएं कीं। उन्होंने कहा कि प्रदेश में बिना परमिट के चराई करने वाले पशुपालकों का पंजीकरण किया जाएगा और उन्हें विधिवत परमिट जारी किए जाएंगे। उन्होंने बताया कि यह चराई परमिट पांच वर्षों के लिए वैध होंगे, जिससे पशुपालकों को बार-बार औपचारिकताओं से नहीं गुजरना पड़ेगा। चराई व्यवस्था को पारदर्शी और व्यवस्थित बनाने के लिए चराई सलाहकार समिति का गठन किया जाएगा। इस समिति में स्थानीय पशुपालक, पंचायत प्रतिनिधि, विश्वविद्यालयों के विशेषज्ञ और वूल फेडरेशन के प्रतिनिधि शामिल होंगे, जो समय-समय पर चराई नीति की समीक्षा करेंगे। मनोज ठाकुर ने बताया कि वन विभाग और पशुपालन विभाग के संयुक्त सहयोग से एक ऑनलाइन पोर्टल तैयार किया जाएगा, जिसके माध्यम से पशुपालकों का पंजीकरण और रियल टाइम में परमिट जारी करने की सुविधा उपलब्ध होगी। पोर्टल पर पशुपालकों का पूरा विवरण, पशुधन की संख्या और प्रवासन पैटर्न का रिकॉर्ड दर्ज किया जाएगा। उन्होंने कहा कि पारंपरिक चराई विरासत को आधुनिक विकास परियोजनाओं से सुरक्षित रखने के लिए प्रवासी मार्गों, जल स्त्रोतों और पड़ाव स्थलों की जियो-टैगिंग की जाएगी। साथ ही पारंपरिक चरवाहों (गद्दियों) को इस पोर्टल में आधिकारिक रूप से शामिल कर उनकी सुरक्षा और आजीविका संरक्षण सुनिश्चित किया जाएगा। पत्रकार वार्ता में यह भी जानकारी दी गई कि पिछले सात वर्षों से बंद जंगलों को चरणबद्ध तरीके से चराई के लिए खोला जाएगा।

◆ 5 साल के लिए जारी होंगे परमिट

# स्मार्ट सिटी में पोस्टर लगाने वालों पर जुर्माना व एफआईआर की तैयारी

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला।** स्मार्ट सिटी धर्मशाला में अब पोस्टर चस्पां करने वालों पर जुर्माना लगाने के साथ एफआईआर की कार्रवाई भी की जाएगी। नगर निगम आयुक्त जफर इकबाल ने स्मृद्धि भवन में आयोजित बैठक के दौरान यह जानकारी दी। उन्होंने कहा कि बार-बार जागरूक करने के बावजूद अवैध पोस्टरबाजी पर रोक नहीं लग पा रही है। बैठक में स्मार्ट सिटी परियोजना के विभिन्न कार्यों पर चर्चा हुई। आयुक्त ने बताया कि 80 परियोजनाओं में से अधिकांश कार्य पूरे किए जा चुके हैं, जबकि स्मार्ट रोड फिनिशिंग, पार्किंग और फुटबाल क्लब से जुड़े कुछ कार्य शेष हैं। उन्होंने कहा कि कचरा प्रबंधन, स्वास्थ्य सुविधाओं में लैप्रोस्कोपिक मशीन, 61 स्मार्ट क्लासरूम और बायोगैस प्लांट जैसे कई महत्वपूर्ण कार्य पूरे हुए हैं। उन्होंने बताया कि सभी विभागों के सहयोग से शहर में विकास कार्य लगातार जारी हैं।

# धर्मशाला कॉलेज की शिल्पा का आईआईटी रोपड़ में चयन



**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला।** राजकीय महाविद्यालय धर्मशाला की होनहार छात्रा शिल्पा ने अपनी उत्कृष्ट शैक्षणिक उपलब्धियों से क्षेत्र का नाम रोशन किया है। हाल ही में घोषित हिमाचल प्रदेश विश्वविद्यालय के बीएससी बॉटनी परिणाम 2026 में उन्होंने 9.14 सीजीपीए के साथ 8वां स्थान प्राप्त किया। शिल्पा ने इसके साथ ही आईआईटी बॉम्बे द्वारा आयोजित जेएएम 2026 परीक्षा भी उत्तीर्ण कर आईआईटी रोपड़ के बॉटनी विभाग में प्रवेश प्राप्त किया है, जो एक बड़ी उपलब्धि मानी जा रही है। प्राचार्य प्रो. राकेश पठानिया सहित सभी शिक्षकों ने शिल्पा को बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

# जिले में चलाया जाएगा सदस्यता अभियान : बच्चन



**अनंत ज्ञान, कांगड़ा।** अखिल भारतीय क्षत्रिय महासभा के राष्ट्रीय समन्वयक बच्चन सिंह राणा ने कहा है कि संगठन प्रदेश के प्रत्येक जिले में राजपूत समुदाय को संगठित करने के लिए व्यापक सदस्यता अभियान चलाएगा। कांगड़ा में आयोजित प्रेसवार्ता में उन्होंने संगठन को जमीनी स्तर पर मजबूत करने की रणनीति साझा की। राणा ने कहा कि महासभा यूजीसी से जुड़े मुद्दों पर भी गंभीर है और प्रदेशभर में जनजागरण अभियान चलाया जा रहा है। उन्होंने स्वर्ण आयोग के गठन की मांग को दोहराते हुए सरकारों पर इस दिशा में उदासीनता का आरोप लगाया। उन्होंने अवैध खनन, बढ़ती बेरोजगारी और धार्मिक स्थलों के आसपास मीट-मछली दुकानों पर प्रतिबंध जैसे मुद्दे भी उठाए। महासभा ने प्रदेश में सामाजिक और जनहित के मुद्दों पर अपनी गतिविधियां तेज करने की बात कही।

# फोर्टिस कांगड़ा में लीडलेस पेसमेकर का सफल प्रत्यारोपण

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला।** फोर्टिस अस्पताल कांगड़ा ने कार्डियक केयर और हार्ट रिदम मैनेजमेंट के क्षेत्र में एक महत्वपूर्ण उपलब्धि हासिल करते हुए एक युवा मरीज में लीडलेस पेसमेकर का सफल प्रत्यारोपण किया है। मरीज को इमरजेंसी में एंटीरियर वॉल मायोकार्डियल इन्फार्क्शन (हार्ट अटैक) और कंप्लीट हार्ट ब्लॉक जैसी गंभीर एवं जानलेवा स्थिति में अस्पताल लाया गया था। अस्पताल के अनुसार, मरीज का समय रहते उपचार किया गया और एलएडी रिवस्कुलराइजेशन सफलतापूर्वक पूरा किया गया। इसके बावजूद मरीज अस्थायी पेसमेकर पर निर्भर था और उसे लंबे समय तक हार्ट रिदम सपोर्ट की आवश्यकता थी। ऐसे में विशेषज्ञों ने आधुनिक तकनीक वाले परमानेंट लीडलेस पेसमेकर लगाने का निर्णय लिया। पारंपरिक पेसमेकर की तुलना में इस तकनीक में छाती में डिवाइस रखने या नसों के जरिए लीड डालने की आवश्यकता नहीं होती, जिससे संक्रमण, लीड संबंधी जटिलताओं और लंबे समय तक होने वाली परेशानियों का जोखिम कम हो जाता है। कार्डियोलॉजिस्ट डॉ. डार अमीन ने बताया कि यह उपलब्धि क्षेत्र में कार्डियक इलेक्ट्रोफिजियोलॉजी और पेसिंग टेक्नोलॉजी की नवीनतम वैश्विक प्रगति को स्थानीय स्तर पर उपलब्ध कराने की दिशा में एक अहम कदम है। उन्होंने कहा कि अस्पताल का उद्देश्य मरीजों को वैज्ञानिक प्रमाणों पर आधारित, आधुनिक और मरीज-केंद्रित हृदय उपचार उपलब्ध कराना है। उन्होंने इस सफलता का श्रेय कार्डियक टीम, कैथ लैब स्टाफ, इमरजेंसी केयर टीम और अन्य सहयोगी विभागों के समन्वित प्रयासों को दिया।

# 4 और 5 जुलाई को होगा बोह घाटी युवा उत्सव : पठानिया



उपमुख्य सचेतक केवल पठानिया की अध्यक्षता में हुई बैठक।

अनंत ज्ञान

**शाहपुर।** शाहपुर विधानसभा क्षेत्र के तहत आयोजित होने वाला बहुप्रतीक्षित बोह घाटी युवा उत्सव इस वर्ष 4 एवं 5 जुलाई को आयोजित किया जाएगा। यह निर्णय शाहपुर मिनी सचिवालय में आयोजित एक बैठक के दौरान लिया गया, जिसकी अध्यक्षता विधायक एवं उपमुख्य सचेतक केवल सिंह पठानिया ने की।

बैठक में विभिन्न विभागों के अधिकारी तथा धारकंडी क्षेत्र से आए प्रतिनिधियों ने भाग लिया। प्रतिनिधियों ने उत्सव को जिला स्तरीय दर्जा देने पर मुख्यमंत्री एवं विधायक का आभार व्यक्त किया। विधायक पठानिया ने बताया कि उत्सव के दौरान नि:शुल्क मेगा स्वास्थ्य शिविर लगाया जाएगा तथा दो सांस्कृतिक संध्याओं का आयोजन होगा। इसके साथ ही युवाओं और महिला मंडलों की विभिन्न प्रतियोगिताएं, जैसे कबड्डी, वॉलीबॉल, रस्साकशी और मटका फोड़ आयोजित की जाएंगी। उन्होंने कहा कि नशा विरोधी संदेश देने के लिए एंटी चिट्टा रैली भी निकाली जाएगी। उत्सव में हिमाचली कलाकारों को प्राथमिकता दी जाएगी। पंचायत चुनावों के कारण इस वर्ष आयोजन जुलाई में किया जा रहा है। एसडीएम गणेश ठाकुर ने सभी विभागों को समन्वय के साथ कार्य करने के निर्देश दिए।

# 10वीं व 12वीं की अनुपूरक परीक्षाएं 3 जुलाई से

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला।** प्रदेश स्कूल शिक्षा बोर्ड ने शैक्षणिक सत्र 2025-26 के लिए मैट्रिक (10वीं) और जमा दो (12वीं) की अनुपूरक (सप्लीमेंट्री) परीक्षाओं का कार्यक्रम घोषित कर दिया है। बोर्ड अध्यक्ष डॉ. राजेश शर्मा ने बताया कि परीक्षाएं 3 जुलाई 2026 से शुरू होंगी। मैट्रिक की परीक्षाएं 3 से 10 जुलाई तक तथा जमा दो की परीक्षाएं 3 से 16 जुलाई 2026 तक चलेंगी। सभी परीक्षाएं सुबह 8:45 से 12:00 बजे तक एकल सत्र में आयोजित की जाएंगी। बोर्ड ने स्पष्ट किया है कि कम्पार्टमेंट, इम्प्रूवमेंट, अतिरिक्त विषय और अन्य श्रेणी के विद्यार्थी इसमें शामिल हो सकेंगे। विस्तृत डेटशीट बोर्ड की वेबसाइट पर उपलब्ध है। बोर्ड ने परीक्षार्थियों की सुविधा के लिए हेल्पलाइन नंबर भी जारी किए हैं और सभी तैयारियां पूरी होने का दावा किया है।

# द्रोणाचार्य कॉलेज का परीक्षा परिणाम सराहनीय

**अनंत ज्ञान, शाहपुर।** द्रोणाचार्य शिक्षण स्नातकोत्तर महाविद्यालय रैत में एमएड प्रथम का परिणाम शत-प्रतिशत रहा, जिससे महाविद्यालय में खुशी का माहौल है। सत्र 2025-27 के प्रथम सेमेस्टर में आंचल शर्मा ने 86 प्रतिशत अंक प्राप्त कर प्रथम स्थान हासिल किया। शैलजा ने 83 प्रतिशत के साथ द्वितीय और तमन्ना व अभिषेक 82 प्रतिशत अंकों के साथ तृतीय स्थान पर रहे।पहले सेमेस्टर 29 छात्रों ने परीक्षा दी थी जिसमें सभी ने 80 प्रतिशत से अधिक अंक लेकर प्रथम स्थान प्राप्त किया। इस अवसर पर महाविद्यालय के प्रबंधक निदेशक जीएस पठानिया तथा कार्यकारिणी निदेशक बीएस पठानिया ने विद्यार्थियों को बधाई दी।

# सीबीएसई सब-कैडर टीचर्स एसोसिएशन का गठन, सतीश बने अध्यक्ष

**अनंत ज्ञान, शिव गुलेरिया, देहरा।** कांगड़ा जिले में सीबीएसई सब-कैडर इन सर्विस टीचर्स एसोसिएशन की जिला कार्यकारिणी का गठन किया गया। जिला महासचिव संदीप कंवर और मीडिया प्रभारी ज्योति महाजन ने प्रेस विज्ञप्ति जारी कर बताया कि जिले के 29 सरकारी सीबीएसई विद्यालयों को ध्यान में रखते हुए नई कार्यकारिणी का गठन किया गया है। इसमें सतीश धीमान को अध्यक्ष, डॉ. विजय पाल सिंह को उपाध्यक्ष, संदीप कंवर को महासचिव, प्रियंका शर्मा को सचिव तथा ज्योति महाजन को मीडिया प्रभारी चुना गया। नवनियुक्त अध्यक्ष सतीश धीमान ने सरकार से स्क्रीनिंग टेस्ट उत्तीर्ण सभी शिक्षक वर्गों की मेरिट आधारित काउंसलिंग एवं प्रतिनियुक्ति प्रक्रिया शीघ्र शुरू करने की मांग की। उपाध्यक्ष डॉ. विजय पाल सिंह ने चयन प्रक्रिया में पारदर्शिता और मेरिट को प्राथमिकता देने पर बल दिया। कार्यकारिणी ने योग्य शिक्षकों की शीघ्र नियुक्ति और मेरिट आधारित चयन प्रक्रिया पूरी कर नियुक्ति आदेश जारी करने की मांग की।

# देहरा पुलिस को मिली कामयाबी उद्घोषित दंपती गिरफ्तार

अनंत ज्ञान

**देहरा।** पुलिस जिला देहरा की विशेष इकाई 'प्रोक्लेम्ड ऑफेंडर एंड मिसिंग पर्सन यूनिट' (पीओएमपीयू) ने उद्घोषित अपराधियों की धरपकड़ अभियान के तहत एक बड़ी सफलता हासिल की है। लंबे समय से न्यायालय में वांछित चल रहे पति-पत्नी को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। पुलिस अधीक्षक मयंक चौधरी ने बताया कि गुप्त सूचना के आधार पर टीम ने चोहाल न्यू कॉलोनी, होशियारपुर (पंजाब) में कार्रवाई करते हुए सुरेश कुमार (51) और उनकी पत्नी सीमा देवी (45), निवासी सलेटी, तहसील रक्कड़, जिला कांगड़ा को गिरफ्तार किया।

ये दोनों आरोपी वर्ष 2012 के एक मामले में न्यायालय में पेश नहीं हो रहे थे, जिसके चलते 11 अगस्त 2025 को इन्हें उद्घोषित अपराधी घोषित किया गया था। पुलिस के अनुसार ये लगातार समन और वारंटों की अवहेलना कर रहे थे। गिरफ्तारी के बाद दोनों को न्यायालय में पेश किया गया, जहां से उन्हें 23 जून 2026 तक जिला कारागार धर्मशाला भेजने के आदेश दिए गए हैं। एसपी मयंक चौधरी ने बताया कि पीओएमपीयू टीम का उद्देश्य कानून व्यवस्था को मजबूत करना है और अब तक सात उद्घोषित अपराधियों को गिरफ्तार किया जा चुका है।



दोनों को आरोपी पुलिस के साथ।

# खुला पेट्रोल और डीजल नहीं मिलने से किसानों व बागवानों की बढ़ी मुश्किलें: मनजीत डोगरा

**अनंत ज्ञान, अजय पाल, पालमपुर।** हिमाचल प्रदेश में इस समय फसल बिजाई का समय चल रहा है। ऐसे में किसानों को अपनी कृषि और बागवानी के कार्यों को करने के लिए अपने कृषि उपकरणों को चलाने के लिए खुला डीजल व पेट्रोल नहीं मिलने के कारण किसानों की दिक्कत बढ़ गई है ।

गौरतलब रहे कि पेट्रोलियम एक्सप्लोसेस सेफ्टी ऑर्गेनाइजेशन के नए निर्देशों के बाद पेट्रोल पंपों में शक्ति से खुला पेट्रोल व डीजल की बिक्री पर पाबंदी लगा देने के कारण किसान व बागवान की परेशानी बढ़ गई है। किसान नेता एवं समाजसेवी मनजीत डोगरा ने कहा कि हिमाचल प्रदेश एक पहाड़ी राज्य है तथा ग्रामीण क्षेत्रों से पेट्रोल पंप काफी दूरी पर स्थित रहते हैं, ऐसे में एकदम से खुले तेल की बिक्री में पाबंदी लगाने से प्रदेश में पेट्रोल की कालाबाजारी को बढ़ावा मिलेगा तथा सुरक्षा की दृष्टि से भी खतरा बना रहेगा। अत: प्रदेश सरकार से मांग करते हुए मनजीत डोगरा ने कहा कि प्रदेश सरकार पीसो से बात कर के इस विषय का समाधान तुरंत निकले, क्योंकि पीसो मार्क वाले कंटेनर की कीमत भी काफी ज्यादा है, अत: एक दम से इस तरह के सख्त निर्णय का प्रतिकूल असर प्रदेश की कृषि तथा बागवानी पर सीधा देखने को मिलेगा ।

# खनियारा हादसे के पीड़ित परिवारों को अब तक नहीं मिली आपदा राहत: रविंद्र



**अनंत ज्ञान, डरोह।** हिमाचल प्रदेश ट्रेड यूनियन को-ऑर्डिनेशन सेंटर के महासचिव एवं राष्ट्रीय सचिव रविंद्र सिंह रवि ने प्रेस बयान में कहा कि पिछले वर्ष 25 जून 2025 को धर्मशाला के खनियारा के पास बिजली कंपनी की लापरवाही के कारण कई मजदूर मलबे में दफन हो गए थे। 7 मजदूरों के शव बरामद हुए थे और कुछ अभी भी लापता हैं। उन्होंने कहा कि मजदूरों के परिजनों ने अपने सारे दस्तावेज डीसी धर्मशाला को जमा करवाए थे, जिस पर मृतक मजदूरों के परिजनों को प्रदेश सरकार ने आपदा राहत की घोषणा की थी। इसमें एक मजदूर के आश्रित को चार लाख रुपए दिए हैं, लेकिन अन्य मृतकों के आश्रित को राशि नहीं मिली है। मृतकों के परिजन यूनियन के साथ अतिरिक्त जिलाधीश को मिले और न्याय की गुहार लगाई है। उन्होंने कहा कि 1 साल बीत जाने के बावजूद भी मृतक मजदूरों के परिजनों को आपदा राहत देने के लिए बजट का प्रावधान नहीं है। यह अत्यंत शर्म की बात है। उन्होंने मुख्यमंत्री से मांग की है की इस मामले में जिलाधीश कांगड़ा से रिपोर्ट तलब की जाए, ताकि पता चल सके की आपदा राहत का पैसा कहां गया है।



## न्यूज ब्रीफ

### जंगलू स्कूल में रेडनेस मेले का आयोजन

**अनंत ज्ञान, धनेटा।** राजकीय प्राथमिक पाठशाला जंगलू में बच्चों के सर्वांगीण विकास को बढ़ावा देने के उद्देश्य से भव्य रेडनेस मेले का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में नदौन ब्लॉक के खंड शिक्षा अधिकारी बलवंत सिंह मुख्य अतिथि रहे। मेले में बौद्धिक, भाषा, पूर्व गणित और संवेगात्मक विकास से जुड़े आकर्षक स्टॉल लगाए गए, जहां बच्चों ने खेल-खेल में सीखने वाली गतिविधियों में भाग लिया। इस अवसर पर विभिन्न विद्यालयों के मुख्याध्यापक और 'प्रथम' संस्था के प्रतिनिधि भी उपस्थित रहे। समापन समारोह में बलवंत सिंह ने कहा कि ऐसे मेले बच्चों की प्रतिभा निखारने के साथ उनकी भाषा, गणित और सामाजिक समझ को मजबूत बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं।

### बंद बस सेवाएं बहाल करने को सौंपा ज्ञापन



**अनंत ज्ञान, सुजानपुर।** मीरपुर-ऊहल-जंदड़ू-सुजानपुर तथा सुजानपुर-टिहरा-चमियाणा-पटलांदर-चौरी-सपाहल-लगदेवी-ऊहल रूट पर बंद पड़ी एचआरटीसी बस सेवाओं को शीघ्र बहाल करने की मांग को लेकर क्षेत्रवासियों ने जिला उपायुक्त के माध्यम से उपमुख्यमंत्री एवं परिवहन मंत्री मुकेश अग्निहोत्री को ज्ञापन सौंपा। क्षेत्रवासियों के प्रतिनिधि इंजीनियर ठाकुर नरेंद्र सिंह धलोच ने बताया कि बस सेवाएं बंद होने से विद्यार्थियों, कर्मचारियों और दैनिक यात्रियों को भारी परेशानी झेलनी पड़ रही है। लोगों को महंगे निजी साधनों का सहारा लेना पड़ रहा है, जिससे आर्थिक बोझ बढ़ा है। उन्होंने एचआरटीसी प्रबंधन से जनहित में सभी बंद बस सेवाएं जल्द पुनः शुरू करने की मांग की।

### गरला व फकडुही में तेंदुआ दिखने से दहशत

**अनंत ज्ञान, भोरंज।** उपमंडल भोरंज की ग्राम पंचायत हनोह के अंतर्गत आने वाले गरला बस्ती और फकडुही गांव में तेंदुए की गतिविधियों की सूचना मिलने के बाद ग्रामीणों में दहशत का माहौल है। स्थानीय लोगों ने क्षेत्र में तेंदुए को देखे जाने का दावा किया है, जिसके बाद शाम ढलने के बाद लोगों ने घरों से बाहर निकलना कम कर दिया है। हनोह पंचायत की प्रधान आशा देवी ने बताया कि दोनों गांवों से तेंदुए की मौजूदगी की सूचनाएं प्राप्त हुई हैं। उन्होंने ग्रामीणों से सतर्क रहने, बच्चों को अकेले बाहर न भेजने तथा वन विभाग को तुरंत सूचना देने की अपील की है। वन विभाग के वन रक्षक योग राज ने कहा कि विभाग स्थिति पर नजर बनाए हुए है। उन्होंने ग्रामीणों से रात के समय अनावश्यक रूप से बाहर न निकलने और अपने पालतू पशुओं को सुरक्षित स्थान पर रखने की सलाह दी है। आवश्यकता पड़ने पर तेंदुए को पकड़ने के लिए पिंजरे भी लगाए जा सकते हैं।

### 'समर मेला कमाल की तैयारी' का आयोजन

**अनंत ज्ञान, भोरंज।** महिला एवं बाल विकास परियोजना भोरंज के तहत आंगनबाड़ी केंद्र रिहड़ा में 'समर मेला कमाल की तैयारी' कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता वृत्त पर्यवेक्षिका सरोज ठाकुर ने की। इसमें स्थानीय महिलाओं, बच्चों और अभिभावकों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। बच्चों ने चित्रकला, नृत्य, दौड़, भाषण और प्रश्नोत्तरी जैसी गतिविधियों में अपनी प्रतिभा दिखाई। कार्यक्रम का उद्देश्य बच्चों के शारीरिक, मानसिक एवं बौद्धिक विकास को प्रोत्साहित करना रहा। सरोज ठाकुर ने अभिभावकों से बच्चों के पोषण और शिक्षा पर विशेष ध्यान देने का आग्रह किया।

### लोअर हड़ेटा स्कूल में एसएमसी का गठन



**अनंत ज्ञान, गलोड़।** राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय लोअर हड़ेटा में स्कूल प्रबंधन समिति (एसएमसी) के गठन के लिए विशेष आमसभा का आयोजन किया गया। बैठक में अभिभावकों और स्थानीय लोगों की उपस्थिति में सर्वसम्मति से नई कार्यकारिणी का चुनाव हुआ, जिसमें मुकेश शर्मा को प्रधान और बबिता कुमारी को उप प्रधान चुना गया। सुनील कुमार, आशा देवी, नीलम कुमारी और मीनू कुमारी सहित 20 सदस्यों का चयन किया गया। प्रधानाचार्य त्रिलोक चंद ने नवनियुक्त समिति का स्वागत किया।

# नाल्टी क्षेत्र में पेयजल सुधार के लिए नाबार्ड ने मंजूर किए 19.12 करोड़

## हमीरपुर विधानसभा क्षेत्र के लोगों को जल्द मिलेगी पानी की किल्लत से स्थायी निजात

अनंत ज्ञान

**ब्यूरो, हमीरपुर।** हमीरपुर विधानसभ क्षेत्र के लोगों को जल्द ही पानी की किल्लत से स्थायी निजात मिलने वाली है। विधायक आशीष शर्मा के प्रयासों से क्षेत्र की एक बड़ी पेयजल परियोजना को केंद्र सरकार और नाबार्ड की वित्तीय मंजूरी मिल गई है।

◆ विधायक आशीष ने विधायक प्राथमिकता में डाली थी योजना



इस योजना के तहत जल शक्ति विभाग हमीरपुर के नाल्टी अनुभाग के अंतर्गत विभिन्न पेयजल योजनाओं के सुदृढ़ीकरण के लिए 19.12 करोड़ रुपए का बजट स्वीकृत किया गया है। इस बजट से नाल्टी अनुभाग के तहत आने वाले विभिन्न क्षेत्रों में आधुनिक वाटर ट्रीटमेंट प्लांट का निर्माण किया जाएगा। इसके साथ ही, पुरानी पम्पिंग मशीनरी को अपग्रेड करते हुए उनका आधुनिकीकरण और ऑटोमेशन किया जाएगा। इस तकनीक के आने से न केवल पानी की बर्बादी रुकेगी, बल्कि सप्लाई सिस्टम भी पूरी तरह हाईटेक हो जाएगा। योजना को मंजूरी मिलने पर विधायक आशीष शर्मा ने केंद्र सरकार, नाबार्ड और प्रदेश सरकार का आभार व्यक्त किया है।

### हमीरपुर विधानसभा क्षेत्र का सर्वांगीण विकास एकमात्र लक्ष्य : आशीष

**विधायक** आशीष शर्मा ने कहा कि उनका एकमात्र लक्ष्य हमीरपुर विधानसभा क्षेत्र का सर्वांगीण विकास करना है। उन्होंने बताया कि इस नई पेयजल योजना के धरातल पर उतरने से नाल्टी अनुभाग की विभिन्न पंचायतों को शुद्ध, स्वच्छ और पर्याप्त पेयजल की नियमित आपूर्ति सुनिश्चित होगी, जिससे लंबे समय से चली आ रही पानी की समस्या का समाधान होगा। उन्होंने कहा कि इससे पहले भी विधायक प्राथमिकता के तहत गांव तलाशी को जोड़ने वाली सड़क को स्वीकृति दी गई थी, जिसका निर्माण कार्य तेजी से जारी है। अब इस पेयजल योजना की स्वीकृति मिलने से क्षेत्र में खुशी की लहर है। भाजपा मंडल अध्यक्ष शहरी श्रीपाल शर्मा ने विधायक आशीष शर्मा की इस पहल की सराहना करते हुए उनका आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि नाल्टी अनुभाग की पंचायतों में लंबे समय से पेयजल संकट बना हुआ था, जो अब इस योजना के माध्यम से दूर होगा और लोगों को बड़ी राहत मिलेगी।

# सुजानपुर में 14 करोड़ की परियोजना से सुधरेगी जल व्यवस्था : रणजीत

अनंत ज्ञान



**सुजानपुर।** सुजानपुर विधानसभा क्षेत्र में वर्षों से चली आ रही पेयजल समस्या के समाधान के लिए एक बड़ी पहल करते हुए विधायक कैप्टन रणजीत सिंह ने बताया कि क्षेत्र की पंपिंग मशीनरी के आधुनिकीकरण के लिए नाबार्ड से 14 करोड़ रुपए की मंजूरी मिल गई है। कागजी औपचारिकताएं पूरी होते ही कार्य शुरू कर दिया जाएगा।

विधायक ने कहा कि यह विडंबना रही है कि सुजानपुर क्षेत्र से हमीरपुर, भोरंज और बड़सर जैसे क्षेत्रों को पानी की आपूर्ति होती है, लेकिन स्वयं सुजानपुर विधानसभा क्षेत्र के लोगों को पर्याप्त पेयजल उपलब्ध कराने में वर्षों से कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है। उन्होंने बताया कि जिन पंपिंग मशीनों के माध्यम से पानी की आपूर्ति की जा रही है, उनमें से अधिकांश वही मशीनरी है जो पानी के टैंकों के निर्माण के समय स्थापित की गई थी। समय के साथ आबादी और पानी की मांग कई गुना बढ़ी, लेकिन पंपिंग व्यवस्था में अपेक्षित सुधार नहीं किए गए। मोटरों के खराब होने पर केवल उनकी मरम्मत की जाती रही, जबकि उन्हें बदलने की आवश्यकता लंबे समय से महसूस की जा रही थी। उन्होंने अब व्यवस्था में व्यापक बदलाव लाया जा रहा है। उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार मुख्यमंत्री ठाकुर सुखविंदर सिंह सुक्खू के नेतृत्व में आधारभूत सुविधाओं को मजबूत करने के लिए निरंतर कार्य कर रही है।

एसडीओ जल शक्ति सुजानपुर राजेश कुमार ने बताया कि सुजानपुर की 13 जल शक्ति की स्कीमों की मशीनरी को बदल जाएगा। इसके लिए डीपीआर तैयार की कर ली गई है। नई मशीनरी लगने से सुजानपुर क्षेत्र की लगभग 45000 की जनसंख्या को लाभ होगा।

# विधायक सुरेश कुमार के घर से शुरू की मकानों का सूचीकरण एवं गणना

अनंत ज्ञान

**भोरंज।** जनगणना-2027 के पहले चरण में मंगलवार को उपमंडल भोरंज में भी मकानों के सूचीकरण एवं मकान गणना का कार्य आरंभ हो गया। एसडीएम शशि पाल शर्मा, उप तहसील जाहू के नायब तहसीलदार एवं जनगणना के चार्ज अधिकारी, ग्राम पंचायत जाहू के प्रगणक और सुपरवाइजर ने विधायक सुरेश कुमार के घर पहुंचकर मकानों के सूचीकरण एवं मकान गणना का कार्य शुरू किया। विधायक सुरेश कुमार ने अपने मकान से संबंधित आवश्यक जानकारी वेब पोर्टल पर अपलोड करवाई।

उन्होंने कहा कि जनगणना का कार्य राष्ट्रीय महत्व का कार्य होता है और इसमें एकत्रित डाटा के आधार पर ही सरकार योजनाएं बनाती हैं। इस कार्य में सभी को सहयोग करना चाहिए। एसडीएम शशि पाल शर्मा ने बताया कि जनगणना-2027 का कार्य पूरी तरह डिजिटल मोड में किया जा रहा है। पहली जून से 15 जून तक लोगों को स्वगणना पोर्टल पर स्वयं अपनी जानकारी अपलोड करने का अवसर दिया गया था। अब जनगणना के पहले चरण में प्रगणक और सुपरवाइजर 16 जून से 15 जुलाई तक घर-घर जाकर मकानों का सूचीकरण और मकानों की गणना करेंगे। जिन लोगों ने स्वयं अपनी जानकारी अपलोड नहीं की है, उनका डाटा भी अपलोड करेंगे। इस दौरान आवास, परिवार की संरचना, बिजली, पानी, स्वच्छता और अन्य बुनियादी सुविधाओं से जुड़े 33 सवाल पूछे जाएंगे। इन अधिकारियों-कर्मचारियों की पहचान उनके आईडी कार्ड पर मौजूद क्यूआर कोड स्कैन कर सत्यापित की जा सकती है। एसडीएम ने बताया कि जनगणना के दौरान किसी भी तरह की बैंक डिटेल या वित्तीय जानकारी नहीं मांगी जाएगी। जनगणना के दौरान एकत्रित डेटा पूर्णतय: गोपनीय रखा जाता है।



विधायक ने मकान से संबंधित जानकारी वेब पोर्टल पर अपलोड करवाई।

# पीएम नरेंद्र मोदी की तेजी से घटती लोकप्रिता से केंद्र सरकार परेशानः प्रेम कौशल

**अनंत ज्ञान, हमीरपुर।** भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय प्रवक्ता सुधांशु त्रिवेदी द्वारा धर्मशाला में कांग्रेस पार्टी के विषय में की गई टिप्पणियों पर प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए प्रदेश कांग्रेस के पूर्व मुख्य प्रवक्ता प्रेम कौशल ने प्रेस बयान में कहा कि कांग्रेस पार्टी और नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी तार्किक एवं प्रभावशाली तरीके से देश तथा संसद के अंदर जनता और देशहित के मुद्दों को उठा रहे हैं। उन्होंने कहा कि भाजपा की केंद्र सरकार राहुल गांधी के जनता के बीच बढ़ते प्रभाव और नरेंद्र मोदी की तेजी से घटती लोकप्रिता से परेशान है। नीट पेपर लीक, सी बी एस सी, हर्मुज में अमेरिका द्वारा भारत के तीन नाविकों की हत्या और प्रधानमंत्री के चेहरे एवं कार्यप्रणाली पर व्याप्त ट्रंप का खौफ यह सब मिल कर देश में सत्ता के खिलाफ विद्रोह की स्थितियां पैदा कर रहे हैं और इन्हीं हालात से भयभीत भाजपाई कांग्रेस की आलोचना कर दिल को तसल्ली देने में लगे हैं।

कौशल ने कहा सुधाशु त्रिवेदी का हिमाचल के सन्दर्भ में दिया गया बयान भी केंद्र के भाजपा नेताओं द्वारा हिमाचल का अपमान करने और भ्रांतियां फैलाने की निम्न स्तरीय राजनीति का ही हिस्सा है क्योंकि केंद्र की भाजपा सरकार की कार्यप्रणाली में हिमाचल के विधानसभा चुनावों में हुई पराजय और उसके उपरांत ऑपरेशन लोटस की विफलता से हुई फजीहत का बदला लेने की कुंठा है, जिसके चलते केंद्र ने लगातार प्रदेश के प्रति नकारात्मक रूख अपनाया है। कौशल ने कहा कि कांग्रेस के प्रति भाजपा का दुष्प्रचार अब काम करने वाला नहीं है क्योंकि देश अब परिवर्तन की राह पर आगे बढ़ चुका है।

# बैंकिंग, बीमा और पेंशन योजनाओं का उठाएं लाभ

**अनंत ज्ञान, हमीरपुर।** आम नागरिकों तक बैंकिंग एवं वित्तीय सेवाओं की पहुंच सुनिश्चित करने के लिए केंद्रीय वित्तीय सेवा विभाग ने 15 जून से 15 जुलाई तक वित्तीय समावेशन संतृप्ति अभियान आरंभ किया है। जिला हमीरपुर में भी सोमवार को इस अभियान का शुभारंभ गांव टिक्कर बुहला से किया गया। इस अवसर पर वित्तीय साक्षरता केंद्र हमीरपुर की संचालक रेखा गौतम और मनीषा कुमारी ने स्थानीय लोगों को बैंकों की विभिन्न ऋण एवं जमा तथा बीमा योजनाओं और पेंशन योजनाओं की विस्तृत जानकारी दी।

इसी कड़ी में, मंगलवार को ग्राम पंचायत नारा के महिला मंडल भवन में भी जागरुकता शिविर आयोजित किया, जिसकी अध्यक्षता अग्रणी जिला प्रबंधक (एलडीएम) धर्मेंद्र स्याल ने की। इस अवसर पर उन्होंने बताया कि 15 जून से 15 जुलाई तक चलाए जा रहे वित्तीय समावेशन संतृप्ति अभियान का उद्देश्य आम लोगों को बैंकों की विभिन्न ऋण एवं जमा योजनाओं, बीमा योजनाओं और पेंशन योजना से लाभान्वित करना तथा सभी पात्र लोगों को इन योजनाओं से जोड़ना है। धर्मेंद्र स्याल ने कहा कि ये सभी योजनाएं आम लोगों के लिए काफी फायदेमंद हैं। सभी लोगों को इनका भरपूर लाभ उठाना चाहिए। कार्यक्रम के दौरान पंजाब नेशनल बैंक की नाल्टी शाखा के प्रबंधक, प्रेमदास, स्थानीय महिला मंडल प्रधान, वित्तीय साक्षरता केंद्र की संचालक उर्मिला शर्मा, मीना देवी और अन्य गणमान्य लोग भी उपस्थित थे।

# हमीरपुर में 27 को लगेगा रोजगार मेला

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, हमीरपुर।** पे बैक टू स्टेट के प्रदेश अध्यक्ष ओंकार सिंह भाटिया ने प्रदेश के बेरोजगार एवं प्रशिक्षित युवाओं से आह्वान किया है कि वे 27 जून को आयोजित होने वाले विशाल रोजगार मेले में अधिक से अधिक संख्या में भाग लें। यह मेला सिटी ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूशंस एंड सिटी यूनिवर्सिटी लुधियाना के तत्वाधान में पॉलिटेक्निक कॉलेज बड़ू, हमीरपुर के सभागार में आयोजित किया जाएगा। इस अवसर पर तकनीकी शिक्षा मंत्री राजेश धर्माणी मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहेंगे। मेले में 30 से अधिक मल्टीनेशनल कंपनियां युवाओं का साक्षात्कार लेकर रोजगार के अवसर प्रदान करेंगी। ओंकार सिंह भाटिया ने सभी संस्थाओं से प्रचार-प्रसार का आग्रह किया और युवाओं से निशुल्क पंजीकरण कर मेले का लाभ उठाने की अपील की।



# समाजसेवा क्षेत्र में उत्कृष्ट योगदान देने के लिए डॉ. सुमित पुन्याल 'शान-ए-भारत सम्मान' से सम्मानित




काउंसिल ऑफ इंडिया के अध्यक्ष डॉ. शबाब आलम ने प्रदान किया सम्मान।

अनंत ज्ञान

**भोरंज।** हमीरपुर जिले के वरिष्ठ समाजसेवी एवं होम्योपैथी चिकित्सक डॉ. सुमित पुन्याल को समाजसेवा, जनस्वास्थ्य जागरुकता, रक्तदान प्रोत्साहन तथा मानव कल्याण के क्षेत्र में उनके उल्लेखनीय योगदान के लिए स्वर्णिम भारत समाज कल्याण फाउंडेशन (भारत) द्वारा आयोजित राष्ट्र स्तरीय समारोह में 'शान-ए-भारत सम्मान-2026' से सम्मानित किया गया।

यह सम्मान हरियाणा के पिंजौर स्थित केके फॉर्म में आयोजित राष्ट्रीय वार्षिक स्नेह मिलन कार्यक्रम के दौरान डॉ. शबाब आलम अध्यक्ष, फर्स्ट एड काउंसिल ऑफ इंडिया द्वारा प्रदान किया गया, जिसमें देश के विभिन्न राज्यों से समाजसेवी, चिकित्सक, शिक्षाविद, कलाकार एवं अन्य प्रतिष्ठित व्यक्तित्व उपस्थित रहे। सम्मान ग्रहण करने के उपरांत डॉ. सुमित पुन्याल ने कहा कि यह सम्मान केवल उनका व्यक्तिगत सम्मान नहीं, बल्कि उन सभी लोगों का सम्मान है जिन्होंने समाजसेवा के कार्यों में निरंतर सहयोग और विश्वास व्यक्त किया है। उन्होंने कहा कि समाज के अंतिम व्यक्ति तक स्वास्थ्य, जागरुकता और सेवा की भावना पहुंचाना उनका उद्देश्य रहा है तथा भविष्य में भी वे जनहित के कार्यों के लिए समर्पित रहेंगे।

ज्ञात रहे कि डॉ. पुन्याल पिछले एक दशक से अधिक समय से स्वास्थ्य जागरुकता, रक्तदान अभियान, महिला स्वास्थ्य, दिव्यांग एवं विशेष बच्चों के कल्याण, नशा मुक्ति, युवा सशक्तिकरण तथा विभिन्न सामाजिक गतिविधियों में सक्रिय भूमिका निभा रहे हैं। उनके इन्हीं जनकल्याणकारी कार्यों को देखते हुए उन्हें इस राष्ट्रीय सम्मान के लिए चयनित किया गया।

# राष्ट्रीय मंच पर चमके हैप्स के नृत्य सितारे, शिमला से जीते सम्मान



**अनंत ज्ञान, हमीरपुर।** हिम अकादमी पब्लिक स्कूल विकासनगर के विद्यार्थियों ने 6 से 10 जून तक शिमला के काली बाड़ी ऑडिटोरियम में आयोजित 71वीं अखिल भारतीय नाटक एवं नृत्य प्रतियोगिता में शानदार प्रदर्शन कर विद्यालय का नाम राष्ट्रीय स्तर पर गौरवान्वित किया। प्रतियोगिता में कक्षा ग्यारहवीं की समृद्धि ने सोलो मॉडर्न वेस्टर्न डांस में प्रथम स्थान प्राप्त किया। वहीं कक्षा दसवीं की रिधिमा और सना की जोड़ी ने अपने आकर्षक प्रदर्शन से डुएट मॉडर्न वेस्टर्न डांस श्रेणी में द्वितीय स्थान हासिल किया। इसके अतिरिक्त अनिका गुप्ता ने अपनी ऊर्जावान एवं प्रभावशाली प्रस्तुति के बल पर सोलो फोक भांगड़ा में द्वितीय स्थान प्राप्त किया। विद्यार्थियों की यह उपलब्धि उनकी प्रतिभा, समर्पण और निरंतर अभ्यास का परिणाम है। विद्यालय ने इस सफलता का श्रेय नृत्य शिक्षकों श्रीमती हिमानी ठाकुर एवं श्री आकाश अटवाल को भी दिया, जिनके कुशल मार्गदर्शन और अथक प्रयासों ने विद्यार्थियों की प्रतिभा को निखारने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। विद्यालय के प्रधानाचार्या हैप्स परिवार ने विजेता विद्यार्थियों तथा उनके मार्गदर्शकों को हार्दिक बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

# जाहू बाजार में फूड सेफ्टी विभाग की छापेमारी, तीन दुकानदारों के चालान

## टीम ने तीन रेस्टोरेंट और तीन मिठाई की दुकानों से सैंपल भरे

अनंत ज्ञान

**जाहू।** खाद्य सुरक्षा एवं मानक विभाग द्वारा जाहू बाजार में औचक निरीक्षण से दुकानदारों में हड़कंप मच गया। फूड सेफ्टी ऑफिसर डॉ. अभिषेक ठाकुर के नेतृत्व में विभागीय टीम ने बाजार की विभिन्न दुकानों का निरीक्षण किया और खाद्य सुरक्षा नियमों की जांच की। दुकानों के लाइसेंस की जांच की गई।

इस दौरान तीन दुकानदार निर्धारित खाद्य लाइसेंस प्रस्तुत नहीं कर पाए, जिस पर विभाग ने मौके पर ही उनके चालान काट दिए। इसके अतिरिक्त एक दुकान में अत्यधिक गंदगी पाए जाने पर स्वच्छता नियमों के उल्लंघन के तहत उसका भी चालान किया गया। विभागीय टीम ने बाजार के तीन रेस्टोरेंट और तीन मिठाई की दुकानों से खाद्य पदार्थों के नमूने भी एकत्र किए। इन नमूनों को जांच के लिए प्रयोगशाला भेजा गया है, जिसकी रिपोर्ट आने के बाद आवश्यक कार्रवाई की जाएगी। फूड सेफ्टी ऑफिसर डॉ. अभिषेक ठाकुर ने बताया कि विभाग समय-समय पर दुकानदारों को खाद्य लाइसेंस बनवाने तथा खाद्य सुरक्षा नियमों का पालन करने के लिए जागरूक करता है।

उन्होंने कहा कि विभाग एसएमएस और अन्य माध्यमों से भी व्यापारियों को नियमों और आवश्यक प्रक्रियाओं की जानकारी उपलब्ध कराता रहता है। उन्होंने बताया कि निरीक्षण के दौरान तीन दुकानदारों के चालान बिना लाइसेंस पाए जाने पर तथा एक दुकानदार का चालान दुकान में गंदगी पाए जाने के कारण किया है। इसके अतिरिक्त तीन रेस्टोरेंट और तीन मिठाई की दुकानों से सैंपल भरे गए हैं, उन्हें लैब में भेजा जाएगा उसके बाद आगामी कार्रवाई अमल में लाई जाएगी। उन्होंने सभी दुकानदारों को आदेश दिए की न्यूज पेपर का किसी भी मिठाई के पैकिंग के लिए उपयोग न करें क्योंकि इसकी स्याही स्वास्थ्य के लिए हानिकारक है।




दुकानों का निरीक्षण करते फूड सेफ्टी अधिकारी डॉ. अभिषेक।

# सैनिक अनुशासन संगठन की सबसे बड़ी शक्ति है : राजेश



भूतपूर्व सेवा संगठन झनियारा की त्रैमासिक बैठक संपन्न।

अनंत ज्ञान

**हमीरपुर।** भूतपूर्व सेवा संगठन झनियारा की त्रैमासिक बैठक का आयोजन गुग्गा मंदिर के हाल नडियाणा झनियारा में किया गया जिस अध्यक्षता प्रधान राजेश सिंह वर्मा ने की। जिसमें तकरीबन 40 भूतपूर्व सैनिकों ने भाग लिया।

प्रधान ने सभी उपस्थित पूर्व सैनिकों का स्वागत करते हुए कहा कि सैनिक अनुशासन संगठन की सबसे बड़ी शक्ति है और सभी कार्य अनुशासन के साथ ही किए जाएंगे। सूबेदार बसुदेव ने पिछली बैठक की कार्रवाई की जानकारी दी वहीं सुबेदार मेजर जसवंत कोषाध्यक्ष ने आय व व्यय का ब्यौरा पढ़कर सुनाया। प्रधान ने बताया कि हम शीघ्र एक सभा का आयोजन करेंगे जिस भूतपूर्व सैनिकों व वीर नारियों को समय पर होने वाली सुविधाओं के बारे में सैनिक वेलफेयर के उप निदेशक द्वारा अवगत करवाया जाए। प्रधान ने बताया कि हम 14 अगस्त को 15 अगस्त के उपलक्ष्य में दो बूंद शहीदों के नाम रक्तदान शिविर का आयोजन करेंगे।

उन्होंने बताया कि संगठन को मजबूत करने के लिए सामाजिक कार्यों में बढ़ चढ़कर भाग लेंगे। अंत में सभी से सुझाव पूछे गए। इस दौरान प्रधान ने बताया कि अगर किसी सामाजिक कार्य के लिए धन राशि की आवश्यकता हो तो वह संगठन के नाम प्रार्थना पत्र दे सकता है। संगठन उस पर विचार विमर्ष कर राशि को स्वीकृत करेगा।

# भरेड़ी में लावारिस बैल का आतंक जारी, दुकानदार को किया घायल

अनंत ज्ञान

**भोरंज।** उपमंडल भोरंज के अंतर्गत भरेड़ी कस्बे में लावारिस बैल का आतंक थमने का नाम नहीं ले रहा है। मंगलवार को एक बार फिर उसी बैल ने एक दुकानदार पर हमला कर उसे गंभीर रूप से घायल कर दिया। इससे क्षेत्र के व्यापारियों और स्थानीय लोगों में भारी रोष व्याप्त है।

जानकारी के अनुसार कुलवीर सिंह (53 वर्ष) पुत्र रोशन लाल, निवासी गांव बगबाड़ा, जो भरेड़ी बाजार में बिजली की दुकान चलाते हैं, पर लावारिस बैल ने अचानक हमला कर दिया। बैल के हमले से कुलवीर सिंह गंभीर रूप से घायल हो गए। उन्हें तुरंत उपचार के लिए प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र भरेड़ी ले जाया गया। बताया जा रहा है कि बैल के सींग लगने से उनके कूल्हे पर गहरा घाव हुआ, जहां चिकित्सकों को 10 टांके लगाने पड़े। स्थानीय लोगों के अनुसार यह वही लावारिस बैल है, जो इससे पहले भी तीन लोगों को घायल कर चुका है, लेकिन इसके बावजूद संबंधित विभाग और प्रशासन द्वारा कोई प्रभावी कदम नहीं उठाया गया। पीएचसी भरेड़ी के डॉ. वेंकटेश्वर ने बताया कि घायल व्यक्ति के कूल्हे पर गंभीर चोट आई है। यदि बैल का वार थोड़ा भी इधर-उधर होता तो स्थिति और गंभीर हो सकती थी तथा व्यक्ति की जान को भी खतरा हो सकता था। घटना के बाद व्यापारियों और ग्रामीणों ने प्रशासन से लावारिस पशुओं की समस्या का स्थायी समाधान करने की मांग उठाई है। उन्होंने प्रशासन से मांग की है कि लोगों की जान-माल की सुरक्षा को देखते हुए ऐसे पशुओं को तत्काल पकड़कर उचित स्थान पर भेजा जाए। लोगों ने चेतावनी दी है कि यदि जल्द कोई कार्रवाई नहीं की गई तो वे इस मुद्दे को लेकर प्रशासन के समक्ष जोरदार विरोध दर्ज करवाने को मजबूर होंगे।



लावारिस बैल के हमले से घायल दुकानदार।

# भरेड़ी बाजार में आवारा कुत्तों के झुंडों ने बढ़ाई टेंशन

**अनंत ज्ञान, भोरंज।** उपमंडल भोरंज के अंतर्गत आने वाले भरेड़ी बाजार में इन दिनों आवारा कुत्तों की बढ़ती संख्या लोगों के लिए गंभीर समस्या बन गई है। बाजार क्षेत्र तथा आसपास के इलाकों में घूम रहे आवारा कुत्तों के कारण स्थानीय ग्रामीणों, दुकानदारों और राहगीरों में भय का माहौल है। बाजार में आने-जाने वाले लोगों, विशेषकर महिलाओं और बुजुर्गों को काफी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। कुत्तों के लगातार भौंकने और झुंड बनाकर घूमने से लोगों में दहशत का माहौल है। ग्रामीणों और व्यापारियों का कहना है कि इस समस्या को लेकर पहले भी संबंधित विभाग और प्रशासन का ध्यान आकर्षित किया गया है, लेकिन अभी तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई है। उन्होंने मांग की है कि आवारा कुत्तों को पकड़ने तथा उनके उचित प्रबंधन के लिए शीघ्र प्रभावी कदम उठाए जाएं, ताकि लोगों को राहत मिल सके। व्यापार मंडल प्रधान राजेश शर्मा सहित विजय कुमार, बलबीर सिंह, कृष्ण कुमार, राज कुमार, संतोष कुमार, विपिन, संजय, राज कुमार तथा विनोद कुमार सहित अन्य ग्रामीणों ने प्रशासन से आग्रह किया है कि भरेड़ी बाजार और आसपास के क्षेत्रों में बढ़ रहे आवारा कुत्तों के आतंक से लोगों को जल्द निजात दिलाई जाए। उन्होंने चेतावनी दी कि यदि समय रहते समस्या का समाधान नहीं किया गया तो लोगों का आक्रोश बढ़ सकता है।

# प्रवासी मजदूर जा रहे खुले में शौच पेयजल स्कीमों को कर रहे दूषित

अनंत ज्ञान

**एसके ठाकुर, बड़सर।** विधानसभा बड़सर के अंतर्गत शुक्र खड्ड किनारे चल रहे क्रशरों के आसपास प्रवासी मजदूरों की मूलभूत सुविधाओं की कमी को लेकर स्थानीय लोगों में रोष बढ़ रहा है। मजदूर झुग्गियों में रह रहे हैं, लेकिन शौचालय जैसी आवश्यक व्यवस्था न होने के कारण उन्हें खुले में शौच के लिए मजबूर होना पड़ रहा है, जिससे खड्ड का पानी और आसपास की पेयजल योजनाएं प्रभावित हो रही हैं।

बिलासपुर और हमीरपुर सीमा क्षेत्र में स्थित इस इलाके में जल शक्ति विभाग की पेयजल योजना भी कार्यरत है, जिससे प्रदूषण का खतरा और बढ़ गया है। स्थानीय लोगों ने मांग की है कि या तो मजदूरों के लिए उचित शौचालय व्यवस्था की जाए या उन्हें वहां से हटाया जाए। माइनिंग गार्ड सुरजीत सिंह ने कहा कि मजदूर निजी भूमि पर रह रहे हैं, लेकिन विभाग केवल अवैध खनन पर कार्रवाई कर सकता है। वहीं विकास खंड अधिकारी बिझड़ी राजेश शर्मा ने बताया कि खुले में शौच करना अपराध है और मौके का निरीक्षण कर आवश्यक कार्रवाई तथा जुर्माने के निर्देश दिए जाएंगे।



◆ पेयजल स्कीमों के नजदीक झोंपड़ियों में रह रहेग प्रवासी

# अतिक्रमण पर कार्रवाई या खानापूर्ति?

## छह दुकानदारों के चालान, कुछ दिनों बाद फिर पुराने हालात लौटने की आशंका

अनंत ज्ञान

**अनिल शर्मा, मंडी।** नगर निगम की टीम ने मंगलवार को शहर के विभिन्न क्षेत्रों का निरीक्षण कर अतिक्रमण के खिलाफ कार्रवाई करते हुए छह दुकानदारों के चालान किए और 6 हजार रुपए का जुर्माना वसूला।

इसके साथ ही चौहाटा बाजार, सेरी मंच, इंदिरा मार्केट की छत तथा आईटीआई ब्रिज के आसपास सार्वजनिक रास्तों पर लगाए गए अनाधिकृत सामान और रेहड़ी-फड़ी को हटवाया गया। हालांकि शहर में अतिक्रमण की समस्या नई नहीं है। नगर निगम समय-समय पर चालान और कार्रवाई करता है, लेकिन कुछ दिनों बाद हालात फिर पहले जैसे हो जाते हैं। यही कारण है कि आम लोगों में इस तरह की कार्रवाई को लेकर सवाल उठते रहते हैं। लोगों का कहना है कि यदि नियमों का लगातार पालन सुनिश्चित नहीं किया गया तो ऐसे अभियान केवल औपचारिकता बनकर रह जाएंगे। शहर के कई हिस्सों में फुटपाथ पहले ही बेहद संकरे हैं। कुछ स्थानों पर फुटपाथ की चौड़ाई डेढ़ फुट के आसपास है, लेकिन वहां भी दुकानों का सामान बाहर तक फैला दिया जाता है, जिससे पैदल चलने वालों के लिए पर्याप्त जगह नहीं बचती। कई बार लोगों को मजबूरन सड़क पर उतरकर चलना पड़ता है, जिससे दुर्घटनाओं का खतरा बढ़ जाता है।


अतिक्रमण पर चालान करते हुए एमसी के कर्मचारी। अनंत ज्ञान

**◆ संकरे फुटपाथों व सिमटती गलियों से परेशान लोग स्थायी समाधान की मांग**

स्थानीय लोगों का कहना है कि अतिक्रमण के कारण शहर की कई गलियां और बाजार पहले की तुलना में अधिक संकरे हो गए हैं। दुकानों के बाहर रखा सामान और अनियंत्रित रेहड़ी-फड़ी व्यवस्था यातायात और पैदल आवाजाही दोनों को प्रभावित कर रही है। लोगों ने नगर निगम से केवल चालान करने के बजाय अतिक्रमण के स्थायी समाधान की दिशा में ठोस और निरंतर कार्रवाई करने की मांग की है। नगर निगम अधिकारियों का कहना है कि शहर में यातायात व्यवस्था और पैदल यात्रियों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए अतिक्रमण हटाओ अभियान आगे भी जारी रहेगा तथा नियमों का उल्लंघन करने वालों के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी। सफाई निरीक्षक सतीश कुमार ने बताया कि मंगलवार को छह दुकानदारों के चालान किए और 6 हजार रुपए का जुर्माना वसूला है।

## लाइनमैन की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत कमरे में मिला शव

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, मंडी।** मंडी शहर में एक बिजली विभाग के लाइनमैन की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत का मामला सामने आया है। मृतक का शव उसके किराये के कमरे से बरामद किया गया, जिससे इलाके में सनसनी फैल गई।

जानकारी के अनुसार, मृतक लंबे समय से मंडी में किराये के कमरे में रह रहा था और बिजली विभाग में लाइनमैन के पद पर कार्यरत था। जब काफी देर तक कमरे का दरवाजा नहीं खुला तो आसपास के लोगों को शक हुआ, जिसके बाद पुलिस को सूचना दी गई। पुलिस टीम मौके पर पहुंची और दरवाजा खोलकर शव को कब्जे में लिया। पुलिस ने मौके का निरीक्षण कर आवश्यक साक्ष्य जुटाए और शव को पोस्टमार्टम के लिए अस्पताल भेज दिया है। फिलहाल मौत के कारण स्पष्ट नहीं हो पाए हैं। पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है। अधिकारियों के अनुसार, पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही मौत के वास्तविक कारणों का पता चल सकेगा। पुलिस ने मृतक के परिजनों को भी सूचना दे दी है और आगे की कार्रवाई जारी है।

# लापता पुलिस जवान की गुत्थी अब भी अनसुलझी

## पांच वर्ष बाद भी नहीं लगा सुराग, परिजनों ने एसपी मंडी को सौंपा ज्ञापन

अनंत ज्ञान

**महेंद्र सिंह राणा, भौर।** हटली पुलिस चौकी से करीब पांच वर्ष पूर्व रहस्यमय परिस्थितियों में लापता हुए पुलिस जवान अजय कुमार के माता-पिता, चाचा और मामा ने सोमवार को मंडी के पुलिस अधीक्षक विनोद कुमार से मुलाकात कर ज्ञापन सौंपा। परिजनों ने मामले की निष्पक्ष और प्रभावी जांच कर जवान का पता लगाने की मांग उठाई। अजय कुमार के चाचा ने पुलिस अधीक्षक को बताया कि जवान के लापता होने के समय एसपी शालिनी अग्निहोत्री थीं। उस दौरान भी परिवार को अजय की तलाश का आश्वासन दिया गया था, लेकिन वर्षों बीत जाने के बाद भी कोई ठोस सफलता नहीं मिल सकी है।

परिजनों ने मामले में एक तांत्रिक पर संदेह जताते हुए कहा कि अजय कुमार की उससे नियमित फोन पर बातचीत होती थी। उनका आरोप है कि पुलिस अब तक उस व्यक्ति से गहन पूछताछ करने या मामले की कड़ियों को जोड़ने में अपेक्षित गंभीरता नहीं दिखा पाई है। चाचा ने बताया कि वर्ष 2021 में जब अजय कुमार घर पर था, तब रिवालसर से एक तांत्रिक ने उसे बुलाने के लिए किराये की गाड़ी भेजी थी। इस दौरान गाड़ी में आए लोगों और स्थानीय ग्रामीणों के बीच विवाद भी हुआ था, जिसकी शिकायत पुलिस थाना में दर्ज है।


लापता जवान के माता-पिता न्याय की गुहार लगाते हुए। अनंत ज्ञान

उनका कहना है कि उस शिकायत से भी जांच को महत्वपूर्ण दिशा मिल सकती है। परिजनों ने कहा कि बेटे की तलाश में वृद्ध माता-पिता वर्षों से विभिन्न पुलिस थानों, अधिकारियों और समाजसेवियों के चक्कर काट रहे हैं, लेकिन अब तक उन्हें कोई संतोषजनक जानकारी नहीं मिली है। मुलाकात के दौरान पूर्व तहसीलदार जय गोपाल ने भी पुलिस अधीक्षक से मामले की गंभीरता से जांच करने का आग्रह किया। उन्होंने कहा कि पुलिस बड़े से बड़े मामलों को सुलझाने में सक्षम है, ऐसे में अपने ही विभाग के एक जवान के लापता होने के मामले में इतने लंबे समय तक कोई निष्कर्ष न निकलना चिंता का विषय है। पुलिस अधीक्षक विनोद कुमार ने परिजनों को आश्वस्त किया कि मामला उनके संज्ञान में आया है और उपलब्ध तथ्यों के आधार पर आवश्यक कार्रवाई की जाएगी। वहीं थाना प्रभारी सुंदरनगर भरत भूषण ने भी मामले की जानकारी प्राप्त कर जांच से जुड़े पहलुओं पर चर्चा की।

## न्यूज़ ब्रीफ

### मोती बाजार में आज लगेगा पावर कट

**अनंत ज्ञान, मंडी।** हि.प्र. राज्य विद्युत बोर्ड के विद्युत उप-मंडल-1 सहायक अभियंता ई. नरेश ठाकुर ने आज यहां बताया कि 11 केवी समखेतर, 11 केवी हॉस्पिटल और 11 केवी पुरानी एचटी लाइनों की आवश्यक मरम्मत, रख रखाव तथा एचटी लाइन के आस-पास पेड़ों की कांट-छांट का कार्य 17 जून सुबह 10 बजे से शाम 5 बजे तक किया जाना निर्धारित किया गया है। उन्होंने बताया कि इस कारण इन एचटी लाइनों के अंतर्गत आने वाले क्षेत्रों लोअर व अप्पर समखेतर, गोल पौड़ी, बालक रूपी, खत्री सभा, मोती बाजार, अस्पताल रोड, जोनल अस्पताल, गणपति रोड, पैलेस कॉलोनी, सैण मोहल्ला, सैण मट, ट्रेजरी ऑफिस, वेलफेयर ऑफिस, तुंगल कॉलोनी, टाउन हॉल, यूपी कॉलोनी, नेशनल स्टॉर, मीट मार्केट, पड्डल, गुरुद्वारा, एचआरटीसी बस स्टैंड, पुलिस लाइन, डिग्री कॉलेज, लोअर भ्यूली, कांगणी धार, संस्कृति सदन, जलशक्ति विभाग पंप हाउस पड्डल, गुरुद्वारा मोहल्ला व इसके आस-पास के क्षेत्रों में इस समयावधि में विद्युत आपूर्ति बाधित रहेगी।

### सरकाघाट के विभिन्न क्षेत्रों में बंद रहेगी बिजली

**अनंत ज्ञान, सरकाघाट।** विद्युत उपमंडल भद्रवाड़ के सहायक अभियंता ई. हंस राज ने बताया कि विद्युत लाइनों के आवश्यक रखरखाव कार्य तथा लाइनों के समीप स्थित पेड़ों की शाखाओं की कटाई एवं छंटाई के चलते क्षेत्र के विभिन्न 11 केवी फीडरों से विद्युत आपूर्ति निर्धारित तिथियों पर प्रातः 10 बजे से सायं 5 बजे तक बाधित रहेगी। उन्होंने बताया कि निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार 23 एवं 27 जून को 11 केवी जमनी फीडर से संबंधित क्षेत्रों में विद्युत आपूर्ति प्रभावित रहेगी। इसी प्रकार 19 एवं 24 जून को 11 केवी मैहरन फीडर, 20 एवं 25 जून को 11 केवी चंदेश फीडर तथा 22 एवं 26 जून को 11 केवी पिंगला फीडर से जुड़े क्षेत्रों में विद्युत आपूर्ति बाधित रहेगी। सहायक अभियंता ने संबंधित क्षेत्रों के उपभोक्ताओं से सहयोग की अपील करते हुए कहा कि वे निर्धारित अवधि के दौरान अपने आवश्यक कार्यों की योजना पूर्व में ही बना लें, ताकि असुविधा से बचा जा सके। उन्होंने यह भी बताया कि प्रतिकूल मौसम अथवा अन्य तकनीकी कारणों से निर्धारित कार्यक्रम में आवश्यकतानुसार परिवर्तन किया जा सकता है तथा कार्य को अगले दिन के लिए स्थगित किया जा सकता है।

### वॉलीबॉल चयन प्रक्रिया में हो पारदर्शिता

**अनंत ज्ञान, मंडी।** खेलो इंडिया सेंटर संधोल के खिलाड़ी शैलेंद्र शर्मा और हर्षित ठाकुर ने स्कूल इंडिया वॉलीबॉल टीम के चयन में पारदर्शिता सुनिश्चित करने की मांग उठाई है। उनका कहना है कि चयन प्रक्रिया पूरी तरह निष्पक्ष और स्पष्ट होनी चाहिए, ताकि खिलाड़ियों को उनके प्रदर्शन के आधार पर चयन और गैर-चयन के कारणों की जानकारी मिल सके। उन्होंने बताया कि स्कूल इंडिया वॉलीबॉल कैंप के लिए 24 खिलाड़ियों का चयन किया गया था, जहां खिलाड़ियों के प्रदर्शन का मूल्यांकन भी किया गया। दोनों खिलाड़ियों ने मांग की कि यदि चयन के दौरान वीडियोग्राफी, तकनीकी रिपोर्ट या स्कोरिंग शीट का उपयोग किया गया है तो उन्हें सार्वजनिक किया जाए। उनका मानना है कि पारदर्शी चयन प्रणाली खिलाड़ियों का विश्वास मजबूत करती है और उन्हें अपनी कमियों को सुधारने का अवसर प्रदान करती है।

### डैम से पानी छोड़ने की प्रक्रिया पर सख्ती की मांग

**अनंत ज्ञान, बालक राम, पंडोह।** बीबीएमबी पंडोह द्वारा पंडोह डैम की डाउन-स्ट्रीम में बरसात के दौरान पानी छोड़े जाने को लेकर नवनिर्वाचित पंचायत प्रधानों एवं उपप्रधानों के लिए एक दिवसीय जागरूकता बैठक मंगलवार को बीबीएमबी रेस्ट हाउस पंडोह में अधिशाषी अभियंता चन्द्र मोहन की अध्यक्षता में आयोजित की गई। बैठक में जनप्रतिनिधियों ने डैम से पानी छोड़ने की प्रक्रिया को सुरक्षित तकनीक के साथ सुनिश्चित करने और लोगों की जान-माल की सुरक्षा को प्राथमिकता देने की मांग उठाई। उन्होंने फ्लड के दौरान प्रभावित लोगों के लिए रहने, भोजन और स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध करवाने का सुझाव भी दिया। बैठक में बीबीएमबी के वरिष्ठ अधिकारियों की अनुपस्थिति को लेकर जनप्रतिनिधियों ने असंतोष जताया। पंचायत प्रधानों ने अपने-अपने क्षेत्रों की समस्याएं भी रखीं और समाधान की मांग की।

### सनराइज स्कूल के छात्रों ने सीखे योग के गुर



**अनंत ज्ञान, भीम बरसेडू, राजपूत, महादेव।** नाचन विधानसभा क्षेत्र के प्रतिष्ठित शिक्षण संस्थान सनराइज पब्लिक स्कूल भराड़ी में आयुष विभाग के योग प्रशिक्षकों राजेंद्र कुमार और रीता कुमारी ने विद्यार्थियों को योग का प्रशिक्षण दिया। इस दौरान छात्रों को वृक्षासन, ताड़ासन, पादहस्तासन, अर्ध चक्रासन, वज्रासन, उष्ट्रासन, शीतली प्राणायाम तथा भ्रामरी प्राणायाम का अभ्यास करवाया गया। प्रशिक्षकों ने विद्यार्थियों को योग के महत्व और दैनिक जीवन में इसकी उपयोगिता के बारे में जानकारी दी। उन्होंने बताया कि तनावपूर्ण और प्रदूषित वातावरण में योग स्वस्थ जीवन का आधार है। 21 जून को अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के मद्देनजर आयुष विभाग द्वारा जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है। इस अवसर पर मुख्य अध्यापिका निर्मला शर्मा सहित विद्यालय के अध्यापकों ने भी विद्यार्थियों के साथ योगाभ्यास किया।

### प्रधान वीरेंद्र व उपप्रधान शारदा ने संभाला पदभार



**अनंत ज्ञान, भीम बरसेडू, राजपूत, महादेव।** ग्राम पंचायत महादेव में नवनिर्वाचित प्रधान वीरेंद्र कुमार और उपप्रधान शारदा देवी ने ससम्मान अपना पदभार ग्रहण किया। शपथ ग्रहण के बाद पंचायत भवन में ग्रामीणों ने दोनों जनप्रतिनिधियों का हार पहनाकर स्वागत किया तथा ढोल-नगाड़ों के साथ खुशी का इजहार किया। इस अवसर पर बड़ी संख्या में लोग उपस्थित रहे। प्रधान वीरेंद्र कुमार ने बताया कि 27 जून को पंचायत के नवनिर्वाचित वार्ड सदस्यों को शपथ दिलाई जाएगी। इसी दिन पंचायत की पहली बैठक भी आयोजित होगी, जिसमें विकास कार्यों, जनहित योजनाओं तथा पंचायत से जुड़े विभिन्न प्रस्तावों पर चर्चा कर आवश्यक निर्णय लिए जाएंगे।

## दूध उत्पादकों की मांगों के समर्थन में भाजपा ने राज्यपाल को भेजा ज्ञापन

# 20 लीटर की शर्त और मिल्क हॉलिडे हो खत्म

अनंत ज्ञान

**प्रकाश धीमान, बैहना।** बल्ह विधानसभा क्षेत्र में दूध उत्पादकों और दूध व्यापारियों की समस्याओं को लेकर भारतीय जनता पार्टी बल्ह मंडल ने राज्यपाल के नाम एक ज्ञापन उपमंडलाधिकारी (ना.) बल्ह के माध्यम से प्रेषित किया है। ज्ञापन में क्षेत्र के दूध उत्पादकों की लंबित मांगों के शीघ्र समाधान की मांग की गई है।

ज्ञापन में कहा गया है कि बल्ह विधानसभा क्षेत्र के लगभग 50 से 60 दूध उत्पादक पिछले एक सप्ताह से मिल्क प्लांट चक्कर (मंडी) परिसर में अपनी मांगों को लेकर आंदोलनरत हैं। उनका कहना है कि सरकार और संबंधित विभागों द्वारा लिए गए कुछ निर्णयों से दुग्ध व्यवसाय प्रभावित हुआ है, जिससे किसानों और व्यापारियों को आर्थिक कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है। ज्ञापन के अनुसार दूध संग्रहण के लिए निर्धारित न्यूनतम 20 लीटर प्रतिदिन दूध की अनिवार्य शर्त को समाप्त किया जाना चाहिए। किसानों का कहना है कि क्षेत्र में अधिकांश लोग छोटे स्तर पर पशुपालन करते हैं और उनका दैनिक उत्पादन कई बार इस सीमा से कम रहता है। ऐसे में उन्हें निजी स्तर पर कम कीमतों पर दूध बेचने के लिए मजबूर होना पड़ता है, जिससे उनकी आय प्रभावित हो रही है। इसके अलावा सप्ताह में एक दिन दूध संग्रहण बंद रखने अर्थात 'मिल्क हॉलिडे' व्यवस्था को भी समाप्त करने की मांग उठाई गई है।


ज्ञापन सौंपते भाजपा पदाधिकारी एवं किसान प्रतिनिधि। अनंत ज्ञान

दूध उत्पादकों ने समयबद्ध भुगतान सुनिश्चित करने, छोटे और बड़े उत्पादकों की स्पष्ट एवं पारदर्शी परिभाषा तय करने तथा दुग्ध उत्पादकों को प्रभावित करने वाले निर्णय लेने से पहले किसान प्रतिनिधियों और संगठनों से परामर्श करने की मांग भी उठाई है। ज्ञापन में चेतावनी दी गई है कि यदि निर्धारित समय के भीतर मांगों पर सकारात्मक निर्णय नहीं लिया गया तो किसान लोकतांत्रिक तरीके से आंदोलन और धरना-प्रदर्शन करने के लिए बाध्य होंगे। भाजपा अनुसूचित जाति मोर्चा बल्ह मंडल के अध्यक्ष जीवन चौहान ने कहा कि दुग्ध उत्पादन ग्रामीण अर्थव्यवस्था की रीढ़ है और इससे जुड़े किसानों की समस्याओं का समाधान प्राथमिकता के आधार पर किया जाना चाहिए।

## एसपीएस स्कूल में इंटरहाउस स्पोर्ट्स मीट आज-कल

**अनंत ज्ञान, सरकाघाट।** एसपीएस इंटरनेशनल स्कूल, अनंत नगर टटाहर, सरकाघाट में 17-18 जून को इंटरहाउस स्पोर्ट्स मीट का आयोजन किया जाएगा। प्रतियोगिता में विद्यालय के चारों सदन—एपीजे हाउस, आर्यभट्ट हाउस, कल्पना चावला हाउस और सीवी रमन हाउस भाग लेंगे। विद्यालय प्रबंधन के अनुसार विद्यार्थियों के लिए विभिन्न ट्रैक एवं फील्ड प्रतियोगिताओं सहित अनेक खेल गतिविधियों का आयोजन किया जाएगा। स्पोर्ट्स मीट का उद्घाटन 17 जून को होगा, जिसमें थाना प्रभारी सरकाघाट रजनीश ठाकुर मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहेंगे। वहीं समापन समारोह 18 जून को दोपहर 2 बजे होगा। इस अवसर पर सेवानिवृत्त प्रधानाचार्य दिनेश नारंग मुख्य अतिथि के रूप में शिरकत करेंगे और विजेता खिलाड़ियों व सदनों को सम्मानित करेंगे। विद्यालय प्रबंधन ने अभिभावकों, पूर्व विद्यार्थियों व क्षेत्रवासियों को कार्यक्रम में शामिल होकर खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन करने का आह्वान किया है।

# जनता के मुद्दों से भाग रही है कांग्रेस सरकार: राकेश जम्वाल

अनंत ज्ञान

**ब्यूरो, मंडी।** भाजपा के मुख्य प्रवक्ता एवं सुंदरनगर विधायक राकेश जम्वाल ने प्रदेश सरकार पर निशाना साधते हुए कहा कि कांग्रेस सरकार जनता के मूल मुद्दों पर जवाब देने से बच रही है। उन्होंने कहा कि केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री जेपी नड्डा द्वारा प्रदेश के विकास, केंद्र से मिले सहयोग और विभिन्न योजनाओं को लेकर रखे गए तथ्यों का मुख्यमंत्री और सरकार अब तक कोई ठोस जवाब नहीं दे पाई है।



जम्वाल ने कहा कि सरकार के मंत्री जनता के सवालों का उत्तर देने के बजाय राजनीतिक बयानबाजी में व्यस्त हैं। उन्होंने मंत्री राजेश धर्माणी के मुख्यमंत्री पद संबंधी बयान को कांग्रेस की मानसिक हार का संकेत बताते हुए कहा कि कांग्रेस चुनाव से पहले ही हार स्वीकार कर चुकी है। उन्होंने आरोप लगाया कि प्रदेश में विकास कार्यों की रफ्तार धीमी पड़ गई है तथा कई परियोजनाएं टेंडर और री-टेंडर की प्रक्रियाओं में उलझी हुई हैं। इससे जनता को योजनाओं का लाभ समय पर नहीं मिल पा रहा है और सरकारी धन की भी बर्बादी हो रही है। राकेश जम्वाल ने प्रदेश की कानून व्यवस्था पर भी चिंता जताई। उन्होंने कहा कि हिमाचल में अपराध और हिंसक घटनाओं में बढ़ोतरी हुई है तथा लोग खुद को असुरक्षित महसूस कर रहे हैं। उन्होंने शिमला में स्कूल संचालिका की मृत्यु और प्रदेश के विभिन्न क्षेत्रों में सामने आई आपराधिक घटनाओं का उल्लेख करते हुए सरकार की कार्यप्रणाली पर सवाल उठाए। उन्होंने कहा कि विकास, रोजगार, कानून व्यवस्था और आर्थिक प्रबंधन जैसे महत्वपूर्ण मुद्दों पर सरकार विफल साबित हुई है। भाजपा आने वाले समय में इन सभी मुद्दों को जनता के बीच प्रमुखता से उठाएगी।

# दुर्घटना में जान गंवाने वाले युवकों के परिजनों से मिले जनप्रतिनिधि


परिजनों से मिलकर संवेदना व्यक्त करते जनप्रतिनिधि। अनंत ज्ञान

अनंत ज्ञान

**ब्यूरो, मंडी।** सदर विधानसभा क्षेत्र के गांव ननावां और मराथू में नागचला बाईपास पर हुई सड़क दुर्घटना में जान गंवाने वाले युवा पीयूष और राजीव के परिजनों से मुलाकात कर गहरी संवेदना व्यक्त की गई।

इस दौरान शोक संतप्त परिवारों को ढांढस बंधाते हुए दिवंगत आत्माओं की शांति के लिए प्रार्थना की गई। परिजनों से बातचीत के दौरान कहा गया कि दोनों युवाओं का असमय निधन पूरे क्षेत्र के लिए अपूरणीय क्षति है। उनके जाने से परिवारों पर दुखों का पहाड़ टूट पड़ा है। इस कठिन समय में पूरा क्षेत्र और समाज उनके परिवारों के साथ खड़ा है। इस अवसर पर युवाओं से सड़क पर वाहन चलाते समय विशेष सावधानी बरतने और यातायात नियमों का पालन करने की अपील भी की गई। कहा गया कि तेज रफ्तार और छोटी सी लापरवाही कई परिवारों की खुशियां छीन सकती है, इसलिए सुरक्षित ड्राइविंग को प्राथमिकता देना आवश्यक है।

## कोरम के अभाव में अध्यक्ष व उपाध्यक्ष का चुनाव स्थगित

**अनंत ज्ञान, सरकाघाट।** नगर परिषद सरकाघाट में अध्यक्ष एवं उपाध्यक्ष पदों के चुनाव कोरम के अभाव में स्थगित कर दिए गए। मंगलवार को निर्धारित बैठक में आवश्यक सात में से कम से कम पांच पार्षदों की उपस्थिति अनिवार्य थी, लेकिन कोई भी पार्षद बैठक में उपस्थित नहीं हुआ। इसके चलते चुनाव प्रक्रिया आगे नहीं बढ़ सकी। एसडीएम एवं प्राधिकृत अधिकारी राजेंद्र कुमार गौतम ने बताया कि रिक्त पदों को भरने के लिए विशेष बैठक बुलाई गई थी, लेकिन कोरम पूरा न होने के कारण कार्यवाही स्थगित करनी पड़ी। अब अगली बैठक 19 जून को सुबह 10:30 बजे निर्धारित की गई है, जिसमें अध्यक्ष और उपाध्यक्ष पदों के लिए पुनः चुनाव कराया जाएगा। उन्होंने सभी पार्षदों से समय पर उपस्थित होकर लोकतांत्रिक प्रक्रिया को सफल बनाने की अपील की है। बैठक में पारदर्शिता और नियमों के पालन पर जोर दिया गया, ताकि नगर परिषद का कार्य सुचारू रूप से आगे बढ़ सके।

# बारिश थमी तो जातरों में उमड़ा जनसैलाब

## डडोह-डिनक में देर शाम तक रही रौनक, मेले में व्यापारी भी हुए खुश

अनंत ज्ञान

**महेंद्र सिंह राणा, भौर।** सुंदरनगर क्षेत्र के गांव डडोह और डिनक में आयोजित पारंपरिक जातरों में दोपहर को हुई अचानक बारिश ने कुछ समय के लिए लोगों की रफ्तार थाम दी। मेले में जाने की तैयारी कर रहे बच्चों और महिलाओं को बारिश के कारण थोड़ी देर इंतजार करना पड़ा, लेकिन मौसम साफ होते ही लोगों ने बड़ी संख्या में जातरों का रुख किया।

बारिश की तेज बौछारों से मेले में दुकानें लगाने आए व्यापारी भी चिंतित नजर आए और अपने सामान को भीगने से बचाने में जुट गए। हालांकि बारिश थमने के बाद दोनों जातरों में फिर से रौनक लौट आई और शाम होते-होते लोगों की अच्छी खासी भीड़ जुट गई। डडोह जातर में पहुंचे काका इलेक्ट्रॉनिक के मालिक ने बताया कि यह गांव की पारंपरिक जातर है, जहां ग्रामीण एक-दूसरे के साथ मिलकर खाने-पीने की वस्तुओं का आदान-प्रदान करते हैं। उन्होंने कहा कि पहले लोग अपने रिश्तेदारों को घर जाकर जातर में आने का निमंत्रण देते थे,


बारिश थमने के बाद दुकानों पर खरीदारी करते ग्रामीण। अनंत ज्ञान

लेकिन अब डिजिटल युग के प्रभाव से अधिकतर निमंत्रण फोन के माध्यम से दिए जाने लगे हैं। जातर के अवसर पर रिश्तेदारों को घर बुलाकर पारंपरिक पकवान खिलाने की परंपरा आज भी कायम है।

वहीं डिनक जातर में मिठाई विक्रेता पिंटू ने बताया कि पहले मेलों में मिठाइयों की बिक्री काफी अधिक होती थी, लेकिन अब लोग अधिकांश खाद्य सामग्री बाजार और दुकानों से खरीद लेते हैं। उन्होंने कहा कि मेले केवल खरीदारी का माध्यम नहीं, बल्कि देवी-देवताओं का आशीर्वाद लेने, सामाजिक मेलजोल बढ़ाने और स्थानीय संस्कृति को जीवित रखने का महत्वपूर्ण अवसर हैं।

उन्होंने स्थानीय लोगों से अपील करते हुए कहा कि यदि ग्रामीण मेलों और जातरों में स्थानीय व्यापारियों का सहयोग नहीं करेंगे तो भविष्य में व्यापारी ऐसे आयोजनों में आने से कतराने लगेंगे। ग्रामीण क्षेत्रों के ये पारंपरिक मेले हमारी सांस्कृतिक विरासत और सामाजिक एकता के प्रतीक हैं, इसलिए इनके संरक्षण और संवर्धन में सभी की सहभागिता आवश्यक है।

# हिमाचल की बेटी इनु गानबी ने रचा इतिहास

## राष्ट्रमंडल खेलों के लिए चुनीं हिमाचल की पहली महिला जूडो खिलाड़ी

अनंत ज्ञान

**सुंदरनगर।** हिमाचल प्रदेश के खेल इतिहास में एक और स्वर्णिम अध्याय जुड़ गया है। जिला मंडी के सुंदरनगर उपमंडल के घनोटू (जराल) गांव की होनहार जूडो खिलाड़ी इनु गानबी का चयन राष्ट्रमंडल खेल-2026 के लिए भारतीय जूडो टीम में हुआ है। इसके साथ ही इनु गानबी राष्ट्रमंडल खेलों के लिए क्वालीफाई करने वाली हिमाचल प्रदेश की पहली महिला जूडो खिलाड़ी बन गई हैं। उनकी इस ऐतिहासिक उपलब्धि से पूरे प्रदेश में खुशी और गर्व का माहौल है।



हिमाचल प्रदेश जूडो एसोसिएशन के वरिष्ठ उपाध्यक्ष रमेश चौहान ने जानकारी देते हुए बताया कि राष्ट्रीय चयन ट्रायल्स में शानदार प्रदर्शन के आधार पर इनु गानबी का चयन भारतीय टीम में किया गया है। ट्रायल्स के दौरान उन्होंने अपने बेहतरीन कौशल, आत्मविश्वास और दमदार खेल का प्रदर्शन करते हुए चयनकर्ताओं को प्रभावित किया और राष्ट्रमंडल खेलों के लिए अपनी जगह पक्की की।

इनु गानबी इससे पहले भी अंतरराष्ट्रीय स्तर पर अपनी प्रतिभा का लोहा मनवा चुकी हैं। हाल ही में आयोजित एशियाई जूडो चैंपियनशिप-2026 में उन्होंने कांस्य पदक जीतकर देश और प्रदेश का नाम रोशन किया था। उनकी इस उपलब्धि की खास बात यह रही कि लगभग 13 वर्षों के लंबे अंतराल के बाद भारत को एशियाई जूडो प्रतियोगिता में कोई पदक हासिल हुआ था। लगातार चार बार राष्ट्रीय चैंपियन रह चुकी इनु गानबी वर्तमान में देश की शीर्ष महिला जूडो खिलाड़ियों में शुमार हैं। कठिन परिस्थितियों और लगातार मेहनत के बल पर उन्होंने यह मुकाम हासिल किया है। उनकी सफलता न केवल हिमाचल प्रदेश बल्कि पूरे देश के युवा खिलाड़ियों के लिए प्रेरणास्रोत बन रही है।

इनु गानबी की एक और विशेष पहचान यह है कि वह भारतीय मुक्केबाजी के प्रतिष्ठित खिलाड़ी और ओलंपियन बॉक्सर आशीष चौधरी की धर्मपत्नी हैं। खेलों से जुड़े इस दंपति ने भारतीय खेल जगत में अपनी अलग पहचान बनाई है।

हिमाचल प्रदेश जूडो एसोसिएशन, खेल प्रेमियों और प्रदेशवासियों ने इनु गानबी की इस ऐतिहासिक उपलब्धि पर उन्हें बधाई देते हुए राष्ट्रमंडल खेलों में शानदार प्रदर्शन और पदक जीतने की शुभकामनाएं दी हैं। खेल विशेषज्ञों का मानना है कि उनकी यह उपलब्धि प्रदेश में जूडो खेल को नई पहचान देने के साथ-साथ युवा खिलाड़ियों को बड़े सपने देखने और उन्हें पूरा करने की प्रेरणा भी देगी।

## भौंण में आनंद योग आध्यात्मिक साधना शिविर कल से

**अनंत ज्ञान, सुंदरनगर।** शीतला माता मंदिर भौंण में 18 से 22 जून तक पांच दिवसीय आनंद योग आध्यात्मिक साधना शिविर का आयोजन किया जाएगा। अखिल भारतीय संतमत सत्संग के मंडी प्रभारी सोहन लाल गुप्ता ने बताया कि शिविर का उद्देश्य मनुष्य की आंतरिक शक्तियों को जागृत कर व्यक्तित्व के सर्वांगीण विकास का मार्ग प्रशस्त करना है। यह शिविर पूर्णतः निःशुल्क रहेगा, जिसमें सभी आयु वर्ग के महिला एवं पुरुष भाग ले सकेंगे।

शिविर के दौरान ध्यान, साधना और अन्य आध्यात्मिक कार्यक्रम परम संत सुरेश महाराज के सान्निध्य में संपन्न होंगे। आयोजकों के अनुसार संतमत सत्संग व्यक्ति को अपने पारिवारिक, सामाजिक और व्यावसायिक दायित्वों का निर्वहन करते हुए ईश्वर के प्रति श्रद्धा और नाम-स्मरण को जीवन में अपनाने की प्रेरणा देता है। शिविर के अंतर्गत 19 जून रात्रि 9 बजे से 21 जून रात्रि 10 बजे तक अखंड शांतिपाठ का आयोजन होगा। वहीं 20 और 21 जून को सुबह 10 बजे से दोपहर 12 बजे तक तथा सायं 6 बजे से 8 बजे तक ध्यान योगाभ्यास एवं ध्यान योग की सरल विधि पर विशेष प्रवचन आयोजित किए जाएंगे।

# सीएम सुक्खू के गृह क्षेत्र मेडिकल कॉलेज हमीरपुर में कार्डियोलॉजिस्ट का पद खाली

अनंत ज्ञान

**रितेश चौहान, सरकाघाट।** सीएम सुखविंद्र सिंह सुक्खू के गृह जिला हमीरपुर के मेडिकल कॉलेज में कार्डियोलॉजिस्ट का पद रिक्त होने से सैकड़ो मरीजों की आंखों में कई सवाल उठ खड़े हो रहे हैं। सैकड़ो मरीजों को प्रतिदिन समस्याओं से दो-चार होना पड़ रहा है हैरानी की बात है कि डॉक्टर लकी कुमार जो कार्डियोलॉजिस्ट के पद पर मेडिकल कॉलेज हमीरपुर में कार्यरत थे उन्हें मेडिकल कॉलेज टांडा स्थानांतरित कर दिया गया, लेकिन हमीरपुर में मेडिकल कॉलेज होने के बावजूद भी अब एक भी कार्डियोलॉजिस्ट डॉक्टर कार्यरत नहीं है।

**◆ डॉक्टर सोनी को टांडा से हमीरपुर बदलने की मांग**

सूत्रों के अनुसार मेडिकल कॉलेज टांडा में वर्तमान में पांच कार्डियोलॉजिस्ट कार्यरत हैं जिनमें से एक अंडर ट्रांसफर है विडंबना देखो की एक मेडिकल कॉलेज में पांच पांच कार्डियोलॉजिस्ट और एक मेडिकल में एक भी कार्डियोलॉजिस्ट कार्यरत नहीं है। हमीरपुर मेडिकल कॉलेज मध्य स्थान में होने के कारण यहां जिला कांगड़ा जिला मंडी बिलासपुर के कई लोगों को नजदीक पढ़ने से उन्हें स्वास्थ्य लाभ लेने के लिए हमीरपुर उचित स्थान रहता है लेकिन हृदय विशेषज्ञ न होने के चलते लोगों को निजी अस्पतालों या दूरदराज के अस्पतालों में जाना पड़ रहा है, जिससे जहां उन्हें आर्थिक नुकसान होता है वही समय की भी बर्बादी होती है। और यहां तक बहुत से तामीर अपने मरीज को बचाने में भी असमर्थ रहते हैं। क्षेत्र के विभिन्न संगठनों वरिष्ठ नागरिक कल्याण परिषद के अध्यक्ष प्रकाश चंद चौहान, रोगी कल्याण समिति हमीरपुर, राष्ट्रीय मजदूर महासंघ इंटक की प्रदेश उपाध्यक्ष एवं सिंदूर फाउंडेशन की प्रदेश महासचिव लता पठानिया, क्षेत्र के प्रतिनिधियों, युवक मंडलों, महिला मंडलों सहित कश्मीर सिंह बलवंत सिंह, राकेश कुमार, संजीव, मिल्की राम, चेतराम, मलका देवी, कल्पना सुनीता, रीना व प्रेमलता सहित कई लोगों ने मांग की है कि डॉक्टर सोनी कार्डियोलॉजिस्ट ( सुपर स्पेशलिस्ट)जो वर्तमान में टांडा मेडिकल कॉलेज में कार्यरत हैं उन्हें हमीरपुर मेडिकल कॉलेज मे नियुक्त किया जाए।

संवेदनशीलता न्याय की पहली अनिवार्यता है।

-कुमार आशीष

## संपादकीय

# शांति ही मानवता का भविष्य

दुनिया के इतिहास पर नजर डालें तो एक बात स्पष्ट दिखाई देती है कि युद्ध कभी भी किसी समस्या का स्थायी समाधान नहीं होता। युद्ध केवल विनाश, जनहानि और आर्थिक तबाही लेकर आता है। अमेरिका और ईरान के बीच साढ़े तीन महीने से ज्यादा समय तक चले तनाव और संघर्ष के बाद युद्धविराम समझौता होने से यह तथ्य एक बार फिर साबित हो गया है। यह निश्चित रूप से राहत की बात है कि दोनों देशों ने अंतत: शांति और संवाद का रास्ता चुना, लेकिन सवाल यह है कि यह निर्णय पहले क्यों नहीं लिया गया? यदि बातचीत और समझौते से ही समाधान निकलना था तो फिर इतने लंबे संघर्ष की आवश्यकता क्या थी? युद्ध की कीमत केवल सैनिक या सरकारें ही नहीं चुकातीं, अपितु इसका सबसे बड़ा बोझ आम नागरिकों को उठाना पड़ता है।

अमेरिका और ईरान के बीच चले संघर्ष में अरबों डॉलर की संपत्ति नष्ट हुई, हजारों लोगों की जान गई और वर्षों की मेहनत से खड़े किए गए विकास के ढांचे मलबे में बदल गए। युद्ध समाप्त होने के बाद जब दोनों पक्ष फिर से बातचीत की मेज पर लौटते हैं तो यह सवाल स्वाभाविक रूप से उठता है कि आखिर इस विनाश से हासिल क्या हुआ? इतिहास गवाह है कि अंतत: हर युद्ध का अंत समझौते और शांति वार्ता पर ही होता है।

पश्चिम एशिया में जारी तनाव का असर केवल संघर्षरत देशों तक सीमित नहीं रहा, बल्कि पूरी दुनिया ने इसके दुष्प्रभाव महसूस किए। विशेष रूप से ऊर्जा क्षेत्र में इसका व्यापक प्रभाव देखने को मिला। तेल आपूर्ति प्रभावित होने से अंतरराष्ट्रीय बाजार में कच्चे तेल की कीमतों में उछाल आया, जिसका सीधा असर महंगाई पर पड़ा। परिवहन, उद्योग और आम उपभोक्ता सभी प्रभावित हुए। ऊर्जा आज आधुनिक जीवन की धुरी है। जब इसकी आपूर्ति पर संकट आता है तो वैश्विक अर्थव्यवस्था की गति धीमी पड़ जाती है।

होर्मुज जलडमरूमध्य इस पूरे संकट का सबसे महत्वपूर्ण केंद्र रहा। दुनिया के तेल व्यापार का बड़ा हिस्सा इसी समुद्री मार्ग से होकर गुजरता है। यदि यह मार्ग बाधित होता है तो पूरी दुनिया की ऊर्जा सुरक्षा खतरे में पड़ जाती है। युद्ध के दौरान इसी आशंका ने वैश्विक बाजारों को अस्थिर बनाए रखा। अब जब तनाव कम होने की उम्मीद जगी है और यह समुद्री मार्ग सामान्य रूप से संचालित होने की दिशा में बढ़ रहा है, तब दुनिया को राहत की सांस लेने का अवसर मिला है।

हालांकि शांति की इस प्रक्रिया के बीच इसराइल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू के कुछ बयान चिंता बढ़ाने वाले हैं। जब दुनिया संघर्ष की जगह संवाद की आवश्यकता महसूस कर रही है, तब किसी भी पक्ष की ओर से आक्रामक बयानबाजी शांति प्रयासों को कमजोर कर सकती है। वर्तमान समय की सबसे बड़ी आवश्यकता यही है कि सभी देश संयम बरतें और विवादों का समाधान कूटनीतिक माध्यमों से निकालें। भारत सहित बड़े कच्चा तेल आयातक देशों के लिए यह घटनाक्रम विशेष महत्व रखता है। भारत अपनी ऊर्जा आवश्यकताओं का बड़ा हिस्सा आयातित तेल पर निर्भर होकर पूरा करता है। ऐसे में पश्चिम एशिया में शांति स्थापित होने से भारत को कई स्तरों पर लाभ मिलेगा। सबसे पहले तेल आपूर्ति को लेकर बनी अनिश्चितता कम होगी। इसके साथ ही समुद्री मालभाड़ा और बीमा लागत में कमी आने की संभावना है, जिससे आयात सस्ता होगा। इसका सकारात्मक प्रभाव देश की अर्थव्यवस्था पर दिखाई देगा। कच्चे तेल की कीमतों में गिरावट से भारत का आयात बिल कम होगा। इससे विदेशी मुद्रा भंडार पर दबाव घटेगा और डॉलर के मुकाबले कमजोर पड़ रहे रुपए को कुछ मजबूती मिल सकती है।

चालू खाते के घाटे में कमी आएगी और महंगाई दर को नियंत्रित रखने में भी सहायता मिलेगी। पेट्रोल, डीजल और अन्य आवश्यक वस्तुओं की कीमतों पर भी इसका सकारात्मक प्रभाव पड़ सकता है। भारतीय रिफाइनरियों को कम परिवहन और बीमा लागत का लाभ मिलेगा, जिसका फायदा अंतत: उपभोक्ताओं तक पहुंच सकता है, लेकिन इस पूरे घटनाक्रम से दुनिया को एक और बड़ा सबक सीखने की आवश्यकता है। वह यह कि ऊर्जा संसाधनों की सुरक्षा और उनका विवेकपूर्ण उपयोग अत्यंत आवश्यक है। ऊर्जा केवल आर्थिक विकास का साधन नहीं, बल्कि आधुनिक जीवन की बुनियादी आवश्यकता है। यदि इस क्षेत्र में अस्थिरता पैदा होती है तो उसका असर हर व्यक्ति के जीवन पर पड़ता है। इसलिए ऊर्जा संरक्षण और वैकल्पिक ऊर्जा स्रोतों के विकास को वैश्विक प्राथमिकता बनाया जाना चाहिए।

## आज की प्रमुख हस्ती

### भारतीय टेनिस का गौरव

**लिएंडर पेस** का जन्म 17 जून 1973 को गोवा में हुआ था। वे भारत के महान टेनिस खिलाड़ियों में से एक हैं, जिन्होंने देश को अंतरराष्ट्रीय स्तर पर अनेक उपलब्धियां दिलाईं। 1996 के अटलांटा ओलंपिक में उन्होंने पुरुष एकल स्पर्धा में कांस्य पदक जीतकर इतिहास रच दिया। यह भारत के लिए 44 वर्षों बाद व्यक्तिगत ओलंपिक पदक था, जिसने भारतीय खेल जगत में एक नया अध्याय जोड़ा।



लिएंडर पेस
**जन्म :** 17 जून, 1973

पेस का पालन-पोषण कोलकाता में हुआ। वे एक खेल परिवार से आते हैं। उनकी मां जेनिफर पेस भारतीय बास्केटबॉल टीम की कप्तान थीं, जबकि उनके पिता डॉ. वीएस अगापितो पेस भारतीय हॉकी टीम के सदस्य थे और 1972 के म्यूनिख ओलंपिक में कांस्य पदक विजेता टीम का हिस्सा रहे। इस खेल पृष्ठभूमि का प्रभाव लिएंडर पर बचपन से ही पड़ा। उन्होंने सात वर्ष की उम्र में टेनिस खेलना शुरू किया। प्रारंभिक प्रशिक्षण कोलकाता के साउथ क्लब में हुआ और बाद में उन्होंने मद्रास की टेनिस अकादमी में प्रशिक्षण लिया। 1987 में उन्होंने हांगकांग में राइस बाउल चैंपियनशिप जीती और 1990 में विंबलडन जूनियर खिताब जीतकर अंतरराष्ट्रीय पहचान बनाई। इसी वर्ष वे जूनियर विश्व रैंकिंग में नंबर एक बने।

1991 में वे प्रोफेशनल खिलाड़ी बने। इसके बाद उन्होंने पुरुष डबल्स और मिक्स्ड डबल्स में विशेष सफलता हासिल की। महेश भूपति के साथ उनकी जोड़ी विश्व प्रसिद्ध रही। इस जोड़ी ने 1999 में फ्रेंच ओपन और विंबलडन तथा 2001 में विंबलडन जीतकर तीन ग्रैंड स्लैम खिताब अपने नाम किए।

लिएंडर पेस ने कई बार डेविस कप में भारत को महत्वपूर्ण जीत दिलाई और लंबे समय तक देश के सबसे सफल खिलाड़ियों में शामिल रहे। 2006 में उन्होंने यूएस ओपन पुरुष डबल्स खिताब भी जीता।

उनकी उपलब्धियों के लिए उन्हें 1996 में 'राजीव गांधी खेल रत्न' और 2001 में 'पद्म श्री' सम्मान से सम्मानित किया गया। वे अपनी फिटनेस, तेज प्रतिर्ति, या और मजबूत मानसिकता के लिए जाने जाते हैं। लिएंडर पेस ने भारतीय टेनिस को विश्व स्तर पर पहचान दिलाई और वे आज भी देश के सबसे प्रेरणादायक खिलाड़ियों में गिने जाते हैं।



कविता

### मेरा प्यार भी तू, संसार भी तू

**डॉ. कौमार्या मनोज**
**शिक्षा विशेषज्ञ**

**मेरी** जान भी तू, मुस्कान भी तू। मेरी जाने जहां स्वाभिमान भी तू।।
मेरी वजह खुशी की, तू ही तू। मेरी वजह हंसीं की, तू ही तू।।
सपनों में तू, मेरी नींद में तू। जहां देखूं मैं, दिखे तू ही तू।।
मेरा प्यार भी तू, संसार भी तू। मेरी दौलत तू, घरवार भी तू।।
मेरी जीत भी तू, मेरी हार भी तू। मेरी नैय्या तू, पतवार भी तू।।
दिल दी धड़कन, दिलेजान भी तू। मेरे जीवन माया कल्याण भी तू।।
है तू खुद क्या तुझे मालूम नहीं। मेरी सपना तू, मेरी अपना तू।।
खो मैं गया कहां आगोश तेरे। मेरी नदी भी तू, मेरी प्यास भी तू।।
मेरी बादल तू, बरसात भी तू। मेरी छतरी तू, मेरा साथ भी तू ।।
मैं बिन तेरे अकेला भीग रहा। पर बात कहां, जो साथ में तू।।
मेरी नदिया तू, बरसात भी तू । खुदके होने का अहसास भी तू।।
है दूर भी तू, मेरे पास भी तू । संग रहने का अहसास भी तू।।
बस तू ही तू संग है जीवन में। मेरे जीवन की रंगी शाम है तू।।

# मेवाड़ के स्वाभिमान का सूर्य महाराणा प्रताप जिसने कभी ढलना नहीं सीखा

राजस्थान भारत की वीर प्रसूता भूमि है। यह रणबांकुरों की जन्मस्थली मानी जाती है। महाराणा प्रताप का जन्म सिसोदिया राजपूत वंश में जेष्ठ शुक्ल तृतीया 1540 ईस्वी को मेवाड़ के कुंभलगढ़ दुर्ग में हुआ।



दीप चंद भारद्वाज 'आचार्य'
धार्मिक विचारक

इनके पिता राणा उदयवीर और माता जयंताबाई थी। बचपन से ही महाराणा प्रताप ने युद्ध कौशल के गुणों में निपुणता प्राप्त कर ली थी। उदयसिंह की मृत्यु के पश्चात राजपूत सरदारों ने मिलकर 1 मार्च 1576 को महाराणा प्रताप को मेवाड़ की गद्दी पर बैठाया। मुगलों के आतंक से अपनी मातृभूमि की रक्षा करने का महान दायित्व महाराणा के ऊपर आ गया। चारों तरफ विषम परिस्थितियों के बीच भी प्रताप ने कभी स्वयं को असहाय अनुभव नहीं किया। महाराणा प्रताप का नाम लेते ही मुगल साम्राज्य को चुनौती देने वाले वीर योद्धा का चित्र आंखों के सामने आ जाता है । महाराणा प्रताप का जीवन त्याग, संघर्ष व बलिदान की स्वर्णिम गाथा है । विश्व विख्यात हल्दी घाटी का युद्ध 1576 में अकबर और महाराणा के बीच हुआ। इस युद्ध में अकबर की 85,000 विशाल सैनिकों की सेना का प्रताप के 20,000 रणबांकुरों ने मुंहतोड़ जवाब दिया। इतिहासकार कहते हैं कि इतनी विशाल सेना के होते हुए भी हल्दी घाटी के युद्ध में न तो अकबर जीत सका और न ही महाराणा प्रताप हारे । हल्दी घाटी के युद्ध के बाद महाराणा प्रताप ने विजय पताका फहराए जाने तक जंगलों में रहने का प्रण लिया। इस युद्ध में महाराणा प्रताप के सर्वश्रेष्ठ घोड़े चेतक की वीरता भी स्मरणीय है । हल्दी घाटी के युद्ध में चेतक मुगल सेनापति के हाथी की ऊंचाई तक बाज की तरह उछल पड़ा था। स्वामी भक्त चेतक ने अपने प्राणों की आहुति देकर 26 फुट लंबे नाले से छलांग लगाकर महाराणा की रक्षा की थी। अक्तूबर 1582 में देवर छापली का भीषण महासंग्राम महाराणा और अकबर के बीच हुआ। विजयदशमी के दिन इस युद्ध में महाराणा ने मुगलों का मनोबल पूरी तरह से तोड़ दिया था। दिवेर, छापली के युद्ध में महाराणा को विजय एवं यश दोनों प्राप्त हुए थे।

इसी युद्ध में महाराणा के पुत्र अमर सिंह ने परक्रम दिखाते हुए मुगल सेनापति सुल्तान खान को मौत के घाट उतारा। महाराणा प्रताप ने इस युद्ध में अपनी तलवार के एक वार से मुगल सेनापति बहलोल खान को घोड़े सहित दो भागों में चीर दिया था। इतिहासकारों के अनुसार इस युद्ध में 36,000 मुगल सैनिकों ने प्रताप के सामने आत्मसमर्पण कर दिया था। इतिहासकार विजय नाहर की पुस्तक 'हिंदूवा सूर्य महाराणा' में बताया गया है कि प्रताप अकबर से कभी नहीं हारा। वे लिखते हैं कि शाहबाज के नेतृत्व में अकबर ने तीन बार सेना भेजी, परंतु असफल रहा । अब्दुल रहीम खानखाना को भी महाराणा ने बुरी तरह से भगाया था। अकबर महाराणा के पराक्रम से इतना घबरा गया था कि उसने छह बार अपने दूत को प्रताप के पास समझौते के लिए भेजा। भारतीय इतिहास में राजपूताने का गौरवपूर्ण स्थान रहा है।




महाराणा प्रताप ने जाति, धर्म, स्वाधीनता की रक्षा के लिए अपने प्राणों का बलिदान देने में जरा भी संकोच नहीं किया । मुगल दरबार के कवि अब्दुल रहमान ने महाराणा के फौलादी व्यक्तित्व के बारे में लिखा है कि- 'इस दुनिया में सभी भौतिक सुख सुविधाएं नष्ट होने वाली हैं ,लेकिन महान इंसान के गुण हमेशा ही जीवित रहेंगे। प्रताप ने धन दौलत को ठोकर मारी, परंतु अपना स्वाभिमान गिरवी नहीं रखा।' पृथ्वीराज राठौड़ अकबर का दरबारी कवि भी महाराणा की वीरता का प्रशंसक था। महाराणा को 16वीं शताब्दी के महान हिंदू राजा के रूप में याद किया जाता है। महाराणा ने मुगलों को कई युद्ध में हराया। महाराणा प्रताप के भाले का वजन 81 किलो तथा छाती के कवच का वजन 72 किलो था । इतिहासकारों ने महाराणा को सबसे बड़ा राजपूत राजा माना है । कर्नल टॉड ने महाराणा को 'मेवाड़ का मैराथन' कहते हुए लिखा है कि प्रताप की सेना युद्ध के मैदान में अपने से 4 गुना शक्तिशाली शत्रु से भी नहीं डरती।

महाराणा प्रताप भारतीय इतिहास के सर्वाधिक प्रेरणादायक व्यक्तित्वों में से एक हैं। उन्होंने मातृभूमि, संस्कृति और स्वाभिमान की रक्षा के लिए अपना संपूर्ण जीवन संघर्ष में समर्पित कर दिया। वे मानते थे कि स्वतंत्रता किसी भी राज्य और समाज की सबसे बड़ी संपत्ति है, इसलिए उन्होंने विपरीत परिस्थितियों में भी मुगल सत्ता के समक्ष आत्मसमर्पण स्वीकार नहीं किया। जंगलों, पहाड़ों और अभावपूर्ण जीवन में रहते हुए भी उन्होंने मेवाड़ की स्वतंत्रता बनाए रखने का संकल्प नहीं छोड़ा। घास की रोटी खाने का प्रसंग उनके त्याग, धैर्य और अदम्य इच्छाशक्ति का प्रतीक माना जाता है।

इतिहास में अकबर तथा महाराणा प्रताप के व्यक्तित्व और नीतियों को लेकर विभिन्न दृष्टिकोण मिलते हैं। कुछ इतिहासकार अकबर की प्रशासनिक उपलब्धियों पर बल देते हैं, जबकि अनेक लोग महाराणा प्रताप को स्वतंत्रता और आत्मसम्मान के सर्वोच्च प्रतीक के रूप में देखते हैं। यह निर्विवाद है कि प्रताप का संघर्ष अपनी भूमि, संस्कृति और गौरव की रक्षा के लिए था। उनका जीवन हमें सिखाता है कि कठिन से कठिन परिस्थितियों में भी अपने सिद्धांतों और स्वाभिमान से समझौता नहीं करना चाहिए।

**( ये लेखक के निजी विचार हैं )**

# भारत की पहली डिजिटल गणना में स्व-गणना की सुविधा

भारत की पहली पूर्णत: डिजिटल जनगणना 2027 भारत के इतिहास में पहली डिजिटल जनगणना होगी। यह भारत की 16वीं जनगणना है और स्वतंत्रता के बाद की आठवीं जनगणना है। इससे पहले सन् 2011 में जनगणना हुई थी। जनगणना में एकत्रित की गई व्यक्तिगत जानकारी जनगणना अधिनियम 1948 की धारा 15 के तहत पूरी तरह सुरक्षित रहती है। यह महज एक जनगणना नहीं बल्कि लोकतंत्र की दिशा तय करने वाला एक महत्वपूर्ण क्षण है। डेटा संग्रह की प्रक्रिया परंपरागत कागज-आधारित विधियों के स्थान पर सुरक्षित मोबाइल एप्लीकेशन एवं डिजिटल प्लेटफॉर्म के माध्यम से संपन्न की जाएगी।



लकेश चंदेल
अध्यापक, घुमारवीं, बिलासपुर

नागरिकों को स्व-गणना पोर्टल के माध्यम से अपने परिवार से संबंधित जानकारी ऑनलाइन प्रस्तुत करने का विकल्प दिया जाएगा। इस बार जनगणना का प्रतीक प्रगति और विकास नामक शुभंकर जनगणना 2027 के जनसंचार प्रतीकों के रूप में कार्य करेंगे जो नागरिकों के अनुकूल तरीके से जनगणना के बारे में जानकारी प्रसारित करने में मदद करेंगे।

सटीक डेटा के बिना किसी भी क्षेत्र के विकास का अनुमान नहीं लगाया जा सकता। जनगणना यह बताती है कि देश में कितने युवा, बच्चे, और बुजुर्ग हैं जिससे उसी अनुसार स्कूल, अस्पताल और रोजगार के अवसर पैदा करने में मदद मिलती है इसके माध्यम से गरीबी, बेरोजगारी, साक्षरता दर और आवास की स्थिति का सही आकलन होता है, जिससे सरकार पिछड़े और वंचित वर्गों के उत्थान के लिए योजनाएं बना पाती है। भारत में पहली बार जनगणना 1872 में लॉर्ड मेयो के कार्यकाल में कराई गई थी। हालांकि यह पूरे देश में एक साथ नहीं हुई थी। प्रथम नियमित और समकालिक जनगणना लॉर्ड रिपन के समय में सन 1881 में पहली बार संपूर्ण भारत में एक साथ की गई। इसके बाद से हर 10 साल के अंतराल पर जनगणना की परंपरा शुरू हुई। जनगणना देश की जनसंख्या, सामाजिक-आर्थिक स्थिति और जनसांख्यिकीय डेटा एकत्र करने की एक महत्वपूर्ण प्रक्रिया है।




जनगणना किसी देश या देश के एक सुपरिभाषित हिस्से के सभी व्यक्तियों के एक विशिष्ट समय पर जनसांख्यिकीय, आर्थिक और सामाजिक डेटा एकत्र करने व उसके संकलन, विश्लेषण और प्रसारित करने की प्रक्रिया है। प्रारंभिक साहित्य ऋग्वेद से पता चलता है कि भारत में 800-600 ईसा पूर्व के दौरान एक प्रकार की जनसंख्या गणना को बनाए रखा गया था। तीसरी शताब्दी ईसा पूर्व कौटिल्य द्वारा लिखे गए अर्थशास्त्र ने कराधान हेतु राज्य की नीति बनाने के एक उपाय के रूप में जनसंख्या के आंकड़ों का संग्रहण निर्धारित किया।

मुगल बादशाह अकबर के शासन काल में प्रशासनिक रिपोर्ट 'आइन-ए-अकबरी' में जनसंख्या उद्योग, धन और कई अन्य विशेषताओं से संबंधित व्यापक आंकड़े भी शामिल थे ।जनगणना 2021 को कोविड-19 महामारी के प्रकोप के कारण स्थगित कर दिया गया था। हालांकि यह पहली डिजिटल जनगणना होगी जिसमें स्व-गणना का भी प्रावधान होगा। आजादी के बाद पहली बार व्यापक मोबाइल ऐप-आधारित डेटा संग्रह और ऑनलाइन स्व-गणना सुविधाओं की शुरुआत हो रही है जो भारत के इतिहास में सबसे महत्वाकांक्षी जनसांख्यिकीय कार्यक्रम की नुमाइंदगी करता है। 2027 की जनगणना न केवल बड़े पैमाने पर जनसंख्या अभ्यास के लिए नए वैश्विक मानक स्थापित करेगी बल्कि समावेशी शासन और साक्ष्य-आधारित नीति निर्माण के लिए आधारशिला का भी काम करेगी।

कुल मिलाकर, भारतीय जनगणना विश्व का सबसे बड़ा प्रशासनिक कार्य है। यह 2026-27 में दो चरणों में होगी। इसके आंकड़े विकास योजनाओं के लिए आवश्यक हैं। सभी नागरिकों को सही जानकारी देकर पूर्ण सहयोग करना चाहिए, ताकि सटीक आंकड़े प्राप्त हों और देश के विकास को सही दिशा मिल सके।

**( ये लेखक के निजी विचार हैं )**

# सांस्कृतिक और पारिवारिक मूल्यों के संरक्षण में वृद्धजनों की भूमिका

हर वर्ष की भांति इस बार भी 15 जून को विश्व वृद्धजन दुर्व्यवहार जागरूकता दिवस मनाया गया। इस दिवस का उद्देश्य बुजुर्गों के प्रति होने वाले शारीरिक, मानसिक, आर्थिक और सामाजिक दुर्व्यवहार के प्रति लोगों को जागरूक करना तथा उनके अधिकारों और सम्मान की रक्षा सुनिश्चित करना रहा। यह दिवस हमें याद दिलाता है कि जिन बुजुर्गों ने अपने जीवनभर परिवार, समाज और राष्ट्र के निर्माण में महत्वपूर्ण योगदान दिया है, उन्हें जीवन के अंतिम पड़ाव में उपेक्षा या शोषण का सामना नहीं करना चाहिए।



प्रो. मनोज डोगरा
राजकीय महाविद्यालय,बड़सर

आज विश्व की जनसंख्या तेजी से वृद्धावस्था की ओर बढ़ रही है। चिकित्सा सुविधाओं में सुधार और जीवन प्रत्याशा बढ़ने के कारण बुजुर्गों की संख्या लगातार बढ़ रही है। भारत में भी 60 वर्ष से अधिक आयु के नागरिकों की संख्या करोड़ों में पहुंच चुकी है। ऐसे में उनकी सुरक्षा और सम्मान सुनिश्चित करना समाज और सरकार दोनों की जिम्मेदारी है। वृद्धजन दुर्व्यवहार का अर्थ है बुजुर्गों के साथ ऐसा व्यवहार जो उनके सम्मान, स्वास्थ्य, सुरक्षा या अधिकारों को नुकसान पहुंचाए। यह शारीरिक हिंसा, मानसिक प्रताड़ना, आर्थिक शोषण, उपेक्षा या सामाजिक अलगाव के रूप में सामने आ सकता है।

कई बार बुजुर्गों को अपमान, उपेक्षा और निर्णयों से दूर रखा जाता है, जिससे वे मानसिक रूप से टूट जाते हैं। संयुक्त राष्ट्र के अनुसार दुनियाभर में बड़ी संख्या में बुजुर्ग किसी न किसी रूप में दुर्व्यवहार का शिकार होते हैं, लेकिन अधिकांश शिकायत नहीं करते। भारत में संयुक्त परिवार व्यवस्था के कमजोर होने, शहरीकरण और व्यस्त जीवनशैली के कारण बुजुर्ग अकेलेपन और असुरक्षा का सामना कर रहे हैं। वृद्धाश्रमों की बढ़ती संख्या इस समस्या की गंभीरता को दर्शाती है। बुजुर्ग समाज की अमूल्य धरोहर हैं।



उनके पास अनुभव और जीवन ज्ञान का भंडार होता है। वे परिवार में मार्गदर्शक की भूमिका निभाते हैं और नई पीढ़ी को संस्कार व मूल्य सिखाते हैं। इसलिए उनके प्रति सम्मान और कृतज्ञता व्यक्त करना हमारा नैतिक कर्तव्य है। किसी भी सभ्य समाज की पहचान इसी से होती है कि वह अपने वरिष्ठ नागरिकों के साथ कैसा व्यवहार करता है। भारत सरकार ने वरिष्ठ नागरिकों के कल्याण के लिए कई कदम उठाए हैं। 'माता-पिता एवं वरिष्ठ नागरिक भरण-पोषण एवं कल्याण अधिनियम, 2007' के तहत उनकी देखभाल की कानूनी जिम्मेदारी तय की गई है। इसके साथ ही पेंशन, स्वास्थ्य सेवाएं और हेल्पलाइन जैसी सुविधाएं भी उपलब्ध कराई जा रही हैं।

हालांकि केवल कानून पर्याप्त नहीं हैं। समाज में संवेदनशीलता और जागरूकता बढ़ाना भी आवश्यक है। परिवारों को चाहिए कि वे बुजुर्गों के साथ समय बिताएं, उनकी भावनाओं का सम्मान करें और उन्हें अकेला महसूस न होने दें। युवाओं का यह दायित्व है कि वे अपने घर के वरिष्ठ सदस्यों को पूरा आदर और अपनापन दें। विद्यालयों और सामाजिक संस्थाओं में भी वृद्धजन अधिकारों पर जागरूकता कार्यक्रम आयोजित होने चाहिए। बुजुर्गों के लिए स्वास्थ्य शिविर, मनोरंजन और सहायता सेवाएं भी बढ़ाई जानी चाहिए। इससे वे स्वयं को उपयोगी और सम्मानित महसूस करेंगे।

वृद्धजन दुर्व्यवहार जागरूकता दिवस केवल एक औपचारिक दिवस नहीं, बल्कि आत्ममंथन का अवसर है। यह हमें सिखाता है कि बुजुर्ग बोझ नहीं, बल्कि समाज की शक्ति हैं। उनके अनुभवों से समाज मजबूत बनता है।

आइए, हम सभी यह संकल्प लें कि अपने घर और समाज के प्रत्येक बुजुर्ग को सम्मान, सुरक्षा और स्नेह प्रदान करेंगे तथा ऐसा वातावरण बनाएंगे जहां हर वरिष्ठ नागरिक गरिमा के साथ जीवन जी सके।

**( ये लेखक के निजी विचार हैं )**

# बाबा जलाधारी मंदिर क्यारंवा आस्था, रहस्य और चमत्कार की दिव्य भूमि

हिमाचल प्रदेश की देवभूमि आज भी अपनी पुरातन संस्कृति, सभ्यता और परंपराओं को अक्षुण्ण रखने में अग्रसर है। इस पावन धरा के किसी न किसी कोने में अद्भुत दैवीय चमत्कारों की अनुभूति और कथाएं आज भी सुनने को मिलती हैं। यहां के लोगों में देवी-देवताओं के प्रति अगाध आस्था कूट-कूटकर भरी हुई है। हिमाचल प्रदेश में अनेक धार्मिक स्थल हैं, जहां आस्था, श्रद्धा, रहस्य और लोककथाओं का अद्भुत संगम देखने को मिलता है, जो आज भी प्रत्येक जनमानस के हृदय में विद्यमान हैं। जिला कांगड़ा के उपमंडल पालमपुर के अंतर्गत सुलह विधानसभा क्षेत्र भी उन्हीं पवित्र स्थलों में विशेष स्थान रखता है।



तुलसी राम डोगरा
स्वतंत्र लेखक, पालमपुर

सुलह में अनेक धार्मिक स्थल स्थित हैं, जो किसी न किसी पौराणिक किंवदंतियों और रहस्यों से जुड़े हुए हैं। सुलह वही क्षेत्र है, जो 90 के दशक में अपने प्राकृतिक जल स्रोतों और रोग निवारक जल के कारण देश-विदेश के मानचित्र पर उभर कर सामने आया था। स्थानीय लोग सुलह को गंगोत्री की संज्ञा भी देते हैं। सुलह क्षेत्र के अंतर्गत क्यारंवा कस्बे में स्थित ऐतिहासिक एवं पुरातन बाबा जलाधारी मंदिर स्थानीय लोगों की आस्था, श्रद्धा और विश्वास का प्रमुख केंद्र है। इस मंदिर का अद्भुत दृश्य सभी आगंतुकों को अपनी ओर आकर्षित कर लेता है। वर्षभर इस मंदिर में श्रद्धालुओं का तांता लगा रहता है। जनश्रुति के अनुसार, क्यारंवा स्थल पर बाबा दूधाधारी भोलेनाथ के रूप में साक्षात प्रकट हुए थे, जिसका प्रमाण एक विशाल पुरातन गुफा के रूप में आज भी विद्यमान है।

कहा जाता है कि क्यारंवा गांव में श्यामू नामक एक युवक रहता था, जो बांसुरी बजाने में अत्यंत निपुण था। उसकी मधुर बांसुरी की धुन सुनकर हर कोई मोहित हो जाता था। एक बार वह अपनी गायों को चरा रहा था कि उसकी नजर एक 'सैहल' नामक जंगली जीव पर पड़ी और वह उसकी धुन में उसके पीछे-पीछे चल पड़ा। वह जीव एक गुफा में प्रवेश कर गया और श्यामू भी उसके पीछे चला गया। इसके बाद श्यामू वापस नहीं लौटा। गांव के लोग उसे मृत मानकर उसके अंतिम संस्कार की सभी रस्में पूरी कर चुके थे। लगभग चार वर्ष बाद, जब उसके चतुर्थ श्राद्ध की तैयारी चल रही थी, तभी पहाड़ी से बांसुरी की वही मधुर धुन सुनाई दी। लोग उस ध्वनि की ओर बढ़े तो उन्होंने श्यामू को एक तपस्वी साधु के रूप में देखा। श्यामू ने बताया कि वह गुफा में एक महात्मा के सान्निध्य में रहा और वहां दिव्य अनुभव प्राप्त किए। उसने बताया कि महात्मा ने उसे एक विभूति दी, जिससे उसकी भूख-प्यास समाप्त हो गई। गुफा में उसे दिव्य वातावरण, पशु-पक्षियों की सेवा और अद्भुत शांति का अनुभव हुआ। महात्मा ने उसे वरदान दिया कि जिस स्थान से वह आया है, वहां वे शिवलिंग रूप में प्रकट होंगे और उनके ऊपर दूध की धारा प्रवाहित होगी तथा नंदी भी उनके साथ विद्यमान रहेंगे। जो भी श्रद्धापूर्वक दर्शन करेगा, उसकी सभी मनोकामनाएं पूर्ण होंगी।



जब श्यामू वापस लौटा तो उसकी अंधी मां उसके आगमन पर भावविभोर हो उठी। एक अद्भुत चमत्कार हुआ और मां की दृष्टि पुन: लौट आई। यह दृश्य पूरे गांव के लिए आश्चर्य और आस्था का प्रतीक बन गया। एक अन्य किंवदंती के अनुसार, एक राहगीर ने लालचवश उस दूध की धारा से खीर बनाई, जिसके बाद वह धारा जल में परिवर्तित हो गई। तभी से यह स्थान दूधाधारी से जलाधारी के नाम से प्रसिद्ध हो गया। बाबा जलाधारी मंदिर क्यारंवा क्षेत्र की आस्था का प्रमुख केंद्र है। विशेषकर सावन माह के प्रत्येक सोमवार को यहां भक्तों का सैलाब उमड़ पड़ता है। दूर-दूर से श्रद्धालु यहां आकर लंबी कतारों में दर्शन करते हैं। मान्यता है कि बाबा जलाधारी सच्चे मन से मांगी गई हर मनोकामना पूर्ण करते हैं।

**( ये लेखक के निजी विचार हैं )**

**अनंत ज्ञान**

प्रकाशक, मुद्रक एवं संपादक डॉ. दिलीप धाकड़ द्वारा फोकस हिमाचल मीडिया प्रा. लि. के लिए बायोसर्ट इंटरनेशनल प्रा. लि. प्लॉट नंबर 8, फेज-2 इंडस्ट्रियल एरिया, नगरोटा बगवां, जिला कांगड़ा (हि.प्र.), पिन नंबर-176047 से मुद्रित एवं प्रकाशित। समस्त समाचारों के चयन एवं संपादन के लिए पीआरबी एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी तथा इनसे उत्पन्न समस्त विवाद धर्मशाला न्यायालय के अधीन होंगे।

आरएनआई संदर्भ संख्या-HPHIN/25/A0284
**ई-मेल :** anantgyaanmedia@gmail.com
फोन नंबर : 01892-299098

## मॉडल से कम नहीं प्रिया पुनिया

**नई दिल्ली।** भारतीय महिला क्रिकेटर प्रिया पुनिया दुनिया की सबसे खूबसूरत महिला क्रिकेटर में से एक है। वह इंस्टाग्राम पर काफी एक्टिव रहती हैं और अपनी फोटोज पोस्ट करती हैं। वह मॉडल की तरह दिखाई देती हैं। प्रिया को 5 लाख से ज्यादा लोग इंस्टाग्राम पर फॉलो करते हैं।



### अफगानिस्तान के खिलाफ दूसरे वनडे में कुलदीप-जायसवाल को मिल सकता है मौका

# भारत-अफगानिस्तान आज होंगे आमने-सामने

**एजेंसी, लखनऊ**

भारतीय टीम प्रबंधन अगले साल होने वाले वनडे विश्व कप को ध्यान में रखते हुए विभिन्न संयोजनों को आजमाना चाहता है, इसलिए अफगानिस्तान के खिलाफ बुधवार को होने वाले दूसरे एकदिवसीय अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट मैच में कुलदीप यादव और यशस्वी जायसवाल को खेलने का मौका मिल सकता है। भारत ने धर्मशाला में बारिश से प्रभावित मैच में आसान जीत दर्ज करके तीन मैचों की सीरीज में 1-0 से बढ़त बना रखी है और दूसरे मैच में जीत हासिल करने पर उसे अजेय बढ़त मिल जाएगी। भारतीय टीम हालांकि इससे कहीं आगे की सोच रही है। भारत को विश्व कप पहले से पहले लगभग दो दर्जन मैच खेलने हैं और टीम प्रबंधन पहले ही स्पष्ट कर चुका है कि वह विभिन्न संयोजनों को आजमाएगा। अफगानिस्तान के खिलाफ मौजूदा सीरीज इस दृष्टि से काफी महत्वपूर्ण है। भारतीय कप्तान शुभमन गिल ने पहले मैच से पहले कहा, ''हमारा सारा ध्यान अलग-अलग संयोजन आजमाने और यह देखने पर है कि हमारे लिए वास्तव में क्या कारगर साबित होगा।'' कुलदीप की हाल की फॉर्म अच्छी नहीं रही है, लेकिन उनके अनुभव को देखते हुए उन्हें मौका दिया जा सकता है, क्योंकि वह बीच के ओवरों में खेल पर नियंत्रण बनाए रखने में अहम भूमिका निभाते हैं। बाएं हाथ का यह स्पिनर दक्षिण अफ्रीका और न्यूजीलैंड के खिलाफ घरेलू सीरीज में नियमित रूप से खेला, लेकिन उसके बाद से उनके फॉर्म में गिरावट आई है।

मुख्य कोच गौतम गंभीर बहुमुखी प्रतिभा वाले क्रिकेटरों को प्राथमिकता देते हैं। वह ऑलराउंडर की बल्लेबाजी क्षमता पर ज्यादा ध्यान दे रहे हैं और ऐसे में स्पिन ऑलराउंडर वाशिंगटन सुंदर का टीम में होना निश्चित हो जाता है। इसका मतलब है कि पिछले मैच में अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में पदार्पण करने वाले हर्ष दुबे की जगह कुलदीप को मौका मिल सकता है। दुबे ने पिछले मैच में तीन विकेट लिए थे। भारतीय गेंदबाजों ने पहले मैच में अनुशासित प्रदर्शन किया था और वह इसे जारी रखने के लिए प्रतिबद्ध होंगे। तेज गेंदबाजी विभाग में पदार्पण करने वाले एक और खिलाड़ी गुरनूर बराड़ ने प्रभावित किया और उन्हें संभवत: एक और मैच खेलने का मौका दिया जाएगा। आईपीएल में शानदार प्रदर्शन करने वाले प्रिंस यादव को ऐसे में अपनी बारी के लिए इंतजार करना होगा। जहां तक अफगानिस्तान का सवाल है तो उसके बल्लेबाजों को सामूहिक रूप से अच्छा प्रदर्शन करना होगा। पहले वनडे में सलामी बल्लेबाज रहमानुल्लाह गुरबाज ने आक्रामक शतक लगाया लेकिन उन्हें दूसरे छोर से खास सहयोग नहीं मिला। स्पिन गेंदबाजी अफगानिस्तान की सबसे बड़ी ताकत है, लेकिन राशिद खान, एएम गजनफर और मोहम्मद नबी की तिकड़ी धर्मशाला में भारतीय बल्लेबाजों को खास परेशानी में नहीं डाल पाई। लखनऊ की पिच उनके लिए अधिक अनुकूल हो सकती है। (अनंत ज्ञान)



**मैच : शाम 1.30 बजे से**

**संभावित टीमें**

**भारत:** शुभमन गिल (कप्तान), यशस्वी जयसवाल, केएल राहुल, कुलदीप यादव, नितीश कुमार रेड्डी, प्रसिद्ध कृष्णा, श्रेयस अय्यर, रोहित शर्मा, हार्दिक पांड्या, वॉशिंगटन सुंदर, हर्ष दुबे, इशान किशन, अर्शदीप सिंह, गुरनूर बराड़, प्रिंस यादव।

**अफगानिस्तान:** हशमतुल्लाह शाहिदी (कप्तान), सेदिकुल्लाह अटल, रहमानुल्लाह गुरबाज (विकेटकीपर), इकराम अलिखिल (विकेटकीपर), अजमतुल्लाह उमरजई, बिलाल सामी, नांगेयालिया खरोती, फरीद अहमद मलिक, एएम गजनफर, मोहम्मद नबी, राशिद खान, दरविश रसूली, इब्राहिम जादरान, जिया उर रहमान शरीफी।

## अंजुम बोलीं- कोई ऑलराउंडर नहीं कर सकता दीप्ति शर्मा के प्रभाव की बराबरी

**एजेंसी, नई दिल्ली**

भारत की पूर्व कप्तान अंजुम चोपड़ा ने भारतीय क्रिकेट पर ऑलराउंडर दीप्ति शर्मा के प्रभाव की जमकर तारीफ करते हुए कहा कि दुनिया में बहुत कम ऐसे क्रिकेटर हैं जिनमें बल्लेबाजी, गेंदबाजी, फील्डिंग या इन तीनों के संयोजन से खेल को प्रभावित करने की क्षमता होती है।



दीप्ति ने बर्मिंघम में पाकिस्तान के खिलाफ खेले गए महिला टी20 विश्व कप के मैच में मैच विजेता प्रदर्शन किया। उन्होंने पांच विकेट लेकर भारत को अपने पहले मैच में 64 रन से जीत दिलाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।


अंजुम ने पीटीआई से कहा, ''मुझे कोई ऐसा ऑलराउंडर याद नहीं है जिसने भारत के लिए खेलते हुए इतना प्रभाव डाला हो। हमारे पास ऑलराउंडर रहे हैं, लेकिन जब लगातार प्रभाव डालने की बात आती है, तो मुझे लगता है कि दीप्ति शर्मा न केवल भारत में बल्कि विश्व क्रिकेट में उन कुछेक खिलाड़ियों में से एक हैं जो किसी भी टीम की तरफ से खेलते हुए अहम योगदान दे सकती हैं।''

उन्होंने कहा, ''इसमें कोई संदेह नहीं कि वह भारत की सर्वश्रेष्ठ ऑलराउंडर में शामिल है। उसे बड़े मंच पर प्रदर्शन करना पसंद है। केवल दीप्ति ही नहीं मौजूदा भारतीय टीम में कुछ और क्रिकेटर भी हैं जो सुर्खियों में रहना पसंद करते हैं। यही बात इस टीम को खास बनाती है क्योंकि उन्हें दबाव वाले मैचों में अपना खास प्रभाव छोड़ना पसंद है।'' अंजुम ने कहा कि मौजूदा विश्व कप में भारत की संभावनाएं काफी हद तक स्टार बल्लेबाज स्मृति मंधाना पर निर्भर करेंगी।

उन्होंने कहा, वह एक स्टार खिलाड़ी हैं। वह स्टाइलिश बल्लेबाज हैं और लगातार रन बनाकर भारत को मैच जिताने में मदद करती हैं। मैंने हमेशा स्मृति को एक कुशल बल्लेबाज के रूप में देखा है।'' अंजुम ने कहा, ''मैं उन्हें भारत के लिए खेलने वाली अब तक की सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी तो नहीं कहूंगी, लेकिन वह निश्चित रूप से बहुत अच्छी बल्लेबाज हैं। वह लगातार रन बनाती रहती हैं और इसी वजह से उन्होंने कई बार आईसीसी क्रिकेटर ऑफ द ईयर का पुरस्कार जीता है।'' (अनंत ज्ञान)

## फीफा विश्व कप: ईरान-न्यूजीलैंड के बीच रोमांचक मुकाबला बराबरी पर समाप्त

**एजेंसी, लॉस एंजिल्स**



फीफा विश्व कप 2026 के ग्रुप-जी के पहले मुकाबले में मंगलवार को ईरान और न्यूजीलैंड के बीच रोमांचक मुकाबला 2-2 से बराबरी पर समाप्त हुआ। पूरे मैच में दोनों टीमों ने तेज और आक्रामक खेल दिखाया और अंतिम क्षण तक जीत के लिए संघर्ष किया। न्यूजीलैंड ने मुकाबले की शानदार शुरुआत करते हुए सातवें मिनट में ए. जस्ट के गोल की मदद से बढ़त बना ली। शुरुआती झटके के बाद ईरान ने खेल में वापसी की और 32वें मिनट में आर रेजाइयान ने गोल कर स्कोर 1-1 से बराबर कर दिया। पहले हाफ में दोनों टीमों को कई मौके मिले, लेकिन कोई भी टीम बढ़त नहीं बना सकी। दूसरे हाफ में न्यूजीलैंड ने फिर दबाव बनाया और 54वें मिनट में ए जस्ट ने अपना दूसरा गोल कर टीम को 2-1 से आगे कर दिया। हालांकि, ईरान ने हार नहीं मानी और 64वें मिनट में एम मोहेबी ने गोल कर मुकाबले को फिर बराबरी पर ला दिया। इसके बाद दोनों टीमों ने निर्णायक गोल के लिए लगातार प्रयास किए, लेकिन कोई सफलता नहीं मिली और मुकाबला 2-2 की बराबरी पर समाप्त हुआ। इस परिणाम के बाद ग्रुप-जी पूरी तरह खुला हुआ नजर आ रहा है। शुरुआती दौर के बाद ईरान, न्यूजीलैंड, बेल्जियम और मिस्र सभी समान अंकों के साथ आगे बढ़ रहे हैं। (अनंत ज्ञान)

## स्वीडन से 5-1 की हार के बाद ट्यूनीशिया ने कोच बदला

**फीफा विश्व कप**

**एजेंसी, लॉस एंजिल्स।** ट्यूनीशिया फुटबॉल महासंघ ने फीफा विश्व कप में स्वीडन के खिलाफ 5-1 की करारी हार के बाद मुख्य कोच सबरी लामूशी को पद से हटा दिया है। उनकी जगह फ्रांस के अनुभवी कोच एर्वे रेनार्ड को राष्ट्रीय टीम की जिम्मेदारी सौंपी गई है। इस फैसले की आधिकारिक घोषणा सोमवार को ट्यूनीशिया के राष्ट्रीय प्रसारण माध्यम के जरिए की गई। ट्यूनीशिया फुटबॉल महासंघ के अध्यक्ष मोएज नस्सारी ने बताया कि एर्वे रेनार्ड के साथ आधिकारिक समझौता हो गया है और वह वर्ष 2026 विश्व कप के अंत तक टीम के मुख्य कोच बने रहेंगे। रेनार्ड अंतरराष्ट्रीय फुटबॉल में अपने अनुभव और बड़े टूर्नामेंटों में शानदार रणनीति के लिए जाने जाते हैं। उन्होंने वर्ष 2022 के विश्व कप में सऊदी अरब को प्रशिक्षित करते हुए उस समय की सबसे चौंकाने वाली उलटफेर वाली जीत दिलाई थी, जब उनकी टीम ने बाद में विश्व विजेता बनी अर्जेंटीना को हराया था। इसके बाद वह फ्रांस की महिला फुटबॉल टीम के कोच भी रहे। पूर्व फ्रांसीसी अंतरराष्ट्रीय खिलाड़ी सबरी लामूशी ने इसी वर्ष जनवरी में ट्यूनीशिया टीम की कमान संभाली थी, लेकिन विश्व कप में निराशाजनक शुरुआत के बाद उनका कार्यकाल जल्द समाप्त हो गया। स्वीडन के खिलाफ भारी हार के बाद अब ट्यूनीशिया के लिए नॉकआउट चरण में पहुंचने की राह कठिन हो गई है। टीम अपना अगला मुकाबला शनिवार को ग्रुप-एफ में जापान के खिलाफ खेलेगी। (अनंत ज्ञान)

## जापान को 2-1 से हराकर भारत नेशंस कप के सेमीफाइनल में

**एजेंसी, ऑकलैंड**



कप्तान सलीमा टेटे और लालरेम्सियामी के गोल की मदद से भारतीय महिला हॉकी टीम ने मंगलवार को यहां जापान को 2-1 से हराकर एफआईएच नेशंस कप के सेमीफाइनल में अपनी जगह पक्की कर ली। यह टूर्नामेंट में भारत की दूसरी जीत थी। उसने अपने पहले मैच में अमेरिका को हराया था। इस टूर्नामेंट की विजेता टीम अगले सत्र में एफआईएच प्रो लीग में खेलेगी। भारत पिछले सत्र में इस टूर्नामेंट से बाहर हो गया था।

भारत के लगातार दूसरी जीत से छह अंक हो गए हैं और उसने अंतिम चार में अपनी जगह सुनिश्चित कर ली है। भारत ने तीसरे क्वार्टर में स्कोरिंग की शुरुआत की, जब फॉरवर्ड खिलाड़ियों ने लगातार दबाव बनाने के बाद सलीमा टेटे ने 33वें मिनट में गोल दागा। भारत की बढ़त हालांकि ज्यादा देर तक नहीं रही और जापान ने इसके दो मिनट बाद ही ए हिरमित्सु के गोल से स्कोर बराबर कर दिया। लालरेम्सियामी ने हालांकि 49वें मिनट में गोल दागा जो आखिर में निर्णायक साबित हुआ। जापान ने अंतिम क्षणों में आक्रामक खेल दिखाया लेकिन भारत ने उसके हमलों को नाकाम करते हुए जीत हासिल की। यह मैच मिडफील्डर ज्योति के लिए भी एक यादगार अवसर था, जिन्होंने सीनियर स्तर पर अपना 100वां अंतरराष्ट्रीय मैच खेला।

पहले हाफ में काफी करीबी मुकाबला रहा, जिसमें दोनों टीमों ने मौके बनाए लेकिन मध्यांतर से पहले कोई भी गोल करने में असफल रही। तीसरे क्वार्टर में ही तब जान आ गई जब भारत ने 33वें मिनट में पेनल्टी कॉर्नर पर गोल करके बढ़त हासिल की। निक्की प्रधान ने नवनीत कौर के शॉट को बड़ी कुशलता से सलीमा की ओर मोड़ दिया, जिन्होंने सहजता से गेंद को गोल में डाल दिया। जापान ने तुरंत ही पलटवार किया और 35वें मिनट में हिरमित्सु ने पेनल्टी कॉर्नर को गोल में बदलकर स्कोर बराबर कर दिया। लालरेम्सियामी ने अंतिम क्वार्टर में निर्णायक गोल दागा। सुशीला चानू ने सर्कल के किनारे से सटीक पास दिया और लालरेम्सियामी ने बड़ी कुशलता से गेंद को नेट में डालकर भारत को महत्वपूर्ण जीत दिलाई। भारत पूल ए के अपने आखिरी मैच में उरुग्वे का सामना करेगा, जबकि जापान और अमेरिका इस ग्रुप से सेमीफाइनल में जगह बनाने के लिए आपस में भिड़ेंगे। (अनंत ज्ञान)

## स्पोर्ट्स विंडो

### 100 सबसे प्रभावशाली खिलाड़ियों की सूची में स्मृति मंधाना एकमात्र भारतीय

**एजेंसी, न्यूयॉर्क।** भारतीय महिला क्रिकेट टीम की उप कप्तान स्मृति मंधाना को टाइम पत्रिका ने इस वर्ष खेल जगत के 100 सबसे प्रभावशाली व्यक्तियों में शामिल किया है। वह इस सूची में शामिल होने वाली एकमात्र भारतीय हैं। टाइम पत्रिका की 2026 की खेल जगत के 100 सबसे प्रभावशाली व्यक्तियों की सूची में ऐसे खिलाड़ी, कोच, समर्थक और निवेशक शामिल हैं जिन्होंने खेलों में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। इस सूची में अमेरिकी बास्केटबॉल के दिग्गज लेब्रॉन जेम्स, फुटबॉल स्टार लियोनेल मेस्सी, क्रिस्टियानो रोनाल्डो, चीनी-अमेरिकी स्कीयर एलीन गु, टेनिस स्टार कार्लोस अल्काराज, बास्केटबॉल खिलाड़ी विक्टर वेम्बन्यामा, दिग्गज गोल्फर रोरी मैकलॉय, दक्षिण अफ्रीकी क्रिकेट कप्तान तेम्बा बावुमा जैसे खेल जगत के सुपरस्टार शामिल हैं। भारतीय महिला राष्ट्रीय टीम की उप-कप्तान 29 वर्षीय मंधाना इस विशिष्ट क्लब का हिस्सा हैं। टाइम पत्रिका में मंधाना के बारे में कहा गया है, ''मंधाना घरेलू एकदिवसीय मैच में दोहरा शतक बनाने वाली पहली भारतीय महिला खिलाड़ी हैं, वह तीनों अंतरराष्ट्रीय प्रारूपों में शतक बनाने वाली पहली महिला खिलाड़ी हैं और 17 शतकों के साथ अंतरराष्ट्रीय महिला क्रिकेट में सबसे अधिक शतक की संयुक्त रिकॉर्ड धारक हैं।'' (अनंत ज्ञान)



### चोटिल युद्धवीर की जगह अशोक शर्मा भारत ए टीम में शामिल

**एजेंसी, दांबुला।** तेज गेंदबाज अशोक शर्मा को श्रीलंका में चल रही त्रिकोणीय सीरीज के लिए चोटिल युद्धवीर सिंह की जगह भारतीय टीम में शामिल किया गया है। अशोक ने आईपीएल में गुजरात टाइटन्स की तरफ से खेलते हुए अपनी तेज गति से सभी को प्रभावित किया था। भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) ने बयान में कहा, ''युद्धवीर सिंह ने 13 जून को गेंदबाजी करते समय दाहिने कंधे में तकलीफ की शिकायत की थी और 11 जून को अभ्यास सत्र के दौरान भी उन्हें इसी तरह का दर्द महसूस हुआ था।'' बयान में कहा गया है, ''बीसीसीआई की मेडिकल टीम ने एक विशेषज्ञ से परामर्श करने के बाद सिफारिश की है कि युद्धवीर को चोट से पूरी तरह से उबरने के लिए बीसीसीआई सेंटर ऑफ एक्सीलेंस (सीओई) में रिहैबिलिटेशन से गुजरना चाहिए।'' भारत ए को त्रिकोणीय श्रृंखला में अभी तक अपनी दोनों मैच में हार का सामना करना पड़ा है। (अनंत ज्ञान)



## लोकसभा अध्यक्ष ने लोकतंत्र में ज्यादा से ज्यादा जनभागीदारी पर दिया जोर

**एजेंसी, नई दिल्ली**

लोकसभा के अध्यक्ष ओम बिरला ने मंगलवार को लोकतंत्र में ज्यादा से ज्यादा जनभागीदारी की अहमियत पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि विकसित भारत 2047 का निर्माण युवाओं की ऊर्जा, नवाचार, नेतृत्व क्षमता और कर्तव्यबोध से संभव होगा।



बिरला ने संसद भवन परिसर में संविधान सदन के सेंट्रल हॉल में राष्ट्रीय स्तर पर 'विकसित भारत युवा संसद 2026' के प्रतिभागियों को संबोधित करते हुए यह बात कही। लोकसभा अध्यक्ष ने कहा कि विविध संस्कृतियों और अलग-अलग भौगोलिक परिस्थितियों वाली दुनिया की सबसे बड़ी आबादी होने के बावजूद आज़ादी के बाद देश बढ़ती जन-भागीदारी के साथ दुनिया के सबसे बड़े लोकतंत्र के रूप में उभरा है। उन्होंने कहा कि लोकतंत्र देश की कार्य-संस्कृति और सोच का अहम हिस्सा रहा है। लोकसभा अध्यक्ष ने कहा कि देश का भविष्य संवारने और विकसित भारत का लक्ष्य हासिल करने के लिए लोकतंत्र में सक्रिय और समावेशी भागीदारी जरूरी है। इससे पहले उन्होंने राष्ट्रीय स्तर पर 'विकसित भारत युवा संसद 2026' का उद्घाटन किया। इस अवसर पर केंद्रीय युवा एवं खेल मंत्री डॉ. मनसुख मांडविया भी उपस्थित रहे। 'विकसित भारत युवा संसद' का आयोजन हर साल भारत सरकार के युवा मामले और खेल मंत्रालय की ओर से किया जाता है। यह प्रमुख पहल देशभर के युवाओं को लोकतांत्रिक प्रक्रियाओं, नीतिगत चर्चाओं और संसदीय कार्यवाही में शामिल होने का एक अनूठा मंच प्रदान करती है, जिससे 'विकसित भारत 2047' की यात्रा में उनकी भूमिका मजबूत होती है। (अनंत ज्ञान)

## 80 के हुए ट्रंप, फिर भी दुनिया के सबसे उम्रदराज नेता नहीं

**एजेंसी, वॉशिंगटन।** अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप 16 जून को 80 वर्ष के हो गए। वह राष्ट्रपति पद पर रहते हुए 80 की उम्र तक पहुंचने वाले अमेरिका के दूसरे नेता हैं। इससे पहले जो बाइडेन ने नवंबर 2022 में अपना 80वां जन्मदिन मनाया था। हालांकि, ट्रंप दुनिया के सबसे उम्रदराज नेताओं में शामिल हो गए हैं, लेकिन वे सबसे बुजुर्ग राष्ट्राध्यक्ष नहीं हैं। प्यू रिसर्च सेंटर की रिपोर्ट के अनुसार, संयुक्त राष्ट्र के 186 देशों में 16 नेता ऐसे हैं जो ट्रंप से अधिक उम्र के हैं। रिपोर्ट में बताया गया है कि ट्रंप दुनिया के लगभग 91 प्रतिशत राष्ट्रीय नेताओं से बड़े हैं, जबकि वैश्विक नेताओं की औसत उम्र 63 वर्ष है। दुनिया के सबसे उम्रदराज मौजूदा नेता कैमरून के राष्ट्रपति पॉल बिया हैं, जिनकी उम्र 93 वर्ष है और वे 1982 से सत्ता में हैं। इसके बाद सऊदी अरब के राजा सलमान बिन अब्दुलअजीज अल सऊद हैं, जिनकी उम्र 90 वर्ष है और वे 2015 से शासन कर रहे हैं। (अनंत ज्ञान)

# ईरान को 28 लाख करोड़ देने की बात फर्जी : ट्रंप

### कहा- यह झूठ विपक्ष ने फैलाया; नेतन्याहू पर कहा- मैं न होता, तो इसराइल नहीं होता

**एजेंसी, वॉशिंगटन**

अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने ईरान को 28 लाख करोड़ रुपए देने की बात को फर्जी बताया है। उन्होंने मंगलवार को ट्रुथ सोशल पर लिखा कि यह विपक्षी पार्टी डेमोक्रेट्स की तरफ से फैलाई गई झूठी खबर है।



दरअसल, न्यूयॉर्क टाइम्स की एक रिपोर्ट में दावा किया गया था कि समझौता होने पर अमेरिका, ईरान को आर्थिक मदद के तौर पर करीब 28 लाख करोड़ रुपए का पैकेज देगा। वहीं, ट्रंप ने फ्रांस में कतर के अमीर शेख तमीम बिन हमद अल-थानी से मुलाकात में भी बताया कि अमेरिका अभी ईरान में कोई पैसा नहीं लगा रहा है। उन्होंने कहा, ईरान में कोई पैसा निवेश नहीं कर रहे हैं, लेकिन हमें भविष्य में कभी भी वहां जाकर निवेश करने का अधिकार है। साथ ही, ट्रंप ने इसराइली प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू को लेबनान मुद्दे पर ज्यादा जिम्मेदारी दिखाने की सलाह दी है। ट्रंप ने कहा, 'मैं न होता, तो इसराइल नहीं होता। किसी दूसरे अमेरिकी राष्ट्रपति ने इसराइल के लिए उतना नहीं किया, जितना मैंने किया है'। (अनंत ज्ञान)

## जी-7 समिट में शामिल होने पहुंचे पीएम मोदी, कई मद्दों पर होगी बातचीत

**प्रधानमंत्री** नरेंद्र मोदी जी-7 शिखर सम्मेलन में भाग लेने के लिए मंगलवार को फ्रांस के शहर एवियां पहुंचे। दो दिवसीय यात्रा के दौरान वह वैश्विक नेताओं के साथ विभिन्न महत्वपूर्ण अंतरराष्ट्रीय मुद्दों पर चर्चा करेंगे। एवियां पहुंचने के बाद प्रधानमंत्री मोदी ने सोशल मीडिया मंच एक्स पर कहा कि वह जी-7 शिखर सम्मेलन में भाग लेने के लिए फ्रांस के एवियां पहुंच गए हैं और विश्व नेताओं के साथ विचार-विमर्श की प्रतीक्षा कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि भारत अधिक टिकाऊ और समृद्ध विश्व के निर्माण के लिए सामूहिक प्रयासों को आगे बढ़ाने के प्रति प्रतिबद्ध है। इससे पहले प्रधानमंत्री मोदी जिनेवा पहुंचे, जहां उनकी मुलाकात स्विस राष्ट्रपति पार्मेलिन से हुई। प्रधानमंत्री ने एक्स पर एक अन्य पोस्ट में बताया कि जिनेवा हवाई अड्डे पर स्विस राष्ट्रपति पार्मेलिन से उनकी सार्थक चर्चा हुई। उल्लेखनीय है कि जी-7 शिखर सम्मेलन सोमवार से शुरू हुआ है और इसमें दुनिया की प्रमुख अर्थव्यवस्थाओं के नेताओं के साथ-साथ आमंत्रित देशों के प्रतिनिधि भाग ले रहे हैं।



**निगरानी** सीमावर्ती और रणनीतिक ठिकानों पर बढ़ाई जा रही सुरक्षा

# ड्रोन हमले की आशंका पर केंद्र सरकार अलर्ट

**एजेंसी, नई दिल्ली**



देश की सीमाओं और रणनीतिक ठिकानों पर संभावित ड्रोन हमलों की आशंका को देखते हुए केंद्र सरकार ने सुरक्षा व्यवस्था कड़ी करने के निर्देश दिए हैं। इसके तहत संवेदनशील क्षेत्रों में एंटी-ड्रोन सिस्टम की तैनाती तेज कर दी गई है।

मीडिया रिपोर्टों के अनुसार, जहाजरानी और जलमार्ग मंत्रालय के समुद्री सुरक्षा प्रभाग ने जमीन और समुद्री सीमाओं के पास स्थित महत्वपूर्ण परिसंपत्तियों को ड्रोन खतरे को लेकर अलर्ट किया है। मंत्रालय ने अपने पत्र में कहा है कि बदलते सुरक्षा हालात में इन ठिकानों की रक्षा के लिए तत्काल और प्रभावी कदम जरूरी हैं। गृह मंत्रालय ने सीमा सुरक्षा बल (बीएसएफ) के तहत एक विशेष समिति बनाई है, जो एंटी-ड्रोन तकनीकों का परीक्षण और मूल्यांकन कर रही है। पाकिस्तान सीमा से लगे पंजाब के क्षेत्रों में इन प्रणालियों की तैनाती की तैयारी भी चल रही है।

केंद्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल (सीआईएसएफ) ने भी एक विशेषज्ञ टीम गठित की है, जिसमें डीआरडीओ, आईबी, एएआई और बीएसएफ के अधिकारी शामिल हैं। यह टीम देशभर के संवेदनशील प्रतिष्ठानों का दौरा कर सुरक्षा जरूरतों का आकलन कर रही है।

रिपोर्टों के अनुसार, अंतिम निर्णय गृह मंत्रालय की मंजूरी और टीम की रिपोर्ट के बाद लिया जाएगा कि किस स्थान पर कौन-सी तकनीक लगाई जाएगी। तमिलनाडु के थूथुकुडी स्थित वीओ चिदंबरनार पोर्ट देश का पहला ऐसा बंदरगाह बन गया है जहां एंटी-ड्रोन सिस्टम लगाया गया है। यह रेडियो फ्रीक्वेंसी और रडार आधारित तकनीक से ड्रोन की पहचान कर उन्हें निष्क्रिय या जाम करने में सक्षम है।

सरकार का मानना है कि इन तकनीकों के विस्तार से देश की हवाई और समुद्री सुरक्षा मजबूत होगी और यह 'अमृत काल विजन 2047' तथा 'मैरीटाइम इंडिया विजन 2030' के तहत महत्वपूर्ण कदम है। (अनंत ज्ञान)

**पुलिस भर्ती परीक्षा**

## अभ्यर्थियों के लिए रेलवे ने चलाईं 30 से अधिक स्पेशल ट्रेनें

**एजेंसी, नई दिल्ली।** पुलिस भर्ती परीक्षा के दूसरे चरण में शामिल होने वाले अभ्यर्थियों की सुविधा के लिए पूर्व मध्य रेलवे ने 16 एवं 17 जून को 30 से अधिक परीक्षा स्पेशल ट्रेनों के संचालन की व्यवस्था की है। रेलवे के अनुसार परीक्षा केंद्रों तक अभ्यर्थियों की सुगम आवाजाही सुनिश्चित करने के उद्देश्य से विभिन्न महत्वपूर्ण रेलखंडों पर विशेष ट्रेनों का परिचालन किया जा रहा है।

रेलवे ने बताया कि इससे पहले 14 जून को आयोजित पुलिस भर्ती परीक्षा के दौरान भी अभ्यर्थियों की सुविधा के लिए कुल 19 परीक्षा स्पेशल ट्रेनें चलाई गई थीं, जिनमें दानापुर मंडल द्वारा 12 तथा समस्तीपुर मंडल द्वारा 7 विशेष ट्रेनों का संचालन किया गया था। दूसरे चरण के लिए चलाई जा रही विशेष ट्रेनों में पाटलिपुत्र-किशनगंज, पटना-नरकटियागंज, पाटलिपुत्र-अररिया, पाटलिपुत्र-नौगछिया आदि प्रमुख मार्ग शामिल हैं। (अनंत ज्ञान)

## अब छोटे गांवों में भी बिना लाइसेंस नहीं बिक सकेंगे कफ सिरप : स्वास्थ्य मंत्रालय

**एजेंसी, नई दिल्ली।** केंद्रीय स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय ने मंगलवार को दवाओं की बिक्री से जुड़े नियमों में महत्वपूर्ण संशोधन किया है। मंत्रालय ने ड्रग्स रूल्स, 1945 में बदलाव करते हुए छोटे गांवों में कफ सिरप की बिक्री पर दी गई छूट वापस ले ली है। अब छोटे गांवों में भी बिना लाइसेंस के कफ सिरप नहीं बेचा जा सकेगा। मंत्रालय की मंगलवार को जारी अधिसूचना के अनुसार पहले 1,000 से कम आबादी वाले गांवों में कफ सिरप की बिक्री के लिए कुछ लाइसेंस संबंधी प्रावधानों से छूट प्राप्त थी। अब नियमों में संशोधन कर 'सिरप' शब्द को संबंधित प्रविष्टि से हटा दिया गया है। इस बदलाव के बाद छोटे गांवों में कफ सिरप की बिक्री और वितरण केवल विधिवत लाइसेंस प्राप्त मेडिकल स्टोर या फार्मेसी के माध्यम से ही किया जा सकेगा। बिना लाइसेंस के कफ सिरप बेचना अब नियमों के तहत मान्य नहीं होगा। स्वास्थ्य मंत्रालय ने कहा कि यह कदम सिरप आधारित दवाओं की बिक्री और वितरण पर नियामकीय निगरानी को मजबूत करेगा तथा सार्वजनिक स्वास्थ्य और सुरक्षा मानकों को बेहतर बनाने के उद्देश्य से उठाया गया है। (अनंत ज्ञान)

अनंत Classifieds

**NAME CORECTION**

**I, Surindra Kumari** wife of Sh. Dev Raj R/o Village Dhanot, P.O. Adhwani Tehsil Jawalamukhi Distt. Kangra HP. Declare that my name in my aadhar card wrongly entered as Sarindra Kumari. Whereas my correct name is Surindra Kumari. All concerned please note.

# श्रीखंड महादेव यात्रा इस बार 10 से 23 जुलाई तक चलेगी, तैयारियां तेज

## श्रीखंड महादेव यात्रा ट्रस्ट की बैठक आयोजित, सुरक्षा एवं सुविधाओं पर रहेगा विशेष फोकस

अनंत ज्ञान

**जितेंद्र गुप्ता, आनी।** उत्तर भारत की सबसे कठिन एवं आस्था से जुड़ी प्रमुख धार्मिक यात्राओं में शुमार श्रीखंड महादेव कैलाश यात्रा इस वर्ष 10 जुलाई से 23 जुलाई तक आयोजित की जाएगी।

यात्रा के सफल संचालन, सुरक्षा प्रबंधों तथा श्रद्धालुओं को बेहतर सुविधाएं उपलब्ध करवाने के उद्देश्य से मंगलवार को निरमंड समिति सभागार में श्रीखंड महादेव यात्रा ट्रस्ट की बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता ट्रस्ट के अध्यक्ष एवं डीसी कुल्लू ने वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से की। बैठक में ट्रस्ट के संस्थापक सदस्य एवं हिमाचल प्रदेश मिल्कफेड के अध्यक्ष बुद्धि सिंह ठाकुर, ट्रस्ट सदस्य गोविंद प्रसाद शर्मा सहित विभिन्न विभागों के अधिकारियों ने भाग लिया। बैठक में यात्रा से जुड़ी व्यवस्थाओं, सुरक्षा उपायों, पंजीकरण प्रक्रिया, चिकित्सा सेवाओं तथा आधारभूत सुविधाओं पर विस्तार से चर्चा की गई। एसडीएम निरमंड एवं श्रीखंड महादेव यात्रा ट्रस्ट के उपाध्यक्ष डॉ. जगदीप सिंह कंवर ने बताया कि धार्मिक मान्यता के अनुसार श्रद्धालु श्रीखंड यात्रा पर रवाना होने से पहले जाओं गांव में स्थित क्षेत्र की अधिष्ठात्री माता चलाशनी के दर्शन कर उनका आशीर्वाद प्राप्त करते हैं। समय के साथ यह परंपरा कुछ हद तक उपेक्षित हो गई थी। इसे पुनर्जीवित करने के लिए प्रशासन यात्रा मार्ग पर सूचना पट्ट एवं साइन बोर्ड स्थापित करेगा।

### छह सेक्टरों में विभाजित यात्रा मार्ग

**यात्रा** मार्ग को छह सेक्टरों में विभाजित किया गया है। बागीपुल से श्रीखंड तक के मार्ग में सिंहगाड़, थाचड़ू, कुनशा, भीम डवारी तथा पार्वती बाग सहित विभिन्न स्थानों पर बेस कैंप स्थापित किए जाएंगे। प्रत्येक सेक्टर में सेक्टर मजिस्ट्रेट, पुलिस अधिकारी, पर्वतारोहण दल, जलशक्ति, वन, लोक निर्माण तथा अन्य विभागों की टीमें तैनात रहेंगी। यात्रा के दौरान स्वास्थ्य एवं आपदा प्रबंधन को विशेष प्राथमिकता दी जाएगी। इसके लिए एसडीआरएफ के 18 जवान तथा अटल बिहारी वाजपेयी पर्वतारोहण एवं संबद्ध खेल संस्थान (एबीवीआईएमएएस) के 24 प्रशिक्षित बचाव कर्मी तैनात रहेंगे। वहीं मेडिकल, राजस्व, पुलिस और वन विभाग के अधिकारियों को अलग-अलग जिम्मेदारियां सौंपी जाएंगी।

### क्षतिग्रस्त रास्तों की मरम्मत के दिए निर्देश

**जलशक्ति** विभाग को सभी पड़ावों पर पेयजल आपूर्ति सुनिश्चित करने तथा वन एवं विकास विभाग को क्षतिग्रस्त रास्तों की शीघ्र मरम्मत के निर्देश दिए गए हैं। श्रद्धालुओं की सुविधा और स्वच्छता को ध्यान में रखते हुए यात्रा मार्ग पर कुल 36 शौचालय स्थापित किए जाएंगे। सभी निजी टेंट संचालकों को अपने परिसर में शौचालय की व्यवस्था करना अनिवार्य होगा, अन्यथा कार्रवाई की जाएगी। डॉ. कंवर ने बताया कि सिंहगाड़ में प्रशासनिक कैंटीन इस बार बंद रहेगी, जिससे लगभग सात लाख रुपये की बचत होगी। श्रद्धालुओं के लिए ऑनलाइन पंजीकरण पोर्टल शीघ्र शुरू किया जाएगा, साथ ही सीमित ऑफलाइन पंजीकरण की सुविधा भी उपलब्ध रहेगी।

# सीएचसी पतलीकूहल में कोड ब्लू मॉकड्रिल का किया आयोजन

**अनंत ज्ञान, पतलीकूहल।** आपदा एवं ट्रायेज तैयारी को सुदृढ़ बनाने के उद्देश्य से सीएचसी पतलीकूहल, ब्लॉक नग्गर, जिला कुल्लू में कोड ब्लू मॉकड्रिल का सफल आयोजन किया गया। मॉकड्रिल के दौरान आपातकालीन कॉल प्राप्त होने से लेकर टीम अलर्ट, मरीज रेस्क्यू, ट्रायेज, सीएबी मूल्यांकन, सीपीआर तथा त्वरित आपातकालीन प्रतिक्रिया की पूरी प्रक्रिया का अभ्यास किया गया।

इस अभ्यास का मुख्य उद्देश्य अस्पताल की आपदा प्रबंधन क्षमता को मजबूत करना तथा विभिन्न विभागों के बीच बेहतर समन्वय स्थापित करना था। साथ ही वास्तविक आपात स्थिति में मरीजों को शीघ्र एवं प्रभावी उपचार उपलब्ध कराने की तैयारियों को परखा गया। अधिकारियों ने बताया कि ऐसे अभ्यास स्वास्थ्य सेवाओं को और अधिक सशक्त बनाते हैं तथा आपात स्थितियों में त्वरित निर्णय लेने की क्षमता को बढ़ाते हैं।

# किसानों की उपज के सुरक्षित एवं समयबद्ध विपणन को लेकर प्रशासन गंभीर : किरण

अनंत ज्ञान



डीसी ने किसानों की समस्याओं पर समाधान के दिए निर्देश।

**ब्यूरो, केलांग।** लाहौल-स्पीति जिले के विभिन्न क्षेत्रों से आए किसानों के एक प्रतिनिधिमंडल ने मंगलवार को उपायुक्त किरण भड़ाना से मुलाकात कर आगामी मानसून सीजन और वर्तमान कृषि उत्पादन अवधि के दौरान आने वाली समस्याओं को लेकर चर्चा की। किसानों ने विशेष रूप से सब्जियों, नकदी फसलों और फूलों की समय पर कटाई एवं विपणन को लेकर चिंता व्यक्त की।

प्रतिनिधिमंडल ने बताया कि पिछले वर्षों की आपदाओं और जाहलमा नाला की वर्तमान स्थिति को देखते हुए उपज को मंडियों तक समय पर पहुंचाने में बाधाएं उत्पन्न हो सकती हैं। किसानों ने मांग की कि आपदा की स्थिति में कृषि उपज के निर्बाध परिवहन के लिए पहले से मजबूत व्यवस्था सुनिश्चित की जाए। डीसी किरण भड़ाना ने किसानों को आश्वस्त किया कि जिला प्रशासन इस विषय को सर्वोच्च प्राथमिकता दे रहा है। उन्होंने कृषि एवं बागवानी विभाग को आवश्यक निर्देश जारी करते हुए कहा कि किसानों की उपज को सुरक्षित एवं समयबद्ध तरीके से बाजार तक पहुंचाने के लिए बहु-आयामी रणनीति पर कार्य किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि आपात स्थिति में लेह और काजा मार्गों सहित वैकल्पिक परिवहन मार्गों पर भी काम किया जा रहा है। लेह में कोल्ड स्टोरेज सुविधाओं के उपयोग के लिए एमओयू की प्रक्रिया जारी है। साथ ही सोलर ड्रायर जैसी तकनीकों को बढ़ावा देने और लेह-कारगिल में वैकल्पिक बाजारों की संभावनाएं तलाशने पर भी कार्य हो रहा है। बैठक में किसानों ने डीजल व पेट्रोलियम उत्पादों की पर्याप्त उपलब्धता, जाहलमा नाला एवं लिंडूर गांव के बचाव कार्य, पैदल पुल निर्माण, जोबरंग सड़क व पुल से जुड़े लंबित मुद्दों तथा ड्रेजिंग प्वाइंट से संबंधित समस्याएं भी उठाईं। उन्होंने मानसून के दौरान शून्य मलबा डंपिंग नीति को सख्ती से लागू करने की मांग की। उपायुक्त ने सभी मुद्दों को गंभीरता से सुनते हुए संबंधित विभागों को त्वरित कार्रवाई के निर्देश दिए और आश्वासन दिया कि किसानों के हितों की सुरक्षा तथा उनकी उपज के सुचारु परिवहन के लिए प्रशासन हरसंभव प्रयास करेगा। बैठक में पुलिस अधीक्षक शिवानी मेहला सहित विभिन्न विभागों के वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित रहे।

# जाहलमा नाला में पुल निर्माण कार्य को मिलेगी गति : अनुराधा

## विधायक ने लिंगर-राशेल वैकल्पिक सड़क का लिया जायजा

अनंत ज्ञान



पुल के कार्य का निरीक्षण करतीं विधायक अनुराधा। अनंत ज्ञान

**ब्यूरो, केलांग।** लाहौल-स्पीति की विधायक अनुराधा राणा ने मंगलवार को जाहलमा नाला में निर्माणाधीन पुल के प्रगति कार्यों का निरीक्षण किया। उन्होंने जोबरंग पुल एवं लिंगर-राशेल वैकल्पिक सड़क का भी जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने संबंधित विभागों के अधिकारियों को विकास कार्यों में तेजी लाने के निर्देश दिए। विधायक ने कहा कि लिंगर-राशेल वैकल्पिक सड़क मार्ग का निर्माण कार्य शीघ्र आरंभ किया जाएगा, जिससे क्षेत्र के लोगों को आवागमन की बेहतर सुविधा उपलब्ध हो सकेगी।

उन्होंने बताया कि जाहलमा नाला में निर्माणाधीन पुल क्षेत्र की महत्वपूर्ण परियोजना है तथा इसके निर्माण कार्य को और गति देने के लिए सीमा सड़क संगठन (बीआरओ) को आवश्यक निर्देश दिए गए हैं। उन्होंने कहा कि स्थानीय लोगों की मांग को ध्यान में रखते हुए वैकल्पिक पुलिया के निर्माण के लिए भी बीआरओ तथा लोक निर्माण विभाग को निर्देशित किया गया है। इस दिशा में जरूरी औपचारिकताएं पूर्ण कर कार्य शीघ्र शुरू किया जाएगा, जिससे लोगों को आवागमन में होने वाली कठिनाइयों से राहत मिल सके। अनुराधा राणा ने कहा कि जनहित से जुड़े विकास कार्यों को प्राथमिकता के आधार पर आगे बढ़ाया जा रहा है तथा क्षेत्र के लोगों की समस्याओं के समाधान के लिए वह निरंतर प्रयासरत हैं। उन्होंने भरोसा दिलाया कि सड़क एवं पुल संबंधी सभी महत्वपूर्ण परियोजनाओं को समयबद्ध ढंग से पूरा करवाने के लिए हर संभव प्रयास किए जाएंगे, ताकि क्षेत्र के विकास को नई गति मिल सके।

# लाहौल-स्पीति में वित्तीय समावेशन अभियान शुरू, पंचायतों में लगेंगे शिविर

अनंत ज्ञान

**ब्यूरो, केलांग।** जिला लाहौल-स्पीति की सभी पंचायतों में 15 जून से 15 जुलाई तक वित्तीय समावेशन-संतृप्ति अभियान चलाया जाएगा। इस अभियान का उद्देश्य प्रत्येक नागरिक तक बैंकिंग सेवाओं, सामाजिक सुरक्षा योजनाओं तथा वित्तीय साक्षरता का लाभ पहुंचाना है।

◆ 15 जुलाई तक वित्तीय समावेशन संतृप्ति अभियान

अभियान के अंतर्गत पंचायत स्तर पर विशेष शिविर आयोजित किए जाएंगे, जिनके माध्यम से ग्रामीण क्षेत्रों के लोगों को विभिन्न वित्तीय एवं सामाजिक सुरक्षा योजनाओं से जोड़ा जाएगा। इस संबंध में लीड बैंक प्रबंधक लाहौल-स्पीति सुनील कौंडल ने बताया कि अभियान के दौरान प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना, प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा योजना तथा अटल पेंशन योजना में नामांकन पर विशेष बल दिया जाएगा। इसके अतिरिक्त प्रधानमंत्री जनधन योजना के अंतर्गत नए खाते खोले जाएंगे तथा निष्क्रिय खातों को पुनः सक्रिय करने की प्रक्रिया भी की जाएगी।उन्होंने बताया कि शिविरों में बैंक खातों एवं लॉकरों में नामांकन अद्यतन करने, केवाईसी पंजीकरण, बचत एवं जनधन खातों की पुनः केवाईसी प्रक्रिया पूर्ण करने तथा डिजिटल बैंकिंग सेवाओं के उपयोग को बढ़ावा देने पर विशेष ध्यान दिया जाएगा। अभियान के दौरान नागरिकों को डिजिटल भुगतान प्रणालियों, ऑनलाइन बैंकिंग सुविधाओं तथा साइबर धोखाधड़ी से बचाव के उपायों के बारे में भी जागरूक किया जाएगा। सुनील कौंडल ने कहा कि वित्तीय समावेशन केवल बैंक खाता खोलने तक सीमित नहीं है, बल्कि प्रत्येक व्यक्ति को सुरक्षित, सुलभ और प्रभावी वित्तीय सेवाओं से जोड़ना इसका मुख्य उद्देश्य है।

उन्होंने जिले के सभी पंचायत प्रतिनिधियों, स्वयं सहायता समूहों, युवा मंडलों तथा आम नागरिकों से पंचायत स्तर पर आयोजित शिविरों में सक्रिय भागीदारी सुनिश्चित करने और उपलब्ध सुविधाओं का अधिकतम लाभ उठाने की अपील की। उन्होंने कहा कि वित्तीय समावेशन, वित्तीय सुरक्षा तथा सामाजिक सुरक्षा योजनाओं का लाभ समाज के अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाना अभियान का प्रमुख लक्ष्य है तथा इसके माध्यम से जिले में समावेशी एवं सशक्त वित्तीय व्यवस्था को और अधिक मजबूत बनाया जाएगा।

# नगर पंचायत समिति में भाजपा ने मारी बाजी, आखिरी पल में पलटा पूरा खेल

अनंत ज्ञान

**एम बोकटापा, मनाली।** मनाली। दो नाव की सवारी करोगे तो गिरोगे। यह कहावत पंचायत समिति नगर के चुनाव पर सटीक बैठती है। सोमवार को हुए पंचायत चुनाव में भाजपा को 12 और कांग्रेस को भी 12 सीटों पर जीत मिली। एक सीट पर निर्दलीय प्रत्याशी बुद्धि सिंह ठाकुर जीते।

सत्ता की चाबी उनके हाथ आते ही उन्होंने दोनों ही राजनीतिक दलों को अध्यक्ष की शर्त रख दी। कभी वह भाजपा खेमे में नजर आए और कभी स्थानीय विधायक भुवनेश्वर गौड़ के साथ फोटो खिंचवाते नजर आए। सूत्र बतातें हैं कि भाजपा ने उन्हें उपाध्यक्ष का पद देने की पेशकश की थी, लेकिन वह अध्यक्ष के लिए ही अड़े रहे। अंततः कांग्रेस ने उन्हें अध्यक्ष पद का प्रत्याशी घोषित कर दिया। अध्यक्ष और उपाध्यक्ष पद के चुनाव से ठीक पहले लगा कि अब बाजी कांग्रेस के हाथ में है, लेकिन भाजपा ने ऐसी पलटी मारी कि पासा ही पलट गया। भाजपा के प्रत्याशी वेद राम ठाकुर को 13 और कांग्रेस प्रत्याशी को सिर्फ 11 ही वोट मिले। निर्दलीय जीते बुद्धि प्रकाश कांग्रेस में शामिल तो हुए, लेकिन अध्यक्ष पद पर काबिज नहीं हो पाए। भाजपा ने पंचायत समिति में भी अपना वर्चस्व साबित कर अगले साल होने वाले विधानसभा चुनाव में कांग्रेस के लिए खतरे की घंटी बजा दी है। गौरतलब है कि भाजपा ने सिर्फ पंचायत समिति में ही जीत हासिल नहीं की है, बल्कि जिला परिषद की चारों सीटों के अलावा मनाली नगर परिषद में भी जबरजस्त जीत हासिल की है ।

### 15 साल बाद मिली सत्ता लेकिन पंचायत चुनाव में बिखर गया कांग्रेस का गणित

**मनाली** विधानसभा क्षेत्र में कांग्रेस ने 15 सालों के बाद जीत हासिल की थी । साढ़े तीन साल के शासनकाल में ही मनाली विधानसभा में पंचायत चुनावों में इस तरह हार जाने से राजनैतिक पंडित भी हैरान हैं। अधिकांश लोगों का मानना है कि समय पर जिला और ब्लॉक स्तर पर कार्यकारिणी का गठन होता तो शायद स्थिति कुछ और होती।

# ओलावृष्टि से बागवानों को भारी नुकसान एंटी-हेल नेट पर दी जाए 100% सब्सिडी

## कुल्लू फलोत्पादक एवं प्रदायक मंडल ने कृषि मंत्री चंद्र कुमार को सौंपा मांग पत्र

अनंत ज्ञान

**पतलीकूहल।** कुल्लू जिले में हाल ही में हुई भारी ओलावृष्टि के कारण स्थानीय किसानों और बागवानों को बड़े पैमाने पर आर्थिक क्षति का सामना करना पड़ा है। इस आपदा से सेब, नाशपाती, प्लम, खुमानी सहित अन्य नकदी फलों की फसलों के साथ-साथ सब्जियों को भी व्यापक नुकसान पहुंचा है। फलों की गुणवत्ता पर भी गंभीर असर पड़ा है।

कुल्लू फलोत्पादक एवं प्रदायक मंडल ने इस स्थिति को गंभीर बताते हुए हिमाचल प्रदेश सरकार के कृषि मंत्री प्रो. चंद्र कुमार को एक मांग पत्र सौंपा है। इसमें तत्काल प्रभाव से आधिकारिक सर्वेक्षण और क्षति आकलन कराने का आग्रह किया गया है। संगठन का कहना है कि ओलावृष्टि के बाद काफी समय बीत जाने के बावजूद अब तक कोई विस्तृत प्रशासनिक सर्वे नहीं हुआ है, जिससे प्रभावित बागवानों को मुआवजा और राहत मिलने में देरी हो रही है। मंडल ने अपने पत्र में यह भी स्पष्ट किया है कि क्षेत्र में बागवानी किसानों की आजीविका पूरी तरह नकदी फसलों पर निर्भर है, ऐसे में प्राकृतिक आपदा का सीधा असर उनकी आर्थिक स्थिति पर पड़ता है। बागवानों का कहना है कि यदि समय रहते सर्वे और मुआवजा प्रक्रिया शुरू नहीं की गई, तो उनकी आर्थिक स्थिति और अधिक गंभीर हो सकती है। इसके अलावा, संगठन ने जलवायु परिवर्तन के कारण हर वर्ष बढ़ रही ओलावृष्टि की घटनाओं से निपटने के लिए दीर्घकालिक समाधान की मांग की है। इसमें विशेष रूप से प्रभावित क्षेत्रों में एंटी-हेल नेट (हेल नेट) लगाने पर 100 प्रतिशत सब्सिडी देने की पुरजोर मांग शामिल है। बागवानों का कहना है कि वर्तमान में इन नेट्स की लागत इतनी अधिक है कि छोटे और मध्यम वर्ग के किसान इन्हें अपने स्तर पर खरीद और स्थापित नहीं कर सकते। कई स्थानों पर भूस्खलन, गड्ढों और खराब जल निकासी के कारण सड़कें जर्जर हो चुकी हैं। इससे सेब और अन्य फलों को मंडियों तक पहुंचाने में देरी हो रही है, जिससे उनकी गुणवत्ता प्रभावित हो रही है और बाजार मूल्य घट रहा है। कुल्लू फलोत्पादक एवं प्रदायक मंडल ने सरकार से मांग की है कि फल सीजन को ध्यान में रखते हुए सभी ग्रामीण संपर्क मार्गों की तत्काल मरम्मत करवाई जाए। साथ ही जल निकासी व्यवस्था को भी दुरुस्त किया जाए, ताकि भविष्य में बारिश और भूस्खलन की स्थिति में भी परिवहन बाधित न हो। संगठन ने आग्रह किया है कि प्रभावित क्षेत्रों में विशेष राहत टीम भेजकर वास्तविक नुकसान का आकलन किया जाए और शीघ्र मुआवजा जारी किया जाए।

# विलखी से पतलीकूहल तक लगाई जाए सुरक्षा दीवार

## पंचायत हलाण-2 के पदाधिकारियों ने कृषि मंत्री को ज्ञापन सौंपकर उठाई मांग

अनंत ज्ञान




मंत्री चंद्र कुमार को ज्ञापन सौंपते हलाण 2 पंचायत के जनप्रतिनिधि। अनंत ज्ञान

**पतलीकूहल।** हलाण 2 पंचायत के निर्वाचित प्रधान, उपप्रधान, वार्ड सदस्यों और स्थानीय निवासियों ने कृषि मंत्री चंद्र कुमार को ज्ञापन सौंपते हुए अपील की है कि विलखी ढांक से वैली सुजानपुल के पास पतलीकूहल पुलिस स्टेशन तक तत्काल सुरक्षा दीवार का निर्माण किया जाए।

जैंडी गांव और पतलीकूहल के स्थायी निवासियों सुरेंद्र, रमेश, संजय, कमल, ललित, शनि, नीरू चांदनी, लाजवंती, सोनम, रानू, ऋषि, कपिल, नीरज, नोरबू, वीरू, आर्यन, शिवा, आयुष, अर्जुन, पदम ठाकुर, संजू ने बताया कि 2023, 2024 और 2025 की मॉनसून बरसातों में बड़ाग्रां नाले में भीषण बाढ़ आई, जिससे नाले का रुख पंनगा रोड (जैंडी खनेड़) की ओर खिसक गया। नतीजतन बड़ी मात्रा में भूमि कटाव हुआ और पंनगा रोड का एक बड़ा हिस्सा तथा स्थानीय लोगों की कृषि भूमि बर्बाद हो गई है। बचे हुए भूभाग भी अब कृषि योग्य बने रहने की स्थिति में नहीं हैं। लोगो ने चिंता जताई है कि यदि नाले की दिशा पर जल्द हस्तक्षेप न हुआ तो भविष्य में यह पतलीकूहल पुलिस थाना और पूरे बाजार के लिए जोखिम बन सकता है। साथ ही मत्स्य पालन विभाग का केंद्र भी पिछली बाढ़ में क्षतिग्रस्त हो चुका है। इसलिए उन्होंने मांग की है कि कृषि एवं मत्स्य पालन विभाग मिलकर समन्वय करें और सुरक्षा दीवार का त्वरित निर्माण कराकर लोगों की जमीन, घर और सार्वजनिक संरचनाओं की रक्षा सुनिश्चित की जाए। ज्ञापन में कहा कि यह कदम क्षेत्र की सुरक्षा और आर्थिक हितों की रक्षा के लिए अनिवार्य है। वही कृषि मंत्री चंद्र कुमार और स्थानीय विधायक भुवनेश्वर गौड़ ने जल्द कार्य करने का आश्वासन दिया ।

# कुल्लू में बेसहारा पशुओं की समस्या से किसान परेशान

**अनंत ज्ञान, पतलीकूहल।** कुल्लू जिले में बेसहारा पशुओं की बढ़ती संख्या किसानों और बागवानों के लिए एक गंभीर चुनौती बन चुकी है। कुल्लू फलोत्पादक एवं प्रदायक मंडल के महासचिव रिमन सिंह ठाकुर द्वारा कृषि मंत्री को भेजे गए एक अन्य मांग पत्र में इस बात पर गहरी चिंता जताई गई है कि ये बेसहारा पशु खेतों और बगीचों में घुसकर नकदी फसलों, सब्जियों और फलदार पौधों को भारी नुकसान पहुंचा रहे हैं, जिससे किसानों को निरंतर आर्थिक हानि उठानी पड़ रही है।

◆ गोशालाओं के लिए चारे की व्यवस्था और ठोस नीति बनाने की मांग

हालांकि, मंडल अपने स्तर पर कुल्लू क्षेत्र में संचालित चार गोशालाओं को नियमित रूप से चारा उपलब्ध कराने में सहयोग कर रहा है और पिछले वर्ष आई भीषण बाढ़ से क्षतिग्रस्त हुई दो गोशालाओं की मरम्मत भी उसने अपने स्वयं के कोष से करवाई है, लेकिन अब यह समस्या इतनी व्यापक हो चुकी है कि स्थानीय स्तर के प्रयास इसके स्थाई समाधान के लिए नाकाफी साबित हो रहे हैं। मंडल ने प्रदेश सरकार से मांग की है कि इस सामाजिक और कृषि से जुड़े गंभीर विषय को प्राथमिकता देते हुए राज्य में संचालित गोशालाओं के लिए चारा, पानी और अन्य आवश्यक सुविधाओं की पर्याप्त व नियमित व्यवस्था सुनिश्चित की जाए। इसके साथ ही, प्रत्येक जिले में पर्याप्त क्षमता वाली नई गोशालाओं और आश्रय स्थलों की स्थापना की जाए। संगठन ने पशु मालिकों की जिम्मेदारी तय करने के लिए पशुओं की पहचान और पंजीकरण की व्यवस्था को मजबूत करने तथा पशुओं को सड़कों व खेतों में बेसहारा छोड़ने वाले व्यक्तियों के खिलाफ सख्त कानूनी प्रावधान कर प्रभावी कार्रवाई करने का आग्रह किया है, ताकि किसानों की फसलों को बचाया जा सके और सड़क सुरक्षा व पशु कल्याण सुनिश्चित हो सके।

# उदयपुर स्वास्थ्य केंद्र में दो डॉक्टरों के भरोसे हजारों लोगों की सेहत

## पांच स्वीकृत पद, सिर्फ दो डॉक्टर तैनात, स्वास्थ्य सेवाएं बदहाल

अनंत ज्ञान

**ब्यूरो, केलांग।** जनजातीय जिला लाहौल-स्पीति के उपमंडल उदयपुर स्थित सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में स्वास्थ्य सेवाओं की बदहाल स्थिति एक बार फिर सामने आई है। पांच चिकित्सकों के स्वीकृत पदों वाले इस स्वास्थ्य केंद्र में वर्तमान समय में मात्र दो डॉक्टर ही कार्यरत हैं, जिनके भरोसे पूरे क्षेत्र की स्वास्थ्य व्यवस्था चल रही है।

जानकारी के अनुसार एक डॉक्टर दिन के समय ओपीडी और अन्य स्वास्थ्य सेवाएं संभाल रहे हैं, जबकि दूसरा डॉक्टर रात की आपातकालीन सेवाओं की जिम्मेदारी निभा रहा है। ऐसे में जहालमा से लेकर पांगी घाटी तक के हजारों लोगों को इलाज के लिए इसी स्वास्थ्य केंद्र पर निर्भर रहना पड़ता है। स्थानीय लोगों का कहना



है कि भौगोलिक दृष्टि से अत्यंत दुर्गम और विशाल क्षेत्र को स्वास्थ्य सेवाएं प्रदान करने वाले इस केंद्र में डॉक्टरों की भारी कमी गंभीर चिंता का विषय है। मरीजों की संख्या लगातार बढ़ रही है, लेकिन चिकित्सा स्टाफ की कमी के कारण लोगों को समय पर उचित उपचार नहीं मिल पा रहा है। क्षेत्र के लोगों ने प्रदेश सरकार और स्वास्थ्य विभाग पर सवाल उठाते हुए कहा कि एक ओर सरकार बेहतर स्वास्थ्य सुविधाओं के बड़े-बड़े दावे करती है, वहीं दूसरी ओर लाहौल-स्पीति जैसे दूरदराज जनजातीय क्षेत्र में पांच स्वीकृत पदों के मुकाबले केवल दो डॉक्टरों के सहारे स्वास्थ्य केंद्र का संचालन होना सरकारी दावों की वास्तविकता को उजागर करता है। स्थानीय निवासियों ने मांग की है कि उदयपुर स्वास्थ्य केंद्र में रिक्त पड़े चिकित्सकों के पदों को शीघ्र भरा जाए, ताकि लोगों को बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं मिल सकें। उनका कहना है कि जनजातीय क्षेत्रों में स्वास्थ्य सेवाओं को मजबूत करना सरकार की प्राथमिकता होनी चाहिए, लेकिन वर्तमान स्थिति इसके बिल्कुल विपरीत दिखाई देती है। लोगों का कहना है कि यदि जल्द ही डॉक्टरों की नियुक्ति नहीं की गई तो आने वाले समय में स्वास्थ्य सेवाएं और अधिक प्रभावित हो सकती हैं, जिसका खामियाजा क्षेत्र की जनता को भुगतना पड़ेगा।

# खुले पेट्रोल की बिक्री पर प्रतिबंध से कृषि कार्य प्रभावित

अनंत ज्ञान

**पतलीकूहल।** प्रदेश की कृषि और बागवानी आधारित अर्थव्यवस्था पर खुले पेट्रोल की बिक्री पर लगे प्रतिबंध के कारण एक नया संकट खड़ा हो गया है। कुल्लू फलोत्पादक एवं प्रदायक मंडल ने राज्य के कृषि मंत्री के माध्यम से केंद्र सरकार से इस गंभीर व्यावहारिक समस्या के समाधान की अपील की है। मंडल के प्रधान प्रेम शर्मा द्वारा हस्ताक्षरित मांग पत्र में कहा गया है कि बागवानी और कृषि कार्यों में इस्तेमाल होने वाले अधिकांश आधुनिक उपकरण जैसे पावर स्प्रेयर, बुश कटर, पावर टिलर, चेन सॉ और वॉटर पंप पूरी तरह से पेट्रोल या डीजल से संचालित होते हैं।

इन मशीनों की ईंधन टंकियां बेहद छोटी (मात्र 1 से 5 लीटर की क्षमता वाली) होती हैं, जिन्हें सीधे पेट्रोल पंप तक ले जाना किसानों के लिए संभव नहीं है। हिमाचल प्रदेश के दूर-दराज और दुर्गम क्षेत्रों में खेती करने वाले किसानों के लिए पेट्रोल पंप कई किलोमीटर दूर स्थित होते हैं। ऐसे में प्रत्येक बार छोटी टंकियों को भरवाने के लिए पूरी मशीन को पेट्रोल पंप तक ले जाना न तो व्यावहारिक है और न ही आर्थिक रूप से उचित। इससे किसानों का कीमती समय, श्रम और धन तीनों व्यर्थ हो रहे हैं, जिसका सीधा प्रतिकूल प्रभाव बागवानी कार्यों पर पड़ रहा है। इस समस्या के व्यावहारिक समाधान के लिए कुल्लू फलोत्पादक मंडल ने प्रदेश सरकार से आग्रह किया है कि वह केंद्र के समक्ष इस मामले को उठाए। संगठन ने मांग की है कि मान्य उद्यान कार्ड, किसान कार्ड या किसी भी वैध कृषि पहचान पत्र के आधार पर किसानों और बागवानों को निर्धारित मात्रा में केन (डब्बों) के माध्यम से पेट्रोल और डीजल उपलब्ध कराने के निर्देश जारी किए जाएं, ताकि कृषि कार्य सुचारु रूप से चल सकें।

◆ उद्यान कार्ड के आधार पर केन में तेल देने की मांग

# दूध की खरीद सीमित करना दूध उत्पादकों के साथ धोखा : शौरी

अनंत ज्ञान



**बंजार।** प्रदेश सरकार एक ओर दुग्ध उत्पादकों को प्रोत्साहित करने के नाम पर दूध के क्रय मूल्य में एक ओर बढ़ोतरी तो कर रही है, वहीं दूसरी ओर दूध की खरीद व्यवस्था को सुदृढ़ करने में पूरी तरह विफल साबित हो रही है। यह सरकार के दोहरे चरित्र को उजागर करता है। यह बात बंजार विधानसभा क्षेत्र के विधायक सुरेंद्र शौरी ने जारी एक प्रेस बयान में कही।

शौरी ने कहा कि सरकार द्वारा दूध के समर्थन मूल्य में वृद्धि किए जाने के बाद प्रदेश भर में पशुपालकों ने दुग्ध उत्पादन बढ़ाने के लिए अतिरिक्त निवेश किया है। इसके परिणामस्वरूप विभिन्न दुग्ध प्रसंस्करण संयंत्रों में क्षमता से अधिक दूध पहुंच रहा है, लेकिन सरकार इस बढ़े हुए उत्पादन के उचित प्रबंधन और विपणन की दिशा में कोई प्रभावी कदम नहीं उठा रही है। उन्होंने कहा कि बंजार विधानसभा क्षेत्र में दुग्ध उत्पादकों की स्थिति विशेष रूप से चिंताजनक है। क्षेत्र में सरकार सप्ताह में केवल छह दिन ही दूध की खरीद कर रही है, जबकि एक दिन दूध की खरीद पूरी तरह बंद रहती है। इससे पशुपालकों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है और उनके उत्पाद का उचित उपयोग नहीं हो पा रहा है। शौरी ने बताया कि बालीचौकी दुग्ध प्रसंस्करण संयंत्र में उसकी निर्धारित क्षमता से लगभग तीन गुना अधिक दूध पहुंच रहा है। इसके बावजूद सरकार द्वारा न तो संयंत्र की क्षमता बढ़ाने के लिए कोई ठोस कदम उठाए जा रहे हैं और न ही अतिरिक्त दूध के संग्रहण एवं विपणन की समुचित व्यवस्था की जा रही है। स्थिति यह है कि दुग्ध उत्पादकों को उनके दूध का भुगतान भी एक-दो सप्ताह नहीं, बल्कि दो-दो माह बाद किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि सरकार का यह रवैया प्रदेश के हजारों पशुपालकों और दुग्ध उत्पादकों के साथ अन्याय है। केवल दूध का मूल्य बढ़ा देना पर्याप्त नहीं है, बल्कि समयबद्ध भुगतान, नियमित खरीद और प्रसंस्करण क्षमता में वृद्धि सुनिश्चित करना भी सरकार की जिम्मेदारी है। शौरी ने प्रदेश सरकार से मांग की कि बंजार सहित प्रदेश के सभी क्षेत्रों में सप्ताह के सातों दिन दूध की नियमित खरीद सुनिश्चित की जाए, दुग्ध उत्पादकों के लंबित भुगतान तुरंत जारी किए जाएं तथा दुग्ध प्रसंस्करण संयंत्रों की क्षमता बढ़ाकर बढ़ते उत्पादन के अनुरूप व्यवस्थाएं विकसित की जाएं, ताकि पशुपालकों को उनके परिश्रम का उचित प्रतिफल मिल सके।

# कांग्रेस की रणनीति पर फिरा पानी, रातों-रात बदले समीकरण

## सोलन बीडीसी में भाजपा का दबदबा, प्रमिला बनीं अध्यक्ष और गोपाल सिंह बने उपाध्यक्ष निर्वाचित

अनंत ज्ञान

**आर मोहन चौहान, सोलन।** विकास खंड समिति (बीडीसी) सोलन पर एक बार फिर भारतीय जनता पार्टी ने अपना कब्जा बरकरार रखा है। विपरीत परिस्थितियों के बावजूद भाजपा अध्यक्ष और उपाध्यक्ष पद पर जीत हासिल करने में कामयाब रही। इस पद के लिए हुए चुनाव में भाजपा समर्थित उम्मीदवार प्रमिला बीडीसी अध्यक्ष निर्वाचित हुई हैं, जबकि गोपाल सिंह उपाध्यक्ष चुने गए हैं। पिछली बार भी बीडीसी सोलन पर भाजपा का ही नियंत्रण था।

बीडीसी अध्यक्ष पद के चुनाव में कुल 17 सदस्यों ने मतदान किया। इसमें भाजपा प्रत्याशी प्रमिला को 9 मत प्राप्त हुए, जबकि कांग्रेस समर्थित उम्मीदवार पूनम को 7 वोट मिले। एक मत रद्द घोषित किया गया। वहीं उपाध्यक्ष पद के लिए हुए चुनाव में भाजपा के गोपाल सिंह को 10 मत मिले, जबकि कांग्रेस के हुकुम सिंह को 6 वोट प्राप्त हुए। इस चुनाव में भी एक मत रद्द हुआ। बताया जा रहा है कि चुनाव से पहले बने राजनीतिक समीकरण अंतिम समय में बदल गए, जिससे कांग्रेस की रणनीति धरी की धरी रह गई। कांग्रेस और ग्रामीण संघर्ष समिति के बीच सहमति नहीं बन पाने का लाभ भाजपा को मिला और पार्टी की रणनीति कारगर साबित हुई। जीत के बाद प्रदेश भाजपा उपाध्यक्ष डॉ. राजीव सैजल ने इसे पार्टी की एकजुटता और बेहतर रणनीति की जीत बताया। उन्होंने कहा कि कांग्रेस की जनविरोधी नीतियों और झूठी गारंटियों से प्रदेश की जनता निराश हो चुकी है। भाजपा ने संगठित होकर चुनाव लड़ा, जिसका सकारात्मक परिणाम सामने आया। डॉ सैजल ने कहा कि प्रदेश में कांग्रेस सरकार रहते बीडीसी का चुनाव जीतना भाजपा के लिए खुशी की बात है। उन्होंने कहा कि पार्टी जनता का विश्वास जीतने में कामयाब हुई।

डॉ. सैजल ने इस जीत का श्रेय सोलन ग्रामीण मंडल अध्यक्ष चंद्रकांत शर्मा, कसौली मंडल अध्यक्ष मदन मोहन शर्मा तथा पूरी



जीत के बाद मीडिया से बातचीत करते बीडीसी अध्यक्ष और उपाध्यक्ष। अनंत ज्ञान


संगठनात्मक टीम को दिया। साथ ही उन्होंने प्रदेश नेतृत्व को भी इस जीत के लिए बधाई दी। डॉ. राजीव सैजल ने कहा कि यह जीत कार्यकर्ताओं की मेहनत और जनता के समर्थन का परिणाम है। उन्होंने कहा कि भाजपा हमेशा विकास और जनसेवा की राजनीति करती है, जिसका लाभ अब पंचायत स्तर तक देखने को मिल रहा है। उन्होंने नवनिर्वाचित अध्यक्ष प्रमिला और उपाध्यक्ष गोपाल सिंह को शुभकामनाएं देते हुए उम्मीद जताई कि वे क्षेत्र के विकास कार्यों को और गति देंगे।

चुनाव परिणाम के बाद भाजपा कार्यकर्ताओं में उत्साह का माहौल देखने को मिला। कार्यकर्ताओं ने एक-दूसरे को बधाई दी और मिठाइयां बांटी। वहीं, कांग्रेस खेमे में इस हार के बाद मंथन शुरू हो गया है। राजनीतिक विश्लेषकों का मानना है कि आने वाले समय में स्थानीय स्तर पर राजनीतिक समीकरण और अधिक सक्रिय हो सकते हैं। भाजपा नेताओं ने दावा किया कि बीडीसी सोलन में मिली यह जीत आगामी पंचायत और अन्य स्थानीय निकाय चुनावों के लिए भी एक सकारात्मक संकेत है। उन्होंने कहा कि संगठन की मजबूत पकड़ और बूथ स्तर तक कार्यकर्ताओं की सक्रियता के कारण यह सफलता संभव हो सकी है। डॉ. सैजल ने कहा कि सरकार की योजनाओं को धरातल पर प्रभावी ढंग से लागू करने में पंचायत प्रतिनिधियों की महत्वपूर्ण भूमिका होती है, और इसी दिशा में नवनिर्वाचित टीम को काम करना चाहिए। उन्होंने यह भी कहा कि ग्रामीण विकास, बुनियादी सुविधाओं और युवाओं के लिए रोजगार के अवसर बढ़ाने पर विशेष ध्यान दिया जाएगा।

इस बीच क्षेत्र में राजनीतिक चर्चाएं तेज हो गई हैं और दोनों दल अपने-अपने स्तर पर भविष्य की रणनीति तैयार करने में जुट गए हैं। स्थानीय लोगों को उम्मीद है कि नई समिति विकास कार्यों में तेजी लाएगी और क्षेत्र की समस्याओं का प्राथमिकता के आधार पर समाधान किया जाएगा। स्थानीय लोगों ने भी उम्मीद जताई कि नई बीडीसी टीम पारदर्शिता के साथ काम करेगी और पंचायत स्तर पर विकास कार्यों की गति बढ़ेगी। जनहित में बेहतर परिणाम मिलेंगे।

# विशेषज्ञ डॉक्टरों की कमी से अल्ट्रासाउंड सेवाएं प्रभावित

अनंत ज्ञान



**सोलन।** जिले के सरकारी अस्पतालों में अल्ट्रासाउंड सेवाएं विशेषज्ञ डॉक्टरों की कमी के कारण गंभीर संकट का सामना कर रही हैं। करोड़ों रुपये की लागत से स्थापित नौ अल्ट्रासाउंड मशीनों में से केवल दो ही नियमित रूप से संचालित हो पा रही हैं, जबकि सात मशीनें रेडियोलॉजिस्ट की अनुपलब्धता के चलते बंद पड़ी हैं। इससे मरीजों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है।

क्षेत्रीय अस्पताल सोलन और नागरिक अस्पताल अर्की में ही नियमित रेडियोलॉजिस्ट तैनात हैं, जबकि अन्य अस्पतालों में प्रशिक्षित डॉक्टरों के सहारे सीमित सेवाएं दी जा रही हैं। कई बार एक ही विशेषज्ञ को अन्य अस्पतालों में भी भेजना पड़ता है, जिससे सेवाएं प्रभावित होती हैं।

मशीनें उपलब्ध होने के बावजूद गरीब और ग्रामीण क्षेत्रों के मरीजों को निजी केंद्रों में 500 से 600 रुपये खर्च कर जांच करवानी पड़ रही है। वहीं, पुरानी मशीनों की सीमित क्षमता के कारण प्रतिदिन केवल 25 से 30 मरीजों की ही जांच हो पा रही है।

मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. अजय पाठक ने बताया कि रेडियोलॉजिस्ट की कमी बड़ी समस्या है, जिसे सरकार के समक्ष उठाया गया है। उन्होंने कहा कि नई मशीनों की योजना है, लेकिन विशेषज्ञों की नियुक्ति के बिना उनका पूरा लाभ संभव नहीं है। विभाग जल्द समाधान की उम्मीद जता रहा है। उन्होंने यह भी कहा कि ग्रामीण क्षेत्रों में स्वास्थ्य सेवाओं को मजबूत करने के लिए अतिरिक्त प्रयास किए जा रहे हैं और जल्द ही विशेषज्ञों की तैनाती की उम्मीद है। स्वास्थ्य व्यवस्था और मजबूत होगी।

## न्यूज ब्रीफ

### जिला सलाहकार समिति बैठक में विकास और प्रशिक्षण पर चर्चा

**अनंत ज्ञान, सोलन।** अतिरिक्त उपायुक्त राहुल जैन ने जिला स्तरीय सलाहकार समिति की 183वीं त्रैमासिक बैठक तथा यूको ग्रामीण स्वरोजगार प्रशिक्षण संस्थान की 56वीं बैठक की अध्यक्षता की। उन्होंने कहा कि ग्रामीण क्षेत्रों में कृषि और पशुपालन आधारित गतिविधियों को बढ़ावा देने के लिए बैंकों को अधिक से अधिक ऋण उपलब्ध करवाना चाहिए, ताकि लोगों की आर्थिकी मजबूत हो सके और रोजगार के अवसर बढ़ें। राहुल जैन ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि हर पंचायत के वार्ड स्तर पर वित्तीय साक्षरता शिविर लगाए जाएं, ताकि लोग ऑनलाइन बैंकिंग और वित्तीय धोखाधड़ी से सुरक्षित रह सकें। बैठक में प्रधानमंत्री मुद्रा योजना, जन धन योजना, स्टैंड अप इंडिया, फसल बीमा योजना और अन्य सरकारी योजनाओं की प्रगति की समीक्षा की गई। उन्होंने कहा कि यूको को कृषि आधारित और स्वरोजगार से जुड़े नए प्रशिक्षण कार्यक्रम शुरू करने चाहिए, जिससे युवाओं को आत्मनिर्भर बनाया जा सके। बैठक में विभिन्न बैंकों द्वारा ऋण योजनाओं की उपलब्धियों और भविष्य की योजनाओं पर भी चर्चा की गई।

### चितकारा यूनिवर्सिटी में 10 दिवसीय एनसीसी वार्षिक प्रशिक्षण शिविर का शुभारंभ

**अनंत ज्ञान, सोलन।** हिमाचल प्रदेश बटालियन एनसीसी सोलन द्वारा चितकारा यूनिवर्सिटी परिसर में सोमवार को 10 दिवसीय वार्षिक प्रशिक्षण शिविर (एटीसी) का शुभारंभ किया गया। यह शिविर 15 से 23 जून 2026 तक आयोजित होगा, जिसमें प्रदेश के विभिन्न शिक्षण संस्थानों से आए 460 एनसीसी कैडेट और 43 पीआई स्टाफ सदस्य भाग ले रहे हैं। शिविर का उद्देश्य कैडेटों में नेतृत्व क्षमता, अनुशासन, आत्मविश्वास, व्यक्तित्व विकास तथा राष्ट्र सेवा की भावना को मजबूत करना है। साथ ही उन्हें सैन्य जीवन से जुड़ी मूलभूत जानकारियों और व्यवहारिक प्रशिक्षण से भी अवगत कराया जाएगा। पहले दिन कैडेटों के पंजीकरण के बाद उद्घाटन ब्रीफिंग और ओरिएंटेशन सत्र आयोजित किया गया, जिसमें अनुशासन, समयबद्धता और टीम भावना के महत्व पर जोर दिया गया। यह प्रशिक्षण शिविर कमांडिंग ऑफिसर कर्नल राजीव थॉमस, एडम ऑफिसर कर्नल ए.एस. सिद्धू, सूबेदार मेजर सुनील राणा, जेसीओ अतीक रहमान और एडम जेसीओ राजीव के नेतृत्व में संचालित किया जा रहा है। शिविर में एएनओ प्रशांत रोहिता, अनिल राणा, अंजना ठाकुर और विकास शर्मा सहित अन्य अधिकारी भी मौजूद रहे।

### देश के टॉप 25 अधिकारियों में सोलन के उपायुक्त मनमोहन शर्मा



**अनंत ज्ञान, सोलन।** देश की प्रतिष्ठित पत्रिका 'फेम इंडिया' के सर्वेक्षण में सोलन के उपायुक्त मनमोहन शर्मा को देश के टॉप 25 जिला अधिकारियों में स्थान मिला है। यह उपलब्धि हिमाचल प्रदेश और सोलन जिले दोनों के लिए गर्व का विषय है। वर्ष 2013 बैच के आईएएस अधिकारी मनमोहन शर्मा अपनी शांत, सरल और जनसरोकार वाली कार्यशैली के लिए जाने जाते हैं। उन्होंने प्रशासनिक सेवा में विभिन्न महत्वपूर्ण पदों पर रहते हुए पारदर्शिता और परिणामोन्मुख शासन पर विशेष जोर दिया है। सोलन डीसी के रूप में उनके कार्यकाल में जनसमस्याओं के त्वरित समाधान, राजस्व सुधार, अवैध कब्जों पर कार्रवाई और विकास परियोजनाओं की निगरानी को प्राथमिकता दी गई। फोरलेन परियोजना और पुनर्वास मामलों में भी उन्होंने सक्रिय भूमिका निभाई। यह सर्वेक्षण 10 मानकों-जैसे प्रशासनिक क्षमता, निर्णय क्षमता, नवाचार और जनसंपर्क-पर आधारित रहा, जिसमें उनका प्रदर्शन उत्कृष्ट पाया गया।

### माजरा में अज्ञात वाहन चालक ने टक्कर मारकर व्यक्ति को मौत के घाट उतारा

**अनंत ज्ञान, नाहन।** माजरा थाना क्षेत्र में देर रात एक दर्दनाक सड़क हादसे में अज्ञात व्यक्ति की मौत हो गई। क्यारदा क्षेत्र में एनएच के पास तेज रफ्तार वाहन की टक्कर से यह हादसा हुआ। गंभीर रूप से घायल व्यक्ति को अस्पताल ले जाया गया, जहां उसे मृत घोषित कर दिया गया। पुलिस ने अज्ञात वाहन चालक के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है और मृतक की पहचान के प्रयास जारी हैं।

### नवजीवन ऑनलाइन क्विज प्रतियोगिता धुन्दन निवासी आसिफ चौधरी, बने विजेता

**अनंत ज्ञान, दाड़लाघाट।** हिमाचल प्रदेश पुलिस की नवजीवन ऑनलाइन क्विज़ प्रतियोगिता में जिला सोलन के अर्की तहसील के धुन्दन निवासी आसिफ चौधरी विजेता बने हैं। इस प्रतियोगिता का उद्देश्य नशामुक्त समाज को बढ़ावा देना था। उनकी उपलब्धि पर डीजीपी अशोक तिवारी ने प्रशंसा पत्र भेजकर बधाई दी। उनके प्रदर्शन की सराहना करते हुए कहा गया कि युवाओं की भागीदारी नशा मुक्ति अभियान को मजबूत बनाती है। इस सफलता से क्षेत्र में खुशी का माहौल है।

### ऑल्टो कार की तलाशी से 5.50 ग्राम चिट्टा बरामद, आरोपी गिरफ्तार

**अनंत ज्ञान, सोलन।** धर्मपुर पुलिस ने गुप्त सूचना के आधार पर नाकाबंदी के दौरान एक आल्टो कार से 5.50 ग्राम चिट्टा/हेरोइन बरामद की। कार में सवार दो युवकों राहुल (23) निवासी सिरमौर और निशांत (21) निवासी शिमला को गिरफ्तार किया गया। दोनों के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट के तहत मामला दर्ज किया गया है। पुलिस ने वाहन को भी जब्त कर जांच शुरू कर दी है तथा उनके आपराधिक रिकॉर्ड की पड़ताल की जा रही है। पुलिस मामले से जुड़े अन्य नेटवर्क और सप्लाई चैन की भी जांच कर रही है ताकि नशे के इस अवैध कारोबार की पूरी कड़ी का खुलासा किया जा सके। आने वाले दिनों में और गिरफ्तारियां संभव हैं, जबकि पुलिस टीम लगातार क्षेत्र में निगरानी और कार्रवाई तेज कर रही है।

# विधायक अवस्थी बोले, देव संस्कृति हमारी पहचान और संरक्षण हम सभी का कर्तव्य

अनंत ज्ञान

**कृष्ण रघुवंशी, अर्की।** विधायक संजय अवस्थी ने कहा कि देव संस्कृति हमारी पहचान है और इसका संरक्षण करना हम सभी का कर्तव्य है। संजय अवस्थी आज अर्की विधानसभा क्षेत्र की ग्राम पंचायत सरयांज में ज़िला स्तरीय बाड़ीधार मेले के समापन समारोह को सम्बोधित कर रहे थे। संजय अवस्थी ने इससे पूर्व बाड़ा देव मंदिर में पूजा-अर्चना की और क्षेत्रवासियों के सुखी व स्वस्थ जीवन की कामना की।

विधायक ने कहा कि ऐसे आयोजनों से आपसी भाईचारे की भावना और भी सुदृढ़ होती है। मेलों के दौरान खेल व सांस्कृतिक गतिविधियों से युवाओं को अपनी प्रतिभा के प्रदर्शन के लिए मंच प्राप्त होता है। उन्होंने मेला आयोजन



कार्यक्रम में पहुंचे मुख्य अतिथि विधायक संजय अवस्थी। अनंत ज्ञान

समिति को इसके सफल आयोजन के लिए बधाई दी। विधायक ने कहा कि मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू के संवेदनशील नेतृत्व में देव संस्कृति के संरक्षण के लिए सकारात्मक कदम उठाए जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि लोगों की मांग के अनुरूप मुख्यमंत्री द्वारा ऐतिहासिक बाड़ीधार मेले को ज़िला स्तरीय करने की अधिसूचना जारी करना देव संस्कृति को संरक्षित रखने में सहायक सिद्ध होगी। उन्होंने इस सकारात्मक कदम के लिए मुख्यमंत्री का आभार व्यक्त किया।

संजय अवस्थी ने कहा कि क्षेत्र में धार्मिक पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए बाड़ीधार में अधोसरंचना विकास पर ध्यान दिया जा रहा है। उन्होंने कहा कि सवावा गांव से बाड़ीधार को जोड़ने के लिए रज्जो मार्ग बनाने के कार्य को विधायक प्राथमिकता में डाला गया है।

# शास्त्रीय संगीत सम्मेलन में प्रो. राम स्वरूप शांडिल्य को मिला 'अनन्त नाद सम्मान'

अनंत ज्ञान

**सोलन।** गुरु-शिष्य परंपरा सोलन द्वारा आयोजित 17वाँ वार्षिक शास्त्रीय संगीत सम्मेलन सफलतापूर्वक संपन्न हुआ। दो दिवसीय इस आयोजन में शास्त्रीय गायन, वादन, सुगम एवं लोक संगीत की मनमोहक प्रस्तुतियों ने संगीत प्रेमियों को मंत्रमुग्ध कर दिया। कार्यक्रम के प्रथम दिन शास्त्रीय गायन और वादन प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया, जिसमें 60 से अधिक प्रतिभागियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया और अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया।

दूसरे दिन चयनित कलाकारों ने अपनी प्रस्तुतियों से श्रोताओं को भावविभोर कर दिया। कार्यक्रम का शुभारंभ रीता ठाकुर और रामेश्वर दास शर्मा के भजन गायन से हुआ।




अतिथियों को सम्मानित करते आयोजक। अनंत ज्ञान

इसके बाद सृष्टि भारद्वाज ने बांसुरी वादन और अनिल वर्मा ने तबला वादन की शानदार प्रस्तुति दी।

कार्यक्रम का मुख्य आकर्षण नन्हे कलाकार स्वारित शांडिल्य रहे, जिन्होंने राग आसावरी की प्रस्तुति देकर सभी का मन मोह लिया। समापन सत्र में प्रो. (डॉ.) राम स्वरूप शांडिल्य ने शास्त्रीय गायन की उत्कृष्ट प्रस्तुति दी। मुख्य अतिथि सचिव सुदेश कुमार मोक्टा और विशेष अतिथि यशपाल शर्मा ने भारतीय शास्त्रीय संगीत के संरक्षण में संस्था की भूमिका की सराहना की।

इस अवसर पर 'अनन्त नाद सम्मान' प्रो. (डॉ.) राम स्वरूप शांडिल्य को प्रदान किया गया। साथ ही कई कलाकारों को उनके योगदान के लिए सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में सांस्कृतिक समृद्धि भी झलकी।

# दो युवकों के कब्जे से 10.13 ग्राम चिट्टा बरामद

**अनंत ज्ञान, सोलन।** पुलिस अधिकारियों ने बताया कि रिमांड अवधि के दौरान दोनों आरोपियों से लगातार पूछताछ की जा रही है ताकि नशे के इस नेटवर्क की जड़ तक पहुंचा जा सके। प्रारंभिक जांच में यह भी सामने आया है कि आरोपी लंबे समय से इस अवैध गतिविधि में संलिप्त हो सकते हैं। पुलिस यह भी पता लगाने का प्रयास कर रही है कि यह चिट्टा कहां से लाया गया और किन-किन लोगों तक इसकी सप्लाई की जाती थी।



जिला पुलिस ने साफ किया है कि नशा तस्करों के खिलाफ अभियान लगातार जारी रहेगा और किसी भी हाल में ऐसे नेटवर्क को पनपने नहीं दिया जाएगा। इसके लिए अलग-अलग टीमें गठित कर निगरानी बढ़ा दी गई है। पुलिस ने आम जनता से भी अपील की है कि नशे से जुड़ी किसी भी संदिग्ध गतिविधि की सूचना तुरंत पुलिस को दें, ताकि समय रहते सख्त कार्रवाई की जा सके।जिला पुलिस की विशेष अन्वेषण इकाई टीम ने एक गुप्त सूचना के आधार पर त्वरित कार्रवाई करते हुए एक फ्लैट में दबिश दी। तलाशी के दौरान फ्लैट में रह रहे दो युवकों के कब्जे से 10.13 ग्राम चिट्टा/हेरोइन बरामद की गई। मामले में संलिप्त आरोपियों की पहचान अभिषेक चंदेल पुत्र मुकेश कुमार चंदेल, निवासी गाँव भांगनल, डाकघर दभोटा, तहसील नालागढ़, जिला सोलन (हि.प्र.), आयु 23 वर्ष तथा कार्तिक पुत्र आकाश, निवासी ब्राह्मणों वाली गली, गोहाना, जिला सोनीपत (हरियाणा), आयु 28 वर्ष के रूप में हुई है।

पुलिस टीम द्वारा दोनों आरोपियों को मौके पर ही नियमानुसार गिरफ्तार किया गया। इस संबंध में पुलिस थाना सदर, सोलन में एनडीपीएस अधिनियम के अंतर्गत अभियोग पंजीकृत कर आगामी जांच शुरू की गई। अन्वेषण के दौरान दोनों आरोपियों से गहन पूछताछ की गई। दोनों आरोपियों को माननीय न्यायालय में पेश किया गया, जहां से पुलिस ने 04 दिन का पुलिस हिरासत रिमांड प्राप्त किया है।

रिमांड अवधि के दौरान आरोपियों से मादक पदार्थ की खरीद-फरोख्त से जुड़े नेटवर्क, आपूर्ति श्रृंखला तथा अन्य संभावित संलिप्त व्यक्तियों के संबंध में गहन पूछताछ की जा रही है। इसके अतिरिक्त, दोनों आरोपियों के पूर्व आपराधिक रिकॉर्ड की भी जांच की जा रही है। मामले में विस्तृत जांच जारी है तथा पुलिस द्वारा मादक पदार्थों की तस्करी में संलिप्त अन्य व्यक्तियों की भूमिका का भी पता लगाया जा रहा है। साथ ही डिजिटल साक्ष्यों की भी जांच की जा रही है।

# सुरेश कश्यप बोले-12 साल में मोदी सरकार ने बदली भारत की तस्वीर

अनंत ज्ञान

**नाहन।** शिमला संसदीय क्षेत्र के सांसद सुरेश कश्यप ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में बीते 12 वर्षों में भारत ने विकास, सुशासन और जनकल्याण के क्षेत्र में अभूतपूर्व उपलब्धियां हासिल की हैं। उन्होंने कहा कि 'सबका साथ, सबका विकास, सबका विश्वास और सबका प्रयास' का मंत्र आज देश के विकास का आधार बन चुका है और मोदी सरकार ने देश की तस्वीर ही नहीं बल्कि तकदीर भी बदलने का काम किया है।नाहन में आयोजित पत्रकार वार्ता में कश्यप ने कहा कि केंद्र सरकार की योजनाओं का लाभ अंतिम पंक्ति में खड़े व्यक्ति तक पहुंचा है।

गरीब कल्याण, किसानों के उत्थान, महिलाओं के सशक्तिकरण और आधारभूत ढांचे के विस्तार में ऐतिहासिक कार्य हुए हैं। उन्होंने कहा कि विकास की इस यात्रा में हिमाचल प्रदेश भी अछूता नहीं रहा।



पत्रकारों को संबोधित करते सांसद सुरेश कश्यप। अनंत ज्ञान

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में प्रदेश को श्री रेणुकाजी बहुउद्देश्यीय परियोजना, आईआईएम सिरमौर, नए मेडिकल कॉलेजों, राष्ट्रीय राजमार्गों के विस्तार, रेलवे परियोजनाओं और पर्यटन विकास जैसी अनेक महत्वपूर्ण सौगातें मिली हैं, जिनसे प्रदेश की अर्थव्यवस्था और रोजगार के अवसरों को मजबूती मिली है।

सांसद ने कहा कि आज भारत विश्व मंच पर मजबूत नेतृत्व और निर्णायक सरकार के रूप में स्थापित हुआ है। देश की सुरक्षा व्यवस्था सुदृढ़ हुई है और भारत वैश्विक स्तर पर अपनी अलग पहचान बना चुका है।वहीं प्रदेश की कांग्रेस सरकार पर हमला बोलते हुए कश्यप ने कहा कि सुक्खू सरकार का साढ़े तीन वर्ष का कार्यकाल हिमाचल के इतिहास का सबसे काला अध्याय साबित हुआ है।

उन्होंने आरोप लगाया कि प्रदेश में कानून-व्यवस्था की स्थिति लगातार बिगड़ रही है, नशा माफिया और खनन माफिया बेलगाम हैं, विकास कार्य ठप पड़े हैं और सरकार आर्थिक कुप्रबंधन से जूझ रही है।

# डॉ. शांडिल ने कहा-वरिष्ठ नागरिक हमारे समाज की अमूल्य धरोहर

## वृद्धजन दुर्व्यवहार रोकथाम पर जागरूकता कार्यक्रम

अनंत ज्ञान

**सोलन।** जिले के कण्डाघाट उपमंडल की ग्राम पंचायत सायरीघाट में 'विश्व वृद्धजन दुर्व्यवहार जागरूकता दिवस' के अवसर पर राज्य स्तरीय कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण, सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता तथा सैनिक कल्याण मंत्री कर्नल डॉ. धनीराम शांडिल ने मुख्य अतिथि के रूप में भाग लिया। डॉ. शांडिल ने कहा कि वरिष्ठ नागरिक समाज की अमूल्य धरोहर हैं और उनके सम्मान, सुरक्षा तथा गरिमापूर्ण जीवन को सुनिश्चित करना सभी का दायित्व है।

उन्होंने कहा कि बुजुर्गों के अनुभव और ज्ञान से समाज को निरंतर मार्गदर्शन मिलता है, इसलिए उनके



कार्यक्रम में शामिल छात्रों को सम्मानित करते कर्नल धनीराम शांडिल। अनंत ज्ञान

प्रति सम्मान और सहयोग की भावना आवश्यक है। उन्होंने यह भी कहा कि राज्य सरकार वृद्धावस्था पेंशन, स्वास्थ्य सुविधाएं, डे-केयर सेंटर और सामाजिक सुरक्षा योजनाओं के माध्यम से बुजुर्गों के जीवन स्तर को बेहतर बनाने के लिए लगातार प्रयास कर रही है।

कार्यक्रम के दौरान मंत्री ने स्वास्थ्य जांच शिविर और सहायता उपकरण स्टॉल का अवलोकन किया तथा जरूरतमंदों को व्हील चेयर, श्रवण यंत्र, वॉकिंग स्टिक और अन्य उपकरण वितरित किए। इस अवसर पर वृद्धजनों के साथ दुर्व्यवहार के खिलाफ सभी को शपथ भी दिलाई गई। अधिकारियों और सामाजिक प्रतिनिधियों ने भी बुजुर्गों की सुरक्षा और अधिकारों पर अपने विचार रखे। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में वरिष्ठ नागरिक और ग्रामीण उपस्थित रहे। कार्यक्रम में सांस्कृतिक प्रस्तुतियों ने भी सभी का मन मोह लिया।

### राजगढ़ में कार से 4.80 ग्राम चिट्टा बरामद तीन आरोपी गिरफ्तार

**अनंत ज्ञान, नाहन।** पुलिस को गश्त के दौरान गुप्त सूचना मिली थी कि शुभम ठाकुर निवासी गांव चुन्नी, डाकघर एवं तहसील राजगढ़ अपने दो साथियों विवेक चौहान और मिथुन आर्य के साथ एक कार में चिट्टा लेकर गिरिपुल-सोलन क्षेत्र से राजगढ़ की ओर आ रहे हैं। सूचना के आधार पर पुलिस टीम ने तुरंत कार्रवाई करते हुए संदिग्ध वाहन की तलाश शुरू कर दी।

वाहन की तलाशी में मिला चिट्टा डिटेक्शन सेल राजगढ़ की टीम ने कोटली क्षेत्र में नाकाबंदी कर वाहन को जांच के लिए रोका। तलाशी के दौरान पुलिस ने तीनों आरोपियों के कब्जे से कुल 4.80 ग्राम चिट्टा बरामद किया। बरामदगी के बाद आरोपियों को मौके पर ही हिरासत में ले लिया गया। एनडीपीएस एक्ट के तहत मामला दर्जपुलिस ने तीनों आरोपियों के खिलाफ पुलिस थाना राजगढ़ में नारकोटिक्स ड्रग्स एंड साइकोट्रोपिक सब्सटेंस अधिनियम के तहत मामला दर्ज कर उन्हें गिरफ्तार कर लिया है।

# कालाअंब के उद्योगपतियों ने प्रशासन के सामने रखीं प्रमुख समस्याएं और सुझाव

अनंत ज्ञान

**नाहन।** कालाअंब के उद्योगपतियों ने प्रशासन के समक्ष अपनी विभिन्न समस्याएं और मांगें रखी हैं। उद्योगपतियों ने बताया कि औद्योगिक क्षेत्र में बुनियादी ढांचे की कई कमियां हैं, जिनमें सड़क व्यवस्था, बिजली आपूर्ति और जल निकासी प्रमुख रूप से शामिल हैं। उन्होंने कहा कि इन समस्याओं के कारण उत्पादन कार्य प्रभावित हो रहा है और उद्योगों को आर्थिक नुकसान उठाना पड़ रहा है।

बैठक के दौरान उद्योग प्रतिनिधियों ने यह भी मुद्दा उठाया कि कई स्थानों पर ट्रैफिक जाम और परिवहन सुविधाओं की कमी के कारण कच्चे माल और तैयार उत्पादों की आवाजाही में दिक्कतें आ रही हैं। इसके अलावा, श्रमिकों की उपलब्धता और उनके लिए आवासीय सुविधाओं की कमी भी एक बड़ी चुनौती बताई गई।

उद्योगपतियों ने प्रशासन से मांग की कि औद्योगिक क्षेत्र में आधारभूत सुविधाओं को मजबूत



किया जाए और समस्याओं का शीघ्र समाधान किया जाए। उन्होंने यह भी सुझाव दिया कि उद्योगों और प्रशासन के बीच नियमित संवाद स्थापित किया जाए ताकि समय-समय पर समस्याओं का समाधान हो सके।

प्रशासनिक अधिकारियों ने उद्योगपतियों की समस्याओं को गंभीरता से सुनते हुए उचित कार्रवाई का आश्वासन दिया। उन्होंने कहा कि औद्योगिक विकास को गति देने के लिए सभी आवश्यक कदम उठाए जाएंगे और कालाअंब क्षेत्र को और अधिक निवेश अनुकूल बनाया जाएगा। त्वरित समाधान की दिशा में प्रयास।

## न्यूज ब्रीफ

### एथलेटिक्स स्पर्धा में आरव का शानदार प्रदर्शन



**अनंत ज्ञान, ऊना।** वशिष्ट पब्लिक स्कूल के छात्र आरव चौधरी ने बिलासपुर में आयोजित 37वीं हिमाचल प्रदेश राज्य एथलेटिक्स चैंपियनशिप में उत्कृष्ट प्रदर्शन कर विद्यालय और जिले का नाम रोशन किया है। अंडर-14 ट्रायथलॉन स्पर्धा में आरव ने 60 मीटर दौड़ में स्वर्ण पदक, लंबी कूद में रजत पदक तथा बैक थ्रो में कांस्य पदक हासिल किया। उनके शानदार प्रदर्शन के आधार पर उनका चयन आगामी नॉर्थ जोन राष्ट्रीय एथलेटिक्स प्रतियोगिता के लिए हुआ है। विद्यालय के प्रधानाचार्य दीपक कौशल ने आरव को बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। विद्यालय प्रबंधन, शिक्षकों और अभिभावकों ने भी इस उपलब्धि पर प्रसन्नता व्यक्त की है।

### चौकीमन्यार में 200 किसानों को मिला बीज

**अनंत ज्ञान, बड़ूही।** कृषि विभाग बंगाणा द्वारा उप तहसील जोल के अंतर्गत चौकीमन्यार बीज वितरण केंद्र में 16 जून से शुरू किए गए बीज वितरण कार्यक्रम के पहले दिन किसानों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। केंद्र पर किसानों को मक्की, चरी, माश तथा मोटे अनाज के बीज वितरित किए गए। पहले दिन लगभग 200 किसानों ने योजना का लाभ उठाया। किसान आधार कार्ड के साथ केंद्र पर पहुंचे और निर्धारित प्रक्रिया के तहत बीज प्राप्त किए। विभागीय कर्मचारियों ने व्यवस्था को सुचारु रूप से संचालित किया, जिससे किसी प्रकार की परेशानी नहीं हुई। बीज वितरण अभियान 20 जून तक प्रतिदिन निर्धारित समय पर जारी रहेगा। विषयवाद विशेषज्ञ सतपाल धीमान ने किसानों से समय पर बीज प्राप्त करने की अपील की और खरीफ सीजन में बेहतर उत्पादन के लिए उन्नत बीजों के उपयोग पर जोर दिया।

### जनगणना में नागरिक करें पूर्ण सहयोग: डीसी

**अनंत ज्ञान, ऊना।** जनगणना 2027 के तहत स्व-जनगणना की अवधि समाप्त होने के बाद अब जिले में घर-घर जाकर जनगणना कार्य शुरू किया जाएगा। इस संबंध में उपायुक्त ऊना जतिन लाल ने बताया कि नियुक्त प्रगणक एवं पर्यवेक्षक 15 जुलाई तक प्रत्येक घर तक पहुंचकर आवश्यक जानकारी एकत्रित करेंगे। उन्होंने कहा कि सभी अधिकारी निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार सर्वेक्षण कार्य को पूरा करेंगे और अपने साथ आधिकारिक पहचान पत्र भी रखेंगे। उपायुक्त ने नागरिकों से अपील की कि वे जनगणना कर्मियों को सही और तथ्यात्मक जानकारी प्रदान कर पूर्ण सहयोग करें। उन्होंने कहा कि यह आंकड़े विकास योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। एकत्रित जानकारी पूर्णतः गोपनीय रखी जाएगी और केवल सांख्यिकीय व विकासात्मक उद्देश्यों के लिए उपयोग होगी। जतिन लाल ने कहा कि जनगणना राष्ट्र निर्माण की आधारभूत प्रक्रिया है, इसलिए सभी नागरिकों की भागीदारी आवश्यक है।

### नन्हे बच्चों के सर्वांगीण विकास पर दिया जोर

**अनंत ज्ञान, ऊना।** बाल विकास परियोजना ऊना के अंतर्गत पर्यवेक्षक वृत्त बाबा रुद्रू द्वारा ग्राम पंचायत धमांदरी में 'स्कूल रेडीनेस मेला-1' का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता पर्यवेक्षक नानकी देवी ने की। मेले का उद्देश्य 3 से 6 वर्ष आयु वर्ग के बच्चों को विद्यालयी शिक्षा के लिए तैयार करना और अभिभावकों को प्रारंभिक विकास प्रक्रिया से जोड़ना रहा। मेले में बच्चों के शारीरिक, बौद्धिक, भाषा, गणितीय तथा सामाजिक-भावनात्मक विकास से जुड़ी गतिविधियां करवाई गईं। आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं ने बच्चों को रोचक गतिविधियों में शामिल किया। अभिभावकों ने इस पहल की सराहना करते हुए इसे बच्चों के समग्र विकास के लिए उपयोगी बताया।

### पीर बाबा मंदिर पंजोडा में 15वां भंडारा कल

**अनंत ज्ञान, अंब।** उप तहसील जोल की ग्राम पंचायत चौकीमन्यार के अंतर्गत गांव पंजोडा स्थित पीर बाबा मंदिर में 15वें विशाल भंडारे का आयोजन 18 जून वीरवार को बड़े ही श्रद्धा और धूमधाम के साथ किया जाएगा। यह जानकारी अशमिल मोहम्मद बगनाल ने दी। उन्होंने बताया कि भंडारे की तैयारियां जोर-शोर से चल रही हैं तथा इस पावन अवसर पर सभी क्षेत्रवासियों के लिए प्रसाद एवं लंगर की व्यवस्था की जाएगी। आयोजकों ने समस्त क्षेत्रवासियों से अधिक से अधिक संख्या में पहुंचकर भंडारे में भाग लेने और पीर बाबा का आशीर्वाद प्राप्त करने की अपील की है।

# गगरेट नपं में सियासी पारा 'हाई'

## अध्यक्ष-उपाध्यक्ष चुनाव ने पकड़ा तूल, कसमों से एयर टिकट तक चर्चाओं का बाजार गर्म

अनंत ज्ञान

**ऊना/ गगरेट।** नगर पंचायत गगरेट के अध्यक्ष-उपाध्यक्ष पद के चुनाव को लेकर राजनीतिक सरगर्मियां चरम पर पहुंच गई हैं। संख्या बल के लिहाज से पीछे होने के बावजूद कांग्रेस ने आक्रामक रणनीति अपनाकर मुकाबले को बेहद रोचक बना दिया है। वहीं भाजपा भी अपनी बढ़त को जीत में बदलने के लिए पूरी ताकत झोंक रही है। ऐसे में अध्यक्ष-उपाध्यक्ष की कुर्सी के लिए सियासी जंग अब आर-पार की स्थिति में पहुंचती दिखाई दे रही है।

सूत्रों के अनुसार, पार्षदों की निष्ठा सुनिश्चित करने के लिए कहीं देवस्थानों में जाकर शपथ दिलाने की बातें सामने आ रही हैं, तो कहीं भाजपा खेमे द्वारा पार्षदों को बाहर घुमाने के लिए एयर टिकट तक की पेशकश किए जाने की चर्चाएं सुनाई दे रही हैं। हालांकि इन दावों की किसी स्तर पर आधिकारिक पुष्टि नहीं हुई है, लेकिन इन चर्चाओं ने राजनीतिक माहौल को और अधिक गर्मा दिया है। नगर पंचायत दौलतपुर चौक में सफलता हासिल करने के बाद कांग्रेस की नजरें अब गगरेट पर टिकी हुई हैं। दूसरी ओर भाजपा को विश्वास था कि वह यहां जीत दर्ज कर दौलतपुर चौक में मिली हार की भरपाई कर लेगी। लेकिन उच्चतम न्यायालय के हालिया आदेश के बाद बने राजनीतिक हालात ने पूरे समीकरण को बदल दिया और भाजपा की रणनीति को नया झटका लगा। सूत्र बताते हैं कि बदले हालात के बाद एक पक्ष ने अपने समर्थक पार्षदों को देवस्थानों तक ले जाकर राजनीतिक वफादारी की कसमें दिलाने का रास्ता अपनाया। वहीं कांग्रेस भी संख्या बल की कमी के बावजूद संभावित समीकरणों की तलाश में जुटी हुई है ताकि भाजपा को कड़ी चुनौती दी जा सके। सोमवार को सामने आए घटनाक्रम के बाद भाजपा नेतृत्व भी पूरी तरह सतर्क नजर आ रहा है।

राजनीतिक जानकारों का कहना है कि भाजपा अपने पार्षदों को कुछ दिनों के लिए बाहर भेजने की रणनीति पर भी विचार कर रही है, जिससे विपक्ष किसी संभावित असंतोष या कमजोर कड़ी तक पहुंच न सके। दूसरी तरफ कांग्रेस भी लगातार सक्रिय है और चुनावी गणित को अपने पक्ष में करने के लिए हर स्तर पर प्रयास कर रही है। हालांकि आंकड़ों के हिसाब से नगर पंचायत गगरेट में भाजपा का पलड़ा भारी माना जा रहा है, लेकिन पार्टी के भीतर चल रही खींचतान और गुटबाजी को लेकर भी चर्चाएं तेज हैं।

इस बीच विधायक राकेश कालिया की राजनीतिक रणनीति भी चर्चा का विषय बनी हुई है। माना जाता है कि वे पहले भी कई बार विपरीत परिस्थितियों में अपने पक्ष के लिए अनुकूल माहौल तैयार करने में सफल रहे हैं, जिससे मुकाबला और अधिक दिलचस्प हो गया है। कुल मिलाकर नगर पंचायत गगरेट का यह चुनाव अब केवल अध्यक्ष और उपाध्यक्ष पद तक सीमित नहीं रह गया है, बल्कि भाजपा-कांग्रेस दोनों के लिए प्रतिष्ठा का प्रश्न बन चुका है।

### प्रत्यक्ष चुनाव प्रणाली लागू करने की अपील

**अनंत ज्ञान, गगरेट।** नगर निकायों में अध्यक्ष एवं उपाध्यक्ष पद के लिए लागू अप्रत्यक्ष चुनाव प्रणाली को लेकर बहस तेज हो गई है। कई लोगों ने इसे लोकतांत्रिक भावना के विपरीत बताते हुए सीधे जनता द्वारा चुनाव कराने की मांग उठाई है। गगरेट निवासी मोहित बग्गा ने राज्य निर्वाचन आयोग को पत्र भेजकर प्रत्यक्ष चुनाव प्रणाली लागू करने की अपील की है। उनका कहना है कि वर्तमान व्यवस्था में जनता की भूमिका केवल पार्षद चुनने तक सीमित रह जाती है, जबकि शीर्ष पदों का फैसला पार्षदों के हाथ में चला जाता है। उन्होंने खरीद-फरोख्त और राजनीतिक जोड़-तोड़ की आशंका जताते हुए पारदर्शी व्यवस्था की जरूरत बताई है। बग्गा ने सुझाव दिया कि यदि राजनीतिक दल प्रभाव रखते हैं तो चुनाव पार्टी आधार पर भी हो सकते हैं, जिससे स्पष्ट जनादेश सुनिश्चित होगा।

# सीमावर्ती पंजाब से शराब तस्करी तेज महंगी कारों से पहुंच रही अवैध खेपें

अनंत ज्ञान

**गगरेट।** सीमावर्ती पंजाब से हिमाचल प्रदेश में शराब तस्करी के मामलों में तेजी से वृद्धि देखी जा रही है। नई आबकारी नीति लागू होने के बाद सीमावर्ती क्षेत्रों में अवैध शराब कारोबार का नेटवर्क सक्रिय हो गया है। तस्कर अब महंगी कारों का इस्तेमाल कर शराब की खेपें हिमाचल तक पहुंचा रहे हैं, जिससे राज्य सरकार के राजस्व को नुकसान हो रहा है और वैध शराब कारोबार प्रभावित हो रहा है।

हाल ही में गगरेट क्षेत्र में पुलिस ने गुप्त सूचना के आधार पर एक कार से शराब की कई पेटियां बरामद की थीं। प्रारंभिक जांच में सामने आया कि यह शराब पंजाब सीमा से सटे एक ठेके से लाई गई थी। इस कार्रवाई के बाद सीमावर्ती तस्करी का मामला एक बार फिर चर्चा में आ गया है और पुलिस ने जांच को तेज कर दिया है।

जानकारों का कहना है कि पंजाब के कुछ सीमावर्ती इलाकों में कम आबादी वाले स्थानों पर भी

◆ **सरकार के राजस्व और कारोबारियों पर असर**

शराब के ठेके संचालित किए जा रहे हैं। इन स्थानों पर निगरानी की कमी का फायदा उठाकर तस्कर आसानी से शराब खरीदकर सुनसान और जंगली रास्तों से हिमाचल में प्रवेश कर रहे हैं।

इस अवैध गतिविधि का सबसे बड़ा असर हिमाचल प्रदेश के राजस्व पर पड़ रहा है। वैध बिक्री कम होने से सरकार को अपेक्षित कर प्राप्त नहीं हो पा रहा है, जबकि स्थानीय ठेकेदारों का कारोबार भी प्रभावित हो रहा है। कई कारोबारियों ने आशंका जताई है कि यदि यही स्थिति बनी रही तो उन्हें आर्थिक नुकसान उठाना पड़ेगा।

डीएसपी अनिल पटियाल ने कहा है कि पुलिस शराब तस्करी के मामलों को गंभीरता से ले रही है और सीमावर्ती क्षेत्रों में निगरानी बढ़ाई जा रही है। उन्होंने स्पष्ट किया कि अवैध कारोबार में शामिल किसी भी व्यक्ति को बख्शा नहीं जाएगा और सख्त कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

# संतोषगढ़-टाहलीवाल रोड पर 63 .32 ग्राम चिट्टे के साथ दो किए गिरफ्तार




63.32 ग्राम चिट्टे के साथ पकड़े आरोपी। अनंत ज्ञान

अनंत ज्ञान

**ऊना।** मुख्यमंत्री के 'नशा मुक्त हिमाचल' अभियान के तहत जिला पुलिस ऊना ने नशा तस्करों के खिलाफ बड़ी कार्रवाई करते हुए 63.32 ग्राम चिट्टा (हेरोइन) बरामद कर दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है।

पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार 15 जून को एसआईयू ऊना की टीम ने गुप्त सूचना के आधार पर संतोषगढ़-टाहलीवाल मार्ग पर नाकाबंदी के दौरान एक मोटरसाइकिल को जांच के लिए रोका। तलाशी के दौरान मोटरसाइकिल में छिपाकर रखा गया 63.32 ग्राम चिट्टा बरामद हुआ। पुलिस ने सतीश कुमार और मंजीत कुमार, दोनों निवासी जैजों, जिला होशियारपुर (पंजाब) को गिरफ्तार कर उनके खिलाफ एनडीपीएस अधिनियम के तहत मामला दर्ज किया है। पुलिस मामले की गहन जांच कर नशा तस्करी नेटवर्क के बैकवर्ड और फॉरवर्ड लिंक खंगाल रही है।

# वार्ड सदस्यों को 27 को दिलाई जाएगी शपथ

## श्रवण कुमार बोले– प्रशासनिक, वैधानिक अधिकारों व जनहितकारी योजनाओं की देंगे जानकारी

अनंत ज्ञान

**राजेश शर्मा, ऊना।** जिला ऊना में पंचायती राज संस्थाओं के चुनाव शांतिपूर्ण और सफलतापूर्वक संपन्न होने के बाद अब नव निर्वाचित जनप्रतिनिधियों को उनके दायित्वों और अधिकारों से परिचित कराने की प्रक्रिया शुरू की जा रही है। जिला पंचायत अधिकारी श्रवण कुमार ने बताया कि पंचायतों के नव निर्वाचित वार्ड सदस्यों को 27 जून को पद एवं गोपनीयता की शपथ दिलाई जाएगी। यह शपथ संबंधित पंचायतों के प्रधानों द्वारा दिलाई जाएगी।

एक विशेष बातचीत में जिला पंचायत अधिकारी ने कहा कि जिले में पंचायत प्रधानों और उपप्रधानों का शपथ ग्रहण समारोह पहले ही संपन्न हो चुका है। अब वार्ड सदस्यों को भी विधिवत शपथ दिलाकर पंचायत स्तर पर विकास कार्यों को गति देने की दिशा में आगे बढ़ा जाएगा।

उन्होंने बताया कि शपथ ग्रहण प्रक्रिया के बाद पंचायतों के चुने हुए जनप्रतिनिधियों के लिए व्यापक प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। इस प्रशिक्षण का उद्देश्य नव निर्वाचित प्रतिनिधियों को पंचायत संचालन, प्रशासनिक प्रक्रियाओं, कानूनी प्रावधानों तथा उनके अधिकारों एवं कर्तव्यों के बारे में विस्तृत जानकारी प्रदान करना है।

श्रवण कुमार ने कहा कि पंचायत प्रतिनिधि ग्रामीण विकास की आधारशिला होते हैं। ऐसे में उनके लिए यह जानना आवश्यक है कि वे अपने क्षेत्र के विकास के लिए उपलब्ध संसाधनों और योजनाओं का प्रभावी उपयोग किस प्रकार कर सकते हैं।

प्रशिक्षण कार्यक्रम में विभिन्न विभागों के अधिकारियों द्वारा उन्हें सरकारी योजनाओं, विकास कार्यक्रमों तथा पंचायतों को प्राप्त शक्तियों एवं जिम्मेदारियों के बारे में जानकारी दी जाएगी। उन्होंने बताया कि प्रशिक्षण के दौरान प्रतिनिधियों को यह भी समझाया जाएगा कि किस प्रकार जनहित से जुड़े कार्यक्रमों को प्रभावी ढंग से लागू किया जा सकता है और विकास कार्यों में आम जनता की भागीदारी सुनिश्चित की जा सकती है। इसके अलावा पंचायत स्तर पर वित्तीय प्रबंधन, रिकॉर्ड संधारण, बैठकों के संचालन और विकास योजनाओं के क्रियान्वयन से जुड़े विषयों पर भी मार्गदर्शन दिया जाएगा।

### पारदर्शिता पर रहेगा विशेष जोर

**जिला** पंचायत अधिकारी ने कहा कि प्रशिक्षण कार्यक्रम में पारदर्शिता और जवाबदेही को विशेष महत्व दिया जाएगा। जनप्रतिनिधियों को यह बताया जाएगा कि सार्वजनिक धन का उपयोग निर्धारित नियमों और प्रक्रियाओं के तहत कैसे किया जाए तथा विकास कार्यों में पारदर्शिता बनाए रखने के लिए किन बातों का ध्यान रखना आवश्यक है। उन्होंने कहा कि पंचायत प्रतिनिधियों को उनके कानूनी अधिकारों, वैधानिक शक्तियों और प्रशासनिक दायित्वों से अवगत कराना बेहद जरूरी है।



### ग्रामीण विकास को मिलेगी नई गति

**श्रवण** कुमार ने विश्वास जताया कि प्रशिक्षण प्राप्त करने के बाद नव निर्वाचित जनप्रतिनिधि अपने दायित्वों का बेहतर ढंग से निर्वहन कर पाएंगे और पंचायतों में विकास कार्यों को अधिक प्रभावी तरीके से आगे बढ़ाएंगे। उन्होंने कहा कि पंचायतें लोकतंत्र की सबसे महत्वपूर्ण इकाई हैं और मजबूत पंचायत व्यवस्था ही ग्रामीण विकास का आधार है। उन्होंने सभी नव निर्वाचित जनप्रतिनिधियों से आग्रह किया कि वे प्रशिक्षण कार्यक्रम में सक्रिय भागीदारी सुनिश्चित करें, ताकि अपने अधिकारों, कर्तव्यों और विकास योजनाओं की बेहतर समझ विकसित कर क्षेत्र के सर्वांगीण विकास में योगदान दे सकें।

# बिलासपुर में शुरु हुआ जनगणना 2027 का प्रथम चरण : उपायुक्त

अनंत ज्ञान

**ब्यूरो, बिलासपुर।** उपायुक्त बिलासपुर राहुल कुमार ने बताया कि जनगणना 2027 के प्रथम चरण के तहत जिला बिलासपुर में मंगलवार से मकान सूचीकरण एवं मकानों की गणना का कार्य आरंभ कर दिया गया है। यह महत्वपूर्ण चरण 16 जून से 15 जुलाई तक संचालित किया जाएगा, जिसके दौरान प्रगणक घर-घर जाकर निर्धारित जानकारी एकत्र करेंगे। ऑनलाइन पोर्टल के माध्यम से स्वगणना की अवधि 15 जून को समाप्त हो चुकी है।

उन्होंने बताया कि इस बार जनगणना पूरी तरह डिजिटल माध्यम से की जा रही है। प्रगणक जानकारी एकत्र करने के लिए एचएलओ मोबाइल ऐप का उपयोग करेंगे। जिन नागरिकों ने 1 जून से 15 जून 2026 के दौरान ऑनलाइन पोर्टल के माध्यम से स्वगणना पूरी की है, उन्हें अपनी स्वगणना आईडी प्रगणकों को उपलब्ध करवानी होगी। उपायुक्त ने बताया कि जनगणना के प्रथम चरण के दौरान प्रगणक 33 आधिकारिक प्रश्नों के माध्यम से मकान, परिवार, पेयजल, बिजली, शौचालय, खाद्यान्न तथा घरेलू सुविधाओं से संबंधित जानकारी एकत्र करेंगे। यह आंकड़े भविष्य की विकास योजनाओं और नीतियों के निर्माण में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगे।

राहुल कुमार ने कहा कि नागरिकों की सुरक्षा एवं विश्वास बनाए रखने के लिए घर-घर आने वाले प्रगणकों और जनगणना कर्मियों के पहचान पत्रों पर क्यूआर कोड अंकित किए गए हैं। आम नागरिक क्यूआर कोड को स्कैन कर संबंधित कर्मचारी की पहचान सत्यापित कर सकते हैं। जनगणना कार्य के दौरान केवल अधिकृत कर्मचारी ही जानकारी एकत्र करेंगे। उपायुक्त ने नागरिकों से जनगणना कार्य में पूर्ण सहयोग करने तथा प्रगणकों को सही एवं तथ्यात्मक जानकारी उपलब्ध करवाने की अपील की। उन्होंने लोगों को किसी भी प्रकार की भ्रामक सूचना से सावधान रहने की सलाह देते हुए कहा कि जनगणना के दौरान किसी भी नागरिक से बैंक खाते की जानकारी, ओटीपी, एटीएम विवरण अथवा अन्य वित्तीय दस्तावेज नहीं मांगे जाते हैं। यदि कोई व्यक्ति ऐसी जानकारी मांगता है तो उस पर विश्वास न करें और इसकी सूचना तुरंत प्रशासन को दें। उन्होंने बताया कि जनगणना से संबंधित किसी भी प्रकार की आधिकारिक जानकारी अथवा सहायता के लिए नागरिक हेल्पलाइन नंबर 1855 पर संपर्क कर सकते हैं।

# अग्निवीर भर्ती में बिलासपुर कॉलेज के 13 एनसीसी कैडेट्स चयनित

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर।** राजकीय महाविद्यालय बिलासपुर के एनसीसी नेवी विंग के 13 कैडेट्स का वर्ष 2026 की अग्निवीर भर्ती प्रक्रिया में चयन हुआ है। एक साथ 13 कैडेट्स के भारतीय सशस्त्र बलों में चयन से महाविद्यालय में खुशी का माहौल है। चयनित कैडेट्स में कृष कुमार भारद्वाज, सुमित, अक्षय कुमार, साहिल राणा, मोहित संधू, युवराज सिंह, अभिषेक कुमार तथा विक्रम सिंह चंदेल सहित अन्य कैडेट्स शामिल हैं। इसके अलावा एनसीसी नेवी विंग के पांच पूर्व कैडेट्स मनीष कुमार, अक्षय ठाकुर, विकास कुमार, अर्णव ठाकुर और अर्पित ठाकुर का भी अग्निवीर भर्ती में चयन हुआ है।

महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. पीएस कटवाल ने चयनित कैडेट्स को बधाई देते हुए इसे संस्थान के लिए गौरवपूर्ण उपलब्धि बताया। एनसीसी अधिकारी प्रो. श्रवण कुमार ने कहा कि यह सफलता कैडेट्स की मेहनत, अनुशासन और एनसीसी प्रशिक्षण का परिणाम है। उन्होंने बताया कि वर्ष 2025 में भी एनसीसी नेवी विंग के आठ कैडेट्स अग्निवीर भर्ती में चयनित होकर वर्तमान में भारतीय सेना में सेवाएं दे रहे हैं। एनसीसी अधिकारी प्रो. सुरेश जम्वाल ने भी सभी चयनित कैडेट्स को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि उनकी उपलब्धि अन्य युवाओं को देश सेवा के लिए प्रेरित करेगी।

# हिमाचल एथलेटिक्स में चमके खेलो इंडिया केंद्र के खिलाड़ी

अनंत ज्ञान



**ब्यूरो, बिलासपुर।** 37वीं हिमाचल प्रदेश राज्य स्तरीय एथलेटिक्स प्रतियोगिता का दो दिवसीय आयोजन सफलतापूर्वक संपन्न हुआ। प्रतियोगिता में खेलो इंडिया उत्कृष्ट केंद्र के खिलाड़ियों ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए कुल 15 पदक अपने नाम किए। खिलाड़ियों ने 8 स्वर्ण, 4 रजत तथा 3 कांस्य पदक जीता।

◆ **8 स्वर्ण, 4 रजत एवं 3 कांस्य पदक जीतकर राष्ट्रीय प्रतियोगिता के लिए किया क्वालीफाई**

प्रतियोगिता में आरुषि ने दो स्वर्ण पदक जीतकर शानदार प्रदर्शन किया। गुंगुन ने एक स्वर्ण एवं एक रजत पदक हासिल किया, जबकि श्रद्धा, पलक, वंशिका तथा राधिका ने एक-एक स्वर्ण पदक अपने नाम किया। अंशुल ने एक स्वर्ण एवं एक रजत पदक जीतकर अपनी प्रतिभा का उत्कृष्ट प्रदर्शन किया।

इसके अतिरिक्त मुस्कान ने एक रजत पदक, मानशी ने एक कांस्य पदक तथा सूर्यांश ने एक कांस्य पदक अर्जित किया। अंकित ने दो रजत पदक जीतकर टीम की उपलब्धियों में महत्वपूर्ण योगदान दिया। वहीं, माणिक ने भी दो रजत पदक हासिल कर अपनी प्रतिभा का परिचय दिया। खेलो इंडिया उत्कृष्ट केंद्र के खिलाड़ियों के इस उत्कृष्ट प्रदर्शन के आधार पर सभी खिलाड़ियों ने राष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगिताओं के लिए क्वालीफाई किया है। खिलाड़ियों की इस उपलब्धि पर प्रशिक्षकों, अभिभावकों तथा खेल प्रेमियों ने खुशी व्यक्त करते हुए उन्हें राष्ट्रीय प्रतियोगिता के लिए शुभकामनाएं दी हैं।

### 13 वर्षीय किशोर ने फंदा लगाकर की आत्महत्या

**अनंत ज्ञान, घुमारवीं।** घुमारवीं विधानसभा क्षेत्र की अंतिम छोर की एक पंचायत में एक 13 वर्षीय किशोर ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। जानकारी के अनुसार मृतक सातवीं कक्षा का छात्र था। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार सोमवार शाम के समय में नाबालिग ने कमरे में था जब परिजनों ने देखा तो वह फंदे से लटका हुआ था, उन्होंने एकाएक उतारा और घुमारवीं अस्पताल ले आए जहा डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया गया है। डीएसपी विशाल वर्मा ने मामले की पुष्टि करते हुए बताया कि पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम मंगलवार को करवाकर शव परिजनों के हवाले कर दिया गया है। फिलहाल आत्महत्या के कारणों का पता नहीं चल पाया है न ही कोई सुसाइड नोट मिला है। मामले की गहन छानबीन की जा रही है।

### वरिष्ठ नागरिकों को किया जागरूक

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर।** विश्व वृद्ध दुर्व्यवहार जागरूकता दिवस के अवसर पर जिला विधिक सेवाएं प्राधिकरण बिलासपुर द्वारा अपना घर वृद्धाश्रम, देवली (घागस) में जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। सचिव जिला विधिक सेवाएं प्राधिकरण प्रतीक गुप्ता ने वरिष्ठ नागरिकों को उनके अधिकारों, सरकारी कल्याणकारी योजनाओं तथा निशुल्क विधिक सहायता संबंधी प्रावधानों की जानकारी दी। उन्होंने कहा कि वरिष्ठ नागरिक समाज की अमूल्य धरोहर हैं और उनके सम्मान व सुरक्षा को सुनिश्चित करना सभी का दायित्व है। कार्यक्रम में लगभग 17 वरिष्ठ नागरिकों ने भाग लिया।

### नशा मुक्त जागरूकता अभियान 17 जून से

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर।** उपायुक्त राहुल कुमार ने बताया कि जिला बिलासपुर में 17 से 26 जून तक 'नशा मुक्त भारत अभियानः विकसित भारत की पहचान' विषय पर विभिन्न जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। अभियान के तहत स्कूलों, महाविद्यालयों और विभिन्न संस्थानों में प्रतियोगिताएं, सेमिनार, रैलियां, नुक्कड़ नाटक, खेल गतिविधियां तथा पौधरोपण कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। उन्होंने बताया कि 26 जून को सभी विद्यालयों, महाविद्यालयों और सरकारी कार्यालयों में नशे के विरुद्ध सामूहिक शपथ दिलाई जाएगी। उपायुक्त ने सभी नागरिकों से अभियान में सक्रिय भागीदारी करने की अपील की।

### पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता में कनिका प्रथम

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर।** विश्व रक्तदाता दिवस के अवसर पर राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय नम्होल में प्रधानाचार्य प्रीतम लाल शर्मा की अध्यक्षता में जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. शशी दत्त शर्मा के दिशा-निर्देशों के तहत आयोजित हुआ। इस अवसर पर खंड चिकित्सा अधिकारी मारकंड डॉ. सुरेंद्र सिंह बाबा ने विद्यार्थियों को रक्तदान के महत्व की जानकारी देते हुए बताया कि रक्तदान मानवता की सबसे बड़ी सेवा है और एक यूनिट रक्त से तीन लोगों तक की जान बचाई जा सकती है। उन्होंने इस वर्ष की थीम 'वन ड्राप ऑफ ह्यूमैनिटी, गिव ब्लड, सेव लाइवस' पर प्रकाश डालते हुए स्वैच्छिक रक्तदान के लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम के दौरान पोस्टर मेकिंग और भाषण प्रतियोगिताओं का आयोजन भी किया गया। पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता में कनिका प्रथम, रेनू द्वितीय तथा मोनिका तृतीय स्थान पर रहीं। भाषण प्रतियोगिता में दिया प्रथम, पीयूष द्वितीय तथा राहुल महाजन तृतीय स्थान पर रहे।

# औहर पंचायत में चोरों का आतंक, दो माह में 11 चोरियां



देशराज की अध्यक्षता में एसपी को ज्ञापन देते ग्रामीण

अनंत ज्ञान

**ब्यूरो, बिलासपुर।** औहर पंचायत में लगातार बढ़ रही चोरी और सेंधमारी की घटनाओं से ग्रामीणों में दहशत का माहौल है। पिछले दो महीनों में पंचायत के विभिन्न गांवों में 11 स्थानों पर चोरी या चोरी के प्रयास होने के बाद पंचायत प्रधान देशराज शर्मा के नेतृत्व में पंचायत प्रतिनिधिमंडल ने एसपी बिलासपुर संदीप धवल को ज्ञापन सौंपकर तत्काल कार्रवाई की मांग की।

ज्ञापन में कहा गया कि रात के समय संदिग्ध लोग घरों के आसपास घूमते देखे जा रहे हैं, जिससे लोग भयभीत हैं और कई परिवार रातभर जागकर पहरा देने को मजबूर हैं। प्रतिनिधिमंडल ने क्षेत्र में रात्रि गश्त बढ़ाने, विशेष पुलिस टीम तैनात करने, अवैध शराब के कारोबार पर शिकंजा कसने तथा पंचायत में सीसीटीवी कैमरे लगाने की मांग उठाई।

एसपी संदीप धवल ने प्रतिनिधियों को आश्वस्त किया कि पुलिस गश्त बढ़ा दी गई है, संदिग्धों की पहचान की जा रही है और प्रवासियों का सत्यापन भी चल रहा है। उन्होंने कहा कि जल्द ही आरोपियों को पकड़ लिया जाएगा तथा संवेदनशील स्थानों पर सीसीटीवी कैमरे लगाए जाएंगे।

# जिला परिषद बिलासपुर : बहुमत भाजपा के पास फिर भी अध्यक्ष पद के चुनाव पर सबकी नजरें

अनंत ज्ञान

**अरुण डोगरा रीतू, बिलासपुर।** जिला परिषद बिलासपुर के अध्यक्ष एवं उपाध्यक्ष पद के चुनाव 19 जून को होने हैं। 14 सदस्यीय जिला परिषद में 9 सदस्य भाजपा समर्थित तथा 5 सदस्य निर्दलीय निर्वाचित हुए हैं। इनमें से तीन निर्दलीयों को भाजपा समर्थक माना जा रहा है, जबकि दो सदस्यों का झुकाव कांग्रेस की ओर माना जाता है। ऐसे में संख्याबल के आधार पर भाजपा की स्थिति मजबूत दिख रही है, लेकिन राजनीतिक गलियारों में अभी भी कई तरह के कयास लगाए जा रहे हैं।

इस बार के पंचायतीराज चुनावों की खास बात युवाओं का बढ़ता प्रभाव रहा है। प्रदेशभर में मतदाताओं ने बड़ी संख्या में युवा चेहरों पर भरोसा जताया है। बिलासपुर जिला परिषद में भी युवा नेतृत्व चर्चा के केंद्र में है। विशेष रूप से जिला परिषद सदस्य देवांश चंदेल, जिन्होंने जिले में सबसे बड़े मतांतर से जीत दर्ज की, अध्यक्ष पद की चर्चाओं में प्रमुखता से लिए जा रहे हैं। वहीं, निर्दलीय जीत हासिल करने वाली एडवोकेट सुरभि ठाकुर का नाम भी राजनीतिक समीकरणों में अहम माना जा रहा है।

राजनीतिक विश्लेषकों का मानना है कि यदि चुनाव केवल संख्याबल के आधार पर हुआ तो भाजपा का पलड़ा भारी रहेगा, लेकिन यदि निर्दलीय सदस्य एकजुट होकर रणनीतिक भूमिका निभाते हैं तो मुकाबला दिलचस्प हो सकता है। इसी वजह से 19 जून के चुनाव को लेकर राजनीतिक हलकों में उत्सुकता बनी हुई है। अब देखना यह है कि जिला परिषद की सत्ता का पासा किस ओर पलटता है और बिलासपुर को उसका नया नेतृत्व कौन देता है।

### 2005 का इतिहास भी चर्चा में

**जिला** परिषद के चुनावी इतिहास में साल 2005 का चुनाव आज भी याद किया जाता है, जब दोनों पक्षों के सात-सात सदस्य होने के कारण अध्यक्ष पद का फैसला टॉस से करना पड़ा था। हालांकि, इस बार परिस्थितियां अलग हैं, फिर भी पुराने घटनाक्रम को देखते हुए राजनीतिक पर्यवेक्षक अंतिम समय तक किसी भी संभावना से इनकार नहीं कर रहे। अब सबकी निगाहें 19 जून पर टिकी हैं। बहुमत भाजपा के पास दिखाई दे रहा है, लेकिन जिला परिषद की कमान आखिर किसके हाथ में जाएगी और युवा चेहरों में से कौन नेतृत्व की दौड़ में आगे निकलता है, यह चुनाव परिणाम ही तय करेंगे।

# ग्वालथाई में एमएसएमई जागरूकता एवं क्षमता संवर्धन कार्यक्रम हुआ



**अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर।** ग्वालथाई औद्योगिक क्षेत्र स्थित ढल्स होटल में स्मार्ट एमएसएमई कार्यक्रम के तहत जागरूकता एवं क्षमता संवर्धन सत्र आयोजित किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यमों (एमएसएमई) को डिजिटल रूपांतरण, उद्योग 4.0 और कृत्रिम बुद्धिमत्ता (एआई) जैसी आधुनिक तकनीकों के प्रति जागरूक करना था।

कार्यक्रम की अध्यक्षता जिला उद्योग केंद्र बिलासपुर के महाप्रबंधक मनोज कुमार ने की। उन्होंने उद्यमियों से तकनीकी उन्नयन एवं सरकारी योजनाओं का लाभ उठाने का आह्वान किया। विस्तार अधिकारी चेतन ने विभागीय योजनाओं की जानकारी दी।

डिजिटल रूपांतरण विशेषज्ञ तुषार सैनी ने उद्योग 4.0, आईओटी और स्मार्ट विनिर्माण पर प्रकाश डाला, जबकि एआई विशेषज्ञ शिवम जसवाल ने औद्योगिक क्षेत्र में कृत्रिम बुद्धिमत्ता की उपयोगिता पर जानकारी दी। कार्यक्रम में ग्वालथाई औद्योगिक क्षेत्र की विभिन्न इकाइयों से 35 से अधिक उद्यमियों एवं उद्योग प्रतिनिधियों ने भाग लिया। प्रतिभागियों ने कार्यक्रम को उपयोगी एवं ज्ञानवर्धक बताया।

# दसवीं के कला विषय परिणाम पर उठे सवाल

◆ **अभिभावकों ने उठाई निष्पक्ष जांच की मांग**

अनंत ज्ञान

**ब्यूरो, बिलासपुर।** राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला ज्योरा के विद्यार्थियों और अभिभावकों ने वर्ष 2025 की दसवीं कक्षा के कला विषय परीक्षा परिणाम को लेकर जांच की मांग उठाई है। बिलासपुर में आयोजित प्रेसवार्ता में उन्होंने आरोप लगाया कि परिणाम तैयार करने और ग्रेस अंक देने की प्रक्रिया में अनियमितताएं हुई हैं, जिससे विद्यार्थियों के साथ भेदभाव होने की आशंका है। अभिभावकों का कहना है कि कला विषय में कुछ विद्यार्थियों को अपेक्षाकृत अधिक ग्रेस अंक दिए गए, जबकि अन्य को बहुत कम अंक मिले। उनका आरोप है कि इससे विद्यार्थियों के भविष्य पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ सकता है।

विद्यार्थियों और अभिभावकों ने संबंधित अधिकारियों तथा पुलिस अधीक्षक को ज्ञापन सौंपकर मामले की निष्पक्ष जांच कराने, सच्चाई सामने लाने और दोषी पाए जाने वालों के विरुद्ध नियमानुसार कार्रवाई करने की मांग की है। इस अवसर पर शालिनी, अंजलि, सबीता, मोनिका, अक्षय, अंकित सहित अन्य अभिभावक उपस्थित रहे।

## प्रदेश सरकार हर मोर्चे पर विफल, जनता मूलभूत सुविधाओं के लिए बेहाल: जय सिंह

**अनंत ज्ञान, चंबा।** जिला मुख्यालय चंबा में आयोजित पत्रकार वार्ता में भाजपा नेता जय सिंह ने प्रदेश सरकार पर तीखा हमला बोलते हुए कहा कि कांग्रेस सरकार सत्ता के नशे में चूर होकर गरीब और मध्यम वर्ग की जनता पर लगातार अतिरिक्त आर्थिक बोझ डाल रही है। उन्होंने आरोप लगाया कि चुनाव से पहले किए गए बड़े-बड़े वादे आज केवल कागजों तक सीमित रह गए हैं और प्रदेश की जनता खुद को ठगा हुआ महसूस कर रही है। जय सिंह ने कहा कि सरकार विकास के नाम पर केवल लोगों को 'टोपी पहनाने' का काम कर रही है और मौजूदा हालात बताते हैं कि यह सरकार ज्यादा दिन तक चलने वाली नहीं है। उन्होंने शगुन योजना और महिलाओं को 1500 रुपये प्रतिमाह देने के वादे का उल्लेख करते हुए कहा कि हजारों महिलाएं आज भी भुगतान का इंतजार कर रही हैं। उनके अनुसार केवल चंबा जिले में ही लगभग 21 हजार महिलाओं को अब तक योजना का लाभ नहीं मिला है, जबकि पूरे प्रदेश में करीब 28 लाख महिलाएं राशि मिलने की प्रतीक्षा कर रही हैं। न्होंने चेतावनी देते हुए कहा कि यदि डेढ़ सप्ताह के भीतर पात्र महिलाओं के खातों में राशि जमा नहीं की गई तो वह लाभार्थी महिलाओं के साथ चंबा स्थित सीडीपीओ कार्यालय में ताला लगाकर जोरदार प्रदर्शन करेंगे, चाहे इसके लिए उन्हें जेल ही क्यों न जाना पड़े। पत्रकार वार्ता में जय सिंह ने बेरोजगारी के मुद्दे को भी प्रमुखता से उठाया। उन्होंने कहा कि चुनावों के दौरान युवाओं को रोजगार के बड़े सपने दिखाए गए, लेकिन आज लाखों युवा नौकरी की तलाश में भटक रहे हैं। उनके अनुसार सरकार के पास युवाओं को रोजगार देने की कोई ठोस योजना नहीं है और न ही कर्मचारियों एवं पेंशनरों को समय पर उनके वित्तीय लाभ देने के लिए पर्याप्त संसाधन हैं। महंगाई भत्ता और अन्य देयकों के लंबित रहने के कारण पेंशनर वर्ग को विरोध-प्रदर्शन करने के लिए मजबूर होना पड़ रहा है।

### विधानसभा अध्यक्ष कुलदीप पठानिया से मिला एनपीएस कर्मचारी महासंघ

# कर्मचारियों और पेंशनरों की मांगें रखीं

अनंत ज्ञान




पुरानी पेंशन समेत 10 प्रमुख मांगों पर सौंपा ज्ञापन

**ब्यूरो, चंबा।** न्यू पेंशन स्कीम कर्मचारी महासंघ, जिला चंबा के प्रतिनिधिमंडल ने विधानसभा अध्यक्ष कुलदीप सिंह पठानिया से मुलाकात कर कर्मचारियों और पेंशनरों से जुड़ी विभिन्न लंबित मांगों को प्रमुखता से उठाया। महासंघ ने विधानसभा अध्यक्ष के माध्यम से मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू को ज्ञापन प्रेषित करते हुए मांगों के शीघ्र समाधान की अपील की।

महासंघ के जिला अध्यक्ष सुनील जरियाल ने कहा कि जिला परिषद कर्मचारियों के विभागीय मर्जर के साथ पात्र कर्मचारियों को पुरानी पेंशन योजना का लाभ दिया जाए। इसके अलावा बिजली बोर्ड कर्मचारियों को भी पुरानी पेंशन के दायरे में लाने, सेवानिवृत्त कर्मचारियों के वर्ष 2016 से लंबित महंगाई भत्ता एरियर एवं नियमित डीए का भुगतान करने तथा कार्यरत कर्मचारियों की लंबित डीए किस्तें जारी करने की मांग उठाई गई। ज्ञापन में इंटर-डिस्ट्रिक्ट ट्रांसफर नीति को कर्मचारी हित में सरल बनाने, पटवारियों के स्टेट कैडर संबंधी लंबित मामले का समाधान करने, एचपीएसईबीएल की ट्रांसफर नीति से सब-कैडर की शर्त समाप्त करने, क्लस्टर सिस्टम पर पुनर्विचार, विभिन्न विभागों में लंबित पदोन्नतियां शीघ्र करने तथा बीआरसीसी पदों पर जल्द नियुक्तियां करने की भी मांग की गई। महासंघ ने जनगणना ड्यूटी पर तैनात कर्मचारियों को ड्यूटी अवधि में जनगणना कार्य न करने संबंधी आदेशों में संशोधन का मुद्दा भी विधानसभा अध्यक्ष के समक्ष उठाया। इस पर विधानसभा अध्यक्ष ने तत्काल एडीएम चंबा अमित मेहरा को बुलाकर मामले के समाधान का आश्वासन दिया। सुनील जरियाल ने कहा कि वर्ष 2022 के विधानसभा चुनाव में कर्मचारियों और पेंशनरों ने कांग्रेस पर भरोसा जताया था और पुरानी पेंशन सहित अन्य लंबित मांगों के समाधान की उम्मीद की थी। उन्होंने कहा कि पहली कैबिनेट में पुरानी पेंशन बहाली का निर्णय स्वागत योग्य था, लेकिन बिजली बोर्ड और जिला परिषद कर्मचारियों के मामले अब भी लंबित हैं, जबकि सरकार अपने कार्यकाल के चार वर्ष पूरे कर चुकी है। उन्होंने कहा कि भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा द्वारा हाल ही में दिए गए पुरानी पेंशन संबंधी बयान के संदर्भ में वर्ष 2022 के चुनावों में भाजपा के रुख को देखते हुए कर्मचारियों का भी वही रुख रहेगा जो उस समय था। महासंघ ने कहा कि यदि कर्मचारियों और पेंशनरों की न्यायोचित मांगों पर शीघ्र सकारात्मक निर्णय नहीं लिया गया तो इससे कर्मचारियों का मनोबल प्रभावित होगा और सरकार के प्रति उनका विश्वास कमजोर पड़ सकता है।

## खुंदेल पंचायत के प्रतिनिधिमंडल ने विस अध्यक्ष को सौंपा ज्ञापन, ऐलमी सड़क निर्माण की उठाई मांग



विस अध्यक्ष कुलदीप को ज्ञापन सौपने पहुंचा खुंदेल पंचायत का प्रतिनिधिमंडल। अनंत ज्ञान

अनंत ज्ञान

**ब्यूरो, चंबा।** खुंदेल पंचायत के प्रधान लतीफ मोहम्मद के नेतृत्व में एक प्रतिनिधिमंडल ने हिमाचल प्रदेश विधानसभा अध्यक्ष कुलदीप पठानिया को ज्ञापन सौंपकर पंचायत के अंतर्गत आने वाले ऐलमी गांव तक सड़क निर्माण की मांग उठाई।

ज्ञापन में बताया कि आजादी के कई दशक बीत जाने के बावजूद ऐलमी गांव अब भी सड़क सुविधा से वंचित है। बुलेट से गांव की दूरी लगभग 14 किलोमीटर है और सड़क न होने के कारण बीमार, बुजुर्ग तथा गर्भवती महिलाओं को मुख्य सड़क या अस्पताल तक पहुंचाने में भारी परेशानियों का सामना करना पड़ता है। प्रतिनिधिमंडल ने कहा कि वर्ष 2025 की आपदा में क्षेत्र की कई पुलियां और पैदल मार्ग क्षतिग्रस्त हो गए थे, जिनका अब तक समुचित पुनर्निर्माण नहीं हो पाया है। उन्होंने प्रशासन से अस्थायी कच्ची अथवा लकड़ी की पुलियां बनवाने तथा प्रभावित गांवों के लिए विशेष पैकेज स्वीकृत करने की मांग की, ताकि सड़क और बुनियादी ढांचे का विकास सुनिश्चित हो सके। लतीफ मोहम्मद ने विधानसभा अध्यक्ष से आग्रह किया कि ग्रामीणों की लंबे समय से लंबित इस मांग पर प्राथमिकता के आधार पर कार्रवाई कर ऐलमी गांव को सड़क संपर्क से जोड़ा जाए, जिससे स्थानीय लोगों को राहत मिल सके। इस दौरान प्रतिनिधिमंडल ने क्षेत्र में आधारभूत सुविधाओं के विस्तार और दुर्गम गांवों के समग्र विकास की आवश्यकता पर भी जोर दिया।

## 19 से 21 जून तक चमेरा बांध से छोड़ा जाएगा पानी

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, चंबा।** जिला आपदा प्रबंधन प्राधिकरण चंबा ने महत्वपूर्ण जन-सूचना जारी करते हुए बताया है कि चमेरा-III पावर स्टेशन के बांध स्थल खड़ामुख स्थित जलाशय से 19 जून (शुक्रवार) रात्रि 11:30 बजे से 21 जून (रविवार) प्रातः 4:00 बजे तक पानी छोड़ा जाएगा। इस दौरान नदी के जलस्तर में अचानक वृद्धि होने की संभावना है, जिससे नदी किनारे रहने वाले लोगों और वहां आने-जाने वालों के लिए खतरा उत्पन्न हो सकता है। प्रशासन ने सभी नागरिकों से अपील की है कि उक्त अवधि में नदी, नालों एवं उनके आसपास के क्षेत्रों में अनावश्यक आवाजाही से बचें तथा पशुओं को भी नदी किनारे न ले जाएँ। किसी भी प्रकार की लापरवाही जान-माल के लिए जोखिम बन सकती है। जिला आपदा प्रबंधन प्राधिकरण ने लोगों से सतर्क रहने, अफवाहों पर ध्यान न देने और प्रशासन द्वारा जारी सुरक्षा निर्देशों का पूर्ण पालन करने का आग्रह किया है, ताकि किसी भी अप्रिय घटना से बचा जा सके।

◆ **प्रशासन ने जारी की हाई अलर्ट की चेतावनी**

## भाजपा का एक फैसला बदल सकता है अल्पसंख्यक राजनीति की तस्वीर: नूरदीन

अनंत ज्ञान

**ब्यूरो, चंबा।** भाजपा वरिष्ठ कार्यकर्ता एवं बीडीसी सदस्य नूरदीन नूरानी ने कहा कि यदि पार्टी नेतृत्व उन्हें बीडीसी उपाध्यक्ष पद की जिम्मेदारी सौंपता है, तो वह इसे संगठन और समाज की सेवा का अवसर मानते हुए पूरी निष्ठा और समर्पण के साथ कार्य करेंगे। उनका मानना है कि ऐसा निर्णय अल्पसंख्यक समाज में भाजपा की स्वीकार्यता बढ़ाने और संगठन को जमीनी स्तर पर और अधिक मजबूत करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकता है।

नूरानी ने बताया कि वह 2006 से भारतीय जनता पार्टी के एक समर्पित कार्यकर्ता के रूप में लगातार सक्रिय हैं और पहली बार बीडीसी चुनाव जीतकर जनता का विश्वास हासिल किया है। उन्होंने कहा कि जीत के बाद उन्होंने अपने राजनीतिक मार्गदर्शक एवं हिमाचल प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री प्रेम कुमार धूमल से मुलाकात कर उनका आशीर्वाद लिया। इसके अलावा उन्होंने पूर्व मुख्यमंत्री शांता कुमार से भी भेंट कर संगठन और जनहित से जुड़े विभिन्न विषयों पर चर्चा की। उन्होंने कहा कि जब भी अल्पसंख्यक समुदाय की राजनीतिक भागीदारी की चर्चा होती है, तब आम धारणा के अनुसार कांग्रेस का प्रभाव अधिक दिखाई देता है। हालांकि, वास्तविकता यह है कि बड़ी संख्या में अल्पसंख्यक कार्यकर्ता भारतीय जनता पार्टी से भी पूरी निष्ठा और ईमानदारी के साथ जुड़े हुए हैं तथा संगठन के लिए सक्रिय रूप से कार्य कर रहे हैं।




पूर्व सीएम धूमल से मिलते बीडीसी सदस्य नूर दीन नूरानी।

नूर दीन नूरानी ने कहा कि यदि जनसमर्थन को व्यापक स्तर पर और अधिक मजबूत बनाना है, तो पार्टी द्वारा अल्पसंख्यक समाज से आने वाले समर्पित कार्यकर्ताओं को जिम्मेदारियां देना सकारात्मक संदेश देगा। उनके अनुसार, यदि उन्हें बीडीसी उपाध्यक्ष पद का दायित्व मिलता है तो इससे अल्पसंख्यक समाज में भाजपा के प्रति विश्वास और जुड़ाव बढ़ेगा तथा संगठन को जमीनी स्तर पर नया विस्तार मिलेगा। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि यदि पार्टी ऐसा निर्णय लेती है, तो वह अल्पसंख्यक समाज, युवाओं और आम जनता के बीच भाजपा की नीतियों को प्रभावी ढंग से पहुंचाने के साथ-साथ क्षेत्र के विकास और जनसेवा के लिए पूरी प्रतिबद्धता के साथ कार्य करेंगे।

## डलहौजी मॉल रोड पर रेहड़ियों को हटाने की कार्रवाई, माहौल तनावपूर्ण



**अनंत ज्ञान, अजीत सिंह, डलहौजी।** पर्यटन नगरी डलहौजी के मॉल रोड पर मंगलवार को नगर परिषद की ओर से रेहड़ियों को हटाने की कार्रवाई के दौरान कुछ समय के लिए माहौल तनावपूर्ण हो गया। नगर परिषद के कनिष्ठ अभियंता संजीव शर्मा के नेतृत्व में टीम जब मौके पर पहुंची तो रेहड़ी धारकों ने अपने रोजगार पर पड़ने वाले प्रभाव को लेकर विरोध जताया। स्थिति को देखते हुए प्रशासन को हस्तक्षेप करना पड़ा और एसडीएम डलहौजी मौके पर पहुंचे। उन्होंने रेहड़ी धारकों के साथ बातचीत कर उनकी समस्याओं को सुना तथा मामले को शांतिपूर्वक सुलझाने का प्रयास किया। इस दौरान उन्होंने सभी पक्षों से संयम बनाए रखने की अपील भी की। बातचीत के दौरान एसडीएम ने रेहड़ी धारकों को आश्वासन दिया कि नगर परिषद द्वारा वेंडर जोन के तहत उनके लिए शीघ्र ही उपयुक्त स्थान चिन्हित किया जाएगा, ताकि उनका रोजगार प्रभावित न हो और शहर की व्यवस्था भी सुचारु रूप से बनी रहे।

## सोनू ठाकुर बने गुंआं स्कूल प्रबंधन समिति के अध्यक्ष



गुंआं स्कूल प्रबंधन समिति का गठन किया। अनंत ज्ञान

अनंत ज्ञान

**देशराज कश्यप, धरवाला।** शिक्षा खंड मैहला के दायरे में पड़ती राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला गुंआं में मंगलवार को विद्यालय प्रबंधन समिति का गठन किया गया, जिसकी अध्यक्षता विद्यालय प्रभारी प्रधानाचार्य विकास चौहान ने की। जिसमें कुल 18 सदस्य चुने गए गाइडलाइन के अनुसार 50% भागीदारी महिलाओं की सुनिश्चित की गई 18 सदस्यों में से ही सोनू ठाकुर को सर्वसहमति से अध्यक्ष पद पर व उषा देवी को उपाध्यक्ष पद के लिए चुना गया। इस मौके पर विद्यालय समिति के नवनियुक्त अध्यक्ष सोनू ठाकुर ने अपने वक्तव्य में कहा कि राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला गुंआं में चल रही विभिन्न कमियों को प्राथमिकता के आधार पर उठाने का हर संभव प्रयास किया जाएगा। वहीं, नवनियुक्त विद्यालय समिति की उपध्यक्षा उषा देवी ने कहा कि बच्चों के शिक्षा स्तर को और भी बेहतर बनाने वह विद्यालय में चल रही शिक्षकों की भरपाई करने के लिए अग्रसर रहूंगी। इस मौके पर स्कूल प्रभारी प्रधानाचार्य विकास चौहान ने सभी सदस्यों को शुभकामनाएं दी।

## सीपीडीएल ने इंडस्ट्रियल एरिया, फेज-2 में कौशल विकास केंद्र का किया उद्घाटन




अनंत ज्ञान

**चंडीगढ़।** चंडीगढ़ पावर डिस्ट्रीब्यूशन लिमिटेड (सीपीडीएल) ने आज इंडस्ट्रियल एरिया, फेज-2, चंडीगढ़ में अपने कौशल विकास केंद्र (स्किल डेवलपमेंट सेंटर) का उद्घाटन किया। इस केंद्र की स्थापना सीपीडीएल कर्मचारियों के कौशल विकास और क्षमता संवर्धन के उद्देश्य से की गई है।

आधुनिक प्रशिक्षण सुविधाओं से सुसज्जित यह केंद्र विद्युत वितरण के विभिन्न पहलुओं से संबंधित तकनीकी एवं सॉफ्ट स्किल्स प्रशिक्षण प्रदान करेगा। यह नई सुविधा सेवा वितरण में सुधार लाने तथा चंडीगढ़ के उपभोक्ताओं को विश्वसनीय और निर्बाध विद्युत आपूर्ति सुनिश्चित करने में महत्वपूर्ण योगदान देगी।

उद्घाटन समारोह में अरुण कुमार वर्मा, निदेशक, सीपीडीएल, ब्रजेश कुमार, मुख्य कार्यकारी अधिकारी (सीईओ), सीपीडीएल, संदीप राय, हेड एचआर, सहित सीपीडीएल के अन्य वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित रहे।

## सीएम मान बोले- सुखबीर बादल के इशारे पर मेरे खिलाफ फर्जी वीडियो से छवि खराब करने की साजिश

**अनंत ज्ञान, चंडीगढ़।** पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत सिंह मान ने अपने नाम से जोड़ी जा रही एक फर्जी वीडियो को सिरे से खारिज करते हुए कहा कि उन्हें बदनाम करने और सरकार के जनहित फैसलों से ध्यान भटकाने की साजिश रची जा रही है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि वे श्री अकाल तख्त साहिब को सर्वोच्च मानते हैं और पूरी श्रद्धा के साथ इसके आगे सिर झुकाते हैं। उन्होंने कहा कि उनके खिलाफ झूठा प्रचार राजनीतिक कारणों से किया जा रहा है। मान ने आरोप लगाया कि शिरोमणि अकाली दल के नेता सुखबीर सिंह बादल के इशारे पर यह अभियान चलाया जा रहा है। उन्होंने कहा कि उनकी सरकार पंजाब के पानी, जवानी, किसानी और बाणी के हित में फैसले ले रही है, जिसे कुछ लोग बर्दाश्त नहीं कर पा रहे हैं। मुख्यमंत्री ने यह भी दावा किया कि वीडियो में दिखाया गया व्यक्ति वे नहीं हैं और इसे एआई के जरिए फैलाया गया है। उन्होंने कहा कि ऐसे झूठे आरोपों से उनकी छवि खराब करने की कोशिश हो रही है।

मान ने कहा कि पंजाब के लोग सच्चाई जानते हैं और वे राज्य व जनता के हित में काम करना जारी रखेंगे।

## आईसीआईसीआई प्रूडेंशियल ने लॉन्च किया गारंटिड बेनिफिट यूलिप प्लान

अनंत ज्ञान

**लुधियाना/अमृतसर।** आईसीआईसीआई प्रूडेंशियल लाइफ इंश्योरेंस ने आईसीआईसीआई प्रू सिग्नेचर सिक्योर लॉन्च किया है। यह भारतीय जीवन बीमा उद्योग का पहला यूनिट लिंक्ड इंश्योरेंस प्लान (यूलिप) है, जिसमें पहले से शामिल गारंटीड मैच्योरिटी बेनिफिट दिया गया है।

आईसीआईसीआई प्रू सिग्नेचर सिक्योर एक नॉन-पार्टिसिपेटिंग लिंक्ड इंडिविजुअल सेविंग्स लाइफ इंश्योरेंस प्लान है। इसे उन ग्राहकों के लिए बनाया गया है जो टैक्स के लिहाज से बेहतर और गारंटीड फायदे चाहते हैं। इसका ढांचा बेहद सरल है-एक बार निवेश कीजिए, पॉलिसी अवधि के दौरान लाइफ कवर का लाभ लीजिए और पांच साल पूरे होने पर मैच्योरिटी लाभ पाईए। मैच्योरिटी पर ग्राहक को फंड वैल्यू या गारंटीड मैच्योरिटी बेनिफिट में से जो अधिक होगा, वह मिलेगा। इससे निवेश पर निश्चित और भरोसेमंद रिटर्न मिलता है। इस नए प्रोडक्ट के लॉन्च पर आईसीआईसीआई प्रूडेंशियल लाइफ इंश्योरेंस के चीफ प्रोडक्ट ऑफिसर, विकास गुप्ता ने कहा, 'पारंपरिक रूप से, जो ग्राहक गारंटीड रिटर्न चाहते हैं, वे फिक्स्ड डिपॉजिट, बॉन्ड और अन्य गारंटीड-रिटर्न विकल्पों पर भरोसा करते रहे हैं, लेकिन अब ग्राहक ऐसे समाधान तलाश रहे हैं जो गारंटीड रिटर्न और वित्तीय सुरक्षा के साथ बेहतर टैक्स के बाद रिटर्न भी दें। इसी जरूरत को ध्यान में रखते हुए आईसीआईसीआई प्रू सिग्नेचर सिक्योर तैयार किया गया है, जो यूलिप के फायदे, पहले से शामिल गारंटीड मैच्योरिटी बेनिफिट और लाइफ कवर को एक ही प्लान में जोड़ता है।'

उदाहरण के लिए, मान लीजिए कोई 45 वर्षीय ग्राहक एकमुश्त निवेश का विकल्प चुनता है। वह आईसीआईसीआई प्रू सिग्नेचर सिक्योर में 5 लाख रुपये निवेश करके पॉलिसी अवधि के दौरान लाइफ कवर का लाभ ले सकता है। ग्राहक 6.25 लाख रुपए का लाइफ कवर यानी सम एश्योर्ड चुन सकता है, और इस मामले में उसे 7 लाख रुपए का गारंटीड मैच्योरिटी बेनिफिट मिलेगा। उन्होंने आगे कहा कि यह प्रोडक्ट ग्राहकों को एक बार निवेश करने और अधिक भरोसे के साथ अपने दीर्घकालिक वित्तीय लक्ष्यों पर ध्यान देने की सुविधा देता है। यह प्लान पूरी पॉलिसी अवधि के दौरान लाइफ कवर भी प्रदान करता है, जिससे ग्राहकों को अपने प्रियजनों के वित्तीय भविष्य को सुरक्षित करने में मदद मिलती है।

## महिला कर्मचारियों को राहत: 40 किमी के दायरे में होगी तैनाती

**अनंत ज्ञान, गुरनाम सागर साहिबजादा अजीत सिंह नगर।** पंजाब सरकार ने महिला सरकारी कर्मचारियों को बड़ी राहत देते हुए नई तैनाती नीति की घोषणा की है। मुख्यमंत्री भगवंत सिंह मान ने कहा कि ग्रुप सी और डी की महिला कर्मचारी, जिनमें स्टाफ नर्स, महिला पुलिसकर्मी और अन्य पात्र कर्मचारी शामिल हैं, को परखकाल पूरा होने के बाद उनके घर से अधिकतम 40 किलोमीटर के दायरे में ही तैनात किया जाएगा।

मुख्यमंत्री ने इसे कर्मचारी हित में ऐतिहासिक कदम बताते हुए कहा कि इसका उद्देश्य महिलाओं के निजी जीवन और कार्य जीवन के बीच बेहतर संतुलन स्थापित करना है। उन्होंने कहा कि इस फैसले से राज्य की हजारों महिला कर्मचारियों को लाभ मिलेगा। मान ने बताया कि कई महिला कर्मचारियों ने उनसे दूरस्थ तैनाती की समस्याएं साझा की थीं, जिसके बाद यह नीति तैयार की गई। उन्होंने कहा कि इससे कर्मचारी अपने परिवार के करीब रह सकेंगे और बेहतर ढंग से कार्य कर सकेंगे।

सरकार ने निर्देश दिए हैं कि महिला कर्मचारी अपने आवेदन में मायके या ससुराल का पता दे सकेंगी। यह नीति 40 किलोमीटर की अधिकतम सीमा के तहत लागू होगी और संभव है कि तैनाती इससे कम दूरी पर भी की जाए।

## एसआईआर को लेकर सुपरवाइजरी स्टाफ को दी विशेष ट्रेनिंग: डिप्टी कमिश्नर



अनंत ज्ञान

**गुरनाम सागर, साहिबजादा अजीत सिंह नगर।** साहिबज़ादा अजीत सिंह नगर। चुनाव आयोग के निर्देशों के अनुसार वोटर रोल के स्पेशल इंटेंसिव रिवीजन (एसआईआर)-2026 को लेकर सुपरवाइजरी स्टाफ के लिए विशेष प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया। इसका उद्देश्य वोटर लिस्ट के पुनरीक्षण कार्य को पारदर्शी, प्रभावी और समयबद्ध तरीके से पूरा करना है।

डिप्टी कमिश्नर-कम-जिला निर्वाचन अधिकारी कोमल मित्तल ने अधिकारियों को संबोधित करते हुए कहा कि लगभग 23 वर्षों बाद हो रहा यह विशेष पुनरीक्षण अत्यंत महत्वपूर्ण प्रक्रिया है। उन्होंने सभी अधिकारियों को पूरी ईमानदारी और जिम्मेदारी के साथ कार्य करने के निर्देश दिए, ताकि वोटर लिस्ट की सटीकता सुनिश्चित की जा सके। एडिशनल डिप्टी कमिश्नर गीतिका सिंह ने सुपरवाइज़रों को विस्तृत कार्य योजना और कैलेंडर की जानकारी दी तथा तय समय सीमा में सभी कार्य पूरे करने के निर्देश दिए। प्रशिक्षण में डेराबस्सी, मोहाली और खरड़ क्षेत्रों के कुल 83 सुपरवाइज़रों को क्रम समन्वय, फॉर्म वेरिफिकेशन, मतदाता पंजीकरण और आपत्तियों के निपटारे की प्रक्रिया की जानकारी दी गई।

## हरियाणा में खोली जाएंगी 52 स्टेटिकल कृषि लैब

**अनंत ज्ञान, चंडीगढ़।** हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी की अध्यक्षता में मंगलवार को हुई हाई पॉवर्ड परचेज कमेटी की बैठक में राज्य में किसानों की कृषि भूमि में नाइट्रोजन की जांच करने के लिए 28 लाख रुपए की लागत से आधुनिक तकनीक की 52 स्टेटिकल कृषि लैब खोलने की स्वीकृति प्रदान की गई। बैठक में राजस्व, कृषि एवं किसान कल्याण, क्रीड, स्किल डेवलपमेंट, गुरुग्राम मेट्रोपॉलिटन डेवलपमेंट अथॉरिटी, पंचकूला मेट्रोपोलिटन डेवलपमेंट अथॉरिटी, बिजली निगम, लोक निर्माण विभाग, जनस्वास्थय, सिंचाई तथा हरियाणा राज्य इंडस्ट्रियल इंफ्रास्ट्रक्चर डेवलपमेंट कारपोरेशन सहित कई विभागों के लगभग 1468.25 करोड़ रुपये के 32 कार्यों की भी स्वीकृति प्रदान की गई।

मुख्यमंत्री सैनी ने कहा कि इन स्टेटिकल लैब से हर साल लगभग 12 लाख किसानों की भूमि की मिट्टी की जांच के नमूने लेकर नाइट्रोजन यूरिया की जांच कर कृषि भूमि में उपयोग होने वाली यूरिया की मात्रा की पूरी जानकारी दी जाएगी, ताकि किसान निर्धारित मात्रा में उपयोग कर जमीन की उर्वरा शक्ति बढ़ सकें। विशेषकर मोरनी क्षेत्र में लिए गए लक्ष्य अनुसार 4000 एकड़ भूमि में प्राकृतिक खेती को बढ़ावा दिया जाएगा। मुख्यमंत्री ने राजस्व विभाग के सभी कोर्ट केस के मामलों का सही निपटान सुनिश्चित करने के लिए राजस्व कोर्ट केस मैनेजमेंट सिस्टम को भी स्वीकृति प्रदान की। इससे प्रदेश के सभी राजस्व कार्यालयों में राजस्व संबंधी कोर्ट के मामलों का पारदर्शी ढंग से निपटान सुनिश्चित किया जाएगा।

## लिवासा मेड सेंटर मोहाली में एडवांस्ड पैट-सीटी फैसिलिटी का शुभारंभ

अनंत ज्ञान



**गुरनाम सागर साहिबजादा अजीत सिंह नगर।** सिविल सर्जन, मोहाली डॉ संगीता जैन ने मंगलवार को मोहाली के लिवासा मेड सेंटर, मोहाली में अत्याधुनिक पैट -सीटी फैसिलिटी का शुभारंभ किया। इस मौके पर सीईओ-लिवासा अस्पताल, अनुराग यादव भी मौजूद थे। यादव ने कहा कि इस नई फैसिलिटी से तेज़ी से और ज़्यादा सटीक जांच हो सकेगी और पूरे क्षेत्र के कैंसर मरीजों के लिए पर्सनलाइज्ड इलाज की रणनीतियों में मदद मिलेगी। उन्होंने बताया कि इस टेक्नोलॉजी के जुड़ने से लिवासा का व्यापक ऑन्कोलॉजी इकोसिस्टम मजबूत होगा और मरीजों को घर के पास ही एडवांस्ड डायग्नोस्टिक सेवाएं मिल सकेंगी। सीनियर वाइस प्रेसिडेंट-ऑपरेशन्स, डॉ जितेंद्र अरोड़ा ने कहा कि पैट -सीटी फैसिलिटी हमारी डायग्नोस्टिक क्षमताओं को काफी बढ़ाएगी और मल्टीडिसीप्लिनरी कैंसर केयर को मजबूत करेगी। इससे डॉक्टर ज़्यादा सटीकता और भरोसे के साथ इलाज से जुड़े सही फैसले ले सकेंगे।

पैट -सीटी इमेजिंग के क्लिनिकल महत्व पर बात करते हुए डॉ अनुपम गौबा ने कहा, पैट -सीटी ने कैंसर की जांच और इलाज के तरीके को बदल दिया है। यह ट्यूमर की एनाटॉमिकल और मेटाबोलिक गतिविधि के बारे में जरूरी जानकारी देता है, जिससे बीमारी का जल्दी पता लगाने, सही स्टेजिंग करने और इलाज के असर का बेहतर आकलन करने में मदद मिलती है।

## सीजीसी लांडरां के दो पूर्व छात्र भारतीय नौसेना में चयनित

अनंत ज्ञान

**चंडीगढ़।** चंडीगढ़ ग्रुप ऑफ कॉलेजेज (सीजीसी) लांडरां ने एक और उपलब्धि हासिल की है। संस्थान के दो पूर्व छात्रों का चयन भारतीय नौसेना में हुआ है।

बीटेक ईसीई (2019-23) के बिश्वेंद्र सिंह को सीडीएस (आईएनए एंट्री) के माध्यम से कमीशन मिला है और वे वर्तमान में भारतीय नौसेना अकादमी, एझिमाला में प्रशिक्षण ले रहे हैं। वहीं बीटेक सीएसई (2020-24) के साहिल सिंह चिकारा को नेवल सिलेक्शन बोर्ड, विशाखापत्तनम के जरिए जीएसएक्स श्रेणी में चयनित किया गया है और वे भी प्रशिक्षण के लिए नौसेना अकादमी में शामिल होंगे।

दोनों पूर्व छात्र एनसीसी कैडेट रहे हैं और कॉलेज में विभिन्न प्रशिक्षण शिविरों व गतिविधियों में सक्रिय रूप से भाग लेते रहे हैं। उनके चयन को राष्ट्रीय स्तर की कठिन चयन प्रक्रिया का परिणाम बताया गया है।

सीजीसी लांडरां के कैंपस डायरेक्टर डॉ. राजदीप सिंह ने इसे संस्थान के लिए गर्व का क्षण बताया, जबकि एनसीसी प्रमुख डॉ. संतोष कुमार ने छात्रों की उपलब्धि को प्रशिक्षण संस्कृति और अनुशासन का परिणाम बताया।



# जनसेवा में बर्दाश्त नहीं होगी लापरवाही : रोहित

## जन शिकायत निवारण समिति में उठे सड़क, पानी, स्वास्थ्य और शिक्षा से जुड़े मुद्दे

अनंत ज्ञान

**सत्यदेव भारद्वाज, शिमला।** जिला शिकायत निवारण समिति की बैठक बचत भवन शिमला में शिक्षा मंत्री रोहित ठाकुर की अध्यक्षता में आयोजित हुई। बैठक में जिले के विभिन्न उपमंडलों से आए गैर सरकारी सदस्यों ने सड़क, पेयजल, स्वास्थ्य, परिवहन, शिक्षा, वन्यजीव आतंक तथा विकास कार्यों से जुड़े अनेक जनहित के मुद्दे प्रमुखता से उठाए। शिक्षा मंत्री ने अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिए कि जनता की समस्याओं के समाधान में किसी प्रकार की ढिलाई न बरती जाए और प्रत्येक शिकायत का समयबद्ध निपटारा सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने कहा कि सरकार आम लोगों की सुविधा और कल्याण के लिए प्रतिबद्ध है तथा प्रशासन को जन अपेक्षाओं पर खरा उतरना होगा।

बैठक को संबोधित करते हुए रोहित ठाकुर ने कहा कि वर्ष 2023 और 2025 की प्राकृतिक आपदाओं से जिला शिमला को करोड़ों का नुकसान हुआ था। सड़कें, पेयजल योजनाएं, मकान और अन्य बुनियादी ढांचे बुरी तरह प्रभावित हुए थे, लेकिन प्रदेश सरकार द्वारा दिए गए विशेष राहत पैकेज और पुनर्निर्माण कार्यों के कारण अब अधिकांश क्षेत्रों में हालात सामान्य हो चुके हैं। उन्होंने कहा कि वित्तीय चुनौतियों के बावजूद प्रदेश सरकार जनकल्याणकारी योजनाओं और विकास कार्यों को प्राथमिकता दे रही है तथा जनता को राहत पहुंचाने के लिए निरंतर प्रयास जारी हैं।

बैठक में कुमारसैन, रामपुर और चौपाल सहित विभिन्न उपमंडलों के प्रतिनिधियों ने स्थानीय समस्याओं को विस्तार से रखा। कुमारसैन क्षेत्र से संपर्क मार्गों के निर्माण और सुरक्षा कार्यों का मामला उठाया गया, जबकि रामपुर क्षेत्र में एचआरटीसी बस सेवाओं की खराब स्थिति, पेयजल संकट, चिकित्सकों और पैरामेडिकल स्टाफ की कमी, जर्जर सड़कों की मरम्मत तथा सरकारी स्कूलों में रिक्त पदों को भरने की मांग प्रमुखता से उठी। अधिकारियों ने विभिन्न मामलों पर विभागीय स्थिति स्पष्ट करते हुए बजट और प्रशासनिक प्रक्रिया के अनुसार कार्यवाही करने का आश्वासन दिया। रामपुर क्षेत्र के गैर सरकारी सदस्यों ने सराहन, बोंडा और शाहधार पंचायतों में भालुओं के बढ़ते आतंक का मुद्दा भी उठाया। किसानों की सुरक्षा और फसलों को नुकसान से बचाने के लिए वन विभाग से प्रभावी कदम उठाने की मांग की गई। वहीं स्वच्छ भारत मिशन के तहत कूड़ा निस्तारण संयंत्रों की स्थापना, पशु औषधालयों में रिक्त पदों की पूर्ति, सड़क चौड़ीकरण कार्यों में आ रही बाधाओं तथा संपर्क मार्गों के निर्माण कार्यों को लेकर भी चर्चा हुई। नोगली मेला मैदान में परंपरागत मेले के आयोजन के लिए अनुमति संबंधी समस्याओं का विषय भी समिति के समक्ष रखा गया। बैठक के दौरान शिक्षा मंत्री ने जिला प्रशासन को निर्देश दिए कि सभी विभाग आपसी समन्वय के साथ कार्य करें और लोगों की शिकायतों का समाधान धरातल पर दिखाई देना चाहिए। उन्होंने कहा कि पेट्रोल और डीजल की कमी का असर बागवानी और निर्माण कार्यों पर पड़ रहा है।



जिला शिकायत निवारण समिति की बैठक की अध्यक्षता करते हुए शिक्षा मंत्री रोहित ठाकुर। अनंत ज्ञान

### परिवहन, पेयजल और शिक्षा पर विशेष फोकस

**चौपाल** क्षेत्र से एचआरटीसी के बंद पड़े बस रूटों को बहाल करने की मांग जोरदार तरीके से उठाई गई। सदस्यों ने कहा कि पिछली बैठक में आश्वासन दिए जाने के बावजूद कई रूट अब तक शुरू नहीं किए गए हैं, जिससे ग्रामीण क्षेत्रों के लोगों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। शिक्षा मंत्री ने संबंधित विभागों को जनहित से जुड़े मामलों को प्राथमिकता देने तथा लंबित समस्याओं के समाधान की दिशा में ठोस कार्यवाही सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।

# चंडीगढ़ गोलीकांड : कैशियर की हत्या से मातम में बदली जीत की खुशी, पत्नी की शपथ टली

अनंत ज्ञान

**ब्यूरो, शिमला।** चंडीगढ़ के सेक्टर-11 स्थित कुमार मेडिकल स्टोर में हुई सनसनीखेज फायरिंग ने पूरे हिमाचल और चंडीगढ़ क्षेत्र को झकझोर कर रख दिया है। मेडिकल स्टोर में कैशियर के रूप में कार्यरत रोहड़ू निवासी जानकी दास की सोमवार को अज्ञात हमलावरों ने गोलियों से भूनकर हत्या कर दी। प्रत्यक्ष जानकारी के अनुसार हमलावर बेहद करीब से आए और ताबड़तोड़ फायरिंग कर मौके से फरार हो गए। इस वारदात में जानकी दास को कई गोलियां लगीं, जिनमें से अधिकांश शरीर के आर-पार हो गईं। घटना के बाद इलाके में दहशत का माहौल है, जबकि पुलिस ने हत्या के कारणों और आरोपियों की तलाश के लिए व्यापक जांच शुरू कर दी है।

पुलिस जांच में अब तक सामने आए सुरागों के आधार पर हमलावरों के तार जम्मू-कश्मीर के राजौरी क्षेत्र से जुड़े होने की आशंका जताई जा रही है। इसी कड़ी में चंडीगढ़ पुलिस की ऑपरेशन सेल, क्राइम ब्रांच और जिला अपराध शाखा की टीमें जम्मू-कश्मीर पहुंचकर आरोपियों के संभावित ठिकानों और नेटवर्क की पड़ताल कर रही हैं। सीसीटीवी फुटेज में कुछ संदिग्धों की गतिविधियां भी कैद हुई हैं, जिनके आधार पर जांच को आगे बढ़ाया जा रहा है। हालांकि खबर लिखे जाने तक किसी आरोपी की गिरफ्तारी नहीं हो सकी थी।

जानकी दास मूल रूप से शिमला जिले के रोहड़ू उपमंडल के दलगांव क्षेत्र के रहने वाले थे। वे लंबे समय से चंडीगढ़ में कार्यरत थे और परिवार के साथ वहीं रह रहे थे। उनकी पत्नी हीना देवी ने हाल ही में पंचायत चुनाव में शानदार जीत दर्ज कर दलगांव पंचायत की प्रधान का पद हासिल किया था। परिवार और क्षेत्र के लोगों के लिए यह खुशी का अवसर था, लेकिन जानकी दास की हत्या ने इस खुशी को गहरे शोक में बदल दिया। मंगलवार को उनका अंतिम संस्कार पैतृक गांव में किया गया, जहां सैकड़ों लोगों ने उन्हें नम आंखों से अंतिम विदाई दी।

### अब बाद में रोहडू में ही दिलाई जाएगी शपथ

**इस** दर्दनाक घटना का असर पंचायत की प्रशासनिक प्रक्रिया पर भी पड़ा। पति के निधन और अंतिम संस्कार के कारण हीना देवी निर्धारित तिथि पर प्रधान पद की शपथ नहीं ले सकीं। प्रशासनिक अधिकारियों के अनुसार अब उन्हें रोहडू में ही अधिकृत अधिकारी द्वारा शपथ दिलाई जाएगी। क्षेत्र के लोगों ने हत्या की निष्पक्ष जांच और आरोपियों की जल्द गिरफ्तारी की मांग उठाई है। वहीं, पूरे रोहडू क्षेत्र में इस घटना को लेकर गहरा आक्रोश और शोक व्याप्त है।

◆ **पुलिस की जांच जम्मू-कश्मीर तक पहुंची**

## एचआरटीसी में सुलगा असंतोष : पेंशन और ग्रेच्युटी पर घिरा निगम

# 16 जून हो गई, फिर भी नहीं मिली पेंशन

अनंत ज्ञान

**सत्यदेव भारद्वाज, शिमला।** हिमाचल पथ परिवहन निगम की वित्तीय बदहाली का मामला सरकार के लिए गंभीर प्रशासनिक व राजनीतिक चुनौती का रूप लेता जा रहा है। वर्षों तक निगम की सेवा करने वाले सैकड़ों सेवानिवृत्त कर्मचारी अपने वैधानिक अधिकारों—ग्रेच्युटी, लीव इनकैशमेंट व नियमित पेंशन के लिए दर-दर भटकने को मजबूर हैं। बढ़ते असंतोष के बीच पेंशनरों और रिटायर्ड कर्मचारियों ने साफ संकेत दे दिए हैं कि यदि सरकार ने जल्द ठोस कदम नहीं उठाए, तो प्रदेशभर में व्यापक और उग्र आंदोलन का बिगुल बज सकता है।

जानकारी के अनुसार एचआरटीसी पर करीब 2200 करोड़ रुपये का वित्तीय बोझ निगम की स्थिति को लगातार कमजोर कर रहा है। हालात इतने गंभीर हो चुके हैं कि सितंबर 2024 के बाद सेवानिवृत्त हुए करीब 400 कर्मचारियों को अभी तक ग्रेच्युटी और लीव इनकैशमेंट का भुगतान नहीं हो पाया है। दूसरी ओर, वर्ष 2025 के बाद सेवानिवृत्त हुए लगभग 200 कर्मचारियों की पेंशन तक शुरू नहीं हो सकी है। कर्मचारियों का आरोप है कि उनकी जीवनभर की कमाई और अधिकार वित्तीय अव्यवस्था की भेंट चढ़ रहे हैं।

पेंशनरों का कहना है कि जून माह की 16 तारीख बीत जाने के बावजूद उन्हें मासिक पेंशन नहीं मिली। कई बार मुख्यमंत्री, उपमुख्यमंत्री और निगम प्रबंधन के समक्ष मामला उठाने के बावजूद केवल आश्वासन ही मिले हैं। पेंशनरों का आरोप है कि हर बार समाधान का भरोसा दिया जाता है, लेकिन धरातल पर कोई स्थायी व्यवस्था दिखाई नहीं देती।

### मुख्यमंत्री से बैठक के बाद भी नहीं निकला समाधान

**हाल** ही में एचआरटीसी पेंशनर्स संयुक्त संघर्ष समिति की मुख्यमंत्री के साथ बैठक हुई थी, जिसमें लंबित भुगतानों और पेंशन व्यवस्था पर विस्तार से चर्चा की गई। समिति का कहना है कि बैठक में कई महत्वपूर्ण आश्वासन दिए गए थे, लेकिन अब तक न तो बैठक की आधिकारिक कार्यवाही जारी हुई है और न ही किसी मांग पर ठोस प्रगति देखने को मिली है। इससे पेंशनरों और कर्मचारियों में निराशा और रोष दोनों बढ़ रहे हैं। कर्मचारी संगठनों का दावा है कि आंदोलन केवल धरना-प्रदर्शन तक सीमित नहीं रहेगा, बल्कि बड़े पैमाने पर विरोध कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे।

### चक्का जाम व निगम सेवाओं पर असर की आशंका

**कर्मचारी** संगठनों के तेवरों को देखते हुए आने वाले दिनों में स्थिति और अधिक संवेदनशील हो सकती है। यदि वार्ता विफल रहती है तो प्रदेश के विभिन्न जिलों में प्रदर्शन, रैलियां, घेराव और चक्का जाम जैसे कार्यक्रम भी सामने आ सकते हैं। ऐसे किसी भी आंदोलन का सीधा असर सार्वजनिक परिवहन सेवाओं और आम जनता की आवाजाही पर पड़ सकता है। इससे सरकार पर समाधान निकालने का दबाव और बढ़ेगा।

# शिमला को जाम से मिलेगी राहत

## 800 से ज्यादा वाहनों के लिए 3 आधुनिक पार्किंग तैयार

अनंत ज्ञान

**ब्यूरो, शिमला।** राजधानी शिमला में पार्किंग संकट से जूझ रहे लोगों के लिए बड़ी और राहत भरी खबर है। स्मार्ट सिटी परियोजना के तहत निर्मित तीन बहुमंजिला पार्किंग पूरी तरह तैयार हो चुकी हैं और जल्द ही आम जनता के लिए खोल दी जाएंगी। इन पार्किंग सुविधाओं के शुरू होने से 800 से अधिक वाहनों को व्यवस्थित स्थान मिलेगा, जिससे शहर की सड़कों पर लगने वाले जाम में कमी आएगी और यातायात व्यवस्था पहले से अधिक सुचारु हो सकेगी। यह परियोजना न केवल वाहन चालकों के लिए राहत लेकर आएगी, बल्कि शहर की सुंदरता और यातायात प्रबंधन को भी नई दिशा देगी।

स्मार्ट सिटी योजना के तहत ऑकलैंड, आईजीएमसी और एसडीए परिसर कुसुम्पटी में बहुमंजिला पार्किंग का निर्माण कार्य पूरा हो चुका है। लोक निर्माण विभाग द्वारा विकसित इन पार्किंग स्थलों में आधुनिक सुविधाएं उपलब्ध कराई गई हैं, जिससे वाहन चालकों को सुरक्षित और सुविधाजनक पार्किंग मिल सकेगी। कुसुम्पटी स्थित एसडीए परिसर में करीब 27 करोड़ रुपए की लागत से निर्मित पार्किंग में 350 से अधिक वाहनों को खड़ा करने की व्यवस्था की गई है। वहीं ऑकलैंड की तीन मंजिला पार्किंग में 200 से अधिक वाहन पार्क किए जा सकेंगे। इन दोनों परियोजनाओं से शहर के व्यस्त इलाकों में सड़क किनारे होने वाली अव्यवस्थित पार्किंग पर अंकुश लगेगा।

वहीं आईजीएमसी न्यू ओपीडी के सामने बनाई गई पार्किंग भी पूरी तरह तैयार है। अस्पताल आने वाले मरीजों और उनके परिजनों को अब वाहन पार्क करने के लिए शहरभर में भटकना नहीं पड़ेगा। इससे अस्पताल क्षेत्र में सड़क किनारे होने वाली अवैध पार्किंग कम होगी व एंबुलेंस सहित अन्य वाहनों की आवाजाही भी आसान बनेगी।

### जल्द होगा उद्घाटन : महापौर

**शिमला** नगर निगम के महापौर सुरेंद्र चौहान के अनुसार स्मार्ट सिटी के तहत पार्किंग निर्माण का कार्य पूरा हो चुका है। कुछ अंतिम औपचारिकताएं पूरी की जा रही हैं और मुख्यमंत्री द्वारा जल्द ही इनका उद्घाटन किया जाएगा। उद्घाटन के बाद तीनों पार्किंग आम लोगों के लिए खोल दी जाएंगी। उनके अनुसार इन सुविधाओं के शुरू होने से न केवल वाहन चालकों को सुरक्षित पार्किंग मिलेगी, बल्कि शहर की यातायात व्यवस्था को भी काफी हद तक राहत मिलने की उम्मीद है।

# 976 दिनों से संघर्षरत दृष्टिबाधितों का सचिवालय के बाहर चक्का जाम

अनंत ज्ञान



**ब्यूरो, शिमला।** अपनी लंबित मांगों को लेकर पिछले 976 दिनों से आंदोलनरत हिमाचल प्रदेश दृष्टिबाधित एवं दिव्यांगजन संघ ने मंगलवार को राजधानी शिमला में सचिवालय के बाहर चक्का जाम कर जोरदार प्रदर्शन किया। संघ के सदस्य राजेश ठाकुर के नेतृत्व में बड़ी संख्या में दिव्यांग और दृष्टिबाधित सचिवालय के समीप पहुंचे तथा सड़क पर बैठकर सरकार के खिलाफ नारेबाजी की। अचानक हुए चक्का जाम के कारण सचिवालय मार्ग पर यातायात प्रभावित हो गया और वाहनों की लंबी कतारें लग गईं। प्रदर्शन के दौरान पुलिस और प्रदर्शनकारियों के बीच हल्की धक्का-मुक्की भी हुई। बाद में पुलिस ने प्रदर्शनकारियों को सड़क के किनारे बैठाकर यातायात को आंशिक रूप से बहाल कराया।

प्रदर्शनकारियों ने आरोप लगाया कि दिव्यांगों और दृष्टिबाधितों से जुड़े कई महत्वपूर्ण मामले लंबे समय से लंबित पड़े हैं, जिससे समुदाय में भारी नाराजगी है। संघ ने चेतावनी दी कि यदि उनकी मांगों पर जल्द कोई ठोस और लिखित निर्णय नहीं लिया गया तो आंदोलन को और व्यापक रूप दिया जाएगा। संगठन ने वर्ष 1995 से लंबित दिव्यांग एवं दृष्टिबाधित वर्ग के बैकलॉग पदों को विशेष भर्ती अभियान के तहत भरने, चतुर्थ श्रेणी के रिक्त पदों पर नियुक्तियां करने तथा सहारा योजना सहित अन्य कल्याणकारी सुविधाओं को बहाल करने की मांग दोहराई।

संघ का कहना है कि अब वह किसी विभागीय अधिकारी या मंत्री से नहीं, बल्कि मुख्यमंत्री से सीधे संवाद चाहता है। मांगों के समाधान में देरी होने पर प्रदेशभर से व्हीलचेयर पर निर्भर दिव्यांगों को शिमला बुलाकर बड़ा आंदोलन छेड़ने की भी चेतावनी दी गई है।

◆ **मांगें न मानने पर उग्र आंदोलन की चेतावनी दी**

# तपेंद्र नेगी ने विश्व मंच पर बढ़ाया प्रदेश का मान

**अनंत ज्ञान, शिलाई।** शिलाई विस क्षेत्र के गांव शिलाई निवासी तथा शिक्षा विभाग में कार्यरत जेबीटी शिक्षक तपेंद्र नेगी ने अंतरराष्ट्रीय स्तर पर हिमाचल व सिरमौर जिले का नाम रोशन किया है। भारत निर्वाचन आयोग द्वारा अग्रणी लोकतांत्रिक देशों के साथ द्विपक्षीय संबंधों को मजबूत करने के उद्देश्य से जर्मनी अध्ययन दौरे पर भेजे गए 4 सदस्यीय हिमाचल प्रतिनिधिमंडल में उन्हें बूथ लेवल अधिकारी (बीएलओ) के रूप में शामिल होने का अवसर मिला। 8 से 12 जून तक चले इस अध्ययन दौरे में प्रतिनिधिमंडल का नेतृत्व मुख्य निर्वाचन अधिकारी हिमाचल प्रदेश ने किया, जबकि सिरमौर की उपायुक्त प्रियंका वर्मा भी दल का हिस्सा रहीं। दौरे के दौरान प्रतिनिधिमंडल ने बर्लिन, हीडलबर्ग विश्वविद्यालय, जर्मन संसद (बुंडेस्टाग), फेडरल कोर्ट तथा अन्य महत्वपूर्ण संस्थानों का भ्रमण किया। इस दौरान लोकतांत्रिक प्रक्रियाओं, निर्वाचन प्रणाली और जनभागीदारी को मजबूत बनाने से जुड़े विषयों पर विचार-विमर्श किया गया। तपेन्द्र नेगी ने इस उपलब्धि का श्रेय भारत निर्वाचन आयोग, हिमाचल प्रदेश सरकार, राज्य निर्वाचन विभाग और शिक्षा विभाग को दिया। क्षेत्र के लोगों ने उनकी इस उपलब्धि पर खुशी जताते हुए इसे गिरिपार और हिमाचल के लिए गौरव का विषय बताया है।



# सीबीएसई अंग्रेजी शिक्षक भर्ती प्रक्रिया पर हाई कोर्ट ने लगाई अंतरिम रोक

अनंत ज्ञान

**ब्यूरो, शिमला।** शिमला: हिमाचल प्रदेश उच्च न्यायालय ने सीबीएसई स्कूलों के लिए चल रही अंग्रेजी शिक्षक भर्ती प्रक्रिया पर तत्काल प्रभाव से अंतरिम रोक लगा दी है। कोर्ट ने यह कड़ा रुख भर्ती नियमों की विसंगतियों और योग्यता के पैमानों को लेकर दायर एक याचिका पर सुनवाई करते हुए अपनाया है। वहीं महीनों से परीक्षा और परिणामों का इंतजार कर रहे हजारों बेरोजगार अभ्यर्थियों के भविष्य पर फिलहाल असमंजस के बादल मंडरा गए हैं।

जानकारी के अनुसार अदालत ने मामले की गंभीरता को देखते हुए प्रदेश सरकार और शिक्षा बोर्ड को नोटिस जारी कर इस भर्ती प्रक्रिया के नियमों पर स्थिति स्पष्ट करने के निर्देश दिए हैं। याचिकाकर्ता का पक्ष सुनने के बाद न्यायालय ने साफ किया कि जब तक नियमों की स्पष्टता और पारदर्शिता सुनिश्चित नहीं हो जाती, तब तक भर्ती प्रक्रिया को आगे नहीं बढ़ाया जा सकता। अब इस संवेदनशील मामले की अगली सुनवाई 22 जून को तय की गई है, जिस दिन सरकार को अपना विस्तृत जवाब कोर्ट के समक्ष प्रस्तुत करना होगा।

कानून के जानकारों का मानना है कि 22 जून को होने वाली सुनवाई बेहद महत्वपूर्ण होगी, क्योंकि सरकार के जवाब से ही यह तय होगा कि भर्ती प्रक्रिया को नए सिरे से संशोधित किया जाएगा या मौजूदा व्यवस्था में ही सुधार कर इसे बहाल किया जाएगा। तब तक के लिए सभी प्रशासनिक और विभागीय कार्रवाइयों को पूरी तरह से रोक दिया गया है।



◆ **नियमों की वैधता को लेकर राज्य सरकार से जवाब तलब**

# नड्डा प्रदेश की पैरवी करने में रहे असफल: नरेश चौहान

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला।** मुख्यमंत्री के प्रधान मीडिया सलाहकार नरेश चौहान ने शिमला में आयोजित पत्रकार वार्ता में केन्द्र सरकार व भाजपा नेतृत्व पर हिमाचल प्रदेश के हितों की अनदेखी करने का आरोप लगाया। उन्होंने कहा कि केन्द्रीय स्वास्थ्य मंत्री जगत प्रकाश नड्डा केन्द्र में हिमाचल के मुद्दों को प्रभावी ढंग से उठाने में विफल रहे हैं तथा आरडीजी बंद किए जाने के फैसले को उचित ठहराकर उन्होंने प्रदेश के हितों से समझौता किया है।

चौहान ने कहा कि हाल ही में हिमाचल प्रवास के दौरान जेपी नड्डा ने प्रदेश से जुड़े महत्वपूर्ण मुद्दों को उठाने के बजाय पिछली भाजपा सरकार की नाकामियों पर पर्दा डालने का प्रयास किया। उन्होंने कहा कि आरडीजी को बंद करने के निर्णय को न्यायसंगत बताना इस बात का प्रमाण है कि भाजपा नेतृत्व हिमाचल के अधिकारों की रक्षा करने में गंभीर नहीं है। उन्होंने कहा कि हिमाचल जैसे पहाड़ी राज्य के गठन के समय उसकी भौगोलिक परिस्थितियों और सीमित संसाधनों को ध्यान में रखते हुए राजस्व घाटे की भरपाई के लिए आरडीजी का प्रावधान किया गया था। उन्होंने कहा कि आरडीजी कोई दया या खैरात नहीं, बल्कि हिमाचल का संवैधानिक अधिकार है। चौहान ने कहा कि नड्डा केंद्र सरकार में प्रभावशाली पद पर हैं। ऐसे में उन्हें प्रदेश सरकार और विपक्ष को साथ लेकर इस मुद्दे पर संयुक्त बैठक करनी चाहिए थी व हिमाचल के पक्ष को मजबूती से केन्द्र के समक्ष रखना चाहिए था, लेकिन उन्होंने राजनीतिक दृष्टिकोण अपनाते हुए आरडीजी बंद किए जाने का समर्थन किया, जो प्रदेशवासियों के हितों के साथ अन्याय है। उन्होंने कहा कि पिछली भाजपा सरकार को आरडीजी के रूप में हजारों करोड़ रुपये तथा जीएसटी प्रतिपूर्ति के रूप में लगभग 16 हजार करोड़ रुपए प्राप्त हुए थे।

## सुधीर शर्मा के साथ सांसद सुधांशु त्रिवेदी ने देखा ढगवार मिल्क प्लांट

# बोले- धर्मशाला में बन रहा राष्ट्रीय महत्व का प्रोजेक्ट

अनंत ज्ञान

**ब्यूरो धर्मशाला।** केंद्र सरकार के '12 साल विश्वास के, विकास के' जनकल्याण कार्यक्रम' के तहत राज्यसभा सांसद सुधांशु त्रिवेदी ने धर्मशाला से विधायक एवं वरिष्ठ भाजपा नेता सुधीर शर्मा की अगवाई में ढगवार में निर्माणाधीन अत्याधुनिक मिल्क प्लांट का दौरा किया। इस दौरान सांसद ने कहा कि नेशनल डेयरी डेवलपमेंट बोर्ड (एनडीडीबी) द्वारा निर्मित यह राष्ट्रीय महत्व का प्रोजेक्ट है और इसकी विशेषता यह है कि यह विधायक सुधीर शर्मा की देखरेख में उनके विधानसभा क्षेत्र में आकार ले रहा है। कार्यक्रम में सांसद राजीव भारद्वाज भी मौजूद रहे।

दौरे के दौरान सांसद सुधांशु त्रिवेदी को प्लांट की प्रगति और भविष्य की कार्ययोजना की जानकारी दी गई। उन्होंने कहा कि धर्मशाला विकास के नए आयाम स्थापित कर रहा है और इसमें विधायक सुधीर शर्मा की महत्वपूर्ण भूमिका रही है। उन्होंने कहा कि स्मार्ट सिटी परियोजना से लेकर कई बड़े विकास कार्य धर्मशाला को मिले हैं, जिनका लाभ पूरे क्षेत्र को मिल रहा है। यहां सुधीर शर्मा ने सांसद को बताया कि ढगवार दुग्ध प्रसंस्करण संयंत्र से जुड़े किसानों की संख्या और दूध संग्रहण में लगातार वृद्धि हो रही है। दिसंबर 2023 में जहां प्रतिदिन लगभग 6,200 लीटर दूध संग्रहित किया जाता था, वहीं वर्तमान में यह आंकड़ा बढ़कर करीब 24,000 लीटर प्रतिदिन पहुंच गया है।

संयंत्र प्रबंधक अखिलेश पाराशर के अनुसार यह वृद्धि डेयरी सहकारी समितियों के विस्तार और किसानों को मिल रही बेहतर खरीद दरों का परिणाम है। उन्होंने बताया कि कांगड़ा क्लस्टर में सक्रिय डेयरी सहकारी समितियों की संख्या 44 से बढ़कर 352 हो गई है, जिससे बड़ी संख्या में ग्रामीण दुग्ध उत्पादक संगठित व्यवस्था से जुड़ पाए हैं।

सुधीर शर्मा ने कहा कि लगभग 225 करोड़ रुपये की लागत से तैयार हो रहा यह पूर्णत: स्वचालित मिल्क प्लांट सितंबर तक शुरू होने की संभावना है। इसके शुरू होने के बाद फ्लेवर्ड मिल्क, दही, लस्सी, मोजरेला चीज़, पनीर, योगर्ट और खोआ जैसे मूल्यवर्धित उत्पादों का उत्पादन किया जाएगा। इसके अलावा कांगड़ा मिल्क यूनियन के तहत 20-20 हजार लीटर क्षमता वाले दो नए चिलिंग सेंटर भी स्थापित किए जा रहे हैं।



सांसद सुधांशु त्रिवेदी, सुधीर शर्मा व अन्य। अनंत ज्ञान

**चिंता** शांत हिमाचल पर सवाल : गोलीबारी और अपराध की घटनाएं चिंताजनक, बढ़ती हिंसक घटनाओं ने खड़ी की नई चुनौती

# हिमाचल में बढ़ती हिंसा: क्या बदल रहा है राज्य का सामाजिक चेहरा?

अनंत ज्ञान

**अरुण डोगरा रीतू, बिलासपुर।** हिमाचल प्रदेश को लंबे समय तक उसकी शांतिपूर्ण छवि, सामाजिक सौहार्द और कम अपराध दर के लिए जाना जाता रहा है। लेकिन हाल के वर्षों में बढ़ती गोलीबारी और हिंसक घटनाओं ने इस पहचान पर गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं। सरकाघाट में हत्या, चंडीगढ़ में हिमाचल के एक व्यक्ति की सरेआम गोली मारकर हत्या, शिमला में घर में घुसकर हमला, ऊना में मामूली विवाद के बाद फायरिंग और बद्दी जैसे औद्योगिक क्षेत्रों में गोलीकांड जैसी घटनाएं यह संकेत देती हैं कि राज्य में कानून-व्यवस्था की चुनौतियां जटिल होती जा रही हैं।

इन घटनाओं का सबसे चिंताजनक पहलू यह है कि अपराधियों में कानून का भय कम होता दिख रहा है। अब कई वारदातें सार्वजनिक स्थानों पर और दिनदहाड़े हो रही हैं, जिससे आम नागरिकों में असुरक्षा की भावना बढ़ रही है। यह केवल पुलिस व्यवस्था का प्रश्न नहीं है, बल्कि सामाजिक ताने-बाने में आ रहे बदलावों का भी संकेत है।

अपराधों के पीछे अलग-अलग कारण हो सकते हैं—व्यक्तिगत दुश्मनी, आर्थिक विवाद, आपसी रंजिश, प्रेम संबंधों से जुड़े तनाव या संगठित आपराधिक गतिविधियाँ। लेकिन जब ऐसी घटनाएँ अलग-अलग जिलों में बार-बार होने लगें, तो यह व्यक्तिगत मामलों से आगे बढ़कर एक व्यापक सामाजिक समस्या बन जाती है। यह स्थिति इस ओर इशारा करती है कि कहीं न कहीं सामाजिक नियंत्रण और नैतिक मूल्यों का प्रभाव कमजोर हो रहा है। आज के समय में सोशल मीडिया, आक्रामक प्रतिक्रिया संस्कृति और धैर्य की कमी ने भी स्थिति को प्रभावित किया है। लोग छोटी-छोटी बातों पर हिंसा को समाधान मानने लगे हैं, जबकि पहले ऐसे विवाद पंचायतों, परिवारों या समाज के बुजुर्गों की मध्यस्थता से सुलझ जाते थे। संवाद की जगह टकराव और धैर्य की जगह त्वरित आक्रोश ने अपराध की प्रवृत्ति को बढ़ावा दिया है।

एक गंभीर सवाल यह भी है कि अवैध हथियारों तक पहुंच कैसे बढ़ रही है। क्या बाहरी आपराधिक गिरोहों की सक्रियता बढ़ी है या नशे के कारोबार और अपराध के बीच कोई गठजोड़ बन रहा है? इन पहलुओं पर गहराई से जांच और नियंत्रण की आवश्यकता है।

पुलिस प्रशासन लगातार कार्रवाई करता है, लेकिन केवल पुलिस के भरोसे पूरी व्यवस्था सुरक्षित नहीं रह सकती। कानून-व्यवस्था बनाए रखने में नागरिकों की भूमिका भी उतनी ही महत्वपूर्ण है। कई मामलों में यह देखा गया है कि अपराध से पहले संदिग्ध गतिविधियों के संकेत मौजूद थे, लेकिन समय रहते उन्हें गंभीरता से नहीं लिया गया। यदि समाज सतर्क रहे और ऐसी सूचनाएं तुरंत प्रशासन तक पहुंचाई जाएं, तो कई घटनाओं को रोका जा सकता है।

परिवारों और शिक्षण संस्थानों की भूमिका भी अत्यंत महत्वपूर्ण है। युवाओं में बढ़ती आक्रामकता, नशे की प्रवृत्ति और गलत प्रभावों को समय रहते पहचानना आवश्यक है। शिक्षा व्यवस्था में नैतिक मूल्यों, संवाद कौशल और विवाद समाधान की संस्कृति को मजबूत करना आज की जरूरत है।

सरकार और प्रशासन को भी बदलते हालात के अनुसार रणनीति अपनानी होगी। संवेदनशील क्षेत्रों में निगरानी बढ़ाना, सीसीटीवी नेटवर्क का विस्तार, अवैध हथियारों पर सख्त कार्रवाई और सामुदायिक पुलिसिंग को मजबूत करना आवश्यक कदम हैं। हालांकि यह भी सच है कि कुछ घटनाओं के आधार पर पूरे हिमाचल प्रदेश को अपराधग्रस्त मान लेना उचित नहीं होगा। राज्य के अधिकांश हिस्सों में आज भी शांति और सामाजिक सौहार्द कायम है। लेकिन बढ़ती घटनाएँ एक चेतावनी अवश्य हैं, जिन्हें नजरअंदाज नहीं किया जा सकता। अंततः समाधान केवल प्रशासनिक नहीं, बल्कि सामूहिक है। पुलिस, सरकार, समाज, परिवार और शिक्षा व्यवस्था—सभी को मिलकर काम करना होगा। यदि नागरिक जागरूक रहें, संदिग्ध गतिविधियों पर नजर रखें और कानून का सहयोग करें, तो अपराध पर नियंत्रण संभव है।

सबसे बड़ा प्रश्न यही है कि आने वाली पीढ़ियों के लिए हम कैसा समाज छोड़ना चाहते हैं—हिंसा और भय से प्रभावित वातावरण या फिर शांति, विश्वास और सुरक्षा से परिपूर्ण समाज। इसका उत्तर सामूहिक जिम्मेदारी और जागरूकता में ही छिपा है।



# सुंदरनगर में 21 वर्षीय छात्रा की रहस्यमयी परिस्थितियों में मौत

अनंत ज्ञान

**सुंदरनगर।** नगर परिषद सुंदरनगर के वार्ड नंबर- 5 बड़ोह में मंगलवार को एक 21 वर्षीय छात्रा की रहस्यमयी परिस्थितियों में मौत होने का मामला सामने आया है। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और मामले की जांच शुरू कर दी।

जानकारी के अनुसार नेहा (21) पुत्री घनश्याम निवासी गांव छिछड़ डाकघर रोहाड़ा तहसील निहरी जिला मंडी सुंदरनगर स्थित एक संस्थान में अकाउंट्स की छात्रा थी। वह अपनी बहन के साथ वार्ड नंबर-5 बड़ोह में किराए के मकान में रह रही थी। बताया जा रहा है कि मंगलवार सुबह करीब 11:30 से 12 बजे के बीच नेहा ने अपने कमरे में फंदा लगाकर आत्महत्या कर ली। घटना का खुलासा उस समय हुआ जब मृतका की बहन ने कमरे का दरवाजा खटखटाया। काफी देर तक अंदर से कोई प्रतिक्रिया न मिलने पर उसे अनहोनी की आशंका हुई। बाद में कमरे के भीतर का दृश्य देखकर उसके होश उड़ गए और तुरंत इसकी सूचना स्थानीय लोगों को दी गई। वहीं घटना का पता चलते ही स्थानीय लोगों ने पुलिस को सूचना दी। पुलिस थाना सुंदरनगर की टीम ने मौके पर पहुंचकर शव को कब्जे में लिया और आवश्यक कानूनी कार्रवाई शुरू कर दी है। पुलिस के अनुसार प्रारंभिक जांच में आत्महत्या के कारणों का पता नहीं चल पाया है। घटनास्थल का निरीक्षण कर साक्ष्य जुटाए गए हैं तथा मामले की विभिन्न पहलुओं से जांच की जा रही है। मृतका के परिजनों को सूचना देने के बाद मौके पर पहुंच गए हैं। पोस्टमार्टम और जांच रिपोर्ट के बाद ही मौत के वास्तविक कारणों का खुलासा हो सकेगा। एसपी मंडी विनोद कुमार ने बताया कि मामले में नियमानुसार आगामी कार्रवाई अमल में लाई जा रही है और जांच पूरी होने के बाद विस्तृत जानकारी साझा की जाएगी।

◆ **बड़ोह वार्ड में किराए के कमरे में फंदे से लटका मिला शव**

◆ **पुलिस ने मामला दर्ज कर शुरू की छानबीन**